सेन्ट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया
Central Bank of India
1911 से आपके लिए "केंद्रित" "CENTRAL" TO YOU SINCE 1911

वार्षिक रिपोर्ट / ANNUAL REPORT

2017-2018

मोबाईल बैंकिंग / MOBILE BANKING

भीम सेन्ट यूपीआई / BHIM CENT UPI

एम-पासबुक/M-PASSBOOK पॉस/POS

इंटरनेट बैंकिंग / INTERNET BANKING

क्रेडिट/डेबिट/प्रीपेड/एटीएम कार्ड/ CREDIT / DEBIT / PREPAID / ATM CARD

डिजिटलीकरण का लेकर सहारा,
समावेशी विकास, है लक्ष्य हमारा

Targeting Inclusive
Growth Through Digitalization

सेन्ट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया
Central Bank of India

अनुक्रमणिका / INDEX

विषय सूची / Contents	पृष्ठ क्र. / Page No.
अध्यक्ष का संदेश	02
प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी का संदेश	03
निदेशक मंडल / Board of Directors	05
सूचना	08
कार्यनिष्पादन वैशिष्ट्य	30
निदेशक रिपोर्ट 2017-18	31
प्रबंधतंत्र विचार एवं विश्लेषण	36
कॉर्पोरेट गवर्नेंस	69
सदस्यों को लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट	88
दिनांक 31 मार्च, 2018 का तुलन पत्र	90
दिनांक 31 मार्च, 2018 को समाप्त वर्ष के लिए लाभ व हानि खाता	91
तुलन पत्र तथा लाभ-हानि खाते की अनुसूचियां	92
महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियां	98
लेखों से संबंधित टिप्पणियां	103
दिनांक 31 मार्च, 2018 को समाप्त वर्ष के लिए नकद प्रवाह विवरणी	129
दिनांक 31 मार्च, 2018 को समेकित तुलन पत्र	160
प्रॉक्सी फार्म	187
CHAIRMAN's MESSAGE	191
MANAGING DIRECTOR AND CHIEF EXECUTIVE OFFICER's MESSAGE	192
Notice	194
Performance Highlights	216
Director's Report 2017-18	217
Management Discussion & Analysis	222
Corporate Governance	254
Auditors' Report to the Members	273
Balance Sheet as at 31 March, 2018	275
Profit & Loss Account for the year ended 31 March, 2018	276
Schedules to Balance Sheet and Profit & Loss Account	277
Significant Accounting Policies	283
Notes Forming part of the Accounts	288
Cash Flow Statement for the year ended 31 March, 2018	314
Consolidated Balance Sheet as at 31 March, 2018	345
Proxy Form	371
Attendance Slip / Entry Pass	373

अध्यक्ष का संदेश

प्रिय स्टेकहोल्डर्स,

मुझे खुशी है कि मैंने गैर-कार्यकारी अध्यक्ष की हैसियत से इस बैंक में कार्य ग्रहण किया है. बैंकिंग क्षेत्र के लिए यकीनन यह चुनौतीपूर्ण समय है. दी गई चुनौतियों के बावजूद, हमारा बैंक अनुपालन एवं पारदर्शिता के उच्च मानकों को बनाए रखते हुए अपने व्यवसाय के संचालन में सर्वोत्तम कॉर्पोरेट गवर्नंस संव्यवहार को अपनाते हुए अपने शेयर होल्डरों के शेयर मूल्यों के संवर्धन के लिए महत्तम प्रयास जारी रखेगा.

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक राष्ट्र निर्माण में निर्णायक भूमिका निभाते रहे हैं. सभी लोगों के लिए वित्तीय समावेशन सुनिश्चित करने के सरकारी लक्ष्य के अनुरूप अंतिम छोर के ग्राहकों तक बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने के लिए वे निरंतर काम कर रहे हैं. इस संबंध में, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया अपने सभी स्टेक धारकों हेतु सकारात्मक परिणाम प्राप्त करने के लिए पूर्णत: प्रतिबद्ध है.

वैश्विक अर्थव्यवस्था में पुनरुत्थान की कोंपलों का प्रभाव भारतीय अर्थव्यवस्था पर भी अवश्य होगा. उन्नत अर्थव्यवस्थाएं, विशेष तौर पर यूएस, तुलनात्मक रूप से उल्लेखनीय विकास का साक्षी रहा है, जिसकी वजह से यूएस फेड को मुद्रा नीति को कठोर बनाने का सहारा लेना पड़ा. कच्चे तेल के दामों में हाल ही में आए उछाल की वजह से तेल निर्यातक देश फायदे में रहेंगे. भारत की विकास की गति को ये बाह्य कारक निश्चित तौर पर प्रभावित करते हैं. भारत में, वित्तीय वर्ष 2018 की तीसरी तिमाही में कृषि, निर्माण कार्य एवं विनिर्माण क्षेत्रों के अंतर्गत उल्लेखनीय प्रगति के कारण विकास की रफ्तार में तेजी आई है. तथापि, हाल ही के महीनों में रुपए पर बढ़ता दबाव परिलक्षित हुआ है. कच्चे तेल के बढ़ते हुए दामों का चालू खाता घाटे पर दबाव पड़ेगा उपभोक्ता मुद्रास्फीति पर इसका प्रभाव होगा. तथापि, सरकार द्वारा लगातार किए जा रहे सुधारात्मक उपाय अर्थव्यवस्था को स्वयं-सिद्ध प्रगति पथ पर ले जाएंगे.

बैंकिंग उद्योग गैर-निष्पादक आस्तियों से निपटने की एक अहम चुनौती से जूझ रहा है. मुझे आशा है कि दिवाला तथा दिवालियापन कोड अधिनियमन जैसे नये सुधारों की वजह से वर्तमान वर्ष में एनपीए की वसूली एवं समाधान के संदर्भ में बैंकिंग उद्योग बेहतर स्थिति में रहेंगे. हमें समुचित सावधानी बरतते हुए इन मुद्दों का निराकरण करना होगा. बदलते परिवेश की चुनौतियों का सामना करने के लिए हमारे बैंक ने अन्य कार्यक्षेत्रों के साथ-साथ जोखिम प्रबंधन, ऋण, ट्रेजरी, आईटी इत्यादि प्रमुख क्षेत्रों में %ान तथा कौशलवर्धन पर विशेष जोर देना जारी रखा है. विश्लेषणात्मक अध्ययन के उपयोग से बहुत बड़ी संख्या में उपलब्ध आंकड़ों का समुचित विश्लेषण करने में मदद मिलेगी, जो उत्पाद नवोन्मेषन की प्रक्रिया को सुगम बनाते हुए इष्टतम समाधान सुनिश्चित करेगा. हमारे बैंक द्वारा अपने कारोबार में डिजिटलीकरण और प्रौद्योगिकी को निरंतर बढ़ावा दिया जा रहा है. अन्तत:, किसी संस्था की सफलता में मानव संसाधन एवं इसके योगदान के महत्त्व को भी हमारे बैंक ने भली-भांति समझा है. मुझे विश्वास है कि हम सभी मोर्चों पर अपने प्रयासों को दुगुना करते हुए इन चुनौतियों का मुकाबला करने में अवश्य सफल होंगे.

शुभकामनाओं सहित,

आपका,

हस्ता/-
तपन रे

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 25 मई, 2018



प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी का संदेश

प्रिय शेयरहोल्डर,

पिछले कुछ वर्षों में वैश्विक और घरेलू आर्थिक परिदृश्य में परिलक्षित चुनौतियों को बैंकों ने भी इस वर्ष महसूस किया है. तथापि, आर्थिक परिदृश्य में हाल में दृष्टिगोचर सकारात्मक बदलावों ने हमें आशान्वित भी किया है.

वैश्विक अर्थव्यवस्था वृद्धि दर्शाते हुए वर्ष 2017 में इस की दर 3.8% रही, जबकि वर्ष 2016 में यह दर 3.2% थी तथा ऐसी आशा है कि उन्नत तथा उभरती अर्थव्यवस्थाओं के सहयोग से यह वृद्धि दर वर्ष 2018 में भी बनी रहेगी. उन्नत अर्थव्यवस्थाओं की वर्ष 2017 में वृद्धि दर 2.3% रही, जबकि वर्ष 2016 में यह दर 1.7% थी. उन्नत अर्थव्यस्थाओं के अंतर्गत; यू.एस. की वृद्धि दर वर्ष 2017 में 2.3% रही, जबकि वर्ष 2016 यह दर 1.5% थी. यू.एस. में समष्टि पैरामीटरों में वृहद आधार पर बेहतरी परिलक्षित हुई. यू.एस. में वर्ष 2017 में मुद्रास्फीति बढ़ी तथा यह 2.1% के स्तर तक पहुंच गयी. यू.एस. फेड ने क्रमिक दर वृद्धि के साथ अपनी मौद्रिक नीति चक्र को कठोर बनाए रखा. यूरो के क्षेत्र में; वर्ष 2017 में वास्तविक जी.डी.पी. में 2.3% की वृद्धि हुई. इस क्षेत्र में, वर्ष 2017 में मुद्रास्फीति में 1.5% की बढ़ोतरी हुई. पिछले वर्ष की तुलना में, वर्ष 2017 में सकल पूंजी निगमन तथा औद्योगिक उत्पाद, दोनों में ही वृद्धि हुई.

2रे अग्रिम राष्ट्रीय आय अनुमान 2017-18 के अनुसार; वास्तविक जी.डी.पी. वृद्धि वर्ष 2017-18 में सामान्य दर 6.6% पर रहेगी, जबकि वर्ष 2016-17 में यह 7.1% थी. तथापि, तिमाही आकड़ों ने यह दर्शाया है कि हाल ही में अपनाये गये कुछ सुधारात्मक कार्रवाइयों के अस्थायी प्रभाव से उभरते हुए, भारतीय अर्थव्यवस्था अब पटरी पर आ गई है. वित्तीय वर्ष 2018 की पहली तिमाही से तीसरी तिमाही के दौरान जी.डी.पी. वृद्धि में बढ़ती प्रवृत्ति परिलक्षित हुई. वित्तीय वर्ष 2018 की तीसरी तिमाही में जी.डी.पी. 7.2% की उल्लेखनीय दर से बढ़ी, जबकि वित्तीय वर्ष 2018 की दूसरी तिमाही में यह दर 6.5% थी. वित्तीय वर्ष 2018 की तीसरी तिमाही में मूल्यवर्धित कृषि में 4.1% तथा विनिर्माण में 8.1% की वृद्धि हुई. सेवा क्षेत्रों के अंतर्गत; व्यापार, होटेल, परिवहन, प्रसारण से संबंधित संचार एवं सेवाओं के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2018 में 9% की वृद्धि हुई.

मौद्रिक नीति के मोर्चे पर भारतीय रिज़र्व बैंक मौद्रिक नीति समिति (एम.पी.सी.) ने अगस्त 2017 में बेंचमार्क रेपो दर में 25 आधार बिंदु की कटौती करते हुए, इसे 6.25% से घटाकर 6% कर दिया है. एम.पी.सी. ने अक्तूबर 2017 में सांविधिक तरलता अनुपात (एस.एल.आर.) में कटौती करते हुए इसे 20% से घटाकर 19.5% कर दिया.

नोटबंदी के बाद बैंकिंग उद्योग में ऋण वृद्धि की दर क्रमिक रूप से बढ़ रही है. वित्तीय वर्ष 2018 में ऋण एवं जमा के अनुपात में भी बेहतरी दिखायी दी. तथापि, दबावग्रस्त कॉर्पोरेट तुलन-पत्रों ने वांछित स्तर तक ऋण वृद्धि को पहुंचने नहीं दिया. पूरे बैंकिंग उद्योग में आस्ति गुणवत्ता चिंता का विषय बना रहा. भारतीय रिज़र्व बैंक ने सार्वजनिक क्षेत्रों के कई बैंकों को त्वरित सुधारात्मक कार्रवाई फ्रेमवर्क के अंतर्गत रखा, ताकि कुछ जोखिमपूर्ण गतिविधियों से बचा जा सकें और उनके तुलन-पत्र को मजबूत करने के लिए पूंजी संरक्षित रहें. सरकार द्वारा बैंकों की पुनर्पूंजीकरण योजना की घोषणा एक स्वागत योग्य कदम है, जिसके माध्यम से भारत के सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के पर्याप्त पूंजी प्रदान की जायेगी. अक्तूबर 2017 में सरकार ने रुपये 2.11 लाख करोड़ पुनर्पूंजीकरण की घोषणा की, जिनमें रुपये 1.35 लाख करोड़ पुनर्पूंजीकरण बॉण्ड के माध्यम से एकत्र किये जायेंगे.

अब मैं आपको, आपके बैंक के इस वर्ष के कार्यनिष्पादन के बारे में बताना चाहूंगा. वित्तीय वर्ष 2017-18 के दौरान हमारे बैंक का व्यवसाय रुपये 4,72,323 करोड़ रहा, जबकि वित्तीय वर्ष 2016-17 में यह रुपये 4,49,679 करोड़ था. दिनांक 31 मार्च, 2018 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए हमारे बैंक की जमा रुपये 2,94,839 करोड़ थी. कुल जमा में कासा की हिस्सेदारी 42.46% रही, जबकि वित्तीय वर्ष 2016-17 में यह हिस्सेदारी 39.20% थी. 31 मार्च, 2018 को उच्च लागत जमाओं में 93.64% की उल्लेखनीय कमी के साथ यह राशि रुपये 850 करोड़ रही, जबकि 31 मार्च, 2017 को यह रुपये 13,356 करोड़ थी. दिनांक 31 मार्च, 2018 को सकल कोर जमा 3.77% की वृद्धि के साथ रुपये 2,93,989 करोड़ रही, जबकि 31 मार्च, 2017 को यह रुपये 2,83,315 करोड़ थी.

पिछले कुछ वर्षों में आस्ति गुणवत्ता हमारे बैंक के लिए मुख्य चिंता का कारण बनी हुई है. सकल एनपीए और सकल अग्रिम का अनुपात दिनांक 31 मार्च, 2018 को बढ़कर 21.48% हो गया है, जो 31 मार्च, 2017 को 17.81% था. निवल एनपीए और निवल अग्रिम का अनुपात दिनांक 31 मार्च, 2018 को बढ़कर 11.10% हो गया, जो 31 मार्च, 2017 को 10.20% था. प्रावधान कवरेज अनुपात दिनांक 31 मार्च, 2018 को सुधार के साथ 63.31% रहा, जो 31 मार्च, 2017 को 58.43% था.

हमारा फोकस सतत रुप से वसूली पर बने रहने के कारण वर्ष के दौरान परिणाम अच्छे रहे. दिनांक 31 मार्च, 2018 को बढ़ोतरी के साथ नकदी वसूली रुपये 2403 करोड़ हुई, जबकि पिछले वित्तीय वर्ष अर्थात् दिनांक 31 मार्च, 2017 को यह राशि रुपये 2378 करोड़ थी, जो 1.05% की वृद्धि दर्शाता है. वर्ष 2018-19 के दौरान आय.बी.सी. के अंतर्गत एन.सी.एल.टी. के माध्यम से कुछ बड़े एन.पी.ए. खातों में समाधान होने की प्रत्याक्षा है. वर्ष 2018-19 के दौरान एन.पी.ए. वसूली को बढ़ाने तथा नई स्लिपेज को रोकने के लिए हमारा बैंक कारगर कदम उठाना जारी रखेगा.

वित्तीय वर्ष 2017-18 में हमारे बैंक की जमा लागत घटकर 5.53% हो गयी, जबकि वित्तीय वर्ष 2016-17 में यह 6.20% थी बैंक की निवल ब्याज आय घटकर रुपये 6517 करोड़ हो गयी, जबकि वित्तीय वर्ष 2016-17 में यह रुपये 6574 करोड़ थी. हमारे बैंक की गैर ब्याज आय दिनांक 31 मार्च, 2018 को समाप्त वर्ष के लिए रुपये 2623 करोड़ रही, जबकि दिनांक 31 मार्च, 2017 को यह रुपये 2876 करोड़ थी.

हमारे बैंक का परिचालन लाभ रुपये 2733 करोड़ रहा, जबकि वित्तीय वर्ष 2016-17 में यह रुपये 3089 करोड़ था. तथापि, बैंक ने कुल रुपये 5105 करोड़ की निवल हानि दर्ज की, जबकि पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान निवल हानि रुपये 2439 करोड़ थी, इसकी मुख्य वजह उच्चतर एन.पी.ए. प्रावधान, उच्चतर स्लिपेज/ऋणावधि तथा एन.सी.एल.टी. खातों में अतिरिक्त प्रावधान, निवेशों पर ट्रेडिंग लाभ में भारी कमी इत्यादि रही.

दिनांक 31 मार्च, 2018 को बैंक में कुल 4685 शाखाओं का नेटवर्क, 4886 एटीएम, 10 सेटेलाइट ऑफिस तथा 1 एक्सटेंशन काउंटर है. हमारा बैंक अखिल भारतीय स्तर पर व्याप्त है, जो 29 राज्यों, 6 में से 5 संघ शासित राज्यों तथा एनसीटी दिल्ली, 574 जिला मुख्यालयों और 707 में से 626 जिलों में स्थित है, जो कि बैंक की शक्ति का मुख्य स्तोत्र है. अपनी शाखाओं की व्यापक कवरेज की वजह से हमारे बैक की छवि एक रिटेल बैंक के रूप में बनी रही, जिसका विशेष फोकस रिटेल, कृषि एवं एमएसएमई व्यवसाय पर है.

मुझे बैंक की दिनांक 31 मार्च, 2018 को समाप्त वर्ष के लिए वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करने में प्रसन्नता हो रही है.

शुभकामनाओं सहित,

आपका,

राजीव ऋषि

स्थान : मुंबई
दिनांक : 25 मई, 2018

निदेशक मंडल	BOARD OF DIRECTORS
श्री तपन रे (दिनांक 23.05.2018 से) श्री राजीव ऋषि श्री बी. के. दिवाकर श्री पी. आर. मूर्ती श्री. बी. एस. शेखावत डॉ. भूषण कुमार सिन्हा (दिनांक 14.05.2018 से) श्री शेखर भटनागर श्री केतुल आर. पटेल श्री एन. नित्यानंद प्रो. (डॉ.) आत्मानंद	SHRI TAPAN RAY (w.e.f. 23.05.2018) SHRI RAJEEV RISHI SHRI B. K. DIVAKARA SHRI P. R. MURTHY SHRI B. S. SHEKHAWAT DR. BHUSHAN KUMAR SINHA (w.e.f. 14.05.2018) SHRI SHEKHAR BHATNAGAR SHRI KETUL R. PATEL SHRI N. NITYANANDA PROF. (Dr.) ATMANAND
लेखा परीक्षक मे. लोढ़ा एण्ड कंपनी मे. पाठक एच. डी. एण्ड एसोशिएट्स मे. एस. के. मेहता एण्ड कं. मे. बोरकर एण्ड मुजुमदार	**AUDITORS** M/s. Lodha & Co. M/s. Pathak H. D. & Associates M/s. S. K. Mehta & Co. M/s. Borkar & Muzumdar
रजिस्ट्रार एवं शेयर अंतरण एजेन्ट लिंक इनटाइम इंडिया प्रा. लि. सी-101, 247 पार्क, एलबीएस मार्ग, विक्रोली (पश्र्चिम) मुंबई - 400 083. टेलीफोन : 022-4918 6270 फैक्स : 022-4918 6060 ई-मेल आईडी : rnt.helpdesk@linkintime.co.in	**REGISTRAR AND SHARE TRANSFER AGENTS** Link Intime India Pvt. Ltd. C-101, 247 Park LBS Marg, Vikhroli (West) Mumbai - 400 083. Tel : 022-4918 6270 Fax : 022-4918 6060 E-mail ID : rnt.helpdesk@linkintime.co.in
बैंक से पत्र व्यवहार करने का पता सहायक महाप्रबंधक-एमबीडी/कंपनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया 9वीं मंजिल, चंदरमुखी नरीमन पॉईंट मुंबई - 400 021 संपर्क नं. 022 - 6638 7818 फैक्स : 022 - 2283 5198 ई-मेल आईडी : agmcompsec@centralbank.co.in; investors@centralbank.co.in	**ADDRESS FOR CORESSPONDENCE WITH THE BANK** AGM-MBD / Company Secretary and Compliance officer Central Bank of India 9th Floor, Chandermukhi Nariman Point Mumbai - 400 021 Contact No. : 022 - 6638 7818 Fax No. : 022 - 2283 5198 E-mail ID : agmcompsec@centralbank.co.in; investors@centralbank.co.in

निदेशक मंडल
BOARD OF DIRECTORS

श्री तपन रे
Shri TAPAN RAY
अध्यक्ष
Chairman



श्री राजीव ऋषि
Shri RAJEEV RISHI
प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी
Managing Director & Chief Executive Officer

श्री बी. के. दिवाकर
Shri B. K. DIVAKARA
कार्यपालक निदेशक
EXECUTIVE DIRECTOR

श्री पी. आर. मूर्ती
Shri P. R. MURTHY
कार्यपालक निदेशक
EXECUTIVE DIRECTOR

श्री बी. एस. शेखावत
Shri B. S. SHEKHAWAT
कार्यपालक निदेशक
EXECUTIVE DIRECTOR

(जारी / *Contd...*)

श्री शेखर भटनागर
Shri SHEKHAR BHATNAGAR
निदेशक
Director

डॉ. भूषण कुमार सिन्हा
Dr. BHUSHAN KUMAR SINHA
निदेशक
Director

श्री केतुल आर. पटेल
Shri KETUL R. PATEL
निदेशक
Director



श्री एन. नित्यानंद
Shri N. NITYANANDA
निदेशक
Director

प्रो. (डॉ.) आत्मानंद
Prof. (Dr.) ATMANAND
निदेशक
Director

सूचना

एतदद्वारा यह सूचित किया जाता है कि सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया के शेयरधारकों की ग्यारवीं वार्षिक सामान्य बैठक शनिवार दिनांक 30 जून, 2018 को पूर्वाह्न 11.00 बजे चंदरमुखी, नरीमन पॉइन्ट, मुम्बई - 400021 स्थित बैंक के प्रधान कार्यालय के 9वें माले में निम्नलिखित कारोबार के संपादन हेतु आयोजित की जाएगी.

1) दिनांक 31 मार्च 2018 का लेखापरीक्षित स्टैन्ड अलोन एवं समेकित तुलनपत्र, दिनांक 31 मार्च 2018 को समाप्त वर्ष के लिए लाभ-हानि खाता, लेखों द्वारा आवृत अवधि में बैंकों के कार्यों एवं गतिविधियों पर निदेशक मंडल की रिपोर्ट एवं लेखों तथा तुलनपत्र पर लेखापरीक्षक की रिपोर्ट पर चर्चा, अनुमोदन तथा इन्हें स्वीकार करना.

2) एफपीओ / राइट / क्यूआईपी इत्यादि के माध्यम से पूंजी जुटाना.

निम्नलिखित पर विचार करना और उपयुक्त समझे जाने पर संशोधन या संशोधनो के बिना इसे विशेष संकल्प के रूप में पारित करना:

प्रस्ताव है कि बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम, 1970, राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबन्धन एवं विविध प्रावधान) योजना, 1970 ("योजना") एवं सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया (शेयर्स एवं मीटिंग्स) विनियम, 1998 समय समय पर यथासंशोधित के अनुसार एवं भारत सरकार, भारतीय रिजर्व बैंक, भारतीय प्रतिभूति एवं विनियम बोर्ड और /अथवा इस संबंध में आवश्यक अन्य प्राधिकारी के अनुमोदनों, सहमतियों, अनुमतियों तथा स्वीकृतियों, यदि कोई हों, की शर्त पर एवं उक्त अनुमतियां प्रदान करते हुए उनके द्वारा निर्धारित शर्तों एवं संशोधनों, जिनसे बैंक के निदेशक मंडल द्वारा सहमति व्यक्त की गई, की शर्त पर और सेबी (पूंजी निर्गमन एवं प्रकटीकरण आवश्यकता) अधिनियम 2009 (सेबी (आईसीडीआर विनियम), सेबी (सूचीकरण बाध्यताएं एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियमन 2015 (सूचीकरण विनियमन) यथा अद्यतन संशोधित सेबी द्वारा निर्धारित दिशानिर्देश, यदि कोई हो, बैंकिंग विनियमन अधिनियम 1949, भारतीय प्रतिभूति एवं विनियम बोर्ड अधिनियम 1992 के अंतर्गत एवं अन्य आवश्यक प्राधिकारियों द्वारा अधिसूचनाओं/परिपत्रों एवं स्पष्टीकरणों के तथा अन्य लागू कानूनों के अधीन एवं जिन स्टॉक एक्सचेंजों में बैंक के इक्विटी शेयर सूचीबद्ध हैं, के साथ हुए सूचीकरण करारों के अधीन, बैंक के शेयरधारकों की सहमति है एवं जिसे एतदद्वारा बैंक के निदेशक मंडल (जिसे 'बोर्ड" कहा गया है) को प्रदत्त किया जाता है, जिसमें पूंजी जुटाने वाली समिति शामिल है जिसे बोर्ड ने अपनी शक्तियों (इस प्रस्ताव द्वारा प्रदत्त शक्तियों सहित) के उपयोग के लिए गठित अथवा पुनर्गठित किया जाना है, को भारत अथवा विदेश में प्रस्ताव दस्तावेज/विवरण पत्र अथवा ऐसे किसी अन्य दस्तावेज के माध्यम से उतनी संख्या में इक्विटी शेयर्स जिनका मूल्य ₹ 8000/- करोड़ (रुपए आठ हजार करोड़ केवल) (प्रीमियम, यदि हो, सहित) हो, एक या एकाधिक सदस्यों, बैंक के कर्मचारियों, भारतीय नागरिकों, अनिवासी भारतीयों (एनआरआई) कंपनियों, निजी अथवा सार्वजनिक निवेश संस्थाओं, सोसायटियों, न्यासों, शोध संस्थानों, अर्हताप्राप्त संस्थागत क्रेताओं (क्यूआईबी) यथा विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) बैंकों, वित्तीय संस्थाओं, भारतीय म्यूचुअल फंड, वेंचर कैपिटल फंड, विदेशी वेंचर पूंजी निवेशकों, राज्य उद्योग विकास निगमों, बीमा कंपनियों, भविष्यनिधियों, पेंशननिधियों, विकास वित्तीय संस्थाओं अथवा अन्य निकायों, प्राधिकारियों अथवा निवेशकों की अन्य श्रेणियों, जो विद्यमान विनियमों/दिशानिर्देशों के अधीन बैंक की इक्विटी/प्रतिभूतियों में निवेश करने के लिए प्राधिकृत हैं अथवा उपर्युक्त में से कोई संयोजन जिसे बैंक द्वारा उपयुक्त समझा जाय, को इस प्रकार सृजित, प्रस्तावित, निर्गमित एवं आबंटित (तत्समय लागू कानून द्वारा अनुमत निर्गम के उस भाग और उस श्रेणी के व्यक्तियों को पुष्ट आबंटन और/अथवा प्रतियोगी आधार पर आरक्षण के प्रावधान सहित) करने की शक्ति प्रदान करता है कि बैंक की चुकता इक्विटी पूंजी में केंद्र सरकार की धारिता किसी भी समय 51% से कम न हो.

"**आगे यह प्रस्तावित किया जाता है** कि अति आबंटन के विकल्प के साथ या उसके बिना अर्हताप्राप्त संस्थानों को नियोजन ऐसे निर्गम, प्रस्ताव अथवा आबंटन सार्वजनिक निर्गमन (अर्थात, अनुवर्ती सार्वजनिक निर्गम) और राइट्स इश्यू और/अथवा निजी तौर पर आबंटन द्वारा किया जाएगा और ऐसे प्रस्ताव, निर्गम नियोजन, बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम, 1970 सेबी (पूंजी का निर्गमन और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2009 ("सेबी आईसीडीआर विनिमय") के प्रावधानों तथा भारिबै, सेबी और कोई अन्य प्राधिकारी जो भी लागू हो, द्वारा जारी सभी अन्य दिशानिर्देशों के अधीन किया जाएगा और यह उस तरीके तथा उन नियमों एवं शर्तों तथा उस समय समयांतरों में किया जाएगा जो निदेशक मंडल द्वारा अपनी पूर्ण विवेकाधीन शक्ति में उपयुक्त समझा जाता हो.

"**आगे यह प्रस्तावित किया जाता है** कि निदेशक मंडल को सेबी आईसीडीआर विनियमों, अन्य विनियम तथा कोई अथवा अन्य लागू कानूनों, नियमों, विनियमों एवं दिशानिर्देशों के अंतर्गत बोर्ड द्वारा अपने संपूर्ण विवेक से उन निवेशकों जो बैंक के विद्यमान सदस्य हों अथवा न हों, को ऐसी कीमत जो आईसीडीआर विनियमों के संगत प्रावधानों द्वारा निर्धारित कीमत से कम न हों, को इस प्रकार स्वयं तय करने और आवश्यकता पड़ने पर अग्रणी प्रबंधकों और/अथवा हामीदारों और/अथवा अन्य परामर्शदाताओं अथवा अन्यथा तय करने हेतु प्राधिकृत होगा.

"**आगे यह प्रस्तावित किया जाता है** कि सेबी (सूचीकरण प्रतिबद्धता और प्रकटीकरण आवश्यकता) विनियम, 2015 के प्रावधानों, संबद्ध स्टॉक एक्सचेंज के साथ हुए सूचीबद्धता व्यवस्था के प्रावधानों, बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण), अधिनियम, 1970 के प्रावधानों, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया (शेयर्स और मीटिंग्स), विनियम, 1998 के प्रावधानों, सेबी आईसीडीआर विनियमों के प्रावधानों, विदेशी विनिमय प्रबंधन अधिनियम,

1999 के प्रावधानों और विदेशी विनिमय प्रबंधन (भारत से बाहर के निवासी व्यक्ति द्वारा प्रतिभूति का अंतरण अथवा जारीकरण), 2000, और भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी), स्टॉक एक्सचेंज, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई), विदेशी निवेश संवर्धन बोर्ड(एफआईपीबी), औद्योगिक नीति एवं प्रोत्साहन विभाग, वाणिज्य मंत्रालय (डीआईपीपी) और अन्य सभी आवश्यक प्राधिकरणों जिन्हें संयुक्त रूप से ("सक्षम प्राधिकारी" के तौर संदर्भित किया है) के अनिवार्य अनुमोदनों, सहमतियों, अनुमतियों और/ अथवा स्वीकृतियों के अधीन और ऐसे अनुमोदन, सहमति, अनुमति देते समय उनके द्वारा निर्धारित शर्तों के अधीन, और/अथवा स्वीकृति (जिन्हें इसमें "आवश्यक अनुमोदन कहा गया है") निदेशक मंडल अपनी सम्पूर्ण विवेकाधीन शक्ति के आधार पर समय-समय पर एक अथवा अधिक श्रृखलाओं में वारंट के सिवाय इक्विटी शेयरों अथवा अन्य प्रतिभूतियों, जो बाद में किसी समय इक्विटी शेयरों में परिवर्तनीय अथवा विनिमय योग्य हैं, को सेबी आईसीडीआर विनियमों अथवा उस समय लागू कानूनों के प्रावधानों के अनुसार बोर्ड द्वारा निर्धारित कीमत, नियम एवं शर्तों एवं अन्य प्रकार से तथा सेबी आईसीडीआर विनियमों के अध्याय VIII में यथानिबंधित अर्हताप्राप्त संस्थागत नियोजन (क्यूआईपी) के अनुसार, किसी नियोजन दस्तावेज और अथवा अन्य ऐसे दस्तावेजों/लेखों/परिपत्रों/ज्ञापनों के माध्यम से अर्हताप्राप्त संस्थागत क्रेताओं (क्यूआईबी) को बोर्ड इस प्रकार निर्गम प्रस्ताव एवं आबंटन कर सकेगा कि बैंक की इक्विटी शेयर पूंजी में केंद्र सरकार की धारिता किसी भी समय 51% से कम न हो.

"**आगे यह प्रस्तावित किया जाता है कि** सेबी आईसीडीआर विनियम के अध्याय VIII के अनुसार अर्हतापात्र संस्थागत नियोजन के मामले में:

ए) प्रतिभूतियों का आबंटन, सेबी आईसीडीआर विनियम के अध्याय VIII के निहितार्थों में सिर्फ अर्हताप्राप्त संस्थागत क्रेताओं को ही किया जाएगा एवं ऐसी प्रतिभूतियां पूर्णता चुकता होंगी तथा ऐसी प्रतिभूतियों का आबंटन, इस संकल्प के पारित होने की तारीख से 12 महीनों के अंदर पूर्ण किया जायेगा.

बी) सेबी आईसीडीआर विनियमों के विनियमन 85(1) के प्रावधानों के अनुसार बैंक विनियमों के अनुसार निर्धारित न्यूनतम कीमत पर अधिकतम 5% की छूट पर शेयर, प्रस्तावित करने हेतु अधिकृत है.

सी) प्रतिभूतियों की न्यूनतम कीमत के निर्धारण की संगत तारीख, सेबी आईसीडीआर विनियमों के अनुसार तय होगी.

"**आगे यह प्रस्तावित किया जाता है कि** निर्गम के लिए अनुमोदन, सहमति, अनुमति एवं स्वीकृति प्रदान करते समय एवं आबंटन, लिस्टिंग करते समय बोर्ड को यह अधिकार व शक्ति प्राप्त होगी कि भारत सरकार/भारतीय रिजर्व बैंक/सेबी/वे स्टॉक एक्सचेंज, जहां बैंक के शेयर सूचीबद्ध है या ऐसे ही अन्य उचित प्राधिकारियों द्वारा प्रस्ताव में चाहे गए या दिए गए संशोधनों, जिनसे बोर्ड सहमत हो, को स्वीकार किया जाए."

"**आगे यह प्रस्तावित किया जाता है कि** एनआरआई, एफआईआई एवं/अथवा अन्य पात्र विदेशी निवेशकों को नए इक्विटी शेयर्स/प्रतिभूतियों, यदि कोई है, का निर्गम एवं आबंटन, विदेशी मुद्रा प्रबंध अधिनियम, 1999, यथालागू, के अंतर्गत आरबीआई के अनुमोदन के अधीन, परंतु इस अधिनियम के अंतर्गत निर्धारित समग्र सीमा के भीतर होगा."

"**आगे यह प्रस्तावित किया जाता है कि** कथित नए इक्विटी शेयर्स, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया (शेयर्स एवं मीटिंग्स) विनियमन, 1998, यथा संशोधित, के अधीन जारी किए जाएंगे और वे सभी प्रकार से बैंक के विद्यमान इक्विटी शेयर्स के समान माने जाएंगे और वे घोषित किए गए लाभांश, यदि कोई हो, के लिए सांविधिक दिशानिर्देशों के अनुरूप, जो उनकी घोषणा के समय प्रचलित हैं, के लिए पात्र होंगे."

"**आगे यह प्रस्तावित किया जाता है कि** किसी भी निर्गम अथवा इक्विटी शेयर्स/प्रतिभूतियों के आबंटन को प्रभावी बनाने के उद्देश्य हेतु, निवेशकों की श्रृंखला, जिन्हें प्रतिभूतियों का आबंटन किया जाना है, प्रत्येक श्रृंखला में आबंटित किए जाने वाले शेयर्स/प्रतिभूतियों की संख्या, निदेशक मंडल द्वारा अपने संपूर्ण विवेकानुसार उचित समझे जाने वाले निर्गम पर प्रीमियम सहित सार्वजनिक प्रस्ताव के नियमों को निर्धारित करने के लिए, निदेशक मंडल एतदद्वारा प्राधिकृत है और रहेगा तथा उन सभी कार्यों, विलेखों व मामलों को करने तथा उन सभी विलेखों, दस्तावेजों एवं करारों, जो इसके संपूर्ण विवेकाधिकारों में आवश्यक उचित अथवा वांछित हों, का निष्पादन करने तथा सार्वजनिक प्रस्ताव, निर्गम आबंटन एवं निर्गम प्राप्तियों के उपयोग के सम्बंध में उत्पन्न किसी भी प्रकार का प्रश्न, कठिनाइयों अथवा संदेहों का समाधान करने तथा सदस्यों के और अधिक अनुमोदन के बिना, बैंक के सर्वोत्तम हित में अपने संपूर्ण विवेक में उचित एवं आवश्यक समझे जाने के अनुरूप उसके नियमों व शर्तों में ऐसे संशोधनों, परिवर्तनों, विचलनों, बदलावों, समापनों, जुड़ावों को प्रभावी करने तथा इस प्रस्ताव के द्वारा बैंक एवं बोर्ड को प्रदत्त सभी अथवा किन्हीं शक्तियों का उपयोग बोर्ड द्वारा किया जा सकेगा."

"**आगे यह प्रस्तावित किया जाता है कि** निदेशक मंडल एतदद्वारा किसी भी बुक-रनर(रों), अग्रणी प्रबंधक(कों), बैंकर(रों), हामीदार(रों), डिपाजिटरी(रियों), पंजीयक(कों), लेखापरीक्षक(कों) और ऐसी सभी एजेन्सियों, जो इक्विटी/प्रतिभूतियों के ऐसे प्रस्तावों से सम्बंधित अथवा शामिल हैं, के साथ ऐसे सभी ठहरावों को करने एवं उनके निष्पादन के लिए प्राधिकृत है और रहेगा तथा ऐसे सभी संस्थानों एवं एजेन्सियों को कमीशन, ब्रोकरेज, फीस अथवा इसी प्रकार की अन्य मदों हेतु पारिश्रमिक देने और ऐसी एजेन्सियों के साथ ऐसे सभी ठहरावों, अनुबंधों, ज्ञापनों, दस्तावेजों इत्यादि का निष्पादन करने के लिए निदेशक मंडल प्राधिकृत है और रहेगा."

"**आगे यह प्रस्तावित किया जाता है कि** उपर्युक्त को प्रभावी करने के उद्देश्य से, निदेशक मंडल, अग्रणी प्रबंधकों, हामीदारों, परामर्शदाताओं एवं/

अथवा बैंक द्वारा नियुक्त अन्य व्यक्तियों से परामर्श कर एतदद्वारा निवेशकों की श्रेणी, जिन्हें शेयर्स/प्रतिभूतियों का आबंटन किया जाना है, प्रत्येक श्रृंखला में आबंटित किए जाने वाले शेयर्स/प्रतिभूतियों की संख्या, निर्गम मूल्य (प्रीमियम सहित, यदि कोई है), अंकित मूल्य, निर्गम/प्रतिभूतियों के संपरिवर्तन/ वारंट के प्रयोग/ प्रतिभूतियों के मोचन पर प्रीमियम राशि, ब्याज दर, मोचन अवधि, प्रतिभूतियों के संपरिवर्तन अथवा मोचन अथवा निरसन पर इक्विटी शेयर्स एवं अन्य प्रतिभूतियों की संख्या, मूल्य, निर्गम/प्रतिभूतियों के संपरिवर्तन पर प्रीमियम अथवा छूट, ब्याज दर, संपरिवर्तन की अवधि, रिकॉर्ड अथवा बही बंदी की तिथि का निर्धारण तथा अन्य सम्बंधित अथवा प्रासंगिक मामले, भारत एवं/अथवा विदेश में एक अथवा एक से अधिक स्टॉक एक्सचेंजों में सूचीबद्धता, निदेशक मंडल जो भी अपने संपूर्ण विवेकाधीन उचित समझे, सहित निर्गम(मों) का स्वरूप एवं नियमों का निर्धारण करने के लिए प्राधिकृत है और रहेगा."

"**आगे यह प्रस्तावित किया जाता है कि** इस तरह के उन शेयर्स/प्रतिभूतियों, जो अभिदत्त न हों, को निदेशक मंडल अपने संपूर्ण विवेक के अंतर्गत उस प्रकार से, जैसा निदेशक मंडल उचित समझे और जैसा विधि द्वारा अनुमत हो, के अनुसार निपटान कर सकेगा."

"**आगे यह प्रस्तावित किया जाता है कि** कि इस प्रस्ताव को प्रभावी करने के लिए बोर्ड को उन सभी कार्यों, विलेखों, मामलों के लिए प्राधिकृत किया जाता है, जिन्हें बोर्ड के पूर्ण विवेकाधिकार में आवश्यक, उचित एवं वांछनीय समझा जाता हो और इक्विटी शेयर के निर्गम से संबंधित उत्पन्न होने वाले किसी भी प्रश्न, कठिनाई या संदेह के निपटान हेतु प्राधिकृत किया जाता है तथा आगे इसके पूर्ण विवेकाधिकारों में सही, उचित एवं वांछित समझे जाने वाले उन सभी कार्यों, विलेखों, मामलों, विषयों को करने, सभी दस्तावेजों, लेखनों को निष्पादित करने, जो आवश्यक वांछित व इष्टकर हो, को शेयरधारकों द्वारा इस प्रस्ताव से प्रदत्त अधिकारों से स्पष्टत: उनका अनुमोदन, अंतिम अधिकार व संकल्प मानते हुए उनकी आगे और किसी सहमति, अनुमोदन के बिना, करने हेतु बोर्ड को प्राधिकृत किया जाता है."

"**आगे यह प्रस्तावित किया जाता है कि** उपर्युक्त प्रस्ताव को प्रभावकारी बनाने के लिए बैंक के निदेशक मंडल को अपनी सभी या किसी भी शक्ति को बैंक के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक अथवा कार्यपालक निदेशक(कों) अथवा ऐसे किसी उपयुक्त अधिकारी(यों) को, जो वह उचित समझे, प्रत्यायोजित करने हेतु प्राधिकृत किया जाता है."

3) बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अर्जन एंव अंतरण) अधिनियम 1970 (जिसको इसके पश्चात "अधिनियम" कहा जाएगा) की धारा 9 (3) (i), सहपठित बैंकिंग विनियम अधिनियम 1949, राष्ट्रीयकृत बैंक्स (प्रबंधन एवं विभिन्न प्रावधान) योजना 1970 (जिसे इसके पश्चात "योजना" कहा जाएगा), सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया (शेयर्स एवं बैठकें) विनियम, 1998 (जिसे इसके पश्चात "विनियम" कहा जाएगा) जोकि अधिनियम की धारा 19 एवं अधिसूचना सं. डीबीओडी. सं. बीसी. सं. 46/29.39.001/ 2007-08 दिनांक 01 नवम्बर 2007 एवं भारतीय रिजर्व बैंक के अधिसूचना सं. डीबीओडी.बीसी. सं.95/29.39.001/2010-11 दिनांक 23 मई, 2011 (जिसे इसके पश्चात "आरबीआई अधिसूचना" कहा जाएगा) के अनुसरण में निम्नलिखित संकल्प पास कर केन्द्र सरकार के अतिरिक्त अन्य शेयरधारकों में से बैंक के एक निदेशक का चुनाव करना.

यह संकल्प लिया जाता है कि अधिनियम की धारा 9(3) (i), सहपठित योजना, उनके अंतर्गत बनाए गए विनियम एवं भारतीय रिजर्व बैंक की अधिसूचना के अनुसरण में केन्द्र सरकार के अतिरिक्त अन्य शेयरधारकों में से चुने गए एक निदेशक, जो एतद् द्वारा चुने गए हैं / चुनी गई हैं, उनके चुने जाने / चुने हुए माने जाने की अगली तारीख से कार्यभार ग्रहण करने के लिए बैंक के निदेशक चुने गए / गई हैं और वे इस प्रकार कार्यभार ग्रहण करने की तारीख से तीन वर्ष की अवधि समाप्त होने तक कार्यभार संभालेंगे.

निदेशक मंडल के आदेश से

हस्त/-

स्थान : मुम्बई **(आनंद कुमार दास)**

दिनांक : 25.05.2018 **सहायक महाप्रबंधक-एमबीडी/कंपनी सचिव**

नोट :

1. **व्याख्यात्मक विवरणी**

   बैठक के कार्यकलापों के संबंध में प्रमुख तथ्य स्थापित करता व्याख्यात्मक विवरण अनुलग्नक के रूप में संलग्न हैं.

2. **विनिर्दिष्ट तारीख**

   सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया (शेयर्स एवं बैठकें) विनियमन, 1998 के विनियम 12 के अनुसरण में केन्द्र सरकार के अतिरिक्त अन्य शेयर धारकों में से निदेशकों के चुनाव में सहभागिता अर्थात नामांकन करने, चुनाव लड़ने एवं वोट देने हेतु पात्र शेयरधारकों के नामों का निर्धारण करने के उद्देश्य से मंगलवार, दिनांक 29 मई, 2018 को विनिर्दिष्ट तारीख निश्चित की गयी है.

3. प्रॉक्सी की नियुक्ति

बैठक में उपस्थित होने एवं मतदान करने के पात्र शेयरधारक, अपने बदले बैठक में उपस्थित होने एवं मतदान करने हेतु किसी प्रॉक्सी को नियुक्त कर सकते /सकती हैं और ऐसे प्रॉक्सी का बैंक का शेयरधारक होना आवश्यक नहीं है.

प्रॉक्सी को नियुक्त करने संबंधी लिखत, चन्दरमुखी, नरीमन पॉइंट मुंबई, 400021 स्थित प्रधान कार्यालय में बैठक की तारीख से कम से कम चार दिन पूर्व अर्थात सोमवार, दिनांक 25 जून, 2018 को सायं: 5.00 बजे या इसके पूर्व जमा किया जाना चाहिए.

4. प्राधिकृत प्रतिनिधि की नियुक्ति

किसी कंपनी के विधिवत प्राधिकृत प्रतिनिधि के रूप में कोई व्यक्ति सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया के शेयरधारकों की बैठक में उपस्थित होने अथवा मतदान करने हेतु तब तक पात्र नहीं होगा, जब तक कि उस बैठक, जिसमें उसे विधिवत रूप से प्राधिकृत प्रतिनिधि नियुक्त किया गया हो, के अध्यक्ष द्वारा प्रमाणित प्रस्ताव की प्रति चन्दरमुखी, नरीमन पॉइंट, मुंबई, 400021 में स्थित बैंक के प्रधान कार्यालय में बैठक की नियत तारीख से कम से कम चार दिन पूर्व अर्थात सोमवार, दिनांक 25 जून, 2018 को सायं: 5.00 बजे या उसके पूर्व तक प्रस्तुत न कर दी जाए.

5. बैंक के किसी भी अधिकारी या कर्मचारी को किसी शेयरधारक का प्रॉक्सी या प्राधिकृत प्रतिनिधि नियुक्त नहीं किया जाएगा.

6. उपस्थिति पर्ची-सह-प्रवेश पास

शेयरधारकों की सुविधा के लिए इस सूचना के साथ उपस्थिति पर्ची-सह-प्रवेश पास संलग्न किया गया है. शेयरधारकों/प्रॉक्सी धारकों/प्रतिनिधियों से अनुरोध है कि इसमें उपलब्ध कराए गए स्थान पर अपने हस्ताक्षर करें और बैठक स्थल पर इसे सौंप दें. शेयरधारकों के प्रॉक्सी/ प्राधिकृत प्रतिनिधियों को उपस्थिति पर्ची-सह प्रवेश पास में "प्रॉक्सी" अथवा "प्राधिकृत प्रतिनिधि", जैसा भी मामला हो, का उल्लेख करना चाहिए तथा उन्हें, शेयरधारक से अपने हस्ताक्षर सत्यापित करा कर अपनी पहिचान का साक्ष्य साथ में रखना चाहिए.

7. शेयरधारकों के रजिस्टर का बंद होना :

बैंक के शेयरधारकों का रजिस्टर एवं शेयर अंतरण बहियां, दिनांक 27 जून (बुधवार), 2018 से दिनांक 30 जून, 2018 (शनिवार) (दोनों दिन शामिल है) तक बंद रहेगी.

8. मतदान का अधिकार

अधिनियम की धारा 3(2ई) के उपबंधों के अनुसार, सदृश नए बैंक का केन्द्र सरकार से भिन्न कोई भी शेयरधारक, अपने द्वारा धारित शेयरों के सम्बंध में, बैंक के शेयरधारकों के कुल मताधिकार के एक प्रतिशत से अधिक के मतदान-अधिकार का प्रयोग करने का हक़दार नहीं होगा / होगी.

उपर्युक्त के अधीन, विनियमन 68 के अनुसार, प्रत्येक शेयरधारक, जो शेयरधारक के रुप में पंजीकृत है, अपना हाथ दर्शाकर एक मत दे सकेगा और मतदान की स्थिति में उसके द्वारा धारित प्रत्येक शेयर के लिए उसे एक वोट देने का अधिकार होगा.

9. संयुक्त धारकों के अधिकारों का उपयोग

विनियमनों के विनियम 10 के अनुसार, यदि कोई शेयर दो अथवा अधिक व्यक्तियों के नाम पर है, तो मतदान के मामले में रजिस्टर में उल्लिखित प्रथम नाम के व्यक्ति को एकमात्र धारक माना जाएगा. अत: यदि शेयर संयुक्त धारकों के नाम में हैं तो केवल प्रथम नामांकित व्यक्ति ही बैठक में भाग लेने एवं मत देने (हाथ दर्शाकर अथवा मतदान द्वारा) का हकदार होगा.

10. शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे बैठक में अपनी वार्षिक रिपोर्ट की प्रतियां अपने साथ लाएं.

11.1 भौतिक स्वरूप में शेयर रखने वाले शेयरधारकों को सूचना :

जैसा कि आप जानते ही हैं कि भौतिक स्वरूप में शेयरों का क्रय-विक्रय नहीं किया जा सकता, अत: शेयरधारकों को तरलता प्रदान करने के लिए हम आपसे निवेदन करते हैं कि आप अपने शेयरों को डीमेट स्वरूप में परिवर्तित कर लें. आप बैंक की किसी भी नजदीकी शाखा, जो डीमेट सेवा प्रदान करती हो, में खाता खोलकर अपने शेयरों को डीमेट स्वरूप में परिवर्तित कर सकते हैं. बैंक की वेबसाइट पर डीमेट सेवाएं प्रदान करने वाली शाखाओं की सूची उपलब्ध है. शेयरों को डीमेट स्वरूप में परिवर्तित करने के अनेक फायदे हैं, जैसे - क्षति अथवा गलत सुपुर्दगी से बचाव, तीव्र निपटान, कागजरहित लेन-देन आदि. साथ ही पते में परिवर्तन, बैंक अधिदेश, नामांकन एवं लेनदेन के अनुरोध की सूचना भी एक ही स्थान पर अर्थात वह शाखा, जहां आपने अपना डीमेट खाता खोला है, में ही देनी होती है, चाहे आपके पास एक से अधिक कंपनियों/संस्थाओं के शेयर हों.

तदापि, यदि आप शेयरों को डीमेट स्वरूप में परिवर्तित न कर उन्हें भौतिक स्वरूप में ही रखने हेतु इच्छुक हैं तो कृपया हमें निम्नलिखित बैंक विवरण प्रदान करें, ताकि हम लाभांश को (जब भी घोषित किया जाए) सीधे आपके खाते में जमा कर सकें.

- ➢ बैंक का नाम
- ➢ शाखा का पता
- ➢ बैंक खाता संख्या
- ➢ शाखा का 9 अंकीय एमआईसीआर कोड
- ➢ शाखा का आईएफएससी कोड

(अधिमानत: हमें एक निरस्त चेक/ चेक पन्ने की प्रतिलिपि प्रेषित करें).

कृपया नोट करें कि बैंक खाता, शेयरों के प्रथम धारक के नाम से होना चाहिए.

11.2 डीमेट स्वरूप में शेयर रखने वाले शेयरधारकों को सूचना :

हमारा सदैव यह प्रयास रहा है कि अपने सम्माननीय शेयरधारकों को सर्वोत्तम सेवाएं प्रदान की जाएं. हमने पाया है कि कुछ शेयरधारक ऐसे हैं, जिनके पास डीमेट स्वरूप में शेयर्स हैं; परंतु उन्होंने अपने बैंक खातों में सीधे लाभांश राशि प्राप्त करने के लिए, उनके डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट (डीपी) के पास अपने बैंक खाते सम्बंधी विवरण पंजीकृत/अद्यतन नहीं कराए हैं. तदनुसार, पूर्व में घोषित किए गए लाभांश उन्हें, उनके द्वारा डिपॉजिटरीज़ के पास दर्ज कराए गए पते पर ही लाभांश वारंट (डी.डब्ल्यू.) के द्वारा भेजे गए हैं

यह उल्लेख करना महत्वपूर्ण है कि यदि ऐसे शेयरधारकों ने उनके डीपी के पास उनके बैंक खाते के विवरण पंजीकृत कराए होते तो लाभांश की राशि सीधे उनके बैंक खाते में जमा करा दी गई होती, इससे नियत तिथि पर लाभांश की द्रुतगति से प्राप्ति सुनिश्चित हो जाती और इससे डाक द्वारा लाभांश वारंट प्राप्त करने में लगे समय की बचत होती तथा लाभांश वारंट जमा करने के लिए बैंक में जाने की आवश्यकता नहीं होती तथा लाभांश वारंट मार्ग में गुम/चोरी हो जाने की आशंका से अथवा उसके कपटपूर्ण नकदीकरण की संभावना से बचा जा सकता था.

तदनुसार, हम इन शेयरधारकों को उनके बैंक खाता विवरण जैसे बैंक का नाम, शाखा का पता, खाता संख्या, खाते का प्रकार, उनके बैंक द्वारा जारी चेक पर विद्यमान नौ अंकीय एमआईसीआर कोड सं. को उनके डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट, जहां वे डीमेट खाता रखते हों, के पास पंजीकृत/अद्यतन करने का सुझाव देते हैं, ताकि नियत तिथि पर उनके बैंक खाते में लाभांश राशि (जब भी घोषित किया जाय) सीधे जमा की जा सके. इसके अतिरिक्त, वे बैंक या अपने आरटीए, जो कि लिंक इनटाइम इंडिया प्रा.लि. है, को सभी भावी लाभांश राशि, वापसी राशि या अन्य प्रेषणों, यदि कोई हो, को लाभांश वारंट, चेक, मांग ड्राफ्ट आदि द्वारा भेजे जाने के स्थान पर उनके बैंक खाते में जमा किए जाने हेतु अधिदेश उपर्युक्त बैंक विवरण के साथ सीधे भेज सकते हैं.

12. अदावाकृत लाभांश, यदि कोई है:

वे शेयरधारक, जिन्होंने अपने लाभांश नहीं भुनाए हैं या जिन्हें पिछले वर्षों में किसी भी वर्ष के लाभांश प्राप्त नहीं हुए हैं, उनसे अनुरोध है कि वे अपने बैंक खाते में सीधे भुगतान किए जाने या डुप्लीकेट लाभांश/मांग ड्राफ्ट जारी करने के लिए बैंक के रजिस्ट्रार एवं शेयर ट्रांसफर एजेंट से संपर्क करें.

बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अधिग्रहण एवं अंतरण), अधिनियम 1970 की धारा 10 बी के अनुसार अप्रदत्त लाभांश खाते में अंतरण की तारीख से 7 वर्षों की अवधि तक यदि लाभांश की राशि अदत्त अथवा अदावाकृत रहती है तो वह राशि निवेशक शिक्षा एवं सुरक्षा निधि (आईईपीएफ) में अंतरित कर दी जाएगी और **तत्पश्चात इस भुगतान के संदर्भ में कोई दावा न तो बैंक और न ही आईईपीएफ पर लागू होगा.**

13. इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से वोटिंग

I. सेबी (सूचीबद्ध प्रकटीकरण एवं अपेक्षाएं) विनियम, 2015 के नियम 44 के साथ पठित कंपनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियम 2014 के नियम 20 के अनुपालन में बैंक, वैकल्पिक माध्यम के तौर पर रिमोट ई वोटिंग सुविधा सहर्ष प्रस्तावित करता है ताकि सदस्यगण अपने वोट इलेक्ट्रॉनिक रूप से कर पाएं. कंपनी द्वारा सेन्ट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लि. (सीडीएसएल) के साथ रिमोट ई-वोटिंग को सुलभ बनाने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं कर ली गयी हैं.

ई-वोटिंग संबंधी प्रक्रिया एवं अनुदेश निम्नानुसार हैं :

(i) वोटिंग समयावधि बुधवार दिनांक 27 जून 2018 को प्रात:10:00 बजे से प्रारंभ हो कर शुक्रवार दिनांक 29 जून 2018 को सायं 5:00 बजे समाप्त होगी. इस समयावधि के दौरान सोमवार दिनांक 25 जून 2018 की कट ऑफ तारीख को एजेंडा नं. 3 के अतिरिक्त जिसके लिए कटआफ तारीख मंगलवार 29 मई, 2018 है. बैंक के शेयरधारक जिनके पास शेयर भौतिक रूप में हो अथवा डीमेट रूप में हों, वे अपना वोट इलैक्ट्रॉनिक माध्यम से कर सकते हैं. वोटिंग के पश्चात रिमोट ई-वोटिंग के माड्यूल को सीडीएसएल द्वारा निष्क्रिय कर दिया जाएगा.

(ii) शेयर धारक ई-वोटिंग वेबसाइट www.evotingindia.com पर लॉग ऑन करें.

(iii) शेयरहोल्डर्स पर क्लिक करें.

(iv) अब अपना यूजर आईडी डालें

ए. सीडीएसएल के लिए : 16 अंकीय लाभार्थी आईडी

बी. एनएसडीएल के लिए : 8 अंकों के डीपी आईडी के पश्चात 8 अंकों का क्लाइंट आईडी

सी. भौतिक स्वरूप में शेयर्स रखने वाले सदस्यों को बैंक में पंजीकृत फोलियो नंबर एंटर करें.

(v) इसके पश्चात प्रदर्शित की गयी सत्यापन छवि को एंटर कर लॉग इन पर क्लिक करें.

(vi) यदि आपके पास शेयर्स डीमेट रूप में हैं एवं आपने www.evotingindia.com पर लॉग ऑन किया है एवं पूर्व में आपने किसी कंपनी / संगठन में वोटिंग की है, तब आपके वर्तमान पासवर्ड का प्रयोग किया जाए.

(vii) यदि आप प्रथम बार उपयोगकर्ता हैं, तो निम्नलिखित चरणों का अनुसरण करें :

	डी मेट एवं भौतिक स्वरूप में शेयर्स रखने वाले सदस्यों के लिए
पैन	आयकर विभाग द्वारा जारी 10 अंकीय एल्फान्यूमेरिक *पैन एंटर करें. (डीमेट शेयरधारकों के साथ साथ भौतिक शेयरधारकों दोनों के लिए लागू) वे सदस्य जिन्होंने बैंक / निक्षेपागार सहभागी में अपना पैन अद्यतन नहीं किया है, उनसे अनुरोध है कि वे ईजीएम नोटिस पर चिपकाए गए पते के स्टीकर पर छपे हुए सीक्वेंस नंबर पैन फील्ड में उल्लिखित स्थान पर प्रयोग करें,
लाभांश बैंक विवरण अथवा जन्म तिथि	लॉग इन करने के लिए कृपया जन्म तिथि (डीओबी) अथवा लाभांश बैंक विवरण एंटर करें. यदि वे विवरण बैंक अथवा निक्षेपागार में अभिलेखित नहीं हैं तो कृपया लाभांश बैंक विवरण अनुदेश (iv) में किए उल्लेख के अनुसार सदस्य आई डी / फोलियो नंबर में प्रविष्ट करें.

(viii) समुचित रूप से उक्त विवरण प्रविष्ट करने के पश्चात, "सबमिट" टेब पर क्लिक करें.

(ix) तब ऐसे शेयरधारक, जिनके शेयर्स भौतिक रूप में हैं, उनके लिए सीधा वोटिंग स्क्रीन उपलब्ध हो जाएगा. तथापि वे सदस्य, जिनके शेयर्स डीमेट स्वरूप में हैं वे "पासवर्ड क्रिएशन" मेन्यु में पहुंचेंगे जहां उन्हें नये पासवर्ड फील्ड में अनिवार्यतः लॉग इन पासवर्ड एंटर करना होगा. कृपया नोट करें कि डीमेट शेयर धारकों द्वारा इस पासवर्ड का उपयोग अन्य संस्था/कंपनी में यदि मतदान के लिए पात्र हों, तो वहां भी संकल्पों की वोटिंग के लिए वे इसी पासवर्ड का उपयोग कर सकेंगे, बशर्ते कि कंपनी/संस्था, द्वारा सीडीएसएल प्लेटफॉर्म के माध्यम से ई-वोटिंग का विकल्प चुना गया हो. यह पुरजोर अनुशंसा की जाती है कि आप अपना पासवर्ड किसी भी अन्य व्यक्ति को न बताएं और इसे गोपनीय रखने के लिए पर्याप्त सावधानी वरतें.

(x) भौतिक स्वरूप में शेयर धारित करने वाले सदस्य, अपने विवरण, सिर्फ इस सूचना में दिए गए संकल्प पर ई- वोटिंग के लिए ही कर सकते हैं.

(xi) कृपया सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया के ईवीएसएन पर क्लिक करें जिस पर आप वोट करना चाहते हैं.

(xii) वोटिंग पृष्ठ पर आपको "संकल्प विवरण" एवं इसके समक्ष वोटिंग के लिए हां / नहीं का विकल्प दिखाई देगा. अपनी इच्छानुसार हां अथवा नहीं के विकल्प का चयन करें. हां का विकल्प प्रस्ताव के प्रति आपकी सहमति दर्शाता है एवं नहीं का विकल्प आपकी असहमति दर्शाता है.

(xiii) यदि आप संकल्प का संपूर्ण विवरण देखना चाहते हों तो 'रिजोल्यूशन्स फाइल" लिंक पर क्लिक करें.

(xiv) 'रिजोल्यूशन" का चयन करने के उपरांत, आपने वोट डालने का निर्णय लिया है, "सबमिट" पर क्लिक करें. एक कन्फरमेशन बॉक्स प्रदर्शित होगा. यदि आप अपने वोट की पुष्टि करना चाहते हैं तो "ओके" पर क्लिक करें, अन्यथा अपना वोट परिवर्तित करने हेतु "कैंसिल" पर क्लिक करें और तदनुसार अपना वोट संशोधित करें.

(xv) संकल्प पर एक बार अपना वोट 'कन्फर्म" करने के पश्चात आपको अपना वोट संशोधित करने की अनुमति नहीं होगी.

(xvi) आप वोटिंग पृष्ठ पर "प्रिन्ट करने के लिए यहां क्लिक करें" विकल्प पर क्लिक कर आप अपने द्वारा की गयी वोटिंग का प्रिन्ट ले सकते हैं.

(xvii) यदि डीमेट खाताधारक अपना लॉग इन पासवर्ड भूल जाता है तब यूजर आईडी एवं छवि सत्यापन एंटर कर "फॉरगॉट पासवर्ड" पर क्लिक कर सिस्टम द्वारा दिये गये विवरण को एंटर करें.

(xviii) शेयर धारक एड्रॉयड आधारित मोबाइल पर उपलब्ध सीडीएसएल मोबाइल एप्प एम-वोटिंग उपयोग कर अपना वोट दे सकते हैं. यह एम-वोटिंग एप्प गूगल प्ले स्टोर से भी डाउनलोड कर सकते हैं. एप्पल एवं विंडोज फोन के उपयोगकर्ता क्रमशः एप्प स्टोर एवं विंडोज फोन स्टोर से यह एप्प डाउनलोड कर सकते है. कृपया अपने मोबाइल से वोटिंग करते समय मोबाइल एप्प द्वारा दिए जा रहे निर्देशों का अनुपालन करें.

(xix) **गैर वैयक्तिक शेयरधारक एवं अभिरक्षकों के लिए नोट**

- गैर वैयक्तिक शेयरधारकों (अर्थात वैयक्तिकों, एचयूएफ, एनआरआई इत्यादि) एवं अभिरक्षक को www.evotingindia.com पर लॉग-इन कर अपने आपको कॉर्पोरेट के तौर पर पंजीकृत करना आवश्यक है.
- पंजीकरण फार्म पर संस्था के हस्ताक्षर एवं मुहर लगाकर उसकी एक स्कैन प्रति helpdesk.evotingindia.com पर ई-मेल की जानी चाहिए.
- लॉगिन विवरण प्राप्त होने के पश्चात एडमिन लॉगइन एवं पासवर्ड का प्रयोग कर अनुपालन प्रयोगकर्ता निर्मित किया जाना चाहिए. अनुपालनकर्ता उपयोगकर्ता उन खातों का लिंक देने में सक्षम होगा जिसके लिए वे वोट करने के इच्छुक है.
- खातों की सूची helpdesk.evoting@cdslindia.com पर मेल करनी चाहिए एवं खातों के अनुमोदन के पश्चात वे वोट करने सक्षम होंगे.
- बोर्ड के संकल्प एवं मुख्तारनामा जिसे अभिरक्षक के पक्ष में जारी किया गया है, जांचकर्ता द्वारा जांचने के लिए सिस्टम में पीडीएफ प्रारूप में सिस्टम में अपलोड की जानी चाहिए.

(xx) ई- वोटिंग के मामले में यदि आपकी कोई शंका अथवा मुद्दा है, तो आप वेबसाइट www.evotingindia.com के हेल्प सेक्शन के अंतर्गत पर उपलब्ध आमतौर पर पूछे जाने वाले प्रश्न ("एफएक्यू") एवं ई-वोटिंग के मेन्युअल का संदर्भ ले सकते हैं अथवा helpdesk.evoting@cdslindia.com पर ई-मेल कर सकते हैं.

II कट-ऑफ तारीख दिनांक 25 जून 2018 को बैंक की चुकता इक्विटी शेयर पूंजी में शेयरोंधारकों के शेयरों के अनुपात में उनके वोटिंग अधिकार होंगे. बैंकिंग कंपनीज (उपक्रमों का अधिग्रहण एवं अंतरण) अधिनियम, 1970 की धारा 3(2ई) के प्रावधानों की शर्तों के अनुसार, केन्द्र सरकार को छोड़कर बैंक का अन्य कोई भी शेयरधारक उसके धारित शेयरों के लिए बैंक के सभी शेयरधारकों के कुल वोटिंग अधिकारों के 10 प्रतिशत से अधिक वोटिंग अधिकार का प्रयोग करने हेतु पात्र नहीं होगा.

III एक व्यक्ति, जिनका नाम सदस्यों के पंजीकरण में अथवा जमाकर्ता द्वारा सम्पोषित लाभार्थी स्वामी के पंजीकरण में रिकार्ड किया गया है, कट-ऑफ तिथि अर्थात दिनांक 25 जून, 2018 को एजीएम में रिमोर्ट ई- वोटिंग एवं ई-वोटिंग/पूल की सुविधा के लिए पात्र होंगे.

IV कोई व्यक्ति जो बैठक की सूचना भेजे जाने के पश्चात सदस्य बना हो तथा कट-ऑफ तिथि अर्थात दिनांक 25 जून, 2018 को शेयर धारण करते है, उपरोक्त दिए अनुसार यूजर आईडी एवं पासवर्ड प्राप्त कर सकते है

V. इस सूचना की एक प्रति कंपनी की वेबसाइट एवं सीडीएसएल की वेबसाइट पर प्रदर्शित की गई है

VI. ई-वोटिंग प्रक्रिया को उचित एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न करने हेतु ईजेडवाई के श्री अंकुर कुमार, एडवोकेट्स एवं कोर्पोरेट लिगल एडवाजर को जांचकर्ता के रूप में नियुक्त किया गया है.

VII जांचकर्ता, न्यूनतम दो (2) गवाहों की उपस्थिति में मतों के अनब्लॉक करने ई-वोटिंग करने की अवधि की समाप्ति से तीन (3) कार्यदिवस से अनधिक अवधि के भीतर होंगे, जो बैंक के रोजगार में नहीं हैं और मतों की जांच रिपोर्ट, चाहे वह पक्ष अथवा विरूद्ध जैसी भी हो, तैयार कर अध्यक्ष महोदय को प्रस्तुत की जाएगी.

VIII. जांचकर्ता की रिपोर्ट सहित घोषित परिणाम कंपनी की वेबसाइट www.centralbankofindia.co.in एवं सीडीएसएल की वेबसाइट पर बैंक की वार्षिक साधारण बैठक में संकल्प पारित करने के 2 दिनों के भीतर प्रदर्शित किए जाएंगे एवं बीएसई लिमिटेड तथा नेशनल स्टॉक लिमिटेड को भी सूचित किए जाएंगे.

व्याख्यात्मक विवरणी

एफपीओ/ राइट / क्यूआईपी इत्यादि के माध्यम से पूंजी जुटाना

बासेल III के विनियमन के अनुसार, बैंक को दिनांक 31 मार्च, 2019 तक सामान्य इक्विटी टीयर - 1 (सीईटी – 1) अनुपात न्यूनतम 5.50% एवं ईक्विटी पूंजी (सीसीबी) के रूप में 2.50% की पूंजी संरक्षण टियर 1+सीसीबी अनुपात 9.50% एवं समग्र सीआरएआर 11.50% बनाए रखना आवश्यक है. बासेल III की आवश्यकताओं को पूर्ण करने, बैंक की भावी विस्तार योजनाओं एवं तत्परिणामी पूंजी प्रभार, के लिए पूंजी पर्याप्तता अनुपात को और मजबूत करने के लिए, अपनी पूंजी में वृद्धि करना आवश्यक है.

अनुमानित वृद्धि के आधार पर, आपके निदेशकों ने ₹ 8000 करोड़ (रुपये आठ हजार करोड़ मात्र) तक की ईक्विटी पूंजी जुटाने करने का निर्णय लिया है एवं भारत सरकार, भारतीय रिजर्व बैंक एवं अन्य विनियामक प्राधिकारियों एवं सेबी (आईसीडीआर) विनियामकों सहित सभी लागू विनियमों के अधीन बैंक, ईक्विटी पूंजी उगाही विकल्पों यथा सार्वजनिक निर्गमों (अर्थात अनुवर्ती सार्वजनिक निर्गम) और/अथवा अधिकार निर्गम और/अथवा निजी प्लेसमेंट और/अथवा अर्हता प्राप्त संस्थानों को प्लेसमेंट्स और/अथवा अन्य किसी माध्यम का उपयोग कर सकता है.

यह विशेष संकल्प बोर्ड को एक या एकाधिक श्रृंखला में उस कीमत अथवा कीमतों तथा ऐसे समय अथवा समयांतरों एवं ऐसे निवेशकों को, जैसा बोर्ड अपने विवेक से उचित समझे, उसके अनुसार ईक्विटी शेयर्स जारी करने की शक्ति चाहता है. ईक्विटी शेयर्स के जारीकरण के विस्तृत नियम एवं शर्तें जब भी बनाए जाएंगे, तब उन्हें बोर्ड द्वारा बाजार की प्रचलित स्थिति तथा अन्य संबद्ध घटकों पर ध्यान देते हुए बैंक के विचार से आवश्यक समझे जाने वाले मर्चेंट बैंकर्स, लीड प्रबंधकों, सलाहकारों एवं ऐसे अन्य प्राधिकारियों के परामर्श निर्धारित किया जाएगा.

अर्हता प्राप्त संस्थानों को प्लेसमेंट के माध्यम से उपरोक्तानुसार ईक्विटी शेयर्स जारी करते समय, यह सुनिश्चित किया जाएगा कि:

i. ईक्विटी शेयर्स के कीमत निर्धारित के प्रयोजन से संगत तारीख, सेबी (आईसीडीआर) विनियामकों के अध्याय VIII और/अथवा लागू अन्य विनियमों के अनुसार प्रस्तावित इक्विटी शेयर जारी करने के संबंध में सदस्यों के अनुमोदन की प्राप्ति एवं अधिनियम के अन्य लागू प्रावधानों, नियमों, विनियमों तथा दिशानिर्देशों के अंतर्गत तत्पश्चात आयोजित उस बैठक की तारीख होगी जिसमें बोर्ड अथवा पूंजी उगाही समिति इक्विटी शेयर के प्रस्तावित निर्गम को खोलने का निर्णय लिया जाता है.

ii. चूंकि शेयर प्रस्ताव का कीमत निर्धारण बाद के चरणों से पूर्व नहीं किया जा सकता अत: जारी किए जाने वाले शेयरों की कीमत व्यक्त करना सम्भव नहीं है. तथापि, यह समय समय पर संशोधित सेबी आईसीडीआर विनियमों, बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम, 1970 और सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया (शेयर्स एण्ड मीटिंग्स) विनियम, 1998 अथवा अन्य दिशानिर्देशों/विनियमों/सहमतियों के प्रावधानों के अनुरूप होंगे, जो लागू हों अथवा अपेक्षित हों.

iii. पूर्ण दत्त शेयरों का निर्गमन एवं आबंटन सेबी (आईसीडीआर) विनियमों के निहितार्थ में सिर्फ अर्हताप्राप्त संस्थागत क्रेताओं (क्यूआईबी) को ही किया जाएगा और इनका आबंटन, उपर्युक्त संकल्प के पारित होने की तिथि से 12 महीने के अन्दर किया जाएगा.

iv. प्रस्ताव के विस्तृत नियम एवं शर्तें बाजार की प्रचलित स्थिति एवं अन्य विनियामक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए परामर्शकों, अग्रणी प्रबन्धकों एवं हामीदारों और अन्य वांछित ऐसे प्राधिकारी अथवा प्राधिकारियों के साथ विचार-विमर्श कर तय किए जाएंगे.

v. प्रतिभूतियों को जारी करने की शर्तों के अनुसार, अतिआबंटन, यदि कोई हो, को मिलाकर इस प्रकार जुटाना गई कुल राशि पिछले वित्त वर्ष के लेखापरीक्षित तुलनपत्र में दर्शित बैंक की निवल मालियत के 5 गुना से अधिक नहीं होनी चाहिए.

vi. मान्यताप्राप्त स्टॉक एक्सचेंज अथवा सेबी (आईसीडीआर) विनियमों द्वारा समय समय पर दी गई अनुमति के अलावा ये बिना प्रतिभूतियां इनके आबंटन की तिथि से 1 वर्ष की अवधि तक अंतरण/विक्रय किए जाने के पात्र नहीं होंगी.

vii. आबंटित इक्विटी शेयर डिविडेंड सहित हर प्रकार से बैंक के विद्यमान इक्विटी शेयरों समकक्ष होंगे.

आपके निदेशकगण इस कार्य सूची के नोटिस में यथा-उल्लेखित विशेष प्रस्ताव को पारित करने की अनुशंसा करते हैं.

बैंक के निदेशकगण को बैंक में उनकी वैयक्तिक क्षमता में उनकी शेयरधारिता की सीमा तक इस संकल्प हेतु सम्बद्ध एवं इच्छुक माना जाएगा.

व्याख्यात्मक विवरणी

एक शेयरधारक निदेशक का चुनाव

- निदेशकों को चुनने में शेयरधारकों का अधिकार

बैंक की ईक्विटी शेयर पूंजी में भारत सरकार के अतिरिक्त अन्य शेयरधारकों की शेयर धारिता 13.60% है. बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम1970 की धारा 9(3)(i) के अनुसार सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया के निदेशक मंडल में शेयरधारकों (केन्द्र सरकार के अतिरिक्त) का प्रतिनिधित्व करते एक निदेशक शामिल होंगे. तदनुसार उपर्युक्त पद को भरने के लिए केन्द्र सरकार के अतिरिक्त अन्य शेयरधारकों द्वारा एक निदेशक का चुनाव कराना आवश्यक है.

अत:, बैंक के शेयरधारकों का प्रतिनिधित्व करने के लिए एक निदेशक के चुनाव कराए जाने का संकल्प पास करने के लिए एजीएम के नोटिस की कार्यसूची में एक मद जोड़ी गई है.

इसलिए शेयरधारक (केन्द्र सरकार के अतिरिक्त) अधिनियम, विनियम अधिनियम, योजना विनियम, अधिसूचना के तत्संबधी प्रावधान जो नीचे निर्देशित हैं, में वर्णित प्रक्रिया के अनुसार अपना नामांकन प्रेषित करने के लिए पात्र हैं. एक निदेशक का चुनाव नामांकन की जांच (यदि वैध नामांकन की संख्या रिक्त पद के समान हो) अथवा यदि प्रतिभागी अधिक हों तो दिनांक 30 जून, 2018 को होने वाले चुनाव में चुने जाएंगे. चुने गए निदेशक को उनके चुने जाने अथवा चुने हुए माने जाने की तारीख की अगली तारीख से उनका कार्यभार ग्रहण करना माना जाएगा और वे इस प्रकार कार्यभार ग्रहण करने की तारीख से तीन वर्ष की अवधि समाप्त होने तक कार्यभार संभालेंगे.

- **विधिक प्रावधान**

निम्नलिखित सारणी इस संबंध में लागू विभिन्न अधिनियमों / विनियमों / अधिसूचनाओं की प्रावधानों को परिलक्षित करती है:

अधिनियम योजना / विनियम /अधिसूचनाएं	प्रावधान	संक्षिप्त विवरण
बैंकिंग विनियम अधिनियम 1949	धारा 20	• किसी भी निदेशक अथवा इनकी ओर से किसी को भी ऋण अथवा अग्रिम प्रदान करने पर प्रतिबंध.
बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम 1970	धारा 3(2ई)	• वोटिंग अधिकार पर प्रतिबंध.
	धारा 9(3)(i)	• शेयरधारकों द्वारा चुने गये निदेशकों की संख्या.
	धारा 9(3ए)(ए) से (सी)	• विशिष्ट क्षेत्रों में विशेष ज्ञान.
	धारा 9(3एए)	• कोई भी व्यक्ति तब तक निदेशक चुने जाने के लिए पात्र नहीं होगा जब तक वह फिट एवं ट्रेक रिकॉर्ड के आधार पर ईमानदारी एवं भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा निर्धारित अन्य मानदंड के अनुसार उपयुक्त स्थिति में न हो.
	धारा 9(3एबी) धारा 9(3बी)	• भारतीय रिजर्व बैंक ने उप धारा(3एए) के अंतर्गत जारी अधिसूचना में किसी के फिट एवं उचित स्थिति का आकलन करने हेतु प्राधिकार, इस आकलन को करने का तरीका, इस आकलन के लिए अनुसरण की जाने वाली पद्धति एवं अन्य सभी मामले जो भी इसके लिए आवश्यक एवं प्रासंगिक हों को उल्लेखित किया है.
	धारा 13(2)	• चुने गये ऐसे निदेशक को, जो कथित अधिनियम की धारा 9(3ए) एवं 9(3एए) की अपेक्षाओं को पूर्ण न करता हो, को हटाने का भारतीय रिजर्व बैंक अधिकार प्रदान करती हैं. • विश्वस्तता एवं गोपनीयता की बाध्यता.
राष्ट्रीयकृत बैंक्स (प्रबंधन एवं विभिन्न प्रावधान) योजना 1970	खंड 9(4)	• चुने गये निदेशक के पद कार्यालय की शर्तें
	खंड 10	• बैंक के निदेशक चुने जाने से निरर्हता.
	खंड 11	• निदेशक के कार्यालय को छोड़ना.
	खंड 11ए	• चुने गये निदेशक को पद मुक्त करना.
	खंड 11 बी	• चुने गये निदेशक के कार्यालय में सामान्य पद को भरना.
	खंड 12(8)	• कुछ व्यवस्थाओं में जिसमें निरीक्षक की रूचि हो, उनमें उनके हितों का प्रकटीकरण.

अधिनियम योजना / विनियम /अधिसूचनाएं	प्रावधान	संक्षिप्त विवरण
सेन्ट्रल बैंक इंडिया (शेयर्स एवं बैठक) विनियम, 1998	विनियम 10	• संयुक्त धारकों के अधिकारों का प्रयोग.
	विनियम 61	• साधारण बैठक में मतदान
	विनियम 63	• साधारण बैठक में निदेशकों का चयन
	विनियम 64	• शेयरधारकों की सूची
	विनियम 65	• चुनाव के लिए अभ्यर्थी का नामांकन
	विनियम 66	• नामांकनों की संवीक्षा
	विनियम 67	• चुनाव विवाद
	विनियम 68	• मतदान अधिकारों का निर्धारण
	विनियम 69	• विधिवत प्राधिकृत प्रतिनिधियों द्वारा मतदान
	विनियम 70	• प्रॉक्सी
भारिबैं की अधिसूचना सं. डीबीओडी सं. बीसी सं. 46 एवं 47/29.39.001/2007-08 दिनांक 01 नवम्बर, 2007 के साथ पठित अधिसूचना सं. डीबीओडी.बीसी.सं. 95/29.39.001/2010-11 दिनांक 23 मई, 2011.	बैंकिंग कम्पनीज (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम, 1970 के खंड 9(3एए) एवं खंड 9 (3एबी) के अनुसरण में.	राष्ट्रीयकृत बैंकों के चयनित निदेशकों हेतु 'उपयुक्त एवं उचित' मानदंड.

- **वेबसाइट पर दिए गए अधिनियमों / योजनाओं / विनियमों / अधिसूचनाओं का सारांश**

  शेयरधारकों की सुविधा हेतु विनियम अधिनियम, अधिनियम, योजना, अधिनियम के सारांश सहित भारिबैं की दिनांक 1 नवंबर, 2007 की अधिसूचना सं. डीबीओडी.बीसी.सं. 46 एवं 47 /2939.001/2007-08 एवं दिनांक 23 मई, 2011 की अधिसूचना सं.डीबीओडी.बीसी. सं.95/29.39.001/2010-11, हमारे बैंक की वेबसाइट www.centralbankofindia.co.in पर उपलब्ध होगी. ये सारांश बैंक के प्रधान कार्यालय चन्दरमुखी, नरीमन पॉइंट, मुम्बई - 400021 में स्थित सहायक महाप्रबन्धक, एमबीडी/कम्पनी सेक्रेटरी को सम्बोधित अनुरोध पर नामांकन प्रारूप को प्रस्तुत करने की निर्धारित अंतिम तिथि अर्थात 15 जून, दिन शुक्रवार, 2018 को अथवा इससे पूर्व ई-मेल भी किया जाएगा.

- **अभ्यर्थी हेतु योग्यताएं**

  अभ्यर्थी अधिनियम की धारा 9 (3ए) में वर्णित योग्यताओं का अनुपालन करेंगे और योजना के खंड 10 में निर्दिष्ट अयोग्यता से ग्रसित न हों और विनियम के विनियम 65 में निर्दिष्ट शर्तों को पूरा करता हो, जिसका विवरण निम्नानुसार है:

  (ए) अधिनियम की धारा 9(3ए) के अनुसार बैंक का शेयरधारक होते हुए एक अभ्यर्थी जो बैंक का निदेशक बनने का इच्छुक है तो उसे -

  (ए) निम्नलिखित में से किसी एक अथवा अधिक मामलों में विशेष ज्ञान या व्यावहारिक अनुभव होना चाहिए, -
  कृषि एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था,
  बैंकिंग,
  सहकारिता,
  अर्थव्यवस्था,
  वित्त,
  विधि,
  लघु उद्योग,
  किसी अन्य मामले में कोई विशेष ज्ञान, एवं व्यावहारिक अनुभव जो भारिबैं की राय में बैंक के लिए उपयोगी हो;

  (बी) जमाकर्ताओं के हितों का प्रतिनिधित्व करता हो; अथवा

  (सी) कृषकों, कामगारों, कारीगरों के हितों का प्रतिनिधित्व करता हो.

(बी) अधिनियम की धारा 9(3एए) और भारिबैं के अधिसूचना के अनुसार, अभ्यर्थी को बैंक का शेयरधारक होना चाहिए और जो बैंक के निदेशक का नामांकन भरते समय ट्रैक रिकार्ड के अनुसार 'उपयुक्त एवं उचित", सत्यनिष्ठा और भारिबै द्वारा समय समय पर अधिसूचित अन्य मानदंडों को पूरा करता हो.

(सी) इसके अतिरिक्त, चयनित निदेशक को प्रतिज्ञापत्र विलेख निष्पादित करना होगा और इस सम्बन्ध में भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा निर्धारित वार्षिक घोषणापत्र प्रस्तुत करना होगा.

- **बैंक के निदेशक के रूप में चयनित होने के उपरांत अयोग्यताएं**

(ए) बैंक राष्ट्रीयकरण (प्रबन्धन एवं विविध प्रावधान) योजना, 1970 के खंड 10 के अनुसार कोई भी व्यक्ति

एक निदेशक के रूप में नियुक्ति एवं निदेशक होने के लिए अयोग्य हो जाता है जब वह -

(ए) यदि वह कभी किसी समय दिवालिया घोषित किया जा चुका हो अथवा भुगतान आस्थगित हुआ हो अथवा लेनदारों के साथ यौगिक हो; अथवा

(बी) यदि वह सक्षम न्यायालय द्वारा अस्थिर मानसिक स्थिति एवं विचार वाला घोषित किया गया हो; अथवा

(सी) यदि वह फौजदारी अदालत द्वारा किसी अपराध के लिए दंडित किया गया हो, जिसमें नैतिक चरित्रहीनता शामिल हो; अथवा

(डी) यदि वह किसी राष्ट्रीयकृत बैंक या स्टेट बैंक ऑफ इंडिया अधिनियम, 1955 की धारा 3 के उपनियम (1) के अंतर्गत गठित स्टेट बैंक ऑ फ इंडिया अथवा स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (अनुषंगी बैंक) अधिनियम,1959 की धारा 3 में परिभाषित कोई अनुषंगी बैंक में एक पूर्णकालिक निदेशक के पद को छोड़कर प्रबंध निदेशक सहित अधिनियम की धारा 9 के उपनियम (3) के खंड (ई) एवं खंड (एफ) के अंतर्गत संबंधित सादृश बैंक के कर्मचारियों में से किसी कार्यालय में नामांकित निदेशक के तौर पर लाभकारी पद धारित करता हो. और

(बी) भारतीय रिजर्व बैंक की अधिसूचना सं. डीबीओडी.सं. बीसी.सं. 46 एवं 47/29.39.001/2007-08 दिनांक 1 नवम्बर, 2007 के साथ पठित अधिसूचना सं.डीबीओडी.बीसी.सं.95/29.39.001/2010-11 दिनांक 23 मई, 2011 की के अनुसार, यदि वह बैंक की निदेशकों की नामांकन समिति द्वारा 'उपयुक्त एवं उचित" व्यक्ति नहीं पाया जाता है उसका नामांकन वैध नहीं माना जाएगा.

- **प्रतियोगियों के लिए शेयरधारकों की सूची**

मंगलवार, दिनांक 29 मई 2018 को बैंक के शेयरधारकों की सूची दिनांक **शनिवार, 2 जून 2018** को/से "सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया" मुम्बई के पक्ष में देय **₹ 50,000 (पचास हजार रुपए मात्र)** के डिमांड ड्राफ्ट के साथ सहायक महाप्रबन्धक, एमबीडी/कम्पनी सचिव, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, केन्द्रीय कार्यालय, 9 वीं मंजिल, चन्दरमुखी, नरीमन पॉइंट, मुम्बई - 400021 को सम्बोधित आवेदन प्रस्तुत करने पर बिक्री हेतु उपलब्ध रहेगी. इच्छुक अभ्यर्थी शेयरधारकों की सूची की जांच कर सकते है एवं उससे कुछ अंश निकाल भी सकते है.

- **शेयरधारकों के रजिस्टर का निरीक्षण**

शेयरधारकों का रजिस्टर, बैंक के केन्द्रीय कार्यालय में निरीक्षण हेतु सोमवार से शनिवार तक प्रात: 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक खुला रहेगा (दूसरे एवं चौथे शनिवार एवं बैंक अवकाश को छोडकर). यदि कोई भी शेयरधारक इसकी प्रति अथवा रजिस्टर का कम्प्यूटर प्रिंट अथवा उसका कोई भाग प्राप्त करना चाहता है तो प्रति 1000 शब्द अथवा उसके किसी भाग के लिए ₹ 5/- की दर से पूर्व भुगतान करने पर यह उपलब्ध कराया जाएगा.

- **चुनाव में भागीदारी**

ऐसे शेयरधारक जिनका नाम दिनांक 29 मई, 2018 को एनएसडीएल/सीडीएसएल/आरटीए द्वारा उपलब्ध कराए अनुसार सदस्य /लाभार्थी स्वामी के रजिस्टर में प्रदर्शित हैं, वे सभी केन्द्र सरकार को छोड़कर अन्य शेयरधारकों में से निदेशकों के चुनाव में भाग लेने अर्थात नामांकन करने, चुनाव लड़ने और मतदान करने के पात्र होंगे.

विनियम 68 के अनुसार प्रत्येक शेयरधारक जो दिनांक 29 मई, 2018 के साधारण बैठक से पूर्व के विनिर्दिष्ट तारीख को शेयरधारक के रूप में पंजीकृत हैं, हाथ के प्रदर्शन से एक वोट एवं मतदान के मामले में उसके द्वारा धारित प्रति शेयर हेतु एक वोट दे सकेगा.

- **नामांकन :**

नामांकनों की वैधता

विनियम 65 एवं भारतीय रिजर्व बैंक की अधिसूचना - डीबीओडी.सं. बीसी.सं. 46 एवं 47/29.39.001/2007-08 दिनांक 1 नवम्बर, 2007 के साथ पठित अधिसूचना सं.डीबीओडी.बीसी.सं.95/29.39.001/2010-11 दिनांक 23 मई, 2011 के अनुसार एवं विभिन्न अधिनियमों के अन्य लागू प्रावधानों के अनुसार निदेशक के रूप में चुनाव हेतु किसी अभ्यर्थी का नामांकन वैध होगा बशर्ते :

(ए) वह, चुनाव में भाग लेने हेतु विनिर्दिष्ट तारीख मंगलवार, 29 मई, 2018 को बैंक के न्यूनतम 100 (एक सौ) शेयरों का धारक हो;

(बी) शुक्रवार, दिनांक 15 जून, 2018 को (नामांकन प्राप्ति की अंतिम तिथि), वह अधिनियम, योजना अथवा भारिबैं अधिसूचना के अंतर्गत अयोग्य घोषित नहीं किया गया हो;

(सी) अधिनियम के अंतर्गत निदेशकों का चयन करने के पात्र न्यूनतम एक सौ शेयरधारकों द्वारा या उनके विधिवत गठित अटॉर्नी द्वारा लिखित हस्ताक्षरित नामांकन हो बशर्ते कि शेयरधारक के कंपनी होने पर यह कथित कंपनी के निदेशकों के संकल्प द्वारा किया गया हो एवं जब ऐसा किया गया हो, तो जिस बैठक में यह संकल्प पास किया गया हो, उस बैठक के अध्यक्ष द्वारा संकल्प की प्रामाणित प्रति बैंक के प्रधान कार्यालय को सहायक महाप्रबन्धक- एमबीडी एवं कम्पनी सेक्रेटरी, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया, 9वीं मंजिल, चन्दर्मुखी, नरीएमन पॉइंट, मुम्बई - 400021 को सम्बोधित करते हुए प्रेषित की जाएगी एवं ऐसी प्रति को कथित कंपनी की ओर से नामांकन माना जाएगा.

(डी) शेयरधारकों द्वारा नामांकन (न्यूनतम 100) के साथ अभ्यर्थी का इस आशय का घोषणापत्र इस नोटिस में दिए गए घोषणा एवं नामांकन के प्रारूपों के नमूने के अनुसार किसी न्यायाधीश, दण्डाधिकारी, आश्वासन (एश्श्युरेंस) रजिस्ट्रार अथवा उप रजिस्ट्रार अथवा अन्य राजपत्रित अधिकारी अथवा भारतीय रिजर्व बैंक अथवा किसी राष्ट्रीयकृत बैंक के अधिकारी के समक्ष विधिवत हस्ताक्षरित है कि वह नामांकन स्वीकृत करता है और चुनाव में खड़ा होने का इच्छुक है, एवं वह निदेशक के रूप में नामांकन हेतु बैंकिंग विनियमन अधिनियम के अंतर्गत अथवा किसी अधिनयम अथवा योजना अथवा विनियम अथवा भारिबैं अधिसूचना के अंतर्गत अयोग्य नहीं है, के साथ विधिवत हस्ताक्षरित उसका व्यक्तिगत विवरण (बायोडाटा) और यह पुष्टिकरण कि उक्त विवरण उसकी अधिकतम जानकारी एवं विश्वास के अनुरूप सत्य है एवं यह वचन भी कि उसकी घोषणा के पश्चात इन सूचनाओं से संबंधित कुछ भी घटित होने पर वह यथासम्भव शीघ्र बैंक को अवगत कराएगा.

(ई) नामांकन प्रारूप एवं घोषणापत्र, विनियम द्वारा यथानिर्धारित संलग्न प्रारूप के अनुसार हैं (यह प्रारूप बैंक की वेबसाइट www.centralbankofindia.co.in पर भी उपलब्ध है.)

नामांकन प्रारूपों की प्रस्तुति

निदेशकों के चुनाव लड़ने के इच्छुक प्रतिभागी निम्नलिखित प्रस्तुत करें :

(ए) विधिवत भरा हुआ घोषणापत्र;

(बी) चुनाव में भाग लेने हेतु पात्र न्यूनतम 100 शेयरधारकों से नामांकन;

(सी) इस नोटिस के साथ संलग्न प्रारूप में व्यक्तिगत सूचनाएं, घोषणापत्र एवं वचन पत्र, संबंधित दस्तावेजों, अनुशंसा पत्र, अर्थात बायोडाटा, शैक्षिक योग्यताओं के प्रमाणपत्र, अनुभव इत्यादि के साथ हर प्रकार से पूर्ण सभी दस्तावेज मुहरबन्द लिफाफे में सहायक महाप्रबन्धक- एमबीडी एवं कम्पनी सचिव, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया, 9वीं मंजिल, चन्दरमुखी, नरीमन पॉइंट, मुम्बई - 400021 को बैठक की तारीख से कम से कम 14 दिन पूर्व किसी कार्य दिवस अर्थात शुक्रवार, 15 जून, 2018 को कार्यसमय की समाप्ति अर्थात सायं 5.00 बजे तक प्रस्तुत किए जायं.

- **निदेशकों का चुनाव एवं दस्तावेजों की संवीक्षा**

ए) नामांकनों की संवीक्षा, नामांकन की प्राप्ति हेतु नियत तिथि के अगले कार्यदिवस अर्थात सोमवार, 18 जून, 2018 को की जाएगी एवं किसी नामांकन के वैध न पाए जाने के मामले में उसकी निरस्तगी के कारणों को दर्ज करते हुए उसे निरस्त कर दिया जाएगा.

बी) नामांकनों की संवीक्षा भारतीय रिजर्व बैंक के दिनांक 01 नवम्बर, 2007 एवं दिनांक 23 मई, 2011 के 'उपयुक्त एवं यथोचित" दिशानिर्देशों के अनुसार बोर्ड की नामांकन समिति की संवीक्षा के अधीन होंगे.

सी) यदि चुनाव द्वारा भरी जाने वाली एक रिक्ति के लिए सिर्फ एक ही वैध नामांकन प्राप्त होता हैं, तो इस प्रकार नामांकित अभ्यर्थी को चुना हुआ मान लिया जाएगा और इस प्रकार चुने जाने पर उनके नाम एवं पते प्रकाशित किएं जाएंगे. ऐसी स्थिति में इस उद्देश्य हेतु आयोजित की गई बैठक में कोई चुनाव नहीं होगा. निर्वाचित अभ्यर्थी उनके निर्वाचित घोषित होने की तारीख से अगली तारीख को पदभार ग्रहण करेंगे.

डी) चुनाव होने की स्थिति में यदि वैध नामांकन एक से अधिक हो तो चुनाव में बहुमत प्राप्त अभ्यर्थी को निर्वाचित माना जाएगा और उसके नामों की घोषणा एजीएम के अध्यक्ष द्वारा की जाएगी तथा उन्हें समाचार पत्रों में भी प्रकाशित किया जाएगा. वे दिनांक 1 जुलाई, 2018 से पदभार ग्रहण करेंगे..

ई) कोई भी विवाद होने पर उसे विनियमों के विनियम 67 के अनुसार निपटाया जाएगा.

नामांकनों का वापस लिया जाना

यदि कोई अभ्यर्थी अपना नामांकन वापस लेना चाहता है, तो वह मंगलवार, दिनांक 26 जून, 2018 को कार्यसमय की समाप्ति से पूर्व तक किसी भी समय नामांकन वापस लेने का पात्र होगा.

निदशकों के हित

बैंक के निदेशकों का कारोबार के उपर्युक्त मदों से संबद्ध अथवा उनमें रुचि होना समझा जाएगा, यदि वे चुनाव लड़ते है.

निदेशक मंडल के आदेश से

स्थान : मुम्बई
दिनांक 25.05.2018

आनंद कुमार दास
सहायक महा प्रबंधक - एमबीडी/कम्पनी सचिव

घोषणा पत्र

(अभ्यर्थी द्वारा)

(विनियम के नियम 65 का सन्दर्भ लें)

मैं श्री/श्रीमती ____________________ पुत्र/पुत्री/ पत्नी

श्री/श्रीमती ____________________, निवास स्थान ____________________

____________________ एतदद्वारा पुष्टि करता / करती हूं कि :

ए. मैं, चुनाव में भागीदारी के लिए **निर्धारित तिथि शुक्रवार, दिनांक 29 मई, 2018** को सेन्ट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया के ₹ 10 /- प्रत्येक के ____________ (पूर्ण प्रदत्त) फोलियों सं. ____________/डीपी आईडी सं.____________/ग्राहक आईडी सं. ____________ के अंतर्गत शेयरधारक हूं. एवं

बी. मुझे * (i) कृषि एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था, (ii) बैंकिंग, (iii) सहकारिता, (iv) अर्थशास्त्र, (v) वित्त व्यवस्था, (vi) विधि, (vii) लघु उद्योग, अथवा ____________________ (भा.रि.बैं. की राय में जिसका विशेष ज्ञान एवं व्यावहारिक अनुभव बैंक के लिए उपयोगी रहेगा) एवं मैं बैंकिंग कम्पनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम, 1970 की धारा 9 की उपधारा 3 ए के अनुरूप जमाकर्ताओं/कृषकों, कामगारों एवं कारीगरों के हितों का प्रतिनिधित्व करता हूं जिनके प्रमाण स्वरूप मैं यहां आवश्यक प्रमाणपत्र प्रस्तुत कर रहा हूं; एवं

सी) मैं .... से .... संख्या तक के नामांकन स्वीकार करता /करती हूं. एवं

डी) मैं सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया के निदेशक का चुनाव को लड़ने के लिए इच्छुक हूं, एवं

ई) मैं, बैंकिंग विनियम अधिनयम 1949 के प्रावधानों, बैंकिंग कम्पनीज (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम, 1970, बैंक राष्ट्रीयकरण (प्रबन्धन एवं विविध प्रावधान) योजना, 1970, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया (शेयर्स एवं बैठक) विनियम, 1998 एवं भारिबैं अधिसूचना के अंतर्गत बैंक के निदेशक के रूप में चुने जाने के अयोग्य नहीं हूं एवं

एफ) मैं, किसी राष्ट्रीयकृत बैंक या स्टेट बैंक ऑफ इंडिया अधिनियम, 1955 की धारा 3 के उपनियम (1) के अंतर्गत गठित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया अथवा स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (अनुषंगी बैंक) अधिनियम, 1959 की धारा 3 में परिभाषित कोई अनुषंगी बैंक का न ही कर्मचारी हूं, न ही कोई लाभ का पद धारण करता हूं.

जी) मैं अपनी व्यक्तिगत सूचनाएं संलग्न कर रहा हूं जो मेरी अधिकतम जानकारी और विश्वास में सत्य एवं पूर्ण है; एवं

एच) यह पुष्टिकरण कि उक्त विवरण उसकी अधिकतम जानकारी एवं विश्वास के अनुरूप सत्य है एवं यह वचन भी कि उसकी घोषणा के पश्चात इन सूचनाओं से संबंधित कुछ भी घटित होने पर वह यथासम्भव शीघ्र बैंक को अवगत कराएगा एवं बैंक के निदेशक के रूप में चयनित होने पर मैं सहमति विलेख को निष्पादित करूंगा.

नाम	
हस्ताक्षर	
शेयरों की संख्या	
पंजीकृत फोलियों सं. (यदि डी-मैट न हो)	
डीपी आईडी सं. एवं ग्राहक आईडी सं. (यदि डी-मैट न हो)	
स्थान	
दिनांक	

उपर्युक्त घोषणाएं मेरे समक्ष हस्ताक्षरित की गई हैं

हस्ताक्षर एवं मुहर ____________________

प्रमाणनकर्ता अधिकारी का नाम ____________________

नामिती द्वारा यह घोषणापत्र किसी न्यायाधीश, दंडाधिकारी, आश्वासन पंजीयक अथवा उप पंजीयक, अथवा किसी अन्य राजपत्रित अधिकारी अथवा भारतीय रिजर्व बैंक अथवा किसी राष्ट्रीयकृत बैंक के किसी अधिकारी के समक्ष हस्ताक्षरित किया जाय.

* जो भी लागू हों, उस पर निशान लगाएं.

नामांकन प्रारूप

(शेयरधारक के लिए)

(विनियम के नियम 65 (डी) का सन्दर्भ)

क्रम सं.

प्रति,

अध्यक्ष/प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी
सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया
केन्द्रीय कार्यालय,
चन्दरमुखी, नरीमन पॉइंट,
मुम्बई - 400021

महोदय,

निदेशक के चुनाव हेतु नामांकन

आपके नोटिस दिनांक 25.05.2018 के सन्दर्भ में मैं, श्री/श्रीमती ________________

चुनाव में भागीदारी के लिए निर्धारित दिवस मंगलवार, दिनांक 29 मई, 2018 सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया के प्रति शेयर ₹ 10 (पूर्णतः प्रदत्त) के ____________.शेयरों का/की शेयरधारक हूं, एतदद्वारा श्री/श्रीमती ________________

पुत्र/पुत्री/ पत्नी श्री/श्रीमती ________________ निवास ________________

________________ बैंकिंग कम्पनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अन्तरण) अधिनियम 1970, की धारा 9 (3) (i) के प्रावधानों के अनुसार शनिवार दिनांक 30 जून, 2018 को आयोजित होने वाली शेयरधारकों की वार्षिक साधारण बैठक में, बैंक के शेयरधारकों के प्रतिनिधित्व हेतु सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया का निदेशक चयनित होने के लिए नामांकित करता /करती हूं.

नाम	
हस्ताक्षर	
शेयरों की संख्या	
पंजीकृत फोलियों सं. (यदि डी-मैट न हो)	
डीपी आईडी सं. एवं ग्राहक आईडी सं. (यदि डी-मैट न हो)	
स्थान	
दिनांक	

नोट्स :

1. किसी कॉर्पोरेट निकाय द्वारा नामांकन के मामले में, नामांकन प्रारूप के साथ उस बैठक, जिसमें निदेशक मंडल द्वारा इस हेतु संकल्प पारित किया गया हो, के अध्यक्ष के हस्ताक्षरों से प्रमाणित संकल्प की सत्य प्रति भी प्रस्तुत की जाय.
2. अभ्यर्थी का नामांकन करने वाले शेयरधारकों के हस्ताक्षर, बैंक के शेयर ट्रांसफर एजेंट के पास उपलब्ध नमूना हस्ताक्षरों के साथ मिलने चाहिए.
3. उपर्युक्त किसी कॉलम के खाली छोड़े जाने अथवा उसमें कोई विवरण असत्य पाए जाने पर नामांकन निरस्त होने योग्य होगा.

यहां अपना स्व-प्रमाणित पासपोर्ट आकार का फोटो चिपकाएं

व्यक्तिगत सूचना, घोषणापत्र एवं वचन पत्र प्रस्तुत करने हेतु प्रारूप

अभ्यर्थी द्वारा की गई घोषणा एवं वचन पत्र के 2018 के अनुरूप संलग्नक		
I.	**अभ्यर्थी का व्यक्तिगत विवरण**	
1.	अभ्यर्थी का पूरा नाम (अंग्रेजी के बड़े अक्षरों में)	
2.	पिता का पूरा नाम	
3.	जन्म तिथि	
4.	राष्ट्रीयता	
5.	1. स्थाई खाता सं. (आयकर अधिनियम के अंतर्गत) 2. आय कर सर्कल/डिवीजन का नाम एवं पता जहां पर व्यक्तिगत कर प्राप्तियां जमा होती है.	
6.	स्थाई पता	
7.	वर्तमान पता (पत्राचार हेतु)	
8.	(1) ई-मेल आईडी	
	(2) टेलीफोन नं. (लैंडलाइन)	
	(3) मोबाइल नं.	
II.	**योग्यता एवं अनुभव**	
1.	योग्यता (शैक्षिक/अकादमिक) (कृपया सूचना की पुष्टि हेतु प्रमाणपत्रों की स्व-प्रमाणित प्रतियां संलग्न करें).	
2.	योग्यता (व्यावसायिक) (कृपया सूचना की पुष्टि हेतु प्रमाणपत्रों की स्व-प्रमाणित प्रतियां संलग्न करें) .	
3.	ज्ञान (बैंकिंग कंपनी उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम, 1970 की धारा 9(3-ए) के अंतर्गत आवश्यकतानुसार.	
4.	अनुभव (कृपया बैंक के निदेशन से संबंधित आपके अनुभव का विवरण दें).	
5.	बैंक के निदेशन से संबंधित कोई अन्य जानकारी.	
III.	**अभ्यर्थी के संबंधियों का विवरण**	
1.	उन संबंधियों का विवरण, यदि कोई हो, जो किसी भी तरह से बैंक से जुड़े हो [कृपया कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 2(77), सहपठित कंपनी (पर परिभाषा विवरण की विस्तृत जानकारी) नियम, 2014 का नियम 4 का संदर्भ लें.]	
2.	ऐसी इकाइयों की सूची, यदि कोई हो, जिसमें वे रुचि रखते हो [कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 2(49) एवं धारा 184 का संदर्भ लें]	
3.	अभ्यर्थी के नाम में सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया के धारित शेयरों का विवरण, यदि कोई हो, पर: (कृपया धारित शेयरों की संख्या, अंकित मूल्य, लेजर फोलियो नम्बर(रों) अथवा डीपी आईडी एवं क्लाइंट आईडी का विवरण दें).	
4.ए	बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 5(एनई) के अभिप्राय के तहत उन इकाइयों की सूची, जिसमें अभ्यर्थी पर्याप्त हितधारक माना जाता हो.	
4.बी	बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 5(एनई) के अभिप्राय के तहत उन इकाइयों की सूची, जिसमें अभ्यर्थी से संबंधित पार्टियां पर्याप्त हित रखती है.	
5.	पिछले छः वर्षों के दौरान बैंक(कों) के बोर्ड(डों) का निदेशन/सदस्यता (कृपया बैंक(कों) के नाम, अधिनियम का संबंधित प्रावधान जिसके अंतर्गत नियुक्ति/नामांकन किया गया था एवं ऐसी सदस्यता/निदेशन की धारण अवधि).	
6.	उपरोक्त 3, 4(ए) एवं 5 में सूचिगत संस्थानों से वर्तमान में अभ्यर्थी द्वारा ली जा रही निधि एवं गैर-निधिगत सुविधाएं, यदि कोई हो.	
7.	ऐसे मामले, जिनमें अभ्यर्थी अथवा उपर्युक्त मद सं 3, 4(ए), 4(बी) एवं 5 में सूचीबद्ध इकाइयां सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया अथवा किसी अन्य बैंक से ली गई ऋण सुविधाओं के संबंध में चूककर्ता हैं अथवा पूर्व में चूककर्ता रही हैं.	
IV.	**व्यवसायिक उपलब्धियां**	
1.	व्यवसायिक उपलब्धियां (कृपया उन उपलब्धियों का विवरण दें जो बैंक निदेशन से संबंधित हों).	

अभ्यर्थी द्वारा की गई घोषणा एवं वचन पत्र के 2018 के अनुरूप संलग्नक		
V.	**अभ्यर्थी के विरुद्ध कार्रवाई, यदि कोई हो,**	
1.	क्या अभ्यर्थी किसी व्यवसायिक संस्था/संगठन का सदस्य है, उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई, यदि कोई हो, लंबित अथवा शुरु हुई हो अथवा पूर्व में उनके विरुद्ध में दोष सिद्धि में परिणित हुई हो, का विवरण अथवा वह कभी किसी व्यवसाय/रोजगार में प्रविष्ट होने से प्रतिबंधित किया गया / की गई.	
2.	आर्थिक नियम एवं अधिनियम का उल्लंघन के लिए निदेशक और/अथवा उपरोक्त III-2, 4(ए), 4(बी) एवं 5 में सूचीगत इकाइयों के विरुद्ध अभियोजन, कोई हो, लंबित हो, शुरु हुआ हो अथवा पूर्व में दोष सिद्ध हुए अभियोजन का विवरण.	
3.	अभ्यर्थी के विरुद्ध वर्तमान मुकदमा, यदि कोई हो, सहित पूर्व में अभ्यर्थी के विरुद्ध हुए आपराधिक अभियोजन, लंबित अथवा प्रारंभ हुए अथवा दोष सिद्धि में परिणित हुए का विवरण.	
4.	क्या अभ्यर्थी/निदेशक में कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 164 सहपठित राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन एवं विविध प्रावधान) योजना, 1970 के खण्ड 10 में वर्णित कोई अयोग्यता है ?	
5.	क्या अभ्यर्थी अथवा उपरोक्त III-2, 4(ए), 4(बी) एवं 5 में सूचीगत इकाइयों के विरुद्ध सरकारी विभाग अथवा एजेंसी के अनुरोध पर कोई जांच हुई है?	
6.	क्या अभ्यर्थी कभी सीमा शुल्क/ उत्पाद शुल्क/ आयकर / विदेशी मुद्रा विनिमय/ अन्य राजस्व प्राधिकारी द्वारा नियम/अधिनियम/ वैधानिक आवश्यकताओं के उल्लंधन का दोषी पाया गया है ?	
7.	क्या अभ्यर्थी /निदेशक को कभी सेबी, आईआरडीए, भारिबैं, एमसीए, फेमा इत्यादि जैसे विनियामक से प्रतिकूल नोटिस प्राप्त हुआ है. (यद्यपि अभ्यर्थी के लिए यह आवश्यक नहीं है कि विनियामकों द्वारा दिए गए आदेशों एवं निर्णयों जिन्हें बाद में पलट / दरकिनार कर दिए गए हों उनका हू-बहू उल्लेख करें परंतु तब अवश्य किया जाय है कि जब ऐसे मामले न्याय क्षेत्र की सीमाओं अथवा कभी जैसे तकनीकी कारणों से पलटे / दरकिनार किए गए हो न कि मामले के गुणदोष के आधार पर. यदि नियामक का आदेश अस्थाई तौर पर स्थगित किया गया हो एवं अपीलेट/अदालती कार्यवाही लंबित हो तब भी उसका उल्लेख किया जाय).	
8.	अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते समय अभ्यर्थी/निदेशक क्या किसी अन्य व्यक्ति अथवा संस्थान अथवा बैंक अथवा कम्पनियों इत्यादि के निर्देशों अथवा अनुदेशों पर कार्य करेंगे? यदि हां, तो विवरण दें.	
9.	क्या अभ्यर्थी ने अपनी व्यक्तिगत हैसियत से बैंक से कोई व्यवसाय किया है ? यदि हां, तो विवरण दें.	
10.	उपर्युक्त I से V तक की मदों के संबंध में कोई अन्य व्याख्या/सूचना एवं अन्य जानकारी जो 'उपयुक्त एवं यथोचित' स्थिति के निर्धारण हेतु प्रासंगिक मानी जाय.	

वचननामा

मैं...पुत्र/पुत्री श्री .... पुष्टि करता/करती हूं कि उपरोक्त जानकारी मेरी अधिकतम जानकारी एवं विश्वास से पूर्णत: सत्य एवं संपूर्ण है. मैं बैंक के शेयरधारक निदेशक के रूप में मेरे चुनाव के अनुवर्ती घटित होने वाली ऐसी घटनाओं, यदि कोई हों, और जो ऊपर दी गई सूचनाओं से संगत हों, के बारे में यथाशीघ्र बैंक को अवगत कराते रहने का वचन देता हूं.

बैंक के निदेशकों द्वारा निष्पादित करने हेतु वांछित सहमति विलेख को निष्पादित करने का भी वचन देता हूं.

स्थान:

दिनांक: अभ्यर्थी का हस्ताक्षर

संलग्नक:

नोट: 1. जहां भी स्थान पर्याप्त न हो, वहां कृपया कालक्रमानुसार और समुचित अन्योन्य सन्दर्भ सहित अनुलग्नक संलग्न करें.

2. सभी पृष्ठों (अनुलग्नकों सहित) पर अभ्यर्थी के हस्ताक्षर आवश्यक है.

नामांकन समिति का अवलोकन

सदस्य के हस्ताक्षर	**सदस्य के हस्ताक्षर**	**सदस्य के हस्ताक्षर**

दिनांक:

स्थान :

निदेशकों का चयन

संबद्ध अधिनियम, योजना, विनियमन एवं अधिसूचना

बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अर्जन एंव अंतरण) अधिनियम 1970 की धारा 9(3)(i) के अनुसार, शेयर धारक निदेशकों का चयन केंद्र सरकार के अलावा, शेयरधारकों द्वारा अपने में से धारा 3 की उप-धारा 2(बी) के खंड (सी) के अंतर्गत जारी पूंजी की सीमा के आधार पर किया जाएगा. बैंकिंग विनियम अधिनियम, 1949 बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अर्जन एंव अंतरण) अधिनियम 1970, राष्ट्रीयकृत बैंक्स (प्रबंधन एवं विभिन्न प्रावधान) योजना 1970 की संबंधित धाराएं, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया (शेयर्स एवं बैठकें) विनियम, 1998 के संबंधित विनियम एवं भारतीय रिजर्व बैंक की अधिसूचना सं. डीबीओडी. सं. बीसी. सं. 46/29.39.001/ 2007-08 दिनांक 01 नवम्बर 2007 एवं सं. डीबीओडी.बीसी. सं.95/29.39.001/2010-11 दिनांक 23 मई 2011 का सार संक्षेप, शेयर धारकों की सूचनार्थ नीचे उद्धरित हैं.

I. बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949

उभयनिष्ठ निदेशकों का निषेध - धारा 16(1)

भारत में निर्गमित कोई भी बैंकिंग कम्पनी अपने निदेशक मण्डल में एक निदेशक के रूप में किसी ऐसी व्यक्ति को नहीं ले सकती जो किसी अन्य बैंकिंग कम्पनी का निदेशक हो.

ऋण एवं अग्रिमों पर नियंत्रण - धारा 20

(1) कम्पनी अधिनियम, 1956 (1956 का 1) की धारा 77 में उल्लिखित के विपरीत होते हुए भी कोई भी बैंकिंग कम्पनी निम्नलिखित नहीं करेगी -

(ए) अपने स्वयं के शेयरों की प्रतिभूति पर कोई ऋण अथवा अग्रिम प्रदान नहीं करेगा, अथवा

(बी) निम्नलिखित को अथवा इनकी ओर से किसी को ऋण अथवा अग्रिम स्वीकृत करने की प्रतिबद्धता नहीं दर्शाएगा -

I. अपना कोई भी निदेशक,

II. ऐसी कोई फर्म जिसमें अपना कोई निदेशक साझेदार,प्रबंधक, कर्मचारी अथवा गरांटीकर्ता के रूप में हो.

III. बैंकिंग कम्पनी का कोई निदेशक किसी कम्पनी [बैंकिंग कम्पनी की अनुषंगी अथवा कम्पनी अधिनियम 1956 (1956 की 1) की धारा 25 के अंतर्गत एक पंजीकृत कम्पनी अथवा एक सरकारी कम्पनी न हो] उसका अथा अनुषंगी अथवा उसकी धारक कम्पनी में निदेशक, प्रबंधक एजेंट, प्रबंधक, कर्मचारी अथवा गरांटीकर्ता हो अथवा जिसमें उनका पर्याप्त हित हो, अथवा

IV कोई व्यक्ति जिसके संबंध में इसका कोई निदेशक एक साझेदार अथवा गारंटीकर्ता हो.

(2) बैंकिंग कम्पनी द्वारा प्रदत्त ऐसा कोई ऋण अथवा अग्रिम जिसे पेअदान करने की प्रतिबद्धता नहीं की जाती, यदि ऋण अथवा अग्रिम दिए जाने की तारीख को उपधारा (1) का खंड (बी) लागू होता अथवा बैंकिंग नियम (संशोधन) अधिनियम, 1968 (1968 का 58) की धारा 5 के लागू होने के पश्चात बैंकिंग कम्पनी द्वारा प्रदान किया गया हो परंतु उक्त के लागू होने से पूर्व की गई प्रतिबद्धता के अनुवर्तन में दिया गया हो, तो बैंकिंग कंपनी की ऋण अथवा अग्रिम एवं ब्याज, यदि कोई हो, की बकाया राशि को ऋण अथवा अग्रिम की स्वीकृति के समय निर्धारित समयावधि अथवा जहां ऐसी अवधि निर्धारित नहीं है, वहां कथित धारा 5 के प्रारम्भ होने से एक वर्ष की समाप्ति से पूर्व वसूल करने के कदम उठाए जाएंगे.

परंतु भारतीय रिजर्व बैंक, किसी भी मामले में, बैंकिंग कम्पनी की ओर से इस बारे में लिखित रूप में आवेदन करने पर, ऋण अथवा अग्रिम की वसूली की अवधि किसी ऐसी तारीख तक भारिबैं द्वारा योग्य समझी गई शर्तों के अधीन बढ़ा सकती है, जो कथित धारा 5 के लागू होने से 3 वर्ष बाद की न हो, परंतु यह भी कि यह उप-धारा लागू नहीं होगी यदि बैंकिंग कम्पनी के संबंधित निदेशक का पद निदेशक की मृत्यु, सेवानिवृत्ति, त्यागपत्र अथवा अन्य कारणों से रिक्त हो गया हो.

(3) उप-धारा (2) में संदर्भित, ऋण अथवा अग्रिम या उसका कोई भाग भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व अनुमोदन के बिना प्रेषण नहीं किया जाएगा एवं ऐसे अनुमोदन के बिना किया गया कोई भी प्रेषण अमान्य एवं अप्रभावी होगी.

(4) उप-धारा (2) में संदर्भित ऋण अथवा अग्रिम की चुकौती किसी व्यक्ति द्वारा की जानी है, उसके उप-धारा में निर्धारित अवधि के भीतर बैंकिंग कंपनी को अदा न करने पर, यदि ऐसा व्यक्ति निर्धारित कथित अवधि की समाप्ति की तारीख को उस बैंकिंग कम्पनी का निदेशक है तो उस कथित तारीख से उस निदेशक द्वारा पद त्याग किया हुआ माना जाएगा.

स्पष्टीकरण - इस खण्ड में -

(ए) "**ऋण अथवा अग्रिम**" में ऐसे लेनदेन को शामिल नहीं किया जाएगा, जिसे इस धारा के उद्देश्य से भारतीय रिजर्व बैंक लेनदेन की प्रकृति, वह अवधि जिसमें, वे परिस्थितियां एवं तरीके जिनमें, लेनदेन के कारण से कोई राशि वसूली जानी हो, जमाकर्ताओं का ब्याज एवं अन्य संगत प्रतिफल को अपने विशिष्ट अथवा सामान्य आदेश द्वारा ऋण अथवा अग्रिम न होने का उल्लेख करता हो.

(बी) किसी बैंकिंग कंपनी द्वारा भारत में इसके सभी मामलों अथवा किसी मामले के प्रबंधन से अथवा प्रबंधन के संबंध में सलाह के उद्देश्य से गठित बोर्ड अथवा समिति के सदस्य में "**निदेशक**" शामिल हैं.

(5) यदि ऐसा कोई प्रश्न उठता है कि इस धारा के उद्देश्य से कोई लेनदेन, ऋण अथवा अग्रिम है अथवा नहीं, इसे भारतीय रिजर्व बैंक को भेजा जाएगा एवं इस पर उसका निर्णय अंतिम माना जाएगा.

II. बैंकिंग कम्पनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम, 1970

वोटिंग अधिकारों पर निषेध

धारा 3(2ई) :

सदृश नए बैंक का केन्द्र सरकार के अलावा अन्य कोई शेयरधारक, उस अपने धारित शेयरों के संबंध में सदृश नए बैंक के सभी शेयरधारकों के कुल वोटिंग अधिकारों के दस प्रतिशत से अधिक वोटिंग अधिकार का पात्र नहीं होगा.

निदेशक मंडल का गठन

धारा 9(3)(i) :

यदि धारा (3) की उप-धारा (2बी) के खण्ड (सी) के अंतर्गत जारी पूंजी -

(I) कुल चुकता पूंजी का 16% से अधिक न होने पर, एक निदेशक;

(II) कुल चुकता पूंजी का 16% से अधिक लेकिन 32% से अधिक न होने पर, दो निदेशक,

(III) कुल चुकता पूंजी का 32% से अधिक होने पर, तीन निदेशक,

शेयरधारक केंद्र सरकार के अलावा, अपने बीच में से चुनेंगे :

तथापि चयनित निदेशकों की संख्या के मामलों में, बैंकिंग कम्पनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) एवं वित्तीय संस्थान कानून (संशोधन) अधिनियम, 2006 के लागू होने अथवा उससे पूर्व, किसी सदृश नए बैंक में निदेशकों की सं. उप-खण्ड (I) अथवा उप-खण्ड (II) अथवा उप-खण्ड (III) जैसा भी मामला हो, में निर्धारित संख्या से अधिक होने पर, उक्त के प्रारम्भ होने से पूर्व चयनित ऐसे अधिक संख्यक निदेश, योजना में यथानिर्धारित तरीके से सेवानिवृत्ति होंगे तथा वे अपने पद के कार्यकाल से पूर्व अपरिपक्व सेवानिवृत्ति के लिए किसी क्षतिपूर्ति की मांग के पात्र नहीं होंगे.

धारा 9(3ए):

उपर्युक्त खण्ड (i) के अंतर्गत चुने गए निदेशक -

(ए) निम्नलिखित विषयों में से एक अथवा अधिक में विशेष ज्ञान अथवा व्यवहारिक अनुभव प्राप्त हो -

(i) कृषि एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था,

(ii) बैंकिंग,

(iii) सहकारिता,

(iv) अर्थशास्त्र,

(v) वित्त,

(vi) विधि,

(vii) लघु उद्योग

(viii) किसी अन्य मामले में कोई विशेष ज्ञान एवं व्यवहारिक अनुभव जो रिजर्व बैंक की राय में सदृश नए बैंक के लिए उपयोगी हो;

(बी) जमाकर्ताओं के हितों का प्रतिनिधित्व करता हो; अथवा

(सी) कृषक, कर्मचारियों एवं दस्तकारों के हितों का प्रतिनिधित्व करता हो.

धारा 9(3एए) :

उप-धारा (3ए) के प्रावधानों पर बिना किसी पूर्वाग्रह एवं इस अधिनियम अथवा वर्तमान में लागू किसी अन्य नियम में निहित के विपरित होते हुए भी कोई व्यक्ति उपधारा (3) के खण्ड (i) के अंतर्गत निदेशक चुने जाने का तब तक पात्र नहीं होगा, जब तक वह निर्दिष्ट पृष्ठभूमि, विश्वसनीयता एवं इस संबंध में भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा समय समय पर अधिसूचित मानदंडों के आधार पर "**उपयुक्त एवं यथोचित**" स्थिति प्राप्त नहीं कर लेता.

धारा 9(3बी) :

यदि रिजर्व बैंक का यह मत हो कि उप-धारा (3) के खण्ड (i) के अंतर्गत चयनित सदृश नए बैंक का कोई निदेशक उप-धारा(3ए) एवं (3एए) की अपेक्षाओं को पूर्ण नहीं करता/करती है, तो वह ऐसे निदेशक एवं बैंक को सुनवाई का उचित अवसर प्रदान करने के पश्चात, आदेश द्वारा, उस निदेशक को बर्खास्त कर सकता है एवं ऐसी बर्खास्तगी पर, निदेशक मंडल उस बर्खास्त किए गए व्यक्ति के स्थान पर किसी अन्य व्यक्ति, जो उप-धारा (3ए) एवं (3एए) की अपेक्षाओं को पूर्ण करता हो को सदृश नए बैंक की अगली वार्षिक सामान्य बैठक में विधिवत निदेशक का चयन होने तक निदेशक के रूप में सहयोजित करेगा एवं इस प्रकार सहयोजित व्यक्ति सदृश नए बैंक के शेयरधारकों द्वारा विधिवत चुना हुआ निदेशक माना जाएगा.

कर्तव्यपरायणता एवं गोपनीयता के रूप में दायित्व

धारा 13(2) :

सदृश नए बैंक के सभी निदेशक, स्थानीय बोर्ड अथवा समिति के सदस्य, अथवा लेखा परीक्षक, सलाहकार, अधिकारी अथवा अन्य कर्मचारी, अपना दायित्व सम्भालने से पूर्व तृतीय अनुसूची में निर्धारित प्रारुप में कर्तव्यपरायणता एवं गोपनीयता की घोषणा करेंगे.

III. राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन एवं विभिन्न प्रावधान) योजना, 1970

चयनियत निदेशक के पद का कार्यकाल

खण्ड 9(4):

एक चयनित निदेशक तीन वर्ष तक अपने पद पर रहेगा एवं पुन: चयन के लिए पात्र होगा:

परंतु ऐसा कोई निदेशक लगातार छ: वर्षों से अधिक की अवधि के लिए अपने पद पर नहीं बने रहेंगे.

निदेशकों की अयोग्यता

खण्ड 10:

एक व्यक्ति निदेशक के पद पर होने अथवा नियुक्ति के लिए, अयोग्य होंगे -

(ए) यदि वे कभी भी दिवालिया धोषित किया जा चुका हो अथवा भुगतान आस्थगित किए हो अथवा उसके लेनदारों के साथ संयोजित हो; अथवा

(बी) यदि वह संक्षम न्यायालय द्वारा अस्थिर मानसिक स्थिति एवं विचार वाला घोषित किया गया हो; अथवा

(सी) यदि वह अपराध जिसमें नैतिक भ्रष्टता के लिए दंड न्यायालय द्वारा दोषी ठहराया गया हो, अथवा

(डी) यदि वह किसी राष्ट्रीयकृत बैंक या स्टेट बैंक ऑफ इंडिया अधिनियम, 1955 की धारा 3 के उपनियम (1) के अंतर्गत गठित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया अथवा स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (अनुषंगी बैंक) अधिनियम, 1959 की धारा 3 में परिभाषित कोई अनुषंगी बैंक में एक पूर्णकालिक निदेशक के पद को छोड़कर, प्रबंध निदेशक सहित अधिनियम की धारा 9 के उपनियम (3) के खंड (ई) एवं खंड (एफ) के अंतर्गत संबंधित सादृश बैंक के कर्मचारियों में से किसी कार्यालय में नामांकित निदेशक के तौर पर लाभकारी पद धारित करता हो.

निदेशकों का पद त्यागना

अनुच्छेद 11:

(1) यदि कोई निदेशक खंड 10 में उल्लिखित किसी भी प्रकार से अयोग्य हो जाता है या बोर्ड की अनुमति के बिना लगातार तीन से अधिक बैठकों में अनुपस्थित रहता है तो वह समझा जाएगा कि उन्होंने पद त्याग कर दिया है एवं उनका पद रिक्त हो जाएगा.

(2) अधिनियम की धारा 9 के उपनियम (3) के खंड (बी) खंड (सी) या खंड (डी) में उल्लिखित निदेशक, प्रबंध निदेशक सहित अध्यक्ष या पूर्णकालिक निदेशक, केन्द्र सरकार को इस संबंध में लिखित में नोटिस देते हुए अपने पद से त्यागपत्र दे सकता है और इस प्रकार का त्यागपत्र सरकार द्वारा स्वीकार किए जाने पर उनका पदत्याग समझा जाएगा, कोई अन्य निदेशक, केन्द्र सरकार को लिखित में नोटिस देकर अपना त्यागपत्र दे सकता है और ऐसा त्यागपत्र, केन्द्र सरकार द्वारा त्यागपत्र की सूचना की प्राप्ति से प्रभावी माना जाएगा.

(3) पूर्व में कथित प्रावधानों के प्रति पूर्वाग्रह के बिना, अधिनियम की धारा 9 के उपनियम (3) के खंड (ई) या खंड (एफ) में संदर्भित पद, सिवाय राष्ट्रीयकृत बैंक के कामगार जिनका वह निदेशक है, उस निदेशक के अन्य कामगार या कर्मचारी न रहने पर वह पद रिक्त माना जाएगा.

(4) एक चुने हुए निदेशक के अतिरिक्त अन्य निदेशक का पद रिक्त होने पर उस अधिनियम की धारा 9 के उपनियम (3) के अनुसार भरा जाएगा.

चुने हुए निदेशक को पदच्युत करना

अनुच्छेद 11ए

केन्द्र सरकार के अतिरिक्त अन्य शेयरधारक, उन सभी शेयरधारकों द्वारा धारित शेयर पूंजी का आधे से अधिक रखने वाले ऐसे शेयरधारकों के बहुमत

से पारित संकल्प द्वारा अधिनियम 9 के उपनियम (3) के खंड (i) के अंतर्गत चुने गए किसी निदेशक को पदच्युत किया जा सकता है तथा बदले में अन्य व्यक्ति द्वारा रिक्ति को भरा जा सकता है.

चयनित निदेशक के पद की रिक्ति को भरना

अनुच्छेद 11 बी

(1) किसी चयनित निदेशक के कार्याकाल समाप्ति से पूर्व रिक्ति होने पर उसे चुनाव द्वारा भरा जाएगा:

बशर्ते कि रिक्ति की समयावधि 6 माह से कम होने पर, शेष निदेशकों द्वारा उक्त रिक्ति भरी जा सकती है,

(2) उप-खंड (1) के अंतर्गत चयनित अथवा सहयोजित कोई व्यक्ति अपने पूर्ववर्त्ती के कार्यकाल असमाप्त अवधि के लिए उस पद पर रह सकता है,

निदेशकों द्वारा हित का प्रकटीकरण

अनुच्छेद 12(8)

एक निदेशक जो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से किसी संविदा, ऋण, वित्त व्यवस्था या राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा या उसकी ओर से किए गए अथवा प्रस्तावित प्रस्ताव से कोई संबंध रखता है अथवा उसमें हित रखता है तो, संबद्ध परिस्थितियों के उसके संज्ञान में आने के उपरांत यथा संभव शीघ्र, अपने हितों को बोर्ड के समक्ष प्रकट करेगा ऐसे संविदा, ऋण, व्यवस्था या प्रस्ताव के संबंध में होने वाली चर्चा की बैठक में तब तक उपस्थित नहीं रहेगा जब तक कि सूचनाओं पर प्रकाश डालने के लिए उसकी उपस्थिति अन्य निदेशकों द्वारा वांछित न हो एवं ऐसा कोई भी निदेशक ऐसी संविदा ऋण, व्यवस्था अथवा प्रस्ताव पर वोट नहीं डाल सकेगा:

बशर्ते कि इस उपखंड में निहित प्रावधान ऐसे निदेशक पर उसके निम्नलिखित कारणों के रहते हुए लागू नहीं होंगे:

(i) कंपनी अधिनियम, 1956 (1956 का 1) में यथा परिभाषित किसी सार्वजनिक कंपनी अथवा भारत में यथा समय लागू किसी नियम के अंतर्गत स्थापित किसी निगम अथवा सहकारी संस्था में वह शेयरधारक (निदेशक के अतिरिक्त) उसकी कुल चुकता पूंजी का 2% से अधिक धारित न करता हो, या जिसके साथ राष्ट्रीयकृत बैंक के साथ संविदा, ऋण, व्यवस्था अथवा प्रस्ताव किया है अथवा कराया गया है अथवा ऐसा किया जाना प्रस्तावित है, अथवा

(ii) राष्ट्रीकृत बैंक का अधिकारी या अन्य कर्मचारी, यदि वह अधिनियम के अनुच्छेद 9 के उपनियम (3) के खंड (ई), अथवा खंड (एफ) में विनिर्दिष्टानुसार निदेशक हो.

IV. सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया (शेयर एवं बैठकें) विनियमन, 1998

संयुक्त धारकों के अधिकारों का प्रयोग

विनियम 10:

यदि कोई शेयर दो या दो से अधिक व्यक्तियों के नाम में है, रजिस्टर में नामित प्रथम व्यक्ति को शेयरों के अंतरण के अलावा मामलों यथा वोटिंग, लाभांश की प्राप्ति, सूचनाओं का प्रेषण एवं बैंक से संबंधित अन्य किसी मामलों के लिए, एकल धारक माना जाएगा.

साधारण बैठकों में निदेशक चुना जाना

विनियम 63

(i) अधिनियम के अनुच्छेद 9 के उपनियम (3) के खंड (i) के अंतर्गत कोई निदेशक, केंद्र सरकार के अतिरिक्त रजिस्टर में दर्ज शेयरधारकों द्वारा बैंक की साधारण बैठक में उन्ही में से चुना जाएगा.

(ii) जब किसी साधारण बैठक में निदेशक का चुनाव किया जाना हो तब इसकी सूचना आयोजित किए जाने की सूचना में सम्मिलित की जाएगी. ऐसी प्रत्येक सूचना में चुने जाने वाले निदेशकों की संख्या तथा उन रिक्तियों का विवरण दिया जाएगा जिनके लिए चुनाव किया जाना है.

शेयरधारकों की सूची

विनियम 64

(i) इन विनियमों के उप-विनियम (i) के अंतर्गत निदेशक का चुनाव करने के उद्देश्य के लिए, रजिस्टर में दर्ज उन शेयरधारकों की एक सूची तैयार की जाएगी जिनके द्वारा निदेशक का चुनाव किया जाना है.

(ii) इस सूची में शेयरधारकों के नाम, उनके पंजीकृत पते, धारित शेयरों की संख्या, शेयर प्रदर्शक संख्या शेयरों के पंजीकरण की तिथि चुनाव करने के लिए तय बैठक की निर्धारित तारीख को उनके वोटों की पात्रता का उल्लेख होगा तथा इसकी प्रतियां प्रधान कार्यालय में आवेदन करने पर बोर्ड अथवा प्रबंधन समिति द्वारा निर्धारित कीमत पर बैठक की निर्धारित तिथि से कम से कम तीन सप्ताह पूर्व खरीद हेतु उपलब्ध होगी.

चुनाव के लिए अभ्यर्थियों का नामांकन

विनियम 65:

(i) किसी अभ्यर्थी का एक निदेशक के तौर पर चुनाव के लिए नामांकन तब तक वैध नही होगा जब तक कि -

(ए) वह बैंक के कम से कम 100 (एक सौ) शेयरों का शेयरधारक न हो,

(बी) नामांकन प्राप्ति की अंतिम तारीख को वह अधिनियम अथवा योजना के अंतर्गत निदेशक होने के अयोग्य न हो.

(सी) उसके द्वारा एकल या अन्य के साथ संयुक्त रूप से धारित शेयरों के संबंध में उसने किसी भी मांग की निर्धारित अंतिम तारीख से पूर्व सभी मांगों का भुगतान कर दिया हो.

(डी) अधिनियम के अंतर्गत निदेशकों का चयन करने के पात्र न्यूनतम एक सौ शेयरधारकों द्वारा या उनके विधिवत गठित अटॉर्नी द्वारा लिखित हस्ताक्षरित नामांकन हो बशर्ते कि शेयरधारक के कंपनी होने पर यह कथित कंपनी के निदेशकों के संकल्प द्वारा किया गया हो एवं जब ऐसा किया गया हो तो जिस बैठक में यह संकल्प पास किया गया हो उस बैठक के अध्यक्ष द्वारा संकल्प की प्रामाणित प्रति बैंक के प्रधान कार्यालय को प्रेषित की जाएगी एवं ऐसी प्रति को कथित कंपनी की ओर से नामांकन माना जाएगा.

(ई) नामांकन के साथ या उसमें न्यायाधीश, मजिस्ट्रेट, रजिस्ट्रार, अथवा सबरजिस्ट्रार ऑफ एश्यूरेंस या अन्य किसी राजपत्रित अधिकारी या भारतीय रिजर्व बैंक या किसी राष्ट्रीकृत बैंक के अधिकारी के समक्ष अभ्यर्थी द्वारा हस्ताक्षरित घोषणा हो कि उसने नामांकन स्वीकार किया है और वह चुनाव के लिए खडे होने का इच्छुक है, और यह कि वह अधिनियम या योजना या इन विनियमों के अंतर्गत निदेशक बनने के लिए अयोग्य नहीं है.

(ii) कोई नामांकन वैध नहीं होगा यदि यह सभी प्रकार से पूर्ण सभी संबंधित दस्तावेजों के साथ बैठक के लिए निर्धारित तिथि से कम से कम चौदह दिन पूर्व किसी कार्यदिवस को बैंक के प्रधान कार्यालय में प्राप्त न हुआ हो.

नामांकनों की जांच

विनियम 66:

(i) नामांकन प्राप्ति के लिए निर्धारित तारीख के अनुवर्ती प्रथम कार्यदिवस को नामांकनों की संवीक्षा की जाएगी और यदि किसी नामांकन के वैध नहीं पाए जाने पर, उसे इसका कारण स्पष्ट करते हुए इसे निरस्त कर दिया जाएगा. यदि चुनाव द्वारा किसी विशेष रिक्ति को भरने के लिए सिर्फ एक वैध नामांकन हो, ऐसा नामांकित उम्मीदावार तुरंत चुना हुआ माना जाएगा और और उसका नाम एवं पता उनके इस प्रकार चुने होने पर प्रकाशित किया जाएगा. ऐसी परिस्थिति में इस उद्देश्य के लिए आयोजित की गई बैठक में कोई चुनाव नहीं होगा और यदि यह उपर्युक्त बैठक सिर्फ कथित चुनाव के लिए ही बुलाई गई है, तो यह निरस्त हो जाएगी.

(ii) चुनाव होने की स्थिति में, यदि वैध नामांकनों की संख्या चुने जाने वाले निदेशकों की संख्या से अधिक है, तो बहुमत हासिल करने वाला उम्मीदवार चुना माना जाएगा.

(iii) किसी विद्यमान रिक्ति को भरने के लिए चयनित निदेशक उसके चुने हुए माने जाने की तारीख से अगले दिन पदभार संभाल लेना माना जाएगा.

चुनाव विवाद

विनियम 67:

(i) यदि किसी व्यक्ति के चुना जाना घोषित होने, या उसे चुना हुआ समझे जाने या निदेशक के चुनाव की वैधता के योग्य अथवा अयोग्य होने पर कोई संदेह या विवाद उत्पन्न होता हो तो कोई इच्छुक व्यक्ति, उम्मीदवार या शेयरधारक जो ऐसे चुनाव में वोट के लिए पात्र हो, ऐसे चुनाव के परिणाम की घोषणा की तारीख से सात दिनों के अंदर, बैंक के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक को लिखित में इसकी सूचना देगा और कथित सूचना में उस पृष्ठभूमि का पूर्ण विवरण देगा जिसकी वजह से उसे चुनाव की वैधता पर संदेह या विवाद उत्पन्न हुआ है.

(ii) उप-विनियम (i) के अंतर्गत सूचना के प्राप्त होने पर, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक या उनकी अनुपस्थिति में बैंक के कार्यपालक तुरंत ऐसे संदेह या विवाद को अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक या उनकी अनुपस्थिति में कार्यपालक निदेशक एवं अधिनियम के अनुच्छेद 9 के उपनियम (3) के खंड (बी) एवं (सी) के अंतर्गत नामांकित किन्हीं दो निदेशकों से गठित समिति को निर्णय के लिए भेजेगा.

(iii) उप विनियम (ii) में संदर्भित समिति आवश्यक समझे जाने के अनुसार जांच करेगी और वह यह पाती है कि चुनाव एक वैध चुनाव था, तो यह घोषित परिणाम की पुष्टि करेगी, अथवा यदि वह पाती है कि चुनाव वैध नहीं था, तो जांच प्रारंभ होने के 30 दिनों के अंदर, ऐसा आदेश देगी तथा उस निदेशक को भी समिति न्यायोचित लगी परिस्थितियों में नया चुनाव हेतु कहेगी.

(iv) इस विनियम के अनुपालन में ऐसी समिति का एक आदेश एवं दिशानिर्देश अंतिम होगा.

वोटिंग अधिकारों का निर्धारण

विनियम 68:

(i) अधिनियम के अनुच्छेद 3(2ई) में निहित प्रावधानों के अधीन, प्रत्येक शेयरधारक जो एक सामान्य बैठक की तारीख से पूर्व पंजीकरण की समापन की तारीख को शेयरधारक के तौर पर पंजीकृत हुआ हो, ऐसी बैठक उसका में एक वोट हाथ प्रदर्शन से और मतदान के मामले में उसके द्वारा धारित प्रत्येक शेयर के लिए एक वोट होगा.

(ii) अधिनियम के अनुच्छेद 3(2ई) में निहित प्रावधानों के अधीन, उपर्युक्त वोट के लिए पात्र प्रत्येक शेयरधारक, जो कंपनी नहीं है, व्यक्तिगत रूप से उपस्थित या प्रॉक्सी के तौर पर उपस्थित है या जो कंपनी है वह विधिवत प्राधिकृत प्रतिनिधि के रूप में, या प्रॉक्सी के रूप में उपस्थित है उसे इसमें उपर्युक्त उप-विनियम (i) में कहे अनुसार हाथ प्रदर्शित कर एक वोट तथा मतदान के मामले में उसके द्वारा धारित प्रत्येक शेयर के लिए एक वोट होगा.

(स्पष्टीकरण - इस अध्याय के लिए, "कंपनी" का तात्पर्य किसी भी निगमित निकाय से है)

(iii) एक साधारण बैठक में उपस्थित होने एवं वोट के लिए पात्र बैंक के शेयरधारक किसी अन्य व्यक्ति (शेयरधारक हो या नहीं) को अपने स्थान पर उपस्थित होने एवं वोट देने के लिए प्रॉक्सी का पात्र होगा, लेकिन नियुक्त किए गए ऐसे प्रॉक्सी को बैठक में बोलने का कोई अधिकार नहीं होगा.

विधिवत प्राधिकृत प्रतिनिधि द्वारा वोटिंग

विनियम 69:

(i) शेयरधारक जो केन्द्र सरकार या एक कंपनी है, एक संकल्प द्वारा, जैसा भी मामला हो, अपने किसी पदाधिकारी या किसी अन्य व्यक्ति को शेयरधारकों की साधारण बैठक में प्रतिनिधित्व करने हेतु प्राधिकृत करेगी एवं वह प्राधिकृत व्यक्ति (इन विनियमों में जिसे) "विधिवत प्राधिकृत प्रतिनिधि" कहा गया है. केन्द्र सरकार या कंपनी के जिसका वह प्रतिनिधित्व करता है उन सभी अधिकारों का इस प्रकार उपयोग करने का पात्र होगा मानो वह बैंक का एकल शेयरधारक हो. यदि ऐसा प्राधिकार दो व्यक्तियों के पक्ष में वैकल्पिक के तौर पर दिया जा सकता है. ऐसे मामले में उन दोनों व्यक्तियों में से कोई एक केन्द्र सरकार/कंपनी के विधिवत प्राधिकृत प्रतिनिधि के तौर पर कार्य कर सकता है.

(ii) बैंक के शेयरधारकों की किसी भी बैठक में किसी कंपनी के विधिवत प्राधिकृत प्रतिनिधि के तौर पर कोई व्यक्ति तब तक उपस्थित नहीं होगा जब तक कि उस बैठक के अध्यक्ष, जिसमें उसे विधिवत प्राधिकृत प्रतिनिधि नियुक्त किया गया हो, से प्रमाणित सत्यापित, साधारण बैठक की निर्धारित तारीख से कम से कम चार दिन पूर्व बैंक के प्रधान कार्यलय में जमा न कर दी जाए.

भारतीय रिजर्व बैंक की अधिसूचना सं. डीबीओडी. सं. बीसी. सं.46/29.39.001/2007-08 दिनांक 01 नवम्बर, 2007 एवं सं. डीबीओडी. बीसी. सं. 95/29.39.001/2010-11 दिनांक 23 मई, 2011

कोई नामांकन तब तक वैध नहीं होगा जब तक कि इस उद्देश्य के लिए बैंक के निदेशक मंडल द्वारा नियुक्त नामांकन समिति द्वारा उसे "उपयुक्त एवं यथोचित" दर्जा न दिया जाए. नामांकन के साथ अभ्यर्थी की शैक्षिक योग्यता, अनुभव एवं फील्ड निपुणता, विशिष्ट ट्रैक तथा ईमानदारी इत्यादि की जानकारी दी जाए ताकि नामांकन समिति उसके संबंध में "उपयुक्त एवं यथोचित" दर्जे का निर्णय ले सके. किसी भी प्राधिकारी विनियामक की प्रतिकूल सूचना या दिवालियापन या किसी बैंक अथवा वित्तीय संस्थान से लिए गए किसी ऋण का चूककर्त्ता होना संबंधित उम्मीदवार को बोर्ड के निदेशक के रूप में चयनित होने के लिए अयोग्य एवं अनुपयुक्त करेगा.

कुल व्यवसाय

(₹ करोड़ में)

पैरामीटर	मार्च 07	मार्च 08	मार्च 09	मार्च 10	मार्च 11	मार्च 12	मार्च 13	मार्च 14	मार्च 15	मार्च 16	मार्च 17	मार्च 18
कुल व्यवसाय	1,36,265	1,84,607	2,18,012	2,69,225	3,10,763	3,46,898	4,02,272	4,23,390	4,50,539	4,56,336	4,49,679	4,72,323
वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि		35.48%	18.10%	23.49%	15.43%	11.63%	15.96%	5.25%	6.41%	1.29%	(1.46%)	5.04%
कुल जमा	82,776	1,10,320	1,31,272	1,62,107	1,79,356	1,96,173	2,26,038	2,40,069	2,55,572	2,66,184	2,96,671	2,94,839
वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि		33.28%	18.99%	23.49%	10.64%	9.38%	15.22%	6.21%	6.46%	4.15%	11.45%	(0.62%)
कुल ऋण एवं अग्रिम	53,489	74,287	86,740	1,07,118	1,31,407	1,50,725	1,76,234	1,83,321	1,94,967	1,90,152	1,53,008	1,77,484
वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि		38.88%	16.76%	23.49%	22.67%	14.70%	16.92%	4.02%	6.35%	(2.47%)	(19.53%)	16.00%
निवेश	29,037	32,646	44,445	52,008	54,847	59,577	72,662	86,384	95,655	89,895	93,792	1,05,295
वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि		12.43%	36.14%	17.02%	5.46%	8.62%	21.96%	18.88%	10.73%	(6.02%)	4.34%	12.26%
सीडी अनुपात	64.62%	67.34%	66.08%	66.08%	73.27%	76.83%	77.97%	76.36%	76.29	71.44	51.57%	60.20%
आस्तियों पर प्रतिलाभ	0.62%	0.54%	0.45%	0.66%	0.70%	0.26%	0.44%	(0.47%)	0.21%	(0.48%)	(0.80%)	(1.61%)

लाभप्रदता

(₹ करोड़ में)

पैरामीटर	मार्च 07	मार्च 08	मार्च 09	मार्च 10	मार्च 11	मार्च 12	मार्च 13	मार्च 14	मार्च 15	मार्च 16	मार्च 17	मार्च 18
सकल आय	6,710	8,787	11,525	13,799	16,486	20,545	23,528	26,350	28,303	27,825	27,537	26,659
वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि		30.94%	31.17%	19.73%	19.47%	24.62%	14.52%	11.99%	7.41%	(1.69%)	(1.03%)	(3.19%)
सकल व्यय	5,444	7,518	10,088	11,741	13,895	17,730	20,355	23,112	24,744	25,183	24,448	23,926
वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि		38.10%	34.18%	16.38%	18.35%	27.60%	14.81%	13.54%	7.06%	1.77%	(2.92%)	(2.14%)
परिचालन लाभ	1,266	1,268	1,437	2,058	2,591	2,815	3,173	3,238	3,559	2,642	3,089	2,733
वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि		0.20%	13.28%	43.24%	25.90%	8.65%	12.72%	2.05%	9.91%	(25.77%)	16.92%	(11.52%)
शुद्ध लाभ/हानि	498	550	571	1,059	1,252	533	1,015	(1,263)	606	(1,418)	(2,439)	(5,105)
वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि		10.47%	3.83%	85.36%	18.24%	(57.43%)	90.43%	(224.43%)	147.98	----	----	----
निम (%)	3.28	2.53	1.97	1.86	3.31	2.78	2.65	2.73	2.79	2.78	2.51	2.47
शुद्ध ब्याज आय	2,474	2,223	2,228	2,545	5,326	5,169	5,738	6,493	7,247	7,065	6,574	6,517
वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि		(10.16%)	0.22%	14.23%	109.27%	(2.95%)	11.01%	13.16%	11.60%	(2.51%)	(6.95%)	(0.88%)
गैर ब्याज आय	476	791	1,070	1,735	1,265	1,395	1,667	1,923	1,894	1,938	2,876	2,623
वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि		66.31%	35.26%	62.15%	(27.09%)	10.28%	19.50%	15.35%	(1.51%)	2.32%	48.40%	(8.80%)

निदेशक रिपोर्ट 2017-18

आपके निदेशकों को दिनांक 31 मार्च, 2018 को समाप्त वर्ष के लिए बैंक की वार्षिक रिपोर्ट के साथ लेखा परीक्षित लेखा विवरण, लाभ एवं हानि खाते तथा नकद-प्रवाह विवरण को प्रस्तुत करते हुए प्रसन्नता है.

1. कार्यनिष्पादन वैशिष्ट्य

- दिनांक 31 मार्च, 2018 को बैंक का कुल व्यवसाय ₹ 472323 करोड़ रहा जो 31 मार्च, 2017 को ₹ 449679 करोड़ था.
- दिनांक 31 मार्च, 2018 को बैंक की कुल जमा राशि ₹ 294839 करोड़ हो गयी, जो 31 मार्च, 2017 में ₹ 296671 करोड़ थी.
- दिनांक 31 मार्च, 2018 को बैंक का कुल अग्रिम वर्ष-दर-वर्ष 16% की वृद्धि दर्ज करते हुए ₹ 177484 करोड़ हो गया है, जो 31 मार्च, 2017 में ₹153008 करोड़ था.
- दिनांक 31 मार्च, 2018 को समाप्त वित्तीय वर्ष में कुल आय ₹ 26659 करोड़ हुई जबकि दिनांक 31 मार्च, 2017 को समाप्त वित्तीय वर्ष में यह ₹ 27537 करोड़ थी.
- बैंक की गैर-ब्याज आय दिनांक 31 मार्च, 2018 को ₹ 2623 करोड़ हुई जो दिनांक 31 मार्च, 2017 को समाप्त वित्तीय वर्ष में ₹ 2876 करोड़ थी.
- दिनांक 31 मार्च, 2018 को समाप्त वित्तीय वर्ष में बैंक का परिचालन लाभ ₹ 2733 करोड़ हुआ, जो पिछले वर्ष दिनांक 31 मार्च, 2017 को समाप्त वित्तीय वर्ष में ₹ 3089 करोड़ था.
- दिनांक 31 मार्च, 2018 को समाप्त वित्त वर्ष में बैंक ने ₹ 5105 करोड़ की निवल हानि दर्ज की है, जबकि पिछले वित्त वर्ष के दौरान निवल हानि ₹ 2439 करोड़ थी. यह हानि मुख्यत: उच्चतर एनपीए प्रावधानों, उच्चतर स्लीपेज/एजिंग एवं एनसीएलटी खातों में अतिरिक्त प्रावधानों, निवेश पर विशेष रूप से घटते ट्रेडिंग लाभ, निवल ब्याज आय में कमी इत्यादि के कारण है.
- दिनांक 31 मार्च, 2018 को समाप्त वित्तीय वर्ष के दौरान कर्मचारी व्यय ₹ 230 करोड़ की कमी के साथ ₹ 3984 करोड़ हो गया जो दिनांक 31 मार्च, 2017 को समाप्त वित्तीय वर्ष में रू. 4214 करोड़ था.
- दिनांक 31 मार्च, 2018 को समाप्त वित्तीय वर्ष में पूंजी पर्याप्तता अनुपात (बेसल-II के अंतर्गत) 9.46% हो गया, जिसमें टीयर I 5.50% और टीयर II 3.96% है. दिनांक 31 मार्च, 2018 को समाप्त वित्तीय वर्ष में पूंजी पर्याप्तता अनुपात (बेसल- III के अंतर्गत) 9.04% हो गया, जिसमें टीयर I 7.01% और टीयर II 2.03% है.
- बैंक की शुद्ध मालियत ₹ 14845 करोड़ रही.
- दिनांक 31 मार्च, 2018 को समाप्त वित्तीय वर्ष में नकद वसूली बढ़कर ₹ 2403 करोड़ हो गयी जो दिनांक 31 मार्च, 2017 को समाप्त वित्तीय वर्ष में ₹ 2378 करोड़ थी.
- दिनांक 31 मार्च, 2018 को सकल अग्रिमों में सकल एनपीए 21.48% हो गया जो दिनांक 31 मार्च, 2017 को 17.81% था.
- दिनांक 31 मार्च, 2018 को शुद्ध अग्रिमों में शुद्ध एनपीए 11.10% हो गया जो दिनांक 31 मार्च, 2017 को 10.20% था.
- दिनांक 31 मार्च, 2018 को प्रोविजन कवरेज अनुपात सुधरकर 63.31% हो गया जो दिनांक 31 मार्च, 2017 को 58.43% था.
- दिनांक 31 मार्च, 2018 को समाप्त वित्तीय वर्ष में शुद्ध ब्याज मार्जिन (एनआईएम) 2.47% रहा.
- दिनांक 31 मार्च, 2018 को समाप्त वित्तीय वर्ष में प्रति कर्मचारी व्यवसाय ₹ 12.71 करोड़ रहा.
- दिनांक 31 मार्च, 2018 को समाप्त वित्तीय वर्ष में आस्तियों पर प्रतिफल (आरओए) (1.61%) रहा.
- वर्ष 2017-18 के दौरान प्राथमिकता क्षेत्र में ऋण नियोजन बढ़कर ₹82834.61 हो गया है. जो पिछले वर्ष की तुलना में ₹9484.37 करोड़ की वृद्धि दर्शाता है. तथापि प्राथमिकता क्षेत्र अग्रिमों में एएनबीसी को ऋण के आधिक्य का फायदा उठाते हुए बैंक ने पीएसएलसी में बिक्री/खरीद लेनदेन किया है. वर्ष के दौरान बैंक ने प्राथमिकता क्षेत्र अग्रिम में ₹22030 करोड़ के पीएसएलसी का विक्रय किया है तथा एमएसएमई पोर्टफोलियों में ₹7524.50 करोड़ की पीएसएलसी की खरीद की है. इस प्रकार, वित्तीय वर्ष की समाप्ति पर शुद्ध बिक्री ₹ 14505.50 करोड़ रही. प्राथमिकता क्षेत्र अग्रिम में बैंक ने ₹1500 करोड़ के आईबीपीसी का भी विक्रय किया है. पूर्वोक्त विक्रय के बावजूद, बैंक के प्राथमिकता क्षेत्र अग्रिम में एएनबीसी से ₹ 6669.28 करोड़ का आधिक्य रहा.
- दिनांक 31 मार्च, 2018 को समाप्त वित्तीय वर्ष में बैंक का कृषि अग्रिम ₹ 30,776 करोड़ है.

- दिनांक 31 मार्च, 2018 को समाप्त वित्तीय वर्ष में एमएसएमई अग्रिम ₹ 34,025 करोड़ हुआ जो कुल ऋण एवं अग्रिमों का 19.17% है.
- मार्च, 2018 में रिटेल ऋण 50.35% की वृद्धि दर्ज करते हुए ₹ 48,123 करोड़ हो गया जो मार्च 2017 में ₹ 32,008 करोड़ था. बैंक ने रिटेल ऋण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से दिसम्बर, 2017 में एक व्यापक कार्यक्रम "रिटेल धमाका" का शुभारम्भ किया. कैम्पेन अवधि के दौरान ₹ 4980 करोड़ की राशि के ऋण प्रस्ताव स्वीकृत किए गए.
- बैंक का आवास ऋण पोर्टफोलियो मार्च, 2018 में ₹ 21,392 करोड़ रहा, जबकि मार्च, 2017 में यह ₹ 12,510 करोड़ था, जो वर्ष-दर-वर्ष 71.00% की वृद्धि दर्शाता है. कुल रिटेल पोर्टफोलियो में दिनांक 31 मार्च, 2018 को आवास ऋण पोर्टफोलियो की हिस्सेदारी 44.45% रही.
- बैंक ने देश के 9 राज्यों में 46 ग्रामीण स्वरोजगार एवं प्रशिक्षण केंद्र (आरसेटी) यथा मध्य प्रदेश (18), बिहार (9), महाराष्ट्र (6), उत्तर प्रदेश (5), पश्चिम बंगाल (3), छत्तीसगढ़ (2), राजस्थान (1), ओड़ीसा (1) एवं असम (1) में स्थापित किए हैं. वर्ष 2017-18 के दौरान, आरसेटी ने 1280 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए और उनमें 33,428 अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण दिया है. इनमें से 23403 (अर्थात 70%) प्रशिक्षुओं को बैंक ऋण, वेतन समझौते एवं स्व-वित्त के माध्यम से नियोजित किया गया है.
- बैंक के पास दिनांक 31 मार्च, 2018 तक 3 राज्यों के 48 जिलों में 1629 शाखाओं के नेटवर्क के साथ 3 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक हैं.
- बैंक ने वित्तीय समावेशन के अंतर्गत 2000 से अधिक की जनसंख्या वाले 4,330 गांवों तथा 2000 से कम की जनसंख्या वाले 18,376 गांवों को कवर किया है. बैंक ने ये सभी गांव 6,387 बीसी एजेन्ट के माध्यम से कवर किए हैं. हमने 177 शहरी वित्तीय समावेशन केंद्र भी खोले है. बैंक ने बीसी एवं शाखाओं के माध्यम से 184.19 लाख बेसिक सेविंग बैंक डिपॉजिट खाते (बीएसबीडीए) खोले है. दिनांक 31 मार्च, 2018 को इन खातों में कुल जमा शेष ₹ 2567 करोड़ था.
- दिनांक 31 मार्च, 2018 को समाप्त वित्तीय वर्ष में बैंकाश्युरेंस व्यवसाय से कुल आय ₹21.42 करोड़ हुई.
- दिनांक 31 मार्च, 2018 को पूरे देश में बैंक के नेटवर्क में 4685 शाखाएं, 4886 एटीएम, 10 सेटेलाइट कार्यालय एवं 1 विस्तार पटल हैं.

2. आय एवं व्यय

वर्ष 2017-18 की अवधि में आय एवं व्यय के विवरण निम्नानुसार दिए जा रहे हैं :

₹ करोड़ में

		31.03.2018	31.03.2017	विचलन	%
1	**ब्याज आय**	24036	24661	(625)	(2.53)
	-अग्रिम	14478	16283	(1805)	(11.09)
	-निवेश	7138	7372	(234)	(3.17)
	-अन्य	2420	1006	1414	140.56
2	**अन्य आय**	2623	2876	(253)	(8.80)
3	**कुल आय (1+2)**	26659	27537	(878)	(3.19)
4	**प्रदत्त ब्याज**	17519	18087	(568)	(3.14)
	-जमाराशियां	16222	17330	(1108)	(6.39)
	-अन्य	1297	757	540	71.33
5	**परिचालन व्यय**	6407	6361	46	0.72
	-स्थापना	3984	4214	(230)	(5.46)
	-अन्य	2423	2147	276	12.86
6	**कुल व्यय (4+5)**	23926	24448	(522)	(2.14)
7	**स्प्रैड (1-4)**	6517	6574	(57)	(0.87)
8	**परिचालन लाभ (3-6)**	2733	3089	(356)	(11.52)
9	**प्रावधान - एनपीए/निवेश/अन्य**	7838	5528	2310	41.79
10	**कर के लिए प्रावधान**	(2791)	(1090)	(1701)	156.06
11	**शुद्ध लाभ / (हानि)**	(5105)	(2439)	(2666)	------

3. प्रावधान

पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में वर्ष 2017-18 के दौरान, लाभ एवं हानि खाते को प्रभारित ₹ 7838 करोड़ के कुल प्रावधान का विस्तृत विवरण निम्नानुसार है :

(₹ करोड़ में)

	31.03.2018	31.03.2017	विचलन
मानक आस्तियों के लिए प्रावधान	7	(164)	171
एनपीए के लिए प्रावधान	10543	6216	4327
पुनर्संरचित खातों के लिए प्रावधान	(951)	321	(1272)
निवेश के लिए प्रावधान	799	300	499
करों के लिए प्रावधान	(2791)	(1090)	(1701)
अन्य	231	(55)	286
कुल	**7838**	**5528**	**2310**

4. लाभप्रदता अनुपात

(प्रतिशत में)

	31.03.2018	31.03.2017
जमाओं की लागत	5.53	6.20
निधियों की लागत	5.79	6.27
अग्रिमों पर आय	8.31	9.01
निवेशों पर आय	7.14	7.38
शुद्ध ब्याज मार्जिन	2.47	2.51
लागत आय अनुपात	70.10	67.31

5. व्यावसायिक अनुपात

(प्रतिशत में)

	31.03.2018	31.03.2017
ब्याज आय एवं औसत कार्यशील निधि (एडब्लूएफ)	7.59	8.10
गैर-ब्याज आय एवं औसत कार्यशील निधि (एडब्लूएफ)	0.83	0.94
परिचालन लाभ एवं औसत कार्यशील निधि (एडब्लूएफ)	0.86	1.01
औसत आस्तियों पर प्रतिफल	(1.61)	(0.80)
प्रति कर्मचारी व्यवसाय (₹ करोड़ में)	12.71	11.81
प्रति कर्मचारी शुद्ध लाभ (₹ करोड़ में)	(13.86)	(6.49)

6. पूंजी एवं जोखिम भारित आस्तियों का अनुपात (सीआरएआर)

पूंजी पर्याप्तता अनुपात के संविभाग निम्नानुसार हैं :

	31.03.2018		31.03.2017	
	बासल-II	बासल-III	बासल-II	बासल-III
टियर-I	5.50	7.01	6.87	8.62
टियर-II	3.96	2.03	3.50	2.33
पूंजी पर्याप्तता अनुपात	9.46	9.04	10.37	10.95

7. शुद्ध हानि

दिनांक 31 मार्च, 2018 को समाप्त वित्तीय वर्ष के दौरान बैंक को ₹ 5105 करोड़ की शुद्ध हानि हुई है. तदनुसार, वित्तीय वर्ष 2017-18 के लिए निदेशक मंडल ने इक्विटी शेयर पर कोई किसी प्रकार का लाभांश देने की संस्तुति नहीं की है.

8. वर्ष के दौरान निदेशक मंडल में परिवर्तन

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, बैंक के निदेशक मंडल में निम्नलिखित परिवर्तन हुए हैं :

- वित्त मंत्रालय, भारत सरकार की अधिसूचना की शर्तों के अनुसार डॉ. सौरभ गर्ग निदेशक, दिनांक 16 अगस्त, 2017 को बैंक निदेशक पद से कार्य समय की समाप्ति पर अपना निर्धारित कार्यकाल पूर्ण कर कार्य निवृत्त हुए.
- दिनांक 17 अगस्त, 2017 को भारत सरकार द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार दिनांक 17 अगस्त, 2017 को श्री गोविन्द मोहन भारत सरकार के नामिती निदेशक के रूप में नियुक्त किए गए.
- दिनांक 09 अक्टूबर, 2017 को तीन वर्षों की अवधि के लिए श्री बी.एस. शेखावत बैंक के कार्यपालक निदेशक के रूप में नियुक्त किए गए.
- दिनांक 27 दिसम्बर, 2017 को तीन वर्षों की अवधि के लिए प्रो. (डॉ.) आत्मानंद बैंक के अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक के रूप में नियुक्त किए गए.
- पेंशन फंड रेग्युलेटरी एंड डेवलपमेंट अथॉरिटी(पीएफआरडीए) में पूर्ण कालिक सदस्य (वित्त) के रूप में अपनी नियुक्ति के फलस्वरूप श्री सुप्रतिम बंद्योपाध्याय दिनांक 17 मार्च, 2018 को अपने कार्य समय की समाप्ति पर बैंक के शेयरधारक निदेशक के पद से कार्य निवृत्त हुए.

निदेशक मंडल, वित्तीय वर्ष 2017-18 के दौरान बैंक के निदेशक पद से सेवानिवृत्त हुए डॉ. सौरभ गर्ग और श्री सुप्रतिम बंद्योपाध्याय द्वारा प्रदत्त बहुमूल्य योगदान की सराहना करते हुए उनकी सेवाओं को रेखांकित करता है.

8.1 दिनांक 14 मई, 2018 को जारी अधिसूचना के अनुसार वित्त मंत्रालय, भारत सरकार ने डॉ. भूषण कुमार सिन्हा, आर्थिक सलाहकार, वित्तीय सेवायें विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार को तत्काल प्रभाव (अर्थात दिनांक 14 मई, 2018 से प्रभावी) से और अगले आदेशों तक हमारे बैंक बोर्ड के वर्तमान निदेशक श्री गोविन्द मोहन के स्थान पर नियुक्त किया. डॉ. सिन्हा भारतीय आर्थिक सेवा,1993 के बैच के अधिकारी हैं. वर्तमान में वे आर्थिक सलाहकार के रूप में वित्तीय सेवायें विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली में नियुक्त हैं. मई 2018 में डीएफएस में नियुक्ति से पूर्व, निवेश एवं सार्वजनिक सम्पत्ति प्रबंधन (डीआईपीएएम) विभाग में आर्थिक सलाहकार के रूप में डॉ. सिन्हा का तीन वर्षों का कार्यकाल रहा था. डॉ. सिन्हा ने नेशनल स्कूल ऑफ मैनेजमेंट (एनजीएसएम), ऑस्ट्रेलियन नेशनल यूनिवर्सिटी (एएनयू), कैनबरा, ऑस्ट्रेलिया से बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (एमबीए) में मास्टर डिग्री और वित्तीय अध्ययन विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय से पीएचडी डिग्री ली है.

8.2 वित्तीय सेवायें विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार की अधिसूचना दिनांक 23 मई, 2018 के अनुसार श्री तपन रे को सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया में तीन वर्षों के लिए अधिसूचना की तारीख (अर्थात दिनांक 23 मई, 2018 से प्रभावी) से अथवा नये आदेशों के आने तक, जो भी पहले हो, अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक के साथ-साथ गैर-कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया है. श्री तपन रे सचिव (कॉर्पोरेट अफेयर्स), भारत सरकार, गुजरात कैडर के आईएएस के रूप में 35 वर्षों की सेवा के पश्चात सेवानिवृत्त हुए हैं. आपने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, नई दिल्ली से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में डिग्री हासिल की है. आपने वुडरो विलसन स्कूल, प्रिंस्टन विश्वविद्यालय, यूएसए से पब्लिक पॉलिसी में पोस्ट ग्रेजुएट और मैक्सवेल स्कूल, सिराक्यूज विश्वविद्यालय, यूएसए से पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन में मास्टर डिग्री भी हासिल की है. आपने कानून और अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में भी डिग्री हासिल की है. आपने भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों, जैसे- रक्षा, कपड़ा, विद्युत उर्जा, विज्ञान एवं तकनीकी, सूचना प्रौद्योगिकी एवं योजना मंत्रालयों में अपनी सेवायें प्रदान की हैं. आप गुजरात राज्य में वित्तीय विभाग में मुख्य सचिव थे. श्री रे, भारत सरकार के साथ-साथ गुजरात सरकार के विभिन्न कंपनियों में 12 वर्षों से अधिक के दीर्घ कॉर्पोरेट अनुभवों से संपन्न हैं. आप गुजरात राज्य पेट्रोलियम निगम और इसकी समूह कंपनियों के प्रबंध निदेशक के रूप में 5 वर्षों की सेवा दे चुके हैं. आपने सचिव (कॉर्पोरेट अफेयर्स) के रूप में सेबी के बोर्ड में भी अपनी सेवायें प्रदान की है.

9. पर्दाफाश नीति

लोकहित प्रकटीकरण एवं मुखबिर संरक्षण (पीआईडीपीआई) के अंतर्गत बैंक पर्दाफाश शिकायतों के लिए केंद्रीय सतर्कता आयोग के दिशानिर्देशों का पालन करता है. बैंक का सेंट विजिल नामक एक वेब पोर्टल है जिसमें कर्मचारी और निदेशकगण कदाचारों की रिपोर्टिंग अपनी पहचान उजागर किए बिना कर सकते हैं, जो सिर्फ मुख्य सतर्कता अधिकारी को ही ज्ञात होती है. निदेशकगण और कर्मचारी आवश्यकता के आधार पर लेखापरीक्षा समिति के अध्यक्ष से भी संपर्क कर सकते हैं. इससे कदाचार पर अंकुश लगाने, धोखाधड़ी रोकने एवं कर्मचारियों का मनोबल बढाने में मदद मिलती है.

10. त्वरित सुधारात्मक कार्रवाई

दिनांक 13 जून, 2017 को जारी अपने पत्र में भारतीय रिजर्व बैंक ने उच्च शुद्ध एनपीए और आस्तियों पर नकारात्मक प्राप्तियों के आलोक में बैंक को त्वरित सुधारात्मक कार्रवाई (पीसीए) के अंतर्गत रखा है. बैंक को यह विश्वास है कि पीसीए से निकलने वाले सुधारात्मक उपाय बैंक के संपूर्ण कार्यनिष्पादन को सुधारने में सहायता करेगा.

11. व्यावसायिक उत्तरदायित्व संबंधी रिपोर्ट

व्यावसायिक उत्तरदायित्व संबंधी रिपोर्ट, भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (दायित्व सूचीकरण एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम 2015 के विनियम 34 के अंतर्गत निर्धारित है जो बैंक की वेबसाइट (www.centralbankofindia.co.in) पर उपलब्ध है. इसकी हार्ड प्रति प्राप्त करने का इच्छुक कोई भी व्यक्ति बैंक के प्रधान कार्यालय में कम्पनी सचिव को लिख कर इसे प्राप्त कर सकता है.

12. निदेशकों के उत्तरदायित्व संबंधी विवरण

निदेशकगण यह पुष्टि करते हैं कि दिनांक 31 मार्च, 2018 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए वार्षिक लेखों को तैयार करते समय:

- महत्त्वपूर्ण विचलन, यदि कोई है, के सम्बंध में समुचित स्पष्टीकरण के साथ, लागू लेखांकन मानकों का अनुपालन किया गया है;
- भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशानुसार तैयार लेखांकन नीतियों को सुसंगत रूप में लागू किया गया है;
- समुचित एवं विवेकसम्मत निर्णय एवं प्राक्कलन किए गए हैं, ताकि वित्तीय वर्ष की समाप्ति पर बैंक के कारोबारी मामलों का तथा दिनांक 31 मार्च, 2018 को समाप्त वर्ष के अंत में बैंक के लाभ का सही एवं स्पष्ट चित्रण प्रस्तुत किया जा सके;
- भारत में बैंकों को अधिशासित करने वाले नियमों के प्रावधानों के अनुरूप पर्याप्त लेखांकन अभिलेख रखने में समुचित एवं पर्याप्त सावधानियां बरती गई हैं; एवं
- लाभकारी कारोबार वाले संस्थान के आधार पर, लेखे तैयार किए गए हैं.
- आंतरिक वित्तीय नियंत्रण पर्याप्त हैं एवं वे प्रभावी रूप से क्रियान्वित थे.
- सभी लागू कानूनों के प्रावधानों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए समुचित प्रणाली तैयार की गयी है जो पर्याप्त व प्रभावी रूप से कार्यरत हैं.

13. कॉर्पोरेट गवर्नेंस

बैंक का निदेशक मंडल, कॉर्पोरेट गवर्नेंस प्रथाओं को अक्षरस: अपनाने के लिए प्रतिबद्ध है. बैंक ने कॉर्पोरेट गवर्नेंस पर सुस्पष्ट लिखित प्रणाली तथा प्रथाओं को अपनाया है.

14. आभार

निदेशक मंडल भारत सरकार, भारतीय रिज़र्व बैंक और भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड के अमूल्य मार्गदर्शन एवं सहयोग के प्रति आभार व्यक्त करता है; निदेशक मंडल अपने ग्राहकों एवं शेयरधारकों द्वारा प्रदत्त निर्बाध समर्थन एवं विश्वास के लिए उनके प्रति भी आभार व्यक्त करता है. निदेशक मंडल स्टाफ सदस्यों के योगदान एवं समर्पित सेवाओं की प्रशंसा करता है.

निदेशक मंडल की ओर से

स्थान : मुंबई
दिनांक : 25 मई, 2018

राजीव ऋषि
प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी

प्रबंधतंत्र विचार एवं विश्लेषण

भाग ए : आर्थिक परिदृश्य

वैश्विक अर्थव्यवस्था ने वर्ष 2017 में 3.8% की वृद्धि दर्ज की है, जब कि वर्ष 2016 में यह 3.2% थी और उम्मीद है कि वर्ष 2018 में विकसित और उभरती हुई अर्थव्यवस्थाओं के सहयोग से यह स्थिति बरकरार रहेगी. विकसित अर्थव्यवस्थाओं ने वर्ष 2017 में 2.3% वृद्धि दर्ज की है, जब कि वर्ष 2016 में यह 1.7% थी. विकसित अर्थव्यवस्थाओं में से एक, यूएस की अर्थव्यस्था में वर्ष 2017 में 2.3% की वृद्धि हुई है, जब कि वर्ष 2016 में यह 1.5% थी. यूएस में समष्टि मानदंडों में व्यापक सुधार हुआ है. वर्ष 2017 में यूएस में मुद्रास्फीति बढ़ गई और 2.1% के स्तर पर पहुंच गई. यूएस संघ ने क्रमिक दर वृद्धि के साथ अपनी मौद्रिक नियंत्रण प्रक्रिया को जारी रखा हुआ है. यूरो क्षेत्रों में; वर्ष 2017 में वास्तविक जीडीपी 2.3% बढ़ गया है. इस क्षेत्र में, वर्ष 2017 में मुद्रास्फीति 1.5% बढ़ गई है. पिछले वर्ष की तुलना में वर्ष 2017 में सकल पूंजी निर्माण और औद्योगिक उत्पादन दोनों बढ़ गए हैं. वर्ष 2017 में, जापान की जीडीपी 1.7% बढ़ गई है. अनुकूल घरेलू मुद्रा के सहयोग से वर्ष 2017 में निर्यात बढ़कर 6.8% हो गया है. निजी उपभोग में वृद्धि के कारण घरेलू मांग बढ़ गई. उभरती हुई अर्थव्यवस्थाओं के बीच, वर्ष 2017 में चीन का जीडीपी 6.9% हो गया, जो हमारे देश द्वारा वित्तीय लिवरेज को कम करने का मार्ग अपनाने के कारण पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में अधिक है. वर्ष 2017 में मुद्रा स्फीति 1.6% हो गई. वर्ष 2017 में अचल आस्तियों में निवेश बढ़कर 7.2% हो गया. वर्ष 2017 में उपभोक्ता वस्तुओं की रिटेल बिक्री बढकर 9.4% हो गई है. वर्ष 2017 में रूस की अर्थव्यवस्था लगातार दो वर्षों के संकुचन के पश्चात बढ़कर 1.5% के स्तर पर पहुँच गई. वैश्विक कारकों, ब्राजील की अर्थव्यवस्था में वर्ष 2017 में 1% की वृद्धि हुई. जैसे कि यूएस में ब्याज दर चक्र, उभरती हुई अर्थव्यवस्थाओं जैसे कि भारत के पूँजीगत प्रवाह, विनिमय दर इत्यादि पर प्रभाव डाल सकता है. बढ़ती हुई तेल की कीमतें भारत के समष्टि मानदंडों पर भी प्रभाव डाल सकती है.

वर्ष 2017-18 में राष्ट्रीय आय के दूसरे अग्रिम अनुमान के अनुसार, वर्ष 2017-18 में वास्तविक जीडीपी की सामान्य वृद्धि 6.6% पर रहने का अनुमान है, जबकि वर्ष 2016-17 में यह 7.1% थी. तथापि, तिमाही डाटा ने यह दर्शाया है कि भारतीय अर्थव्यवस्था हाल ही में किए गए सुधारात्मक उपायों के "अस्थाई प्रभाव" से उबरकर ट्रैक पर आ गयी है. वित्तीय वर्ष 2018 की पहली तिमाही से तीसरी तिमाही में जीडीपी में बढ़ोत्तरी की प्रवृत्ति देखी गई है. वित्तीय वर्ष 2018 की तीसरी तिमाही में जीडीपी वृद्धि 7.2% की प्रभावशाली दर पर है, जबकि वित्तीय वर्ष 2018 की दूसरे तिमाही में यह 6.5% थी. वित्तीय वर्ष 2018 की तीसरी तिमाही में कृषि वर्धित मूल्य में 4.1% और विनिर्माण में 8.1% की बढ़ोत्तरी हुई है. वित्तीय वर्ष 2018 की तीसरी तिमाही में, सेवा क्षेत्र खंड में, होटल, परिवहन, संचार और ब्रॉडकास्टिंग (प्रसारण) से संबंधित सेवाओं में 9% की बढ़ोत्तरी हुई है.

अप्रैल 2017 से फरवरी 2018 के दौरान औद्योगिक उत्पादन के सूचकांक में 4.3% की संचयी वृद्धि हुई, जबकि माह अप्रैल 2016 से माह फरवरी 2017 के दौरान यह वृद्धि 4.7% थी. उपयोग आधारित वर्गीकरण में पूँजीगत वस्तु उद्योग ने लंबी मंदी के पश्चात अप्रैल 2017 से फरवरी 2018 के दौरान 5.3% की संचयी बढ़ोत्तरी दर्ज की है. वित्तीय वर्ष 2018 में आठ महत्वपूर्ण उद्योगों में 4.2% की कुल बढ़ोत्तरी हुई, जबकि वित्तीय वर्ष 2017 में यह 4.8% थी. इस्पात, सीमेंट और विद्युत जैसे महत्वपूर्ण उद्योगों में क्रमशः5.6%, 6.3% और 5.2% की दर से मध्यम वृद्धि हुई.

वर्ष 2017-18 में उपभोक्ता मूल्य मुद्रास्फीति 3.6% पर सीमित हो गई, जबकि वर्ष 2016-17 में यह 4.5% थी . वित्तीय वर्ष 2018 में खाद्य एवं पेय सामग्रियों के मूल्य में 2.2% की कमी हुई. जबकि पिछले वित्तीय वर्ष में यह 4.4% थी. वित्तीय वर्ष 2018 में खाद्य मदों में अनाज में मंदी रही, जबकि सब्जियों के मूल्य में बड़ा उछाल आया और दलहनों की कीमत में संकुचन रहा. वित्तीय वर्ष 2018 में आवास मुद्रास्फीति में 6.5% की बढ़ोत्तरी हुई और तेल तथा विद्युत मुद्रास्फीति में 6.2% की वृद्धि हुई.

मौद्रिक नीति के अंतर्गत, माह अगस्त 2017 में भा.रि.बैं. के मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) द्वारा बेंचमार्क रेपो दर में 25 बेसिस पॉइंट कम करने के कारण रेपो दर 6.00% हो गया है, जो पहले 6.25% था. माह अक्टूबर, 2017 में एमपीसी ने सांविधिक तरलता अनुपात (एसएलआर) में 20% से कमी करके इसे 19.5% कर दिया है.

वर्ष 2017-18 में वैश्विक कच्चे तेल के मूल्यों इत्यादि के बढ़ने के कारण यूएस में मौद्रिक नीति को नियंत्रण करने के निर्णय के कारण, भारतीय इक्विटी बाजार में विदेशी पोर्टफोलियों निवेश में, पूर्ववर्ती वित्तीय वर्ष की तुलना में पर्याप्त रूप से कमी हुई है. वित्तीय वर्ष 2018 में भारतीय इक्विटी खंड में एफपीआई ₹ 25,635 करोड़ है, जबकि वित्तीय वर्ष 2017 में यह 55,703 करोड़ था. इसके विपरीत ऋण खंड में एफपीआई अनियंत्रित ढ़ंग से बढ़ गया. ऋण खंड में वित्तीय वर्ष 2018 में, विदेशी निवेशकों ने 1,19,036 करोड़ रखा, जबकि इसकी तुलना में वित्त वर्ष 2017 में शुद्ध बहिर्वाह ₹ 7,292 करोड़ था.

वर्ष 2017-18 में भारत के व्यापारिक माल के निर्यात में 9.78% की बढ़ोत्तरी हुई और उसी अवधि के लिए व्यापारिक माल के आयात में 19.59% की बढ़ोत्तरी हुई. वर्ष 2017-18 में व्यापार घाटा बढ़कर यूएसडी 156.83 बिलियन हो गया. तेलों के आयात में हुई पर्याप्त बढ़ोत्तरी होने के कारण व्यापार घाटा बढ़ा. वित्तीय वर्ष 2018 में तेल के आयात में 25.47% की वृद्धि हुई है. रुपये ने यूएस डॉलर के समक्ष वित्तीय वर्ष 2017 की तुलना में वितीय वर्ष 2018 में बेहतर स्थिति दर्ज की है. तथापि, वित्तीय वर्ष 2018 की अंतिम तिमाही में डॉलर के समक्ष रुपए में मूल्यह्रास हुआ है.

बैंकिंग का बदलता परिदृष्य

विमुद्रीकरण के पश्चात बैंकिंग उद्योग में ऋण वृद्धि धीरे-धीरे बढ रही है. वित्तीय वर्ष 2018 में ऋण-जमा अनुपात में सुधार आया है. तथापि, दबावग्रस्त कॉर्पोरेट तुलन पत्रों ने ऋण वृद्धि को वांछित स्तर तक पहुँचने नहीं दिया. आस्ति गुणवत्ता बैंकिंग उद्योग के लिए चिंता का कारण बना हुआ है. भारतीय रिजर्व बैंक ने कुछ सावर्जनिक क्षेत्र के बैंकों को जोखिम भरी गतिविधियों से बचने के लिए त्वरित सुधारात्मक कार्रवाई ढाँचे के अंतर्गत डाला है और उनके तुलनपत्र को मजबूती देने हेतु पूँजी सुरक्षित रखी है. सरकार द्वारा घोषित बैंकों के पुनर्पूँजीकरण योजना, भारत के सार्वजनिक क्षेत्रों के बैंकों को पर्याप्त पूँजी देने हेतु एक स्वागतयोग्य कदम है. अक्टूबर 2017 में, सरकार ने पुनर्पूँजीकरण हेतु ₹ 2.11 ट्रिलियन की घोषणा की, जिसमें से ₹1.35 ट्रिलियन पुनर्पूँजीकरण बाँड द्वारा उगाही जायेगी.

भाग बी - बैंक का कार्यनिष्पादन

व्यवसाय

दिनांक 31 मार्च, 2018 को बैंक का कुल व्यवसाय ₹472323 करोड़ हो गया, जो 5.04% की वृद्धि दर्शाता है, जबकि पिछले वर्ष यह आँकड़ा ₹449679 करोड़ था. उच्च लागत जमा दिनांक 31 मार्च, 2018 को घटकर ₹ 850 करोड हो गई है, जबकि दिनांक 31 मार्च, 2017 को यह ₹13356 करोड़ थी.

बैंक का परिचालन लाभ दिनांक 31 मार्च, 2018 को समाप्त वित्तीय वर्ष में ₹ 2733 करोड़ रहा, जबकि दिनांक 31 मार्च, 2017 को समाप्त पिछले वित्तीय वर्ष में यह ₹ 3089 करोड़ था. बैंक ने बढ़े हुए प्रावधानों के कारण वर्ष 2017-18 में ₹ 5105 करोड़ की शुद्ध हानि दर्ज की है, जबकि पिछले वर्ष यह ₹ 2439 करोड़ थी.

संसाधन संग्रहण

दिनांक 31 मार्च, 2018 को बैंक की सकल जमा ₹ 294839 करोड़ रही जो ₹850 करोड़ की उच्च लागत जमाओं में हुई कमी के पश्चात थी. बचत जमा वर्ष 2017-18 में बढ़कर ₹110509 करोड़ हो गई, जो 7.18% की वृद्धि दर्शाती है, जबकि पिछले वर्ष यह ₹ 103102 करोड़ थी तथा चालू जमा वर्ष 2017-18 में ₹14687 करोड़ हो गई, जबकि वर्ष 2016-17 में यह ₹ 13207 करोड़ थी. कुल जमा में कासा जमा की हिस्सेदारी बढकर 42.46% हो गई, जो पिछले वर्ष के दौरान 39.20% थी. कोर सावधि जमा वर्ष 2017-18 में 3.77% की वृद्धि के साथ ₹ 293989 करोड़ के स्तर पर पहुँच गई है, जबकि वर्ष 2016-17 में यह ₹ 283315 करोड़ थी.

बैंक में भारतीय लेखांकन मानक का क्रियान्वयन एवं कार्य-योजना

कॉर्पोरेट मामलों से संबंधित मंत्रालय द्वारा घोषित मूल रोड मैप के अनुसार सभी बैंक (क्षे.ग्रा.बैंक को छोडकर) दिनांक 1 अप्रैल, 2018 के प्रारंभ से अब तक की लेखांकन अवधि के साथ-साथ दिनांक 31 मार्च, 2018 को समाप्त अवधि अथवा उसके पश्चात के लिए तुलनात्मक लेखांकन के लिए अपनी वित्तीय विवरणियाँ भारतीय लेखांकन मानक के अनुसार तैयार करनी होगी. दिनांक 05 अप्रैल, 2018 को भारिबैं ने अपने विकास और विनियामक नीतियों से संबंधित विवरणियों में यह उल्लेख किया है कि बैंकिंग विनियामक अधिनियम 1949 की तीसरी अनुसूची में निर्धारित वित्तीय विवरणियों के प्रारूप में आवश्यक विधायी सुधार किए गए हैं, जो सरकार के विचाराधीन है. इसके आलोक में, और कई बैंकों की तैयारी के स्तर को देखते हुए भी बैंकों में भारतीय लेखांकन मानक के क्रियान्वयन को भारिबैं द्वारा, अपेक्षित आवश्यक विधायी परिवर्तन तक, एक वर्ष के लिए स्थगित कर दिया गया है. अब से, बैंकों में भारतीय लेखांकन मानक के क्रियान्वयन हेतु संशोधित समय सीमा दिनांक 31 मार्च, 2019 अथवा उसके पश्चात समाप्त अवधि के लिए तुलनात्मक लेखांकन सहित दिनांक 01 अप्रैल, 2019 से प्रारंभ होगी. बैंक एक भारतीय लेखांकन मानक सलाहकार, संस्थापित कोर भारतीय लेखांकन टीम की सेवायें ले रहा है और भारतीय लेखांकन मानक को क्रियान्वित करने की प्रक्रिया प्रारंभ कर चुका है. प्रगति की निगरानी के लिए कार्यपालक निदेशक की अगुवाई में एक संचालन समिति स्थापित की गई है. निदेशक मंडल और बोर्ड की लेखा समिति भारतीय लेखांकन मानक की प्रगति की आवधिक समीक्षा करती है. भारिबैं के निर्देशानुसार बैंक ने सितम्बर 2016 और जून 2017 के लिए भारतीय लेखांकन मानक के वित्तीय विवरण का प्रारूप प्रस्तुत कर दिया है.

ऋण

बैंक का सकल अग्रिम ₹3600 करोड़ (शुद्ध आईबीपीसी प्रभाव) की वृद्धि के साथ दिनांक 31 मार्च, 2018 को ₹1,77,484 करोड़ हो गया, जबकि दिनांक 31 मार्च, 2017 को यह ₹1,53,008 करोड़ था. यह वर्ष दर वर्ष 2.07% की वृद्धि दर्शाता है.

ऋण निगरानी विभाग

- बैंक ने सुपरिभाषित निगरानी नीति शुरू की है, जिसमें एसएमए (विशेष उल्लिखित खाते) प्रबंधन पर विस्तृत दिशानिर्देश दिए गए हैं, इसमें एसएमए प्रबंधन के सभी क्षेत्र, त्वरित चेतावनी संकेतक, निगरानी एवं अनुवर्ती उपाय तथा रिपोर्टिंग प्रणाली को समाहित किया गया है.
- मई 2011 में निदेशक मंडल द्वारा इस नीति का अनुमोदन किया गया है और दिनांक 1 जुलाई, 2011 से पूरे बैंक में इसे लागू किया गया है. बोर्ड के अनुमोदन के अनुरूप समय-समय पर नीति में संशोधन किए जा रहे हैं.
- महाप्रबंधक के स्वतंत्र प्रभार के अंतर्गत दिनांक 1 अगस्त, 2011 से ऋण निगरानी के लिए एक पृथक वर्टिकल बनाया गया है.

- निगरानी नीति दिशानिर्देशों के अनुसार, केन्द्रीय कार्यालय, सभी आंचलिक/क्षेत्रीय कार्यालयों तथा कॉर्पोरेट वित्त शाखाओं के स्तर पर प्रत्येक माह मानक अनियमित/एसएमए खातों की पुनरीक्षा करने के लिए निगरानी समितियां गठित की गई हैं एवं ऋण निगरानी की संपूर्ण कार्रवाई की संगठित पुनरीक्षा माह में एक बार की जाती है.
- निगरानी दक्षता/जागरुकता विकसित करने के लिए, उप क्षेत्रीय प्रबंधकों/ऋण समीक्षा अधिकारियों सहित फील्ड स्टाफ सदस्यों के लिए कई कार्यशालाएं आयोजित की गईं हैं.
- दबावग्रस्त खातों की आस्ति गुणवत्ता के प्रबंधन के लिए कार्यनीतियां बनाने हेतु, विभिन्न क्षेत्रीय कार्यालयों/आंचलिक कार्यालयों में स्थानीय बैठकों का आयोजन किया गया एवं/अथवा फील्ड वसूली टीम/क्षेत्रीय प्रबंधक/आंचलिक प्रबंधक/केन्द्रीय कार्यालय द्वारा एसएमए उधारकर्ताओं के साथ बैठक की गई.
- बैंक ने कॉर्पोरेट, एसएमई, रिटेल तथा प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र के अग्रिमों पर रीयलटाइम निगरानी के लिए केन्द्रीकृत ऋण मूल्यांकन प्रणाली एवं पर्यवेक्षण (क्लास) निगरानी मॉड्यूल सॉफ्टवेयर का भी कार्यान्वयन किया है.
- सघन ऋण निगरानी सुनिश्चित करने के लिए ऑफसाइट निगरानी पर्यवेक्षण प्रणाली हेतु भी कदम उठाए गए हैं.
- ₹ 5 करोड़ एवं उससे अधिक के नए/ऋण सीमा वृद्धि के अग्रिमों में संवितरण पूर्व लेखापरीक्षा तथा ₹ 1 करोड़ एवं उससे अधिक के नए अग्रिमों में संवितरण के 30 दिन के अंदर लेखापरीक्षा करना प्रारंभ किया गया है.
- सरकार के "ईएएसई" दिशानिर्देशों के अनुसार, "दबावग्रस्त आस्ति प्रबंधन वर्टिकल" के गठन को बोर्ड द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया.

प्राथमिकता क्षेत्र ऋण

भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देशानुसार, समायोजित शुद्ध बैंक ऋण अथवा इतर तुलन-पत्र जोखिम के तुल्य ऋण, में से जो भी अधिक हो, का 40% प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र के अंतर्गत प्रदान किया जाना है. अत: इस क्षेत्र के अंतर्गत ऋण प्रवाह बैंक के लिए अत्यंत महत्व का क्षेत्र है. हमने कृषि, एमएसएमई, आवास, शैक्षिक एवं प्राथमिकता क्षेत्र के अन्य प्रमुख घटकों में ऋण प्रवाह बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया है. इसके परिणामस्वरूप, प्राथमिकता क्षेत्र के अंतर्गत हमारी प्रगति प्रभावपूर्ण रही है.

दिनांक 31.03.2018 को प्राथमिकता क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में बैंक का कार्यनिष्पादन (लेखापरीक्षित) निम्नानुसार है :-

(₹ करोड़ में)

क्र.सं.	विवरण	मार्च 2017	मार्च 2018	वृद्धि (%)
	समायोजित शुद्ध बैंक ऋण **(एएनबीसी)**	206155.21	166536.78	
1	प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र अग्रिम **(एएनबीसी का प्रतिशत)**	78289 (37.98*)	73284 (44.00*)	(6.39)
2	विक्रय किए गए ₹ 8110 करोड़ के पीएसएलसी का सकल कृषि अग्रिम **(एएनबीसी का प्रतिशत)**	37537 (18.21)	30776 (18.48)	(18.01)
3	एमएसएमई (एएनबीसी का प्रतिशत) के साथ खरीदे गए ₹7524.50 करोड़ मूल्य के पीएसएलसी	29531	33223	12.50
4	शैक्षणिक ऋण	1909	2773	45.26
5	आवास ऋण (₹25.00 लाख तक)	9340	13392	43.38
6	अन्य प्राथमिकता क्षेत्र	94	106	12.77
7	नवीकरणीय ऊर्जा	8	6	(25.00)
8	सोशल इन्फ्रास्ट्रक्चर	10	9	(10.00)

(*₹14505.50 करोड़ के पीएसएलसी एवं ₹1500 करोड़ के आईबीपीसी बिक्री के समायोजन के पश्चात)

- वर्ष 2017-18 के दौरान प्राथमिकता क्षेत्र के अंतर्गत ऋण विनियोजन ₹ 82834.61 करोड़ रहा, जो पिछले वर्ष की तुलना में ₹ 9484.37 करोड़ की वृद्धि दर्शाता है. तथापि, प्राथमिकता क्षेत्र ऋण में एएनबीसी से ऊपर अतिरिक्त ऋण का फायदा उठाने के लिए बैंक ने पीएसएलसी में बिक्री/खरीद लेनदेन आरंभ किया है. वर्ष के दौरान बैंक ने प्राथमिकता क्षेत्र अग्रिम के अंतर्गत ₹ 22030 करोड़ मूल्य की पीएसएलसी की बिक्री की है और एमएसएमई पोर्टफोलियो के अंतर्गत ₹ 7524.50 करोड़ मूल्य की पीएसएलसी की खरीद की है. इस प्रकार, वित्तीय वर्ष की समाप्ति पर शुद्ध बिक्री 14505.50 करोड़ थी. बैंक ने प्राथमिकता क्षेत्र अग्रिम के अंतर्गत ₹ 1500 करोड़ के आईबीपीसी की भी बिक्री की है. पूर्वोक्त बिक्री के बावजूद बैंक का

प्राथमिकता क्षेत्र ऋण एएनबीसी से ₹ 6669.28 करोड़ अधिक रहा है.

प्राथमिकता क्षेत्र (₹ करोड़ में)



कृषि

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, कुल कृषि ऋण ₹ 673.44 करोड़ की वृद्धि दर्शाते हुए दिनांक 31.03.2017 के ₹ 33518.54 करोड़ के स्तर से बढ़कर ₹ 34191.98 करोड़ हो गया है. समायोजित शुद्ध बैंक ऋण (एएनबीसी) में शुद्ध कृषि ऋण की हिस्सेदारी 18.48% रही. जबकि निर्धारित लक्ष्य 18% था.

कृषि (₹ करोड़ में)



कृषि क्षेत्र में ऋण प्रवाह बढ़ाने हेतु की गई नई पहलें :

विशिष्ट ऋण अभियान :

- हमारी सभी ग्रामीण एवं अर्द्ध-शहरी शाखाओं में कृषि ऋणों के प्रचार एवं नए ऋण स्वीकृत करने हेतु प्रत्येक माह के दौरान कम-से-कम एक मेगा ऋण शिविर का आयोजन किया गया.
- वर्ष के दौरान, किसानों से संपर्क के लिए गाँव संपर्क कार्यक्रमों का आयोजन किया गया.
- प्रधान मंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाय) के अंतर्गत पात्र ऋणकर्ता कृषकों के लिए बैंक 100% फसल बीमा सुनिश्चित कर चुका है.

वित्तीय समावेशन (एफआई)

- बैंक ने 2000 से अधिक जनसंख्या वाले 4,330 गांवों तथा 2000 से कम जनसंख्या के 18,376 गांवों को कवर किया है. बैंक ने इन गांवों को 6,387 बीसी एजेंटों के माध्यम से कवर किया.

1. हमने 177 शहरी वित्तीय समावेशन केन्द्र खोले हैं.

2. **लेनदेनो की संख्या**



3. वित्तीय लेनदेनों में बीसी के माध्यम से खोले गए खातों में वित्तीय वर्ष 2017-18 में लेनदेन बढ़कर 305.68 लाख (वर्ष दर वर्ष 56.81 % वृद्धि) हो गई जो वित्तीय वर्ष 2016-17 में 194.94 लाख थी.

4. **बीसी के माध्यम से व्यवसाय ;**



बीसी के माध्यम से व्यवसाय बढ़कर दिनांक 31 मार्च, 2018 को ₹ 1003.94 करोड़ हो गया है, जो दिनांक 31 मार्च, 2017 को ₹ 579.86 करोड़ था. 73.13 % की वृद्धि.

5. **बीसी के माध्यम से खाते खोलना:**



बीसी के माध्यम से खातों की संख्या दिनांक 31 मार्च, 2017 के 84.88 लाख से बढ़कर दिनांक 31 मार्च, 2018 को 99.89 लाख हो गई है: 17.68 % की वृद्धि.

6. बैंक ने अपनी शाखाओं एवं बीसी की माध्यम से 184.19 लाख बेसिक सेविंग बैंक डिपॉजिट अकाउंट (बीएसबीडीए) खोले हैं. इन खातों में कुल जमा शेष ₹ 2566.90 करोड़ है.

वित्त वर्ष 2016-17 के दौरान एफआई-पीएमजेडीवाई की प्रमुख उपलब्धियां

- बीसी आउटलेट के माध्यम से व्यवसाय 73.13% की वृद्धि के साथ ₹ 579.86 करोड़ से बढ़कर ₹ 1003.94 करोड़ हो गया.
- वित्तीय समावेशन व्यवसाय 24.00% की वृद्धि के साथ ₹2070.14 करोड़ से बढ़कर ₹ 2566.90 करोड़ हो गया.
- पीएमजेडीआई सक्रिय खातों में आधार सीडिंग 81.46% से बढकर 87.35% तथा सभी सक्रिय बचत खातों में यह 74.99% से बढ़कर 88.05% हो गई.
- बीसी-आउटलेट्स के माध्यम से कुल लेनदेनों की संख्या 56.81% की वृद्धि के साथ 194.94 लाख से बढ़कर 305.68 लाख हो गए.
- बीएसबीडी खातों की संख्या 7.78% की वृद्धि के साथ 170.89 लाख से बढ़कर 184.19 लाख हो गई.
- ₹10 लाख से अधिक के व्यवसाय वाले बीसी की संख्या में 60.30% की वृद्धि हुई और ये 1549 से बढ़कर 2483 हो गई. इसी प्रकार ₹ 1 करोड़ से अधिक के व्यवसाय वाले बीसी की संख्या में 138.10% की वृद्धि हुई और ये 42 से बढ़कर 100 हो गए.
- वर्ष 2017-18 के दौरान सामाजिक सुरक्षा योजना के अंतर्गत कुल पंजीकरण पीएमजेजेबीवाय - 10,50,200, पीएमएसबीवाय -28,64,191, तथा एपीवाय -3,07,513 है.
- पीएमजेजेबीवाय के अंतर्गत 4250 मृत्यु दावों में से, 4106 दावों का निपटान किया जा चुका है और पीएमएसबीवाय के अंतर्गत 1203 मृत्यु दावों में से 1125 दावों का निपटान किया जा चुका है.

अग्रणी बैंक के तहत कार्यनिष्पादन

- हम सात राज्यों यथा; मध्य प्रदेश(18), बिहार(10), महाराष्ट्र(7), उत्तर प्रदेश(5), पश्चिम बंगाल(3), राजस्थान(3) एवं छतीसगढ़(4) के 51 जिलों में अग्रणी बैंक के उत्तरदायित्व का निर्वाह कर रहे हैं. हमारी 50% से अधिक एवं लगभग 25% शाखाएं क्रमशः इन राज्यों एवं अग्रणी जिलों में कार्यरत हैं.
- अग्रणी बैंक योजना के प्रभावी कार्यान्वयन हेतु, अग्रणी जिला प्रबंधकों के कार्यालयों को पर्याप्त सुविधाओं से युक्त बनाया गया है तथा स्टाफ की समुचित व्यवस्था की गई है. साथ ही, अन्य बुनियादी सुविधाएं, यथा-पृथक/अच्छा परिसर, वाहन, कंप्यूटर/लैपटॉप (स्काइप सुविधायुक्त) तथा प्रिंटर, टेलीफोन, इन्टरनेट सुविधा, ई-मेल आईडी, मोबाइल, फैक्स, वेबसाइट की स्थापना इत्यादि भी उपलब्ध कराई गई हैं.
- हमने ग्रामीण इलाकों की आम जनता/लोगों को उनसे सम्बंधित हमारे बैंक के विभिन्न उत्पादों से परिचित कराने के लिए, किसान क्रेडिट कार्ड, सेन्ट्रल आर्टिजन क्रेडिट कार्ड, स्वाभिमान/आधार इत्यादि को एलडीएम को प्रदत्त गाड़ियों पर प्रदर्शित किया है.

- वार्षिक ऋण योजना के अंतर्गत अग्रणी जिलों में सभी बैंकों की उपलब्धियों की तुलना में हमारी शाखाओं की कुल उपलब्धियाँ अधिकतम और संतोषजनक स्तर पर है.
- हमने सशक्तीकरण, युवाओं के कौशल विकास प्रशिक्षण एवं ऋण संबद्धता के माध्यम से समन्वित विकास के लिए प्रत्येक अग्रणी जिले में एक-एक गांव का चयन किया है. सम्पूर्ण सामाजिक-आर्थिक परिवर्तन लाने के लिए सभी विकासपरक गतिविधियों जैसे वित्तीय शिक्षा/वित्तीय समावेशन कार्यक्रम आरसेटी में ग्रामीण बेरोजगार युवकों को प्रशिक्षण, स्वयं सहायता समूह/कृषक क्लब/जेएलजी का गठन, ऋण गतिविधियों का पूर्ण क्रियान्वयन किया जा रहा है. अग्रणी जिले के अन्य गांवों में भी इनकी प्रतिकृति दर्शाई जा रही है.

राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति :

- मध्य प्रदेश राज्य में हमारा बैंक एसएलबीसी का समन्वयक है. वर्ष 2017-18 के दौरान, विभिन्न एजेन्सियों द्वारा सरकार प्रायोजित कार्यक्रमों सहित विभिन्न पैरामीटरों के अंतर्गत राज्य में की गई प्रगति की समीक्षा तथा उस पर निगरानी रखने हेतु तीन नियमित एसएलबीसी बैठकें आयोजित की गईं. दिनांक 18 सितम्बर, 2017 को आयोजित 164वीं/165वीं एसएलबीसी के बैठक के दौरान, राज्य के माननीय मुख्य मंत्री, श्री शिवराज सिंह चौहान ने सहभागिता की थी.
- बैंकों से लगातार अनुवर्ती कार्रवाई करते हुए दिनांक 14 अप्रैल, 2018 से दिनांक 05 मई, 2018 तक आयोजित पीएमजेडीवाय, पीएमएसबीवाय एवं पीएमजेजेबीवाय के अंतर्गत भारत सरकार के "ग्राम स्वराज अभियान" के 100% लक्ष्य को राज्य ने प्राप्त कर लिया है.
- हमने अग्रणी बैंक योजना पर भारिबैं (एफआईडीडी) के केन्द्रीय कार्यालय को कुछ सुझाव लिखे हैं. दिनांक 06 अप्रैल, 2018 को भारिबैं विभिन्न स्टेक धारकों के लिए कार्रवाई बिन्दुओं के साथ अग्रणी बैंक योजना से संबंधित सुधारों की घोषणा की है. हमें यह सूचित करते हुए प्रसन्नता है कि भारिबैं ने हमारे सुझावों को महत्व दिया और नये परिपत्र में कुछ बिन्दुओं को शामिल किया है, जैसे, शाखाओं हेतु कॉर्पोरेट व्यवसाय लक्ष्य, वार्षिक ऋण योजनाओं (एसीपी) के साथ जिले और राज्यों को जोड़ना, इत्यादि.
- दिनांक 06.04.2018 को जारी अपने परिपत्र में भारिबैं ने ब्लॉक, जिले के साथ-साथ राज्य से संबंधित आंकड़ों को अपलोड और डाउनलोड करने में समर्थ बनाने के लिए प्रत्येक एसएलबीसी द्वारा वेबसाइट पर एक मानक सिस्टम विकसित किए जाने की आवश्यकता व्यक्त की है. इस परिपत्र के जारी होने से पहले एसएलबीसी मध्यप्रदेश ने इस कार्यप्रणाली को लागू करने का गौरव प्राप्त किया है और यह कार्यप्रणाली एसएलबीसी – एम. पी. की प्रतिकृति है.
- विभिन्न अवसरों पर एसएलबीसी - एम. पी द्वारा प्रबंधित वेबसाइट, अपनी आधुनिक विशिष्टताओं और बाह्यस्वरूप की वजह से कई स्टेक धारकों द्वारा सराही गई है.
- समय समय पर, हमने "बैंक के साथ भू-अभिलेख" को जोड़ने हेतु राज्य सरकार के साथ बैंकों के मुद्दों को उठाया है. हमें यह उल्लेख करते हुए प्रसन्नता हो रही है कि राज्य सरकार द्वारा ऐसे फंक्शन विकसित किये जा चुके हैं और शीघ्र ही इसका शुभारंभ किया जायेगा.
- कुछ जिलों में विभिन्न प्रतिकूलताओं के बावजूद दिनांक 31.03.2018 को राज्य का सीडी अनुपात 74.69% है.
- हमारे द्वारा लगातार अनुवर्तन के कारण बैंकों ने विभिन्न सरकार प्रायोजित योजनाओं जैसे कि मुख्य मंत्री स्वरोजगार सृजन योजना, मुद्रा, पीएमईजीपी, एनआरएलएम के अंतर्गत 100% से अधिक का लक्ष्य हासिल किया.
- वार्षिक ऋण योजना के अंतर्गत बैंकों के कार्यनिष्पादन पर एसएलबीसी द्वारा सतत निगरानी रखी जाती है, जिसके परिणामस्वरूप वित्त वर्ष 2017-18 के दौरान राज्य ऋण योजना का 100% लक्ष्य हासिल कर लिया गया है.
- इस राज्य के लिए हमारा विज़न है कि "राज्य का ऐसा सर्वांगीण एवं समन्वित विकास, जिससे सभी नागरिकों का जीवन समृद्ध बने तथा उन्हें अपनी क्षमता के अनुसार श्रेष्ठ प्रयास करने के अवसर प्राप्त हों और वे राष्ट्र के विकास में योगदान दे सकें".
- वार्षिक ऋण योजना के लक्ष्य हासिल करने, वित्तीय समावेशन के क्रियान्वयन संबंधी कार्य योजना एवं इन उद्देश्यों की प्राप्ति में भूमिका एवं उत्तरदायित्व निर्धारित करने के लिए विभिन्न कार्ययोजनाओं पर चर्चा के लिए राज्य के सभी जिला अग्रणी प्रबंधकों का समीक्षा सम्मेलन/ कार्यशाला आयोजित करने में हम अग्रणी रहे है.

वित्तीय साक्षरता एवं ऋण परामर्श केन्द्र (एफएलसीसी)

- हमने 7 राज्यों में 48 एफएलसीसी खोले हैं, यथा मध्य प्रदेश(18), बिहार(10), महाराष्ट्र(7), उत्तर प्रदेश(5), पश्चिम बंगाल(3), राजस्थान(3) एवं छत्तीसगढ़(2).
- इन सभी केन्द्रों द्वारा 6048 आउटडोर विजिट की गई, जिसमें 554250 व्यक्तियों को साक्षरता/परामर्श प्रदान किया गया. इनके अंतर्गत जन-अभियान एवं व्यक्तिगत परामर्श दोनों ही शामिल है.
- लोगों में जागरुकता लाने एवं उनकी आर्थिक स्थिति और जीवनयापन स्तर में सुधार के अवसर प्रदान करने के लिए बैंक ने उन्हें जन सम्पर्क प्रणाली युक्त गाड़ियां एवं बैंक द्वारा आरम्भ किये गए विभिन्न उत्पादों/योजनाओं को प्रचारित करने के लिए एलसीडी प्रदान किए हैं. इसके अलावा गांव के दौरों एवं परामर्श प्रदान करते समय शिक्षण सामग्री, किट, किताबें इत्यादि भी उपलब्ध कराई है.

ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी)

- बैंक ने देश के 9 राज्यों में 46 आरसेटी की स्थापना की है अर्थात मध्य प्रदेश(18), बिहार(9), महाराष्ट्र(6), उत्तर प्रदेश(5), पश्चिम बंगाल(3), छत्तीसगढ़(2), राजस्थान(1), ओडिसा(1) एवं असम(1).
- वर्ष 2017-18 के दौरान, आरसेटी ने 1280 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए, जिनमें 33428 प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया. इनमें से, 23403 (70%) प्रशिक्षु बैंक-ऋण के माध्यम से संबद्ध, मजदूरी निपटान एवं स्व-वित्त पोषण से व्यवस्थित किए गए.
- 46 आरसेटी केन्द्रों में से 45 आरसेटी केन्द्रों को एए ग्रेड और 01 केंद्र को एबी ग्रेड में रखा गया है. कोई भी आरसेटी केन्द्र सी एवं डी ग्रेड में नहीं है.
- ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार ने हमारे आरसेटी को गुणवत्ता प्रमाणपत्र दिया है.
- महाराष्ट्र राज्य में कार्यरत हमारी आरसेटी को महाराष्ट्र सरकार ने गुणवत्ता प्रमाणपत्र दिया है.

अन्य पहलें

- आरसेटी तथा एफएलसीसी के प्रचालनों तथा कार्य-प्रणाली पर नियंत्रण एवं निगरानी रखने के लिए हमारे बैंक द्वारा ''सेन्ट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया सामाजिक उत्थान एवं प्रशिक्षण संस्थान (सीबीआई-एसयूएपीएस)" नाम से एक सोसाइटी/ट्रस्ट की स्थापना की गई है.
- आरसेटी तथा एफएलसीसी के मामलों तथा कार्यों पर पूर्ण नियंत्रण एवं निगरानी रखने हेतु, हमने एक उच्च स्तरीय प्रशासकीय परिषद का गठन किया है, इसमें हमारे अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, सरंक्षक, कार्यपालक निदेशक, अध्यक्ष एवं महाप्रबंधकगण इसके सदस्य हैं.
- हमने पर्याप्त मानवशक्ति के साथ यथेष्ट दक्षता प्राप्त सेवानिवृत्त वरिष्ठ बैंक अधिकारियों को आरसेटी निदेशक के रूप में कार्य करने हेतु अनुबंधित करना प्रारम्भ कर दिया है.
- जिला स्तर पर सभी स्थानीय विकास संस्थानों के प्रतिनिधियों को सम्मिलित कर स्थानीय सलाहकार समितियों तथा प्रशिक्षण समितियों का गठन किया गया है.
- सभी 46 आरसेटी के लिए भवन निर्माण हेतु, हमने एक मॉडल योजना तैयार की है. इन 46 आरसेटी में से 30 आरसेटी भवन का निर्माण पूरा हो चुका है और शेष में कार्य प्रगति पर है.

एमएसएमई विभाग :

1. **कार्यनिष्पादन :** (₹ करोड़ में)

विवरण	31.03.2017 (लेखापरिक्षत)*	31.03.2018 (लेखापरिक्षत) पीएसएलसी के बिना	31.03.2018 (लेखापरिक्षत)* पीएसएलसी के साथ**	पीएसएलसी के बिना वर्ष-दर-वर्ष % वृद्धि	पीएसएलसी के साथ वर्ष-दर-वर्ष% वृद्धि
सूक्ष्म उद्यम	9397	10724	18249	14%	94%
एमएसई	26956	29503	37027	9.44%	37.36%
एमएसएमई (प्रा.क्षे.)	29531	33223	40748	12.50%	38%
कुल एमएसएमई	30701	34025	41550	10.83%	35.34%
कुल अग्रिम में एमएसएमई अग्रिम का %	20%	19.17%	23.41%		
भा.रि.बैं. अधिदेश (प्रधानमंत्री कार्यदल)	31.03.17 (लेखापरिक्षत)	31.03.18 (लेखापरिक्षत)	31.03.18 (लेखापरिक्षत)	लक्ष्य मार्च-18	लक्ष्य मार्च -18
सूक्ष्म उद्यम खातों की संख्या	654726	676149	676149	720200	720200
सूक्ष्म उद्यमों के अंतर्गत खातों की संख्या में वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि	27%	3%	3%	10%	10%
भा.रि.बैं. अधिदेश (प्रधानमंत्री कार्यदल)	31.03.17 (लेखापरिक्षत)	31.03.18 (लेखापरिक्षत)	31.03.18 (लेखापरिक्षत)	लक्ष्य मार्च -18	लक्ष्य मार्च -18
एमएसई पोर्टफोलियो (राशि)	26956	29503	37027	36024	36024
एमएसई के अंतर्गत वर्ष-दर-वर्ष ऋण वृद्धि	(-)4.34%	9.45%	37.36%	20%	20%
एमएसई ऋण में सूक्ष्म ऋणों का %	35%	36.35%	49.29%	60%	60%

(*) ₹ 22991 करोड़ की ऋण आस्तियों की बिक्री में एमएसएमई के आईबीपीसी के भाग ₹1637 करोड़ को छोड़कर

(**) रू. 7525/- करोड़ के पीएसएलसी सूक्ष्म उदयम खरीद और ₹876 करोड़ के सिडबी में निवेश जिसमें मुद्रा लि. ₹118 करोड़ है.

सूक्ष्म उद्यमों के अंतर्गत कार्य-निष्पादन:

दिनांक 31.03.17 को बकाया सूक्ष्म उद्यम	पीएसएलसी के बिना दिनांक 31.03.18 को बकाया सूक्ष्म उद्यम	पीएसएलसी के साथ दिनांक 31.03.18 को बकाया सूक्ष्म उद्यम	मार्च -17 को एएनबीसी	31.03.2017 को स्थिति	पीएसएलसी के बिना 31.03.2018 को स्थिति	पीएसएलसी के साथ 31.03.2018 को स्थिति	लक्ष्य मार्च - 18 (एएनबीसी का 7.50%)
9397	10724	18249	166537	4.56% *	6.44%	10.96%	12490

(*) एएनबीसी का 4.56% (मार्च-16 को) ₹ 206155 करोड़. उपलब्धि इंडेक्स - 60.76%

संकेतक	विवरण
कार्यनिष्पादन वैशिष्टय	❖ एमएसई के अंतर्गत वर्ष-दर-वर्ष ऋण वृद्धि का प्रतिशत पीएसएलसी के बिना 9.45% , पीएसएलसी के साथ 39% है. ❖ एमएसई के अंतर्गत सूक्ष्म ऋण का % पीएसएलसी के बिना 36.35%, पीएसएलसी के साथ 49.29% है. ❖ सूक्ष्म ऋण के अंतर्गत खातों की संख्या में बैंक ने वर्ष-दर-वर्ष 3% वृद्धि हासिल की है. ❖ वित्तीय वर्ष 2017-18 के दौरान, सीजीटीएमएसई के अंतर्गत 489 खातों में ₹ 22.26 करोड़ के दावों का निपटान हुआ. खातों के मामले में दर्ज दावों के प्रतिशत के रूप में स्वीकृत दावे 100% है. राशि के मामले में दर्ज दावों के प्रतिशत के रूप में स्वीकृत दावे 57% है. ❖ पीएमएमवाय के अंतर्गत वित्तीय सेवायें विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा दिये गये लक्ष्य में हमारे बैंक की उपलब्धि 82% है. मार्च 2018 को नये संवितरण के अंतर्गत ₹3000 करोड़ के लक्ष्य के समक्ष हमारे बैंक की उपलब्धि ₹ 2477.14 करोड़ है. ❖ इस वित्तीय वर्ष में ₹ 1.62 करोड़ के 825 मुद्रा कार्ड जारी किए गए.
पहलें	फील्ड फंक्शनरियों के उपयोग एवं त्वरित संदर्भ हेतु एमएसएमई ऋणों के वर्गीकरण संबंधी **अद्यतन मास्टर परिपत्र** बैंक की इंट्रानेट साइट पर अपलोड किया गया है.
बढ़ते कदम	एएनबीसी के 7.5% के पीएमटीएफ एवं भारिबैं के द्वारा निर्धारित सूक्ष्म उद्यम लक्ष्य प्राप्त करने के लिए सूक्ष्म उद्यमों पर जोर दिया जा रहा है. ➢ इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए हमने मुद्रा योजना, स्टैंड अप इंडिया योजना, केवीआईसी/पीएमईजीपी योजनाओं एवं सेन्ट वीवर मुद्रा योजना के अंतर्गत वित्त पोषण बढ़ाने पर जोर दिया है.

रिटेल ऋण

दिनांक 31.03.2018 को रिटेल ऋण योजनाओं में कुल बकाया राशियां ₹ 48123 करोड़ हो गयी. बैंक के कुल अग्रिम में रिटेल पोर्टफोलियो की हिस्सेदारी 27% से अधिक है. पिछले वर्ष की तुलना में रिटेल में 50.35% की वृद्धि हुई.

	31.03.2015	31.03.2016	31.03.2017	31.03.2018
रिटेल ऋण	34939	38505	32008	48123
कुल ऋण	194967	190152	153008	177484
कुल ऋण का %	17.92%	20.25%	20.92%	27.11%



उत्पाद/सेवाएं

1. संभाव्य ग्राहकों की विशिष्ट आवश्यकताओं पर ध्यान देते हुए बैंक ने आम लोगों के लिए सुस्पष्ट विविधतायुक्त 38 स्व-परिपूर्ण उत्पाद प्रस्तुत किए हैं:

क्र.सं.	योजनाओं का नाम
1.	सेन्ट होम ऋण योजना.
2	सेन्ट होम डबल प्लस योजना.
3.	सेन्ट होम - सीआरजीएफटीएलआईएच योजना
4	सेन्ट होम लोन प्लस
5	सेन्ट अर्नेस्ट मनी वित्तपोषण योजना
6	प्रधानमंत्री आवास योजना
7	सेन्ट मॉर्गेज
8	शैक्षणिक संस्थानों के लिए सेन्ट मॉर्गेज
9	सेन्ट ट्रेड
10	सेन्ट रेंटल
11	सेन्ट शॉप
12	सेन्ट विद्यार्थी
13	कार्यपालकों को एमबीए करने हेतु शैक्षिक ऋण योजना
14	आईआईएमएस एवं 4 प्रतिष्ठित संस्थानों के विद्यार्थियों हेतु शैक्षिक ऋण योजना
15	सेन्ट व्हीकल योजना
16	सेन्ट सहयोग
17	सेन्ट डॉक्टर
18	सेन्ट पर्सनल ऋण
19	सेन्ट कॉरपोरेट कर्मचारी ऋण
20	पेंशनधारकों के लिए सेन्ट पर्सनल ऋण
21	सेन्ट सुविधा
22	सेन्ट पर्सनल गोल्ड ऋण योजना
23	शैक्षिक संस्थानों के अध्यापकों एवं कर्मचारियों के लिए पर्सनल ऋण
24	चैनल वित्तपोषण के लिए व्यापक योजना
25	भविष्य में शुल्क प्राप्तियों के विरुद्ध ऋण
26	रिवर्स मॉर्गेज ऋण - 'सेन्ट स्वाभिमान"
27	सेन्ट परम
28	सेन्ट कॉम्बो
29	सेन्ट लिक्विड
30	एचएनआई ग्राहकों के लिए सेन्ट स्कूल
31	तीसरे अथवा चौथे आवास या फ्लैट की खरीदारी के लिए सेन्ट होम ऋण योजना
32	सेन्ट होम लाभार्थियों के लिए ओडी टॉप अप सुविधा
33	बिहार विद्यार्थी क्रेडिट कार्डयोजना
34	सेन्ट स्किल ऋण योजना
35	पेंशनधारकों के लिए सेन्ट ओडी सुविधा
36	सेन्ट स्वाभिमान प्लस
37	सेन्ट विद्यार्थी - एनसीजीटीसी गारंटीकृत
38	सेन्ट टेक विद्यार्थी

ये उत्पाद विभिन्न लक्ष्य समूहों एवं विशिष्ट बाजार खंडों के लिए विविधता से परिपूर्ण हैं.

2. वर्ष के दौरान सेन्ट टेक विद्यार्थी, आईआईटी के विद्यार्थियों के वित्तपोषण हेतु एक नई शैक्षणिक ऋण योजना का शुभारंभ किया गया. योजना का उद्देश्य आईआईटी के विद्यार्थियों को शिक्षा जारी रखने हेतु बैंकिंग प्रणाली के वहनीय नियमों एवं शर्तों पर वित्तीय सहयोग हेतु शैक्षणिक ऋण प्रदान करना है.

3. रिटेल उत्पादों की विक्रेयता को बढ़ाने के क्रम में वित्तीय वर्ष 2017-18 के दौरान आवास, वाहन, मॉर्गेज, ट्रेड तथा व्यक्तिगत ऋण योजनाओं में आवश्यक परिवर्तन किए गए.
4. वित्त वर्ष 2017-18 में सीसीपीसी ने कार्यनिष्पादन सूचकांक का 83.34% हासिल किया है जो वर्ष 2016-17 के दौरान 57.95% था. सभी आवासीय ऋणों का 55% से अधिक और मॉर्गेज/सेन्ट ट्रेड/ शैक्षणिक ऋण का 50% से अधिक का प्रसंस्करण सीसीपीसी में किया गया. सभी रिटेल उत्पाद केवल क्लास मॉड्यूल के माध्यम से प्रसंस्कृत किये गये हैं.
5. वर्ष के दौरान 2.50 लाख खातों में नये रिटेल ऋण स्वीकृत किए गए. वित्तीय वर्ष 2017-18 में रिटेल शाखाओं द्वारा प्रति माह खोले गए खातों की औसत संख्या 4.43 है, जबकि वित्तीय वर्ष 2016-17 में यह 4.12 थी, स्वीकृत रिटेल ऋणों का औसत टिकट साइज 6.25 लाख रहा,जबकि वित्तीय वर्ष 2016-17 में यह 4.25 लाख था.
6. रिटेल ऋण को बढ़ावा देने के क्रम में माह दिसम्बर 2017 के दौरान एक आक्रामक अभियान - "रिटेल धमाका" का शुभारंभ किया गया. इसका उद्देश्य ₹ 3968 करोड़ की नई स्वीकृतियाँ प्राप्त करना और बकाया शेष में ₹ 2000 करोड़ की वृद्धि हासिल करना था. अभियान अवधि के दौरान 125% के उपलब्धि सूचकांक के साथ ₹ 4979 करोड़ की राशि स्वीकृत की गई. 25% की अनुमानित स्टाफ सहभागिता के समक्ष वास्तविक स्टाफ सहभागिता 29% रही. 40% शाखाओं ने स्वीकृतियों से संबंधित लक्ष्य प्राप्त कर लिया है. बैंक की सभी शाखाओं ने 100% सक्रियता के साथ कार्यक्रम में सहभागिता की.

अंतर्राष्ट्रीय प्रभाग

- बैंक का विदेशी विनिमय व्यवसाय देशभर में फैली 83 प्राधिकृत डीलर ('बी" श्रेणी) शाखाओं द्वारा संपादित किया जाता है. परिचालनीय कुशलता के लिए मुम्बई में बैंक का एक केन्द्रीकृत डीलिंग रूम है, ताकि कोष प्रबन्धन व परिचालन सुविधा में बेहतरी हासिल की जा सके.
- दिनांक 31.03.2018 को बैंक का निर्यात ऋण पोर्टफोलियो ₹ 5694 करोड़ हो गया जो दि. 31.03.2017 को ₹ 5452 करोड़ था. जो गत वर्ष की तुलना में 4.44% की वृद्धि दर्शाता है.
- वित्तीय वर्ष 2017-18 में मर्चेंट ट्रेड विदेशी विनिमय का टर्नओवर ₹ 42,332 करोड़ रहा, जो वित्तीय वर्ष 2016-17 में ₹ 38,269 करोड़ था.
- एनआरई जमा राशि दिनांक 31.03.2017 के ₹ 4457 करोड़ से बढ़कर दिनांक 31.03.2018 को ₹ 4764 करोड़ हो गयी, जो गत वर्ष की तुलना में 6.89% की वृद्धि दर्शाती है.
- एफसीएनआर जमा राशि दिनांक 31.03.2017 को यूएसडी 217.86 मिलियन से बढ़कर दिनांक 31.03.2018 को यूएसडी 220.83 मिलियन हो गई, जो पिछले वर्ष की तुलना में 1.36% की वृद्धि दर्शाती है.

ट्रेजरी, निधि एवं निवेश

- बैंक का निवेश पोर्टफोलियो दिनांक 31 मार्च, 2018 को बढ़कर ₹ 105294 करोड़ हो गया है, (गैर-एसएलआर, गैर-अंतरण भारत सरकार पुनर्पूंजीकरण बॉड रू. 4835 करोड़) जो दिनांक 31 मार्च, 2017 को ₹ 93,792 करोड़ था, इसमें पिछले वर्ष की तुलना में 12.33% की वृद्धि दर्ज हुई. दसवर्षीय बेंचमार्क प्रतिफल दिनांक 31.03.2017 के 6.66% की तुलना में दिनांक 31 मार्च, 2018 को 7.40% पर बंद हुआ है.
- वित्त वर्ष 2017-18 के दौरान भारतीय रिजर्व बैंक ने रेपो रेट को 0.25% घटाकर 6.00% कर दिया था एवं पॉलिसी रेट कॉरिडोर 0.5% से कम होकर 0.25% रह गया. इसके परिणामस्वरूप बैंक रेट घटकर 6.25% हो गया.
- रेपो उधारी सीमा एनडीटीएल के 0.25% तथा मीयादी रेपो एमडीटीएल के 0.75% में कोई परिवर्तन नहीं हुआ. परंतु इन दरों को रेपो रेट के आसपास रखने के उद्देश्य से एनडीटीएल के 1% से अधिक मियादी रेपो एवं रिवर्स रेपो में विवेकपूर्ण विचलन रखा गया. मियादी एलएएफ में उधारी के लिए बैंकों को नीलामी में बोली लगानी पड़ती है.
- अस्थिर बाजार एवं संकटग्रस्त तरलता प्रबंधन परिस्थितियों में, ट्रेजरी ने ₹ 576 करोड़ का ट्रेडिंग लाभ दर्ज किया, जोकि पिछले वर्ष ₹ 1542 करोड़ था. निवेश पर प्रतिफल (ट्रेडिंग लाभ के अलावा) वर्ष 2016-17 के 7.38% से घटकर वर्ष 2017-18 के दौरान 7.14% रह गया.
- भारतीय रिजर्व बैंक के प्रतिभूतियों के अंतरण संबंधी दिशा निर्देशों के अनुपालन में, बैंक ने वर्ष 2017-18 के दौरान केंद्र एवं राज्य सरकार की ₹ 6262 करोड़ की प्रतिभूतियां एएफएस से एचटीएम में अंतरित कर दीं एवं ₹8344 करोड़ की राशि, एचटीएम से एएफएस में अंतरित की.
- दिनांक 31 मार्च, 2018 को बैंक के निवेश पोर्टफोलियो का संघटन इस प्रकार था: (₹ करोड़ में)

क्र.सं.	संघटन	31.03.2018	31.03.2017
1.	एसएलआर	81613.25	74070.73
2.	गैर एसएलआर	23681.44	19720.83
	कुल	105294.69	93791.56

जोखिम प्रवंधन

जोखिम प्रबन्धन प्रणाली/संगठनात्मक संरचना

बैंक में अब सुस्थापित जोखिम प्रबन्धन प्रणाली मौजूद है. ऋण, बाजार, तथा परिचालन जोखिमों एवं पिलर II जोखिमों के अंतर्गत बैंक की जोखिम प्रबन्धन नीतियों/प्रथाओं का निदेशक मंडल की जोखिम प्रबन्धन समिति द्वारा नियमित पर्यवेक्षण किया जाता है. उत्पादों की कीमत निर्धारण तथा बाजार की घटनाओं से संबंधित जोखिम मॉडल के निर्धारण संबंधी नीतियों की समीक्षा के साथ समिति नए जोखिमों की पहचान व उनका नियंत्रण भी करती है. कॉरपोरेट स्तर पर संबंधित विभागों द्वारा विभिन्न जोखिम पैरामीटरों के अनुपालन पर भी समिति द्वारा नियमित निगरानी रखी जाती है.

जोखिम प्रबन्धन संरचना

- परिचालन स्तर पर विभिन्न समितियां, यथा बाजार जोखिम के लिए आस्ति देयता समिति(आल्को), ऋण जोखिम के लिए ऋण जोखिम नीति समिति(सीआरपीसी) तथा परिचालन जोखिम के लिए परिचालन जोखिम प्रबन्धन समिति(ओआरसीओ) गठित की गई है. जिसमें शीर्ष प्रबन्धतंत्र टीम के सदस्य शामिल हैं.
- ये समितियां बैंक में विभिन्न परिचालनों के अंतर्गत जोखिम के स्तर के निगरानी एवं निर्धारण के लिए वर्ष भर नियमित बैठकें करती हैं तथा आवश्यकतानुरूप उचित जोखिम न्यूनीकरण के उपाय लागू करती हैं.
- सभी क्षेत्रीय कार्यालयों में बैंक ने वरिष्ठ प्रबन्धक/प्रबन्धक श्रेणी के अधिकारियों को "जोखिम प्रबन्धक" के तौर पर अभिचिन्हित किया है. ये जोखिम प्रबन्धक, आंचलिक कार्यालय/क्षेत्रीय कार्यालय स्तर पर केन्द्रीय कार्यालय के जोखिम प्रबन्धन विभाग के विस्तारित भाग के तौर पर कार्य करते हैं. बैंक ने केन्द्रीय कार्यालय के विभिन्न विभागों में वरिष्ठ श्रेणी के अधिकारी भी अभिचिन्हित किए हैं, जोखिम प्रबन्धन से संबंधित नियंत्रण के विभिन्न पहलुओं को देखने एवं जोखिम प्रबन्धन की सहायता के लिए "नोडल अधिकारी" के रूप में कार्य करेंगे.

बाजार जोखिम प्रबंधन

- बाजार की स्थिति, वित्तपोषण पद्धति की समीक्षा कर मिड-आफिस एक्सपोजर, अवधि, प्रतिपक्षीय सीमा एवं विभिन्न संवेदनशील पैरामीटरों के संबंध में अनुपालन सुनिश्चित करता है तथा नियमित अंतराल पर शीर्ष प्रबन्धन को रिपोर्ट करता है.
- वीएआर के प्रबंधन तथा ड्यूरेशन विश्लेषण जैसी प्रक्रियाओं का उपयोग, अल्पकाल में बैंक की एनआईआई के जोखिम के प्रबंधन तथा दीर्घकाल में इक्विटी मूल्य हेतु सतत आधार पर किया जाता है.
- ट्रेडिंग पोर्टफोलियो पर पूंजीगत प्रभार का सतत अनुमान लगाने के लिए एक मॉडल तैयार किया गया है तथा बाजार जोखिम के संबंध में बासल III के दिशानिर्देशों के अनुसार उसे क्रियान्वित किया जा रहा है.
- पोर्टफोलियों में बाजार जोखिम पर निगरानी रखने के लिए बैंक में बोर्ड द्वारा अनुमोदित बाजार जोखिम प्रबन्धन नीति मौजूद है. प्रति-पक्ष पार्टियों की नवीनतम प्रतिष्ठा स्थिति के आधार पर ट्रेजरी परिचालन के लिए प्रति-पक्ष पार्टियों की सीमाएं निर्धारित/समीक्षित की गई है.

ऋण जोखिम प्रबन्धन

- बैंक में सुस्पष्ट लिखित एकीकृत ऋण जोखिम प्रबन्धन नीति है. जिसकी पिछली समीक्षा निदेशक मंडल द्वारा दिनांक 28/12/2017 को की गई.
- बैंक ने क्रिसिल लि. से रेटिंग मॉड्यूल प्राप्त किया है.
- बैंक ने रिटेल ऋण की ग्रेडिंग के लिए रेटिंग मॉडल्स (स्कोर कार्ड) विकसित किए हैं तथा इसका उपयोग किया जा रहा है.
- ऋण जोखिम प्रबन्धन की गतिविधियों की प्रगति की रिपोर्ट निगरानी हेतु, कार्यपालक निदेशक की अध्यक्षता वाली ऋण जोखिम नीति समिति को प्रस्तुत की जाती है.
- कॉरपोरेट एवं रिटेल दोनों पोर्टफोलियो के लिए विकसित दृष्टिकोण अपनाने की तैयारी करते हुए बैंक पीडी, ईएडी एंड एलजीडी की गणना हेतु मॉडल्स विकसित करने की प्रक्रिया में है.

परिचालन जोखिम प्रबन्धन

- बैंक में परिचालन जोखिम प्रबन्धन पूरी तरह से सुस्पष्ट परिचालन जोखिम प्रबन्धन नीति के द्वारा मार्गदर्शित है.
- परिचालन जोखिम प्रबन्धन समिति (ओआरसीओ) तिमाही अंतराल में बैंक की जोखिम प्रोफाइल की समीक्षा करती है एवं निदेशक मंडल द्वारा किया जाने वाला पर्यवेक्षण परिचालन जोखिम से संबंधित गुणात्मक पहलुओं को और मजबूत करता है.
- बैंक, उन्नत मापक दृष्टिकोण की ओर बढ़ते हुए भा.रि.बैं. को आवेदन करने हेतु मॉडल विकसित कर रहा है तथा गुणात्मक एवं परिमाणात्मक सूचनाएं बना रहा है. नए उत्पादों अथवा गतिविधियों से जुड़ी जोखिम को न्यून करने हेतु नई उत्पाद अनुमोदन नीति संरचना बैंक को मार्गदर्शन प्रदान करती है.

पूंजी आयोजना

बैंक के पास सुदृढ आईसीएएपी (आंतरिक पूंजी पर्याप्तता मूल्यांकन प्रक्रिया) उपलब्ध है. बैंक ने जोखिम अभिलाषी ढांचा तैयार किया है एवं बेसल III मानदंडों की न्यूनतम आवश्यकता से अधिक पूंजी अनुपात रखने का उद्देश्य है. पूंजी के समक्ष प्राक्कलनों की समीक्षा तिमाही आधार पर की जाती है.

आस्ति एवं देयता प्रबन्धन पद्धतियां

- एएलएम प्रमुखतया बैंक के लाभ को अधिकतम करने के उद्देश्य से तरलता एवं ब्याज दर जोखिम के मापन एवं प्रबंधन से संबंधित है. आलको (आस्ति एवं देयता समिति) ने वर्ष के दौरान तरलता एवं अन्य संबंधित मामलों के संबंध में बैंक की स्थिति की समीक्षा करने के लिए 23 बार बैठकें कीं.
- विनियामक रिपोर्टिंग के अलावा, जमाओं पर ब्याज निर्धारण करने के साथ-साथ आधार दर और बीपीएलआर का निर्धारण भी एएलएम द्वारा किया जाता है. वर्ष 2017-18 के दौरान जमा ब्याज दरों को एक (1) बार एवं एमसीएलआर में बारह (12) बार संशोधन किया गया है.
- भारिबै के नये दिशानिर्देशानुसार, बैंक ने दिनांक 01 जनवरी 2015 से एलसीआर (तरलता कवरेज अनुपात) की गणना मासिक आधार पर करना प्रारंभ कर दिया है एवं यह अनुपात भारिबै द्वारा निर्धारित प्रारंभिक सीमा (अर्थात, 2018 के लिए 90%) से काफी अधिक है. वित्तीय वर्ष 2017-18 के लिए औसत एलसीआर 253.30% रहा है.

बासल III दिशानिर्देशों का कार्यान्वयन

- भारतीय रिजर्व बैंक ने जुलाई, 2015 में नए पूंजी पर्याप्तता ढांचे के कार्यान्वयन पर अद्यतन मास्टर परिपत्र जारी किया है. इन दिशानिर्देशों के अनुसार बैंक ने बासल III अपनाया है तथा ऋण जोखिम हेतु "मानकीकृत दृष्टिकोण", परिचालनात्मक जोखिम के लिए "मूलसंकेतक दृष्टिकोण" और बाजार जोखिम हेतु "मानकीकृत अवधि" पद्धति के आधार पर पूंजी का प्रावधान किया है.
- आधुनिक दृष्टिकोण को अपनाते हुए बैंक आईआरएमएस (एकीकृत जोखिम प्रबंधन समाधान) के कार्यान्वयन की प्रक्रिया में है.
- सभी आवश्यक नीतियां, जैसे ऋण जोखिम प्रबन्धन नीति, परिचालन जोखिम प्रबंधन नीति, बाजार जोखिम प्रबंधन नीति, ऋण जोखिम न्यूनीकरण तथा संपार्श्विक प्रबन्धन नीति, बाजार अनुशासन तथा प्रगटीकरण नीति, आईसीएएपी इत्यादि बोर्ड द्वारा विधिवत अनुमोदित है.
- बैंक ने आईआरबी (आंतरिक रेटिंग आधारित) दृष्टिकोण के क्रियान्वयन हेतु आवश्यक कदम उठाये हैं.

वसूली विभाग

अनर्जक आस्तियों के प्रबन्धन के लिए बैंक में विस्तृत दिशानिर्देशों से युक्त एक सुपरिभाषित वसूली नीति मौजूद है. इसमें एनपीए प्रबन्धन के सभी क्षेत्र, निगरानी, अनुवर्ती उपाय, समझौता निपटान, स्टाफ जवाबदेही, सरफेसी अधिनियम, प्रवर्तन वसूली एजेंसियों की नियुक्ति, एआरबी को आस्तियों की बिक्री, इरादतन चूककर्त्ता शामिल है. अर्थव्यवस्था में नवीनतम परिवर्तनों/गतिविधियों एवं एनपीए निपटान/प्रबंधन की प्रवृत्तियों इत्यादि को समाहित करने के लिए इस नीति की समय-समय पर समीक्षा की जाती है.

1. वित्त वर्ष 2017-18 के दौरान, यद्यपि, बैंक ने ₹ 2403 करोड़ की नकद वसूली, ₹ 785 करोड़ का अपग्रेडेशन कुल मिलाकर ₹ 3188 करोड़ का सुधार किया है परंतु उच्च राशियों के नए खातों (₹ 50.00 करोड़ एवं अधिक के 49 खाते कुल राशि ₹ 12685 करोड़) के जुड़ जाने से कार्य निष्पादन पर विपरीत प्रभाव पडा है.
   - सकल एनपीए का स्तर ₹27251 करोड़ से बढ़कर ₹38131 करोड़ हो गया है अर्थात ₹10880 करोड़ की वृद्धि हुई.
   - शुद्ध एनपीए ₹ 14218 करोड़ से बढ़कर ₹ 17378 करोड़ हो गया है. अर्थात ₹ 3160 करोड़ की वृद्धि हुई है.
   - कुल अग्रिम की तुलना में कुल एनपीए तथा शुद्ध अग्रिम की तुलना में शुद्ध एनपीए क्रमश: 17.81% से बढ़कर 21.48% तथा 10.20% से बढ़कर 11.20% हो गया.
   - नकद वसूली में मामूली बढ़ोत्तरी हो ₹ 2378 करोड़ से बढ़कर ₹2403 करोड़ (84.77%) हो गई.
   - रिटन ऑफ खातों में नगद वसूली ₹121 करोड़ से बढ़कर ₹440 करोड़ (238.84%) हो गयी.
2. एनपीए खातों में वसूली के लिए एकबारगी समझौता योजना (ओटीएस) को संशोधित किया गया और तीन ओटीएस योजनाएं अर्थात (ए) सेन्ट ओटीएस स्कीम ₹ 20 लाख तक (बिना प्रतिभूति के), (बी) सेन्ट ओटीएस स्कीम ₹ 20 लाख तक (प्रतिभूति सहित), (सी) वाद दावा खाता के लिए, आरबीएल सहित से ₹ 20 लाख से अधिक एवं ₹ 5 करोड़ तक सेन्ट ओटीएस स्कीम बनाई गयी है. इन योजनाओं को फील्ड फंक्शनरियों से बेतहाशा समर्थन मिला और इन योजनाओं के अंतर्गत अधिकतम एनपीए खातो का समाधान होना रिपोर्ट किया गया. ओटीएस योजना के अंतर्गत कार्यनिष्पादन - बकाया राशि (आरएलबी) ₹ 856 करोड़ एवं ओटीएस की राशि ₹ 568 करोड़ के प्रस्तावों का निपटान किया गया.

3. बैंक ने "मिशन रिकवरी" प्रारंभ की - चौथी तिमाही के दौरान एक विशेष वसूली अभियान. फील्ड फंक्शनरियों की ओर से जबरदस्त प्रतिक्रिया प्राप्त हुई. ₹ 1430 करोड़ की नगद वसूली एवं अपग्रेडेशन के लक्ष्य के समक्ष बैंक ने 98% के प्राप्ति इनडेक्स के साथ ₹ 1404 करोड़ (नगद वसूली + अपग्रेडेशन) प्राप्त किए.
4. इन ओटीएस प्रस्तावों के अलावा केंद्रीय कार्यालय स्तर पर विभिन्न समितियों के माध्यम से कुल ₹ 937 करोड़ के प्रस्ताव स्वीकृत किए गए, जिसमें से वित्तीय वर्ष 2017-18 के दौरान ₹ 338 करोड़ वसूल किए जा चुके हैं.
5. वर्ष के दौरान बैंक ने एआरसी को 2 एनपीए खाते बेचे - ₹ 289 करोड़
6. ऋणों की वसूली के लिए क्षेत्रीय कार्यालयों की वसूली टीम एवं शाखा के स्टाफ ने ₹ 50 लाख से अधिक बकाया राशि वाले एनपीए ऋणियों से व्यक्तिश: मुलाकात की जा रही है.
7. वर्ष 2017-18 में एनपीए खातों में वसूली को अत्यधिक महत्व दिया गया. हमारे कार्यपालकों ने दैनिक आधार पर एनपीए के संचलन पर कडी निगरानी रखी. समीक्षा बैठक के दौरान कानूनी कार्रवाई तथा सरफेसी के अंतर्गत कार्रवाई के माध्यम से एनपीए खातों में वसूली की नियमित तौर पर समीक्षा की गयी एवं क्षेत्रीय प्रबंधक एवं आंचलिक प्रबंधकों से विडीयो कॉन्फ्रेन्सिंग की जा रही है.
8. ₹ 5.00 करोड़ से अधिक के एनपीए खातों के संबंध में चर्चा की गयी. तदनुसार आवश्यक दिशानिर्देश जारी किए गए. क्षेत्रीय प्रबंधकों/आंचलिक प्रबंधकों द्वारा खातों में वसूली कार्रवाई शुरु की गयी. एनपीए खातों में हुई प्रगति की समीक्षा मासिक आधार पर वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग में की गई.
9. प्रत्येक माह वसूली कैंप आयोजित किये जा रहे हैं. इन कैंपों में बट्टे खाते में और जेएमएफएआरसी खाते में वसूली करना भी अभियान का एक हिस्सा है.
10. वसूली कार्यनिष्पादन को सुधारने के लिए एआरबी शाखाओं की गहन निगरानी की गयी.
11. क्षेका/आंका तथा विधि अधिकारी की सक्रिय सहभागिता से तिमाही आधार पर जिला स्तर पर विशेष लोक अदालतों का आयोजन किया जा रहा है.
12. लंबित मामलों के निपटान हेतु विधि अधिकारियों/समन्वयकों द्वारा डीआरटी में गहन अनुवर्ती कार्रवाई की जा रही है.
13. बट्टा खाता में वसूली भी एक अत्यधिक ध्यान देने वाला क्षेत्र है. बट्टा खातों में वसूली की स्थिति को सुधारने के लिए क्षेत्रों/अंचलों को वसूली के पृथक लक्ष्य आबंटित किए गए है.
14. ₹ 5.00 करोड़ एवं अधिक के उच्च मूल्य के एनपीए खातों को नियमित अनुवर्तन के लिए केंद्रीय कार्यालय में आंचलिक समंवयकों को सौंपा जाता है.
15. सभी फील्ड महाप्रबंधकों/आंचलिक प्रबंधकों को अनुदेश दिए गए थे कि ₹ 10 लाख एवं अधिक के एनपीए खातों की पहचान करें. इन खातों को अपग्रेड / नगद वसूली के लिए नियमित अनुवर्तन हेतु अधिकारियों को सौंपा जाए.

बैंकाश्यूरेंस :

जीवन बीमा के लिए जीवन बीमा निगम तथा गैर- जीवन बीमा उत्पादों के लिए चोला एम एस जनरल इंश्योरेंस कंपनी की कॉर्पोरेट एजेन्सी के तहत हमारे बैंक द्वारा बीमा सेवाएँ उपलब्ध कराई जा रही है.

दिनांक 31.03.2018 को समाप्त वर्ष में कार्यनिष्पादन की प्रमुख विशिष्टताएँ निम्नानुसार रहीं :

- एलआईसी के सभी बैंकाश्यूरेंस साझेदारों में जीवन बीमा पॉलिसियाँ हासिल करने में पॉलिसियों की संख्या के मामले में हमारे बैंक ने प्रथम स्थान तथा बीमा प्रीमियम संग्रहण के मामले में दूसरा स्थान प्राप्त किया. बैंक ने 25659 पॉलिसियों एवं 206 करोड़ के प्रीमियम का संग्रहण किया.
- साधारण बीमा व्यवसाय में, बैंक ने 2,02,218 पॉलिसियों में ₹ 87 करोड़ प्रीमियम संग्रहित किया है.
- बैंकाश्यूरेंस व्यवसाय से कुल आय ₹ 21.42 करोड़ की हुई है. जो वर्ष दर वर्ष में 28% की वृद्धि दर्शाता है.
- वर्ष के दौरान विनिर्दिष्ट व्यक्तियों (एसपी) की सं. बढ़कर 504 हो गई. अब बैंकाश्यूरेंस व्यवसाय चलाने के लिए हमारे पास 2868 विनिर्दिष्ट व्यक्ति हैं.
- आईआरडीएआई की ओपन आर्कीटेक्चर स्कीम के अंतर्गत बैंक नये बीमा साझेदार जोड़ने की प्रक्रिया में है. नये बीमा साझेदार की पहचान होते ही हमारे बैंकाश्योरेंस में तेजी होगी.

डिपॉजिटरी सेवाएं :

सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विस लिमिटेड (सीडीएसएल) के साथ व्यवस्था के तहत बैंक डिपॉजिटरी सहभागी है. सभी परिचालन केंद्रीकृत है तथा फोर्ट मुंबई स्थित नोडल शाखा पूँजी बाजार सेवायें शाखा द्वारा ये सेवायें प्रदान की जा रही है. मुख्य केंद्रों की शाखाएँ खाते खोलने, शेयरों का क्रय तथा विक्रय, शेयरों के बंधक तथा भौतिक प्रतिभूतियों को डीमैट करने की सेवायें प्रदान कर रही हैं. बैंक के पास करीब 22645 डी-मैट खाता धारक है.

ऑन-लाइन ट्रेडिंग :

“सेन्ट ई-ट्रेड” के नाम से बैंक द्वारा “ ऑन-लाइन ट्रेडिंग” सुविधाएँ प्रदान की जा रही है. बैंक के खाताधारकों जिनके डीमैट खाते भी बैंक में हैं, उन्हें एक अग्रणी ब्रोकिंग फर्म मेसर्स एंजिल ब्रोकिंग लि. के साथ व्यवस्था के तहत बैंक इक्विटी शेयर तथा डेरिवेटिव्ज के ट्रेडिंग हेतु ऑनलाईन ट्रेडिंग़ सुविधा दी जा रही है. दिनांक 31.03.2018 को बैंक में ऑन लाइन ट्रेडिंग के लिए 690 खाते हैं.

आस्बा डी-मैट, समाशोधन बैंक, लाभांश वारंट का भुगतान, ब्रोकरों को ऋण / गारंटी जैसी सुविधाएँ प्रदान करने के लिए मुंबई में विशेष रुप से कैपिटल मार्केट सेवा शाखा प्रारंभ की गई है. यह ऑन लाइन ट्रेडिंग तथा आस्बा के लिए नियंत्रक शाखा भी है.

सूचना प्रौद्योगिकी

1. कोर बैंकिंग समाधान

- दिसम्बर 2010 में बैंक ने अपनी 100% शाखाओं को केन्द्रीकृत बैंकिंग समाधान (सीबीएस) में कवर कर लिया है.
- बैंक ने नवीनतम प्रौद्योगिकी बुनियादी संरचना स्थापित की है एवं ग्राहकों को परिचालनात्मक कार्यकुशलता एवं त्वरित सेवाएं देने को सुनिश्चित करने के लिए व्यवसायिक प्रक्रियाओं को स्वचालित किया है.
- विद्यमान कम्प्यूटिंग संसाधनों जैसे हार्डवेयर, नेटवर्किंग, सॉफ्टवेयर, सुरक्षा एवं अन्य संबंधित आवश्यकताओं के अपडेशन / संवर्धन भविष्य के व्यावसायिक पुर्वानुमान एवं अन्य सांविधिक एवं सुरक्षा बाध्यताओं के अनुसार किया जाता है.
- बैंक द्वारा आपदा प्रबंधन केंद्र स्थापित किया गया है तथा नियामक दिशानिर्देशों के अनुसार बैंक की नीति के अनुरुप नियमित डीआर ड्रिल की जाती है. ग्राहकों के हित एवं बैंक की आस्तियां सुरक्षित करने के लिए सभी नीतियां एवं प्रक्रियां लागू की गई हैं.
- बैंक ने नियर साईट अवधारणा क्रियान्वित की है ताकि शून्य डाटा हानि के साथ व्यवसाय निरंतरता सुनिश्चित की जा सके.
- आवश्यकतानुसार सतत आधार पर अनेक नयी कार्यविधियां क्रियान्वित की जा रही है.

2. नेटवर्क तथा कनेक्टिविटी

- बैंक के कॉर्पोरेट नेटवर्क 4923 स्थानों पर व्याप्त है जिनमें शाखाएं विस्तार पटल एवं एआरबी एवं प्रशासनिक कार्यालय शामिल है.
- बैंक ने व्यवहार्यता एवं आवश्यकता के आधार पर प्राथमिक अथवा बैंकअप के तौर पर 2 एमबीपीएस वायर्ड/ वायरलेस लिंक/आरएफ /वीसेट लिंक की खरीद के लिए कई सेवा प्रदाताओं से टाय-अप किया है
- बैंक बैंडविथ अपग्रेडेशन भी कर रहा है.
- शाखा के कारोबारी समय के दौरान लगभग 100% अपटाइम बनाए रखने हेतु लगातार निगरानी रखी जाती है तथा नियंत्रण लागू किए गए है.

वैकल्पिक डिलीवरी चैनल :

3. इंटरनेट बैंकिंग

- इंटरनेट बैंकिंग (आईएनबी) सुविधा 10000 यूजर को एक साथ सेवाएँ प्रदान करने में सक्षम है. इस वर्ष कुछ तकनीकी उन्नयन किए गए है जिनमें संव्यवहार लेनदेन की बेहतर सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एसएसएल 3.0 को बदल कर टीएलएस 1.2 प्रारम्भ किया गया है. इंटरनेट बैंकिंग डेटा बेस ओरेकल 11 जी से 12 सी में उन्नयन कर दिया गया है.
- इंटरनेट बैंकिंग सुविधा अपने नये रूप तथा अहसास के साथ अनेक उत्पाद सेवाओं की वृहद श्रृंखला प्रदान कर रही है. इनमें खुदरा एवं कॉर्पोरेट ग्राहकों हेतु ऑनलाईन पासवर्ड बनाना, अपनी इच्छा एवं सुविधा से लेन देन हेतु ग्राहकों के लिए 2एफए (ओटीपी, ग्रिड एवं डिजिटल हस्ताक्षर) विकल्प प्रारंभ किया है. निधि अंतरण, ऑनलाईन कर जमा देखना, यूटिलिटी बिलों का भुगतान, विभिन्न सरकारी, एयरलाईंस/ मूवी टिकटों, शॉपिंग, मंदिर के लिए दान, प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष के लिए दान, विभिन्न संस्थाओं/ विश्वविद्यालयों की फीस का ऑनलाइन भुगतान, सरकारी, ई-भुगतान/ प्राप्तियाँ, खाते के नियमित विवरण के अलावा आवश्यकतानुरूप खाते विवरण, एनआरई/एनआरओ जमाओं सहित ऑन लाइन सावधि जमा इत्यादि शामिल हैं.
- नई सुविधायें इस प्रकार हैं:
  1. कॉर्पोरेट उपयोगकर्ताओं हेतु केवल कर भुगतान की सुविधा का उपयोग करने हेतु ग्रुप 79 बनाया गया है.
  2. व्यू केवल की अतिरिक्त सुविधा के लिए आरओ के लिए एडमिन एवं जानकारी एवं सहायता उद्देश्य के लिए गैर अधिकारी सृजित किया गया है.
  3. आईएनबी के माध्यम से ऑन लाइन गोल्ड बॉन्ड अनुरोध.

4. कार्ड को समर्थ, असमर्थ एवं सीमा के नियंत्रण के लिए आईएनबी के माध्यम से कार्ड नियंत्रक की सुविधा.

5. आईएनबी के माध्यम से उच्च परिमाण संग्रहण को सुसाध्य बनाने हेतु सीबीडीटी माड्यूल का नवीनीकरण.

6. ऑन लाइन कर संग्रहण के लिए राजस्थान भुगतान पोर्टल के साथ समन्वयन.

7. आईएनबी के माध्यम से कर संग्रहण के लिए बिहार राज्य ट्रेजरी पोर्टल (सीटीएमआईएस) के साथ समन्वयन.

- आईएमपीएस सेट-अप का नवीकरण एवं यह सुविधा ग्राहकों तक पहुंचाना.
- आईएमपीएस लेनदेन, आईआरसीटीसी टिकट बुकिंग, ऑन लाइन रेलवे माल परिवहन बुकिंग के लिए कोर्पोरेट ग्राहकों द्वारा इ-फ्रेट आरटीजीएस/ एनईएफटी इत्यादि सुविधाएँ भी बैंकिंग द्वारा उपलब्ध है तथा कॉर्पोरेट (गैर- व्यक्ति) आईएनबी ग्राहकों के लिए बल्क अपलोड सहित आईएफबी के माध्यम से ग्राहकों को 24X7 एनईएफटी कार्यप्रणाली वर्तमान में उपलब्ध है. ऑनलाइन लेनदेन प्रसंस्करण सुविधा को द्रुतगामी बनाने के लिए लाइटवेट पेमेंट पेज सुविधा प्रारंभ की गई है.
- ओडिसा, बिहार सरकार के कर तथा प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष में संग्रहण के लिए बैंक ने पेमेंट एग्रीगेटर के माध्यम से एक बिल्कुल नया मॉडल लगाया है जिसमें 40 से ज्यादा बैंकों के ग्राहक कर जमा कर सकते हैं. बैंक द्वारा भुगतान पद्धति को कार्यान्वित करना, भोजन तथा अन्य ई-पीएओ.
- सेन्ट्रल बैंक ऐसा पहला बैंक है जिसने डीआईपीपी द्वारा आरंभित मिशन प्रोजेक्ट के लिए ऑनलाइन भुगतान सुविधा प्रदान करने लिए ई-बिज से समेकीकरण किया है. विभिन्न राज्य सरकारों के कर /फीस संग्रहण हमारे बैंक के माध्यम से किया जाता है.
- कॉरपोरेट ग्राहकों हेतु आवश्यतानुरूप खाता विवरणी की अतिरिक्त सुविधा उपलब्ध है. कॉर्पोरेट इंटरनेट बैंकिंग के तहत एनईएफटी द्वारा बल्क अपलोड की सुविधा भी उपलब्ध है. ग्राहक अपनी जरुरतों के अनुसार इंटरनेट बैंकिंग उपयोग करते समय विभिन्न विकल्प चुन सकते हैं.
- वैयक्तिक आईएनबी ग्राहकों को पहले से ही उपलब्ध सेवाओं की तरह अब कोर्पोरेट ग्राहकों को भी सिर्फ देखने की सुविधा युक्त आईएनबी / कर एवं यूटिलिटी बिल भुगतान सुविधा उपलब्ध करायी जा सकती है.

4. इंटरफेस :

निम्नलिखित परियोजनाओं के लिए नये इंटरफेस विकसित किए गए हैं.

- फीस विवरण को तत्कार लेने के लिए एवं शाखाओं में सफलतापूर्वक संग्रहण के पश्चात अपडेशन के लिए वेब सेवा का प्रयोग कर ग्राहकानुकूल फीस संग्रहण माड्यूल. यह मॉड्यूल अल्प अवधि की सूचना पर नये संस्थानों को जोड़ने सकने के लिए फीस संग्रहण प्रारंभ एवं खपत हेतु संस्थानों के लिए जेनरिक एपीआई उपलब्ध करा कर कॉनफिगर किया जा सकता है.
- एक क्लिक पर सामाजिक न्याय विभाग, मध्य प्रदेश, पेंशन प्रसंस्करण. मध्य प्रदेश शासन की यह एक प्रतिष्ठित परियोजना है जिसमें 36 लाख लाभार्थी एक बार में पेंशन प्राप्त करते हैं.
- हरियाणा सामाजिक न्याय विभाग, पेंशन प्रसंस्करण. इस योजना का उद्धेश्य हैं कि हमारे बैंक के लाभार्थियों की जमा राशि केवल एक फाइल अपलोड के माध्यम से हो.
- मध्य प्रदेश ग्रामपंचायत विभाग (डीओजीपी) : सीधे प्रसंस्करण के लिए ग्राम पंचायत विभाग को उपलब्ध करायी गयी बैंक प्रणाली में डिजिटली हस्ताक्षरित फाइल को अपलोड करने की सुविधा. इसके अतिरिक्त दैनिक आधार पर खाता के लिए विवरणी सृजन एवं डीओजीपी सेटअप अद्यतन.
- राजस्थान भुगतान पोर्टल (आरपीपी): सीधे प्रसंस्करण के लिए आरपीपी को उपलब्ध करायी गयी बैंक प्रणाली में डिजिटली हस्ताक्षरित फाइल को अपलोड करने की सुविधा.
- हमारे बैंक में एफसीआरए खातों के लिए खाता विवरणी की साझेदार. हमारे बैंक के एफसीआरए खातों के संबंध में प्राप्त जानकारी को बाह्य मामलों के मंत्रालय को उपलब्ध कराने के लिए पीएफएमएस खातों के वैधीकरण के विद्यमान सेटअप को पुन: उपयोग में लाया गया.
- ईवीसी बैंक खाते का उपयोग : ग्राहक के खाता संख्या का प्रयोग कर आयकर विवरणी फायलिंग की इलेक्ट्रॉनिक सत्यापन की सुविधा विकसित कर ली गयी है.

5. डिजिटल हस्ताक्षकर्ता सेटअप

हमारे बैंक के ग्राहक को ई-मेल के माध्यम से डिजिटली हस्ताक्षरित खाता विवरणी प्रेषित करने के सेटअप को आरएफक्यू प्रक्रिया के माध्यम से खरीद लिया गया है. यह सुविधा ग्राहक के ई-मेल आईडी पर स्वत: ही हस्ताक्षर एवं दस्तावेजों के प्रेषण के लिए अन्य आईटी परियोजना से साझा करने का विकल्प भी उपलब्ध कराती है.

6. **एम-पासबुक :**

❖ मोबाईल एप्लीकेशन के रुप में ग्राहकों के लिए एम-पासबुक का शुभारंभ किया गया. जिसे गूगल प्लेस्टोर में हमारे ग्राहकों द्वारा बहुत सराहा गया है.

7. **एसएमए - एनपीए ट्रैकर**

❖ ऋण एवं एनपीए की निगरानी बैंक की नियमित गतिविधियों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है. फील्ड फंक्शनरियों की सुविधा एवं उनकी दैनिक गतिविधियों की ट्रैकिंग तथा ऋण पोर्टफोलियों की बेहतर निगरानी सुनिश्चित करने के लिए हमारे बैंक में एसएमई - एनपीए ट्रैकर सोल्यूशन क्रियान्वित किया गया है. इस सोल्यूशन को केंद्रीकृत सर्वर पर नियोजित किया गया है जिस तक मोबाइल एप्प, डेस्कटॉप/लैपटॉप / टैबलेट्स/ फोन के माध्यम से पहुंच बनाई जा सकती है.

❖ यह उत्पाद निम्नलिखित के माध्यम से स्टाफ सदस्यों को उपलब्ध है :

1. बैंक के नेटवर्क से जुड़ा डेस्कटॉप पीसी.
2. एप्लीकेशन के माध्यम से मोबाइल फोन (एंड्रायड, विंडोज , ब्लैकबेरी, एवं आईओएस)
3. इंटरनेट के माध्यम से मोबाइल वेबसाइट

❖ यह उत्पाद मिशन रिकवरी के अभियान के दौरान फील्ड स्टाफ की सहायता के लिए भी प्रयोग किया गया था. मिशन रिकवरी की प्रगति की दैनिक आधार पर मॉनिटरिंग में सहायता के लिए अभियान अवधि के दौरान विभिन्न स्वत: रिपोर्ट जनरेट हुई हैं.

8. **भारत बिल भुगतान प्रणाली (बीबीपीएस)**

बिल भुगतान व्यवसाय की समस्याओं के समाधान के लिए एनपीसीएल की यह एक नई पहल है. इस पहल के अंतर्गत एक ऑपरेटिंग ईकाइ के रूप में सहभागिता के लिए हमारे बैंक को विनियामक लाइसेंस प्राप्त है एवं इसका क्रियान्वयन किया जा रहा है. वेबसाइट विकसित की गयी है एवं एनपीसीआई द्वारा प्रमाणित की गयी है. यह आंतरिक जांच के अंतर्गत है एवं जनता के लिए प्रारंभ होना है.

9. **एसएमएस बैंकिंग/अलर्ट :**

❖ एसएमएस बैंकिंग के माध्यम से ग्राहकों द्वारा किए गए व्यावसायिक लेनदेन संबंधी रियल टाइम अलर्ट से उनके खातों की सूचना उन्हें उपलब्ध कराई जाती है. वर्तमान में ग्राहकों द्वारा चुने गए विकल्प के आधार पर 15 विभिन्न भारतीय भाषाओं में निम्नलिखित के लिए एसएमएस अलर्ट भेजे जाते है. 1) बचत खातें में ₹ 1000/- से अधिक तथा चालू/ओडी खाते में ₹ 10,000/- से अधिक की जमा/नामे 2) समाशोधन चेक नकारे जाने पर 3) निर्धारित न्यूनतम स्तर के खाते की शेष राशि कम होने पर 4)सावधि जमा की परिपक्वता से 7 दिन से पूर्व सूचना.

❖ नियंत्रण एवं निगरानी बनाए रखने के लिए शाखा प्रबंधकों तथा उच्च अधिकारियों को भी एसएमएस भेजे जाते हैं ताकि वे एनपीए सहित अन्य खातों एवं हाउसकीपिंग तथा शाखाओं की महत्वपूर्ण गतिविधियों पर निगरानी एवं नियंत्रण रख सकें.

❖ नये एसएमएस वेन्डर के सूचीबद्धकरण के लिए आरएफपी सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया गया है. आरएफपी प्रक्रिया के दौरान ई-मेल एवं वॉइस मैसेज प्रेषण की अतिरिक्त सुविधा को भी अत्यधिक प्रतिस्पर्धात्मक दर पर खरीद लिया गया है.

कार्ड नियंत्रण विशेषताएं

ग्राहकों को डेबिट कार्ड से संबंधित मोबाइल बैंकिंग के माध्यम से निम्नलिखित कार्य करने में सक्षम बनाने के लिए कार्ड नियंत्रण विशेषताएं मोबाइल बैंकिंग एप में प्रारंभ की गयी हैं :

- डेबिट कार्ड का अस्थायी निलंबन.
- निबंलित डेबिट कार्ड का पुन: सक्रियकरण.
- घरेलू एवं अंतर्राष्ट्रीय लेन देन के लिए डेबिट कार्ड की एटीएम नगद आहरण एवं ई-कॉम / पीओएस के लिए प्रति दिन की सीमा का निर्धारण.

10. **मिस्ड कॉल एलर्ट :**

❖ यह सुविधा हमारे कासा ग्राहकों के लिए उपलब्ध है, जिसके द्वारा ग्राहक क्रमश: 9555244442 एवं 9555144441 नंबर पर मिस्ड कॉल देकर खाते में शेष राशि की जानकारी और अंतिम तीन लेनदेनों की नि:शुल्क जानकारी प्राप्त कर सकते हैं. इस नई अभिनव ग्राहकोन्मुखी पहल के लिए हमें भारतीय बैंक संघ से प्रशंसा भी प्राप्त हुई है.

❖ एक ही खाताधारक के बहु-खातों के खाते शेष एवं लघु विवरणियों को समाहित करने के लिए सुविधा का उन्नयन किया गया.

11. एप्लीकेशन सपोर्टेड बाय ब्लॉक्ड एमाउन्ट (आस्बा) :

- भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड ने कंपनियों द्वारा शेयर्स के प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम की विद्यमान प्रक्रिया को सुप्रवाही बनाया है और "एप्लीकेशन सपोर्टेड बाय ब्लॉक्ड एमाउन्ट" (अस्बा) नामक पूरक प्रक्रिया शुरू की है. हम सभी ग्राहकों को अस्बा सुविधा प्रदान करते है. जिसके द्वारा निवेशक उनके खाते में आवेदन राशि को ब्लॉक करने तथा उसके पश्चात आबंटन राशि प्रेषित करने के लिए बैंक को प्राधिकृत कर सार्वजनिक निर्गम हेतु आवेदन कर सकते हैं. यह सुविधा आस्बा समूहन एवं ई-आईपीओ के लिए भी विस्तारित की गई है.

12. मोबाईल बैंकिंग :

- सेन्ट मोबाइल बैंक का एक मोबाइल बैंकिंग एप्लीकेशन है. उपयोगकर्ता इंटरनेट समर्थित हैड सेट्स- मोबाइल बैंकिंग एप्लीकेशन के माध्यम से कभी भी और कहीं भी अधिकांश बैंकिंग सेवाएं प्राप्त कर सकते हैं. सेन्ट मोबाइल एंड्राइड, एप्पल (आईओएस), विंडोज एवं ब्लैकबेरी प्लेटफार्म्स पर उपलब्ध है. यह संबंधित प्ले स्टोर / एप्प स्टोर से डाउन लोड किया जा सकता है. प्री-लॉग इन विकल्प सभी के लिए उपलब्ध है, पोस्टलॉग-इन विकल्प सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया के ग्राहक एक बारगी पंजीकरण प्रक्रिया पूर्ण करने के पश्चात हासिल कर सकते है.
- सेन्ट मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से उपलब्ध कार्य निम्नलिखित हैं :-

लॉगिन पूर्व विकल्प :

- कार्यालय पता, फोन नंबर, ई-मेल पता, एमआईसीआर कोड, पिन कोड, आईएफएससी कोड के साथ केन्द्रीय कार्यालय/आंचलिक कार्यालय/क्षेत्रीय कार्यालय, शाखाओं का सम्पर्क विवरण.
- शाखा एवं एटीएम अवस्थिति- जीपीएस आधारित मोबाइल हैंडसेट में नजदीकी एटीएम अथवा शाखा की सूची. राज्य, जिला, केन्द्र अथवा पिन कोड आधारित अखिल भारतीय खोज विकल्प भी उपलब्ध है.
- एटीएम /शाखा/प्रशासनिक कार्यालय के लिए दूरी एवं ड्राइविंग के लिए रास्ते को प्रदर्शित करने वाला मानचित्र.
- शाखाओं /प्रशासनिक अधिकारियों/कॉल सेंटर के फोन नंबर प्रदर्शित करने के लिए डायल टच.
- कोर्पोरेट वेबसाईट के लिए लिंक, अधिकारिक सोशल मिडिया पृष्ठों (फेसबुक, ट्वीटर)? ई-मेल पता.
- जूम विकल्प के साथ उत्पाद से संबंधित तथा बैंक की सेवाओं से संबंधित जानकारी का बैनर.
- अलग-अलग परिपक्वता अवधि के लिए बचत और सावधि जमा पर ब्याज दरें.
- चयनित खुदरा ऋण योजनाओं पर ब्याज दरें.
- एसएमएस द्वारा खाते की शेष राशि तथा पिछले कुछ लेनदेनों के बारे में जानने के लिए बैंक की मिस्ड कॉल सेवा के लिए टच डायल (यह सेवा केवल पंजीकृत ग्राहकों के लिए उपलब्ध).
- योजनाओं में वास्तविक समय अधिसूचना / नई उत्पाद के संबंध में अलर्ट /प्रस्ताव/ संशोधन आदि.
- की-वर्ड पर आधारित पूछे जाने वाले प्रश्न के मूल तत्व की खोज.
- भीम सेन्ट यूपीआई लिंक.

लॉगिन पश्चात विकल्प :

- **खाता संबंधी कार्य-विशिष्टताएँ :** खाता शेष पूछताछ (बचत/चालू/ओडी/सीसी/एफडी/ऋण/पीपीएफ खातों के लिए), खाता विवरण (बचत/चालू/ओडी/सीसी/एफडी/ऋण/पीपीएफ खातों के लिए), लघु विवरणी, निधि अंतरण, सेन्ट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया के खाते में निधि अंतरण, एनईएफटी के माध्यम से अन्य बैंक के खातों में निधि अंतरण, आईएमपीएस के माध्यम से अन्य बैंक के खातों में निधि अंतरण, चयनित संस्थानों को दान एवं नए सावधि जमा (आवर्ती, एडीआर एवं एमएमडीसी खाते) खाते खोलना.
- **अनुरोध :** कार्ड ब्लॉकिंग, आधार नंबर से खाता लिंक करना, वैयक्तिक एटीएम (डेबिट) कार्ड हेतु अनुरोध, चेक बुक अनुरोध, अंतरण रोको अनुरोध, भुगतान रोको निरस्तीकरण अनुरोध, चेक स्थिति पूछताछ, ई-मेल पर खाता विवरण पाने हेतु अनुरोध एवं एनईएफटी स्थिति पूछताछ.
- सेन्ट मोबाइल एप्लीकेशन हेतु फीडबैक/सुझाव/रेटिंग प्रस्तुत करने का विकल्प.
- **बिल भुगतान सेवा :** यूटिलिटी बिल भुगतान, मोबाइल/डीटीएच रिचार्ज.
- क्रेडिट कार्ड सेवाएं : सेन्ट्रल बैंक कार्ड संबंधी जानकारी जैसे उपलब्ध सीमा, बिल राशि, अनबिल्ड राशि, अंतिम बिल सारांश, कार्ड विवरणी, रिवार्ड पॉइन्टस, सेन्ट्रल कार्ड संपर्क विवरण एवं सेन्ट्रल कार्ड बिल भुगतान एवं क्रेडिट कार्ड ब्लॉक करने हेतु अनुरोध.

क्रेडिट नियंत्रण विशिष्टताएं :

i) डेबिट कार्ड नियंत्रण

- मोबाइल बैंकिंग एप्प में प्रारंभ की गयी डेबिट कार्ड नियंत्रण मॉड्यूल ग्राहक को डेबिट कार्ड संबंधी निम्नलिखित कार्य मोबाइल बैंकिंग से कर सकने में समर्थ बनाता है:
- डेबिट कार्ड का अस्थाई निलम्बन
- निलम्बित डेबिट कार्ड का पुन: सक्रियन
- घरेलू एवं अंतर्राष्ट्रीय लेनदेनों के लिए ई-कॉम /पीओएस खरीद हेतु डेबिट कार्ड दैनिक सीमा तथा एटीएम नकद आहरण सीमा का निर्धारण

ii) क्रेडिट कार्ड नियंत्रण

- सेन्ट मोबाइल एप्लीकेशन में समाहित क्रेडिट कार्ड नियंत्रण में निम्नलिखित विशेषताएं हैं
- क्रेडिट कार्ड को देखना.
- घरेलू एवं अंतर्राष्ट्रीय क्रेडिट कार्ड का अस्थायी निलंबन.
- निलंबित घरेलू एवं अंतर्राष्ट्रीय क्रेडिट कार्ड को पुन:सक्रिय करना
- घरेलू एवं अंतर्राष्ट्रीय क्रेडिट कार्ड की ई-कॉम एवं पीओएस के लिए मासिक लेन देन सीमा निर्धारित करना.

13. किओस्क बैंकिंग:

नगद जमा, शेषराशि पूछताछ सुविधाओं के साथ बैंक ने 254 स्वंय सेवा किओस्क मशीनें स्थापित की है. इसके अलावा नकद जमा, शेषराशि पूछताछ, लघु विवरणी, पास बुक प्रिंटिंग, चेक जमा तथा इंटरनेट बैंकिंग सेवा सहित 407 मल्टी-फंक्शन कियोक्स मशीने स्थापित की है.

14. यूनीफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) :

भीम सेन्ट यूपीआई, बैंक का यूनीफाइड भुगतान एप्लीकेशन (यूपीआई) एंड्रॉएड एवं आईओएस के लिए प्ले स्टोर पर निम्नलिखित विशेषताओं के साथ उपलब्ध है :-

1. निम्नलिखित के उपयोग से धन प्रेषण
   - ए. वर्चुअल पेमेंट एड्रेस (वीपीए)
   - बी. खाता सं. एवं आईएफएससी
   - सी. मोबाइल नं. एवं एमएमआईडी
   - डी. आधार सं.
   - ई. क्यू आर कोड
2. संग्रहण अनुरोध प्रेषित कर धन प्राप्त करना
3. बैंक खातों के लिए भुगतान पता सृजित करना
4. आदाता प्रबंधन
5. शेष राशि पूछताछ
6. लेनदेन इतिहास
7. लेनदेन स्थिति की जानकारी
8. शिकायत प्रस्तुत करना
9. एम-पिन सृजित करना /बदलना
10. संग्रहण अनुरोध के लिए सूचना
11. संग्रहण अनुरोध का अनुमोदन
12. ओटीपी का स्वत: पता लगाना.
13. ओटीपी का पुन: प्रेषण
14. यूपीआई एप्लीकेशन के लिए हिन्दी भाषा का विकल्प
15. यूपीआई के माध्यम से भुगतान के लिए भारत क्यू आर का स्कैन.
16. विनिर्दिष्ट अवधि के लिए उपयोगकर्ता को वीपीए ब्लॉक विकल्प.

15. भीम संप्रेषण एवं मर्चेंट कैश बैक योजना

भारत सरकार ने दो योजनाएं प्रारंभ की हैं अर्थात ए) वैयक्तिक के लिए रेफरल बोनस योजना बी) बैंक में कार्यान्वित भीम यूपीआई के माध्यम से डिजिटल भुगतान के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए मर्चेंटस के लिए कैश बैक योजना.

अन्य परियोजनाएं

16. वेबसाइट :

- ग्राहकों की आवश्यकताओं को महसूस करते हुए, वेबसाइट के आकर्षक प्रदर्शन एवं अनुभूति में निरतंर बदलाव किया जा रहा है. यह बेवसाइट जमा खातों एवं शाखा में उपलब्ध लॉकर्स इत्यादि के ऑनलाइन आवेदन की सुविधा प्रदान करती है.
- वेबसाइट के माध्यम से एमएसएमई ऋण के लिए ऑन लाइन आवेदन प्रस्तुत करना
- ग्राहकों द्वारा अपनी शिकायतें भी इस पर दर्ज की जा सकती है एवं स्थिति देख सकते हैं.
- बैंक ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट एवं इंटरनेट बैंकिंग की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए सभी उपाय किए हैं. सुरक्षा लेखा परीक्षा तिमाही आधार पर की जाती है.
- स्मार्ट पे के माध्यम से वेबसाइट पर यूटीलिटी बिल भुगतान लिंक.
- ग्राहकों की सुविधा के लिए विभिन्न केन्द्रीय / राज्य कर भुगतान लिंक वेबसाइट पर उपलब्ध हैं.

17. भारिबैं भुगतान गेटवे प्रणाली :

- दिनांक 31 मार्च, 2018 को 4836 शाखाएं/विस्तार पटल/ एसएसबी/कार्यालयों को आरटीजीएस समर्थित किया गया है एवं 4824 शाखाओं / विस्तारपटल / एनबीओ / कार्यालयों को एनईएफटी समर्थित किया गया है. आरटीजीएस/ एनईएफटी दोनों ही हमारे बैंक में स्ट्रेट थ्रू प्रोसेसिंग (एसटीपी) के अंतर्गत हैं.
- बहु लाभार्थियों को निधि का एक ही समय में अंतरण के लिए शाखाओं को बल्क एनईएफटी सुविधा उपलब्ध है.
- रिटेल तथा कॉर्पोरेट ग्राहकों को भी इंटरनेट बैंकिंग प्रणाली के माध्यम से एनईएफटी/आरटीजीएस सुविधा उपलब्ध है. क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को भी हमारे बैंक के भुगतान गेटवे के माध्यम से एनईएफटी सुविधा उपल्ब्ध कराई गई है. इसके अलावा बैंक द्वारा उप-सदस्य व्यवस्था के अंतर्गत 40 सहकारी बैंकों को भी एनईएफटी सुविधा विस्तारित की गई है.
- रिजर्व बैंक ऑफ़ इंडिया के शुरुआत करने के साथ ही हमारे बैंक में नेक्स्ट जेन आरटीजीएस (एनजी- आरटीजीएस) सक्रिय कर दिया गया.
- नेक्स्ट जेनरेशन आरटीजीएस (एनजी-आरटीजीएस) सुविधा मध्य प्रदेश के 39 उप सदस्य को-ऑपरेटिव बैंक को भी उपलब्ध करायी गयी है.
- वर्चुअल खाता संख्या के आधार पर निधि संग्रहण की सुविधा डीडीए, एलेन कैरियर इंस्टीट्यूट एवं इंडिया ट्रेड प्रमोशन ऑर्गेनाइजेशन (आईटीपीओ) को उपलब्ध करायी गयी है.

18. एंटरप्राइज सर्विस बस (पेमेंट इंटीग्रेटर सोल्यूशन):

लम्बी कतार के कारण भुगतान प्रक्रिया में होने वाले विलम्ब को टालने के लिए क्षमता निर्माण कार्रवाई की गई है तथा समय सीमा के अनुपालन हेतु मल्टी थ्रेड प्रोसेसिंग शुरू की गई है. बैंक ने विभिन्न बेच प्रसंस्करण कार्यो जैसे - खाता सं., इलेक्ट्रॉनिक समाशोधन प्रणाली(एनईसीएस) , सरकारी भुगतान (जीईपीजी), पेंशन प्रसंस्करण, ईएफएमएस ग्रहणाधिकार हटाना एवं लेनदेन प्रसंस्करण के माध्यम से (आस्बा एवं स्रोत) वेतन भुगतान के लिए एचआरएमएस एकीकरण, आवक स्विफ्ट संदेशों का एकीकरण (एमटीएस 103) सहकारी बैंक, एनईएफटी, त्वरित प्रेषण, एनजीआरटीजीएस, सीपीएसएमएस- डिजिटल हस्ताक्षर सत्यापन, पैन सत्यापन (सीबीएस में सीआईएफ बनाते समय) ई-प्रेषण (फ्लैश रेमिटेंस) ट्रेजरी एकीकरण, डीडीए हेतु आरटीजीएस, आधार आधारित ईएफएमएस, मनरेगा आधार सीडींग, सीटीएस, कोर बैंकिंग पद्धति के साथ सीएमएस, आईएमपीएस, यूनीफाइड पेमेंट इंटरफेस, खजाना,पीएमजेबीवाई इत्यादि के प्रभावी कार्यावयन हेतु भुगतान एकीकरण सोल्यूशन अर्थात आईबीएम एकीकरण बस (आईआईबी) स्थापित किया है.

19. चेक ट्रंकेशन प्रणाली :

भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देशानुसार निम्नलिखित स्थानों पर चेक ट्रंकेशन प्रणाली सफलतापूर्वक कार्यान्वित की जा चुकी है :

- दक्षिण ग्रिड में सीटीएस के लिए 77 चयनित केंद्र.
- उत्तर ग्रिड में सीटीएस के लिए 61 चयनित केंद्र.
- पश्चिमी ग्रिड में 75 चयनित केंद्र.

20. कॉल सेन्टर :

- बैंक ने दिनांक 6 जुलाई 2011 कॉल सेन्टर की स्थापना की है तथा यह सुगमतापूर्वक कार्य कर रहा है.
- वर्तमान में कॉल सेन्टर द्वारा विभिन्न सेवाएँ प्रदान की जा रही हैं. जैसे, बैंक के उत्पाद तथा सेवाओं की सूचना, शाखा/एटीएम लोकेशन की सूचना, ब्याज दर तथा सेवा प्रभारों पर सूचना, शेष राशि पूछताछ, लेनदेन जानकारी, चेक नंबर की जानकारी, डेबिट कार्ड की हॉट लिस्टिंग, ब्याज अर्जित/ब्याज भुगतान की जानकारी, टीडीएस जानकारी, लेनदेन विवरण, जारी या जमा किए गए चेक की स्थिति, सीडी/सीसी/ओडी ऋण सीमा एवं ब्याज की जानकारी बैंक के ग्राहकों की शिकायतें रिकार्ड करना तथा उपयुक्त स्तर पर समाधान हेतु उन्हें बैंक की ग्राहक शिकायत प्रणाली में फीडिंग करना. बैंक ने सभी कॉल सेन्टरों में सीआरएम कार्यान्वित किया है.
- ग्राहकों की सुविधा के लिए आईवीआरएस प्रणाली कॉल सेन्टर में कार्यान्वित की गयी है.
- ग्राहकों की बढ़ती अपेक्षाओं को देखते हुए तथा उन तक प्रभावी तरीके से पहुँचने के उद्देश्य से एक नया कॉल सेन्टर स्थापित किया गया है, जिसके द्वारा प्रस्तुत किए जा रहे उत्पादों के बारे में जागरुकता लाने के लिए बैंक बाहरी कॉल कर रहा है.
- फीड बैक /मार्गदर्शन उत्पाद जागरुकता इत्यादि के लिए ग्राहकों को बाहरी कॉल करने के लिए लाइन्स बढ़ाने के लिए दूसरे सेवा प्रदाता से दो लिंक संस्थापित कर लिए गए हैं.
- ग्राहकों द्वारा उठाई गयी विभिन्न शंकाओं के त्वरित निवारण के लिए कॉल सेन्टर के कार्यपालकों को डीआईटी में तकनीकी टीम द्वारा आवधिक तौर पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है.
- बैंक एक अत्याधुनिक कॉल सेन्टर की स्थापना करने की प्रक्रिया में है, जो अधिक सीटों वाली एवं और अधिक कार्यक्षेत्र को कवर करेगी. इस नए कॉल सेंटर का नं. 1800221911 है.

21. सिंगल डाटा रिपोजटरी (एसडीआर) :

बैंक ने सिंगल डाटा रिपॉजिटरी की स्थापना की है, जो पूरे बैंक में सूचना/रिपोर्ट प्रदान करने का एक स्रोत होगा. यह उच्च प्रबंधन को सत्यतापूर्ण रिपोर्टिंग के विभिन्न डैशबोर्डस उपलब्ध कराते हुए रिपोर्टिंग की तारतम्यता सुनिश्चित करेगा. जिससे निर्णय सहायता प्रक्रिया में अभिवृद्धि होगी. बैंक का स्टेटिक एएलएम, विश्लेषणात्मक सीआरएम तथा कॉर्पोरेट कार्यनिष्पादन प्रबंधन (योजना एवं बजटिंग) मॉड्यूल एसडीआर परियोजना के अंतर्गत कार्यान्वित किए गए हैं.

22. एचआरएमएस :

- बैंक ने पीपुलसॉफ्ट के सहयोग से नवीन तकनीक युक्त एचआरएमएस सोल्युशन (स्वदर्पण) कार्यान्वित किया है जिसमें सभी कार्यों जैसे कर्मचारी स्वंय सेवा, कार्यनिष्पादन मूल्यांकन प्रबंधन, वेतन रजिस्टर प्रबंधन, दौरा अनुमोदन एवं दावा प्रसंस्करण, एलएफसी का प्रबंधन, अवकाश एवं उपस्थिति प्रशासन, कर्मचारी सूचना प्रणाली, स्टाफ ऋण प्रसंस्करण, चिकित्सा सहायता का प्रबंधन, एचआरडी/विधि विभाग, अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रभाग (डीएडी), ग्रेच्युटी प्रबंधन/भुगतान, भविष्य निधि डाटा प्रबंधन एवं भुगतान, एनआरडब्ल्यू भुगतान प्रसंस्करण, रिहायशी क्वार्टर्स का आबंटन, समाचार पत्र प्रतिपूर्ति रिपोर्ट (स्टाफ संख्या, पेरोल, फॉर्म 16, अवकाश, यूनियन, वेतनवृद्धि रिपोर्ट), प्रशिक्षण प्रबंधन एवं मानव शक्ति प्रशिक्षण (एमपीटी), निवेश, पदोन्नति परीक्षा आवेदन फॉर्म, वार्षिक कार्यनिष्पादन मूल्यांकन फॉर्म एवं सम्बद्ध रिपोर्ट, ब्रीफकेस, रजत जयंती पुरस्कार प्रतिपूर्ति, फर्नीचर एवं फिक्स्चर, अधिकारियों के स्थानांतरण, किराया प्रतिपूर्ति, अवकाश पासबुक, वीआरएस इत्यादि की सुविधा एचआरएमएस में उपलब्ध हैं.
- एचआरएमएस में द्विभाषी सुविधा उपलब्ध हैं तथा एचआरएमएस के लिए बैंक ने एक डीआर सेट-अप स्थापित किया है.

23. इन हाउस डेवलेपमेंट :

- बैंक के पास एक सुदृढ आईटी डेवलेपमेंट टीम है, जो बैंक के लिए आवश्यक सॉफ्टवेयर हेतु प्रभावी कार्य करती है तथा इस प्रकार यथासंभव उनकी आउटसोर्सिंग बचाती है.
- निम्नलिखित इनहाउस डेवलेपमेंट पूर्ण किए गए हैं;
    - कार्याधार - शाखाओं के वर्तमान, पिछली तिमाही, पिछले वित्तीय वर्ष एवं पिछले वर्ष के विभिन्न व्यावसायिक पैरामीटरों के प्रदर्शन के लिए एक मोबाइल एप्लीकेशन विकसित किया गया है जो डिजिटल लेन देन की वृद्धि को भी दर्शाता है.
    - ई- विजिलेंस शिकायत निगरानी प्रणाली (वी-सीएमएस)
    - स्टाफ के लिए पोर्टल जिसमें परिपत्र, अनुदेश मेन्युअल, विभिन्न योजनाएं शामिल हैं.

- एनसीजीटीसी (एमएसएमई, रिटेल) के लिए एक्सएमएल फाइल सृजित करने हेतु डाटा अपडेशन के लिए पोर्टल.
- रिटेल धमाका के लिए पोर्टल
- वित्तीय आउटसोर्सिंग के लिए पोर्टल
- लेखा परीक्षा रिपोर्ट के लिए पोर्टल.

विकासाधीन परियोजनाएं

- सीएमसी रिपोर्टिंग के लिए पोर्टल.
- प्रिन्टिंग एवं स्टेशनरी के लिए पोर्टल.
- एनीना एवं अन्य देयताओं के लिए पोर्टल - प्रविष्टिवार विवरण.

24. बैंक द्वारा प्रायोजित आआरबी:

बैंक के पास वर्तमान में 1629 शाखाओं वाली 3 आआरबी हैं. मंत्रालय के दिशानिर्देशों के अनुसार समेकन प्रक्रिया के पश्चात सभी शाखाएं कोर बैंकिंग सोल्यूशन के अंतर्गत हैं और यह प्रयास किए जा रहे हैं कि बैंक द्वारा की जा रही प्रौद्योगिकी पहल के समान स्तर पर आरआरबी की प्रौद्योगिकी पहल को स्थापित किया जाए. बैंक की वर्ष 2020 तक की अपेक्षाओं के अनुरूप सम्पूर्ण प्रणाली को सुसज्ज किया गया है. हार्डवेयर, नेटवर्क एवं सुरक्षा उपकरण इत्यादि जो आरएफ प्रक्रिया के माध्यम से खरीद लिए गए हैं, को संस्थापित एवं अधिकृत कर दिया गया है. आरआरबी की व्यवसायिक प्रगति एवं शाखा विस्तार की परिकल्पना के अनुसार नवीकरण कर दिया गया है. वर्तमान में आरआरबी का शाखा नेटवर्क मुख्य रूप से वी-सैट पर आधारित है. 48% शाखाओं में लीज्ड लाइन अधिकृत कर दी गयी है जहां कहीं भी यह व्यवहार्य पायी गयी.

प्रायोजित बैंक की सभी प्रौद्योगिकी पहलें कार्यान्वित करने के प्रयास किए जा रहे हैं और फिलहाल प्रारंभ की गई प्रमुख पहलें इस प्रकार:-

- आरआरबी ग्राहकों के लिए ईवीएम चिप आधारित एटीएम कार्ड की सुविधा
- आरआरबी में एसएमएस एलर्ट प्रारंभ करना
- एफआई लेन-देनों के लिए ऑन-लाइन इंटरफेस
- किसान क्रेडिट कार्ड का शुभारंभ
- सीपीएसएमएस का कार्यान्वयन
- अति लघु शाखाओं की प्रयोजनीय कार्यपद्धति
- एपीबीएस/एसीएच का शुभारंभ
- सिबिल डाटा निष्कर्षण
- शाखा में सीबीएस प्रयोगकर्ता हेतु बायोमेट्रिक अधिप्रमाणन सोल्यूशन का कार्यान्वयन
- रुपे डेबिट कार्ड के माध्यम से पीओएस सुविधा
- एईपीएस का कार्यान्वयन प्रारंभ किया गया है.
- आरआरबी की व्यापक आईएस लेखापरीक्षा पूर्ण हो चुकी है.
- सभी 3 आरआरबी में डीबीटीएल/एसीएच कार्यान्वित कर दिए गए हैं.
- ई-केवाईसी का कार्यान्वयन.
- माइक्रो एटीएम के माध्यम से रुपे कार्ड लेनदेन का प्रयोग.
- परिपत्र पोर्टल का प्रारम्भ.
- पंजीकृत बायोमेट्रिक डिवाइस कार्यान्वयन.
- सभी आरआरबी के लिए जनसांख्यिकीय अधिप्रमाणन.
- बीसी पॉइन्ट पर बीसी ओडी मैपिंग.
- आईएमपीएस का कार्यान्वयन.
- सीकेवायसी का कार्यान्वयन.

25. वित्तीय समावेशन पहलें :

- आवश्यक प्रौद्योगिकी पहल सहायता उपलब्ध कराते हुए सरकार द्वारा यथा निर्देशित सभी वित्तीय समावेशन पहलों को प्रारंभ किया गया है.
- आधार पेमेंट ब्रिज सिस्टम (एपीबीएस) सक्रिय किया है.
- एलपीजी उपभोक्ता हेतु डीबीटी का कार्यान्वयन एवं अस्वीकृत को कम करने हेतु निगरानी
- आधार समर्थित भुगतान प्रणाली (एइपीएस) सक्रिय है.
- वैकल्पिक चैनलों के माध्यम से भी उपलब्ध है - एटीएम, एसएमएस एवं इंटरनेट बैंकिंग द्वारा आधार सीडिंग
- केवाईसी - सभी शाखाओं एवं बीसी में कार्यान्वित कर दिया गया है.
- डेमोग्राफिक प्रमाणीकरण- एनपीसीआई के माध्यम से डेमोग्राफिक प्रमाणीकरण लेनदेन से उत्पादकता की प्रवृति एवं प्रदर्शन में सक्रियता
- सीबीएस में तीन नई सामाजिक सुरक्षा योजनाओं यथा, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना का शुभारम्भ.
- बीसी उपकरणों के माध्यम से रुपे कार्ड लेन-देन प्रत्यक्ष उत्पादन में है.
- बीसी के लिए आधार आधारित लॉगिन कार्यमूलकता को प्रोडक्शन एन्वायरमेंट में डाल दिया गया है एवं सभी सक्रिय टीएसपी उस पर लाइव है.
- उन बीसीज के लिए भी बल्क एसएमएस सुविधा को प्रोडक्शन में क्रियान्वित कर दिया गया है जो किसी विशिष्ट दिन लॉगिन नहीं होते है.
- एनपीसीआई दिशानिर्देशों के अनुसार आधार सीडिंग तथा आधार मैपिंग को पृथक्कीकरण प्रोडक्शन में डाल दिया गया है.
- आधार आधारित व्यापारिक भुगतान कार्यमूलकता को भी प्रोडक्शन में डाल दिया है और उसे लाइव कर दिया गया है.
- विभिन्न चैनलों जैसे आईएफआईएस, एईपीएस ओएनयूएस, एईपीएस ओएफएफयूएस रूपे कार्ड में बीसी के लेन देन सीमा का प्रतिबंधन कार्यान्वित कर दिया गया था.
- आईएफआईएस / एईपीएस ओएनयूएस लेन देन, बीसी पॉईंट/मायक्रोएटीएम में नकद जमा एवं आहरण के पूर्व नाम के प्रदर्शन को समर्थित किया गया था.
- लेन देन के लिए अपंजीकृत पब्लिक डिवाइस को पंजीकृत डिवाइस (बीसी पॉइन्ट एवं शाखा दोनों में) में परिवर्तन, उडाई के दिशानिर्देशों के अनुसार कार्यान्वित किया गया था.
- नये खातों (आवश्यक) एवं विद्यमान खातों में ई-केवायसी के माध्यम से अधिप्रमाणन समर्थ किया गया था.
- बीसी पॉइन्ट पर पीएमजेबीवाय एवं पीएमएसबीवाय के पंजीकरण की सुविधा.
- बीसी पॉइन्ट पर एसएचजी लेन देन की सुविधा.

26. आईटी गवर्नेंस:

बैंक में आईटी कार्य नीति समिति, आईटी संचालन समिति एवं आईटी जोखिम प्रबंधन समिति के गठन से बैंक में आईटी गवर्नेंस के लिए आवश्यक संरचना तैयार की गई है.

- सूचना प्रौद्योगिकी नीति के संस्करण 1.45 को बोर्ड द्वारा अनुमोदित एवं अंगीकृत किया गया था. आईटी का संगठनात्मक ढांचा बैंक द्वारा की जा रही व्यवसायिक गतिविधियों के आकार, प्रमाण एवं प्रकृति के अनुरूप तथा व्यावसायिक परिचालन के लिए सूचना प्रणाली द्वारा उपलब्ध कराये गए अन्तर्निहित समर्थन के अनुरूप होना चाहिए. आईटी संगठनात्मक संरचना के प्रमुख कार्यक्षेत्रों में 'तकनीक एवं विकास", 'आईटी परिचालन", 'आईटी एश्योरेंस" एवं 'आपूर्तिकर्ता 'तथा 'संसाधन प्रबंधन" शामिल होंगे. आईटी विभाग आदर्श स्थिति में उच्च कार्यपालक की श्रेणी के अधिकारी तथा महाप्रबंधक एवं उनके सहयोग हेतु उप महाप्रबंधक द्वारा संचालित होना चाहिए. आईटी विभाग का प्रत्येक वर्टिकल समुचित रूप से अनुभवी एवं प्रशिक्षित वरिष्ठ अधिकारियों, जो कम-से-कम सहायक महाप्रबंधक श्रेणी के हों, द्वारा संचालित होना चाहिए.
- बेहतर प्रबंधन हेतु बैंक द्वारा पैच प्रबंधन नीति, स्वीकार्य उपयोग नीति, नक़ल रोधी नीति, इलेक्ट्रॉनिक गैजेट एवं आईटी हार्डवेयर नीति, हार्डवेयर निपटान नीति,डाटा अंतरण नीति को अंगीकृत किया गया है.
- आई टी कार्यनीति समिति की सलाह के अनुसार संतुलित स्कोर कार्ड नियमित रूप से तैयार कर उसका प्रस्तुतीकरण किया जा रहा है तथा आई टी परियोजनाओं के विभिन्न पैरामीटरों के अंतर्गत कार्यनिष्पादन की रेटिंग की जा रही है.

27. सूचना सुरक्षा:

- बैंक का डाटा केन्द्र (डीसी) और आपदा पुनर्स्थापन केन्द्र आईएसओ 27001:2013 आईएसएमएस मानकों एवं आईएसओ 22301:2012 बीसीएमएस मानकों से प्रमाणित है.
- सुरक्षा संतुलन स्कोर कार्ड की अवधारणा के माध्यम से विभिन्न सूचना सुरक्षा नियंत्रणों/गतिविधियों की प्रभाविता तिमाही आधार पर मापी जाती है.

- भारतीय रिजर्व बैंक एवं सीईआरटी-इन (भारतीय कम्प्यूटर आपातकाल प्रतिक्रिया दल) द्वारा आयोजित साइबर ड्रिल में नियमित रूप से सहभागिता की जा रही है.
- बैंक में विभिन्न प्रणालियों के विशिष्ट उपयोगकर्ताओं की गतिविधियों को व्यवस्थित करने के लिए विशिष्ट पहचान प्रबंधन समाधान (पीआईएम) क्रियान्वित कर दिया गया है.
- ग्राहकों के साथ साथ स्टाफ के लिए सुरक्षा जागरुकता पहलें नियमित आधार पर की जा रही हैं. बैंक को इस श्रेणी में "स्कॉच ऑर्डर ऑफ मेरिट" के साथ साथ "स्कॉच गोल्डअवार्ड" प्राप्त हुआ है.
- बैंकों में "साइबर सुरक्षा ढ़ाचा" के संबंध में भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देश एवं बैंकिंग उद्योग में व्याप्त प्रथाओं के अनुरूप बैंक की साइबर सुरक्षा की स्थिति को मजबूत करने के लिए आवश्यक कदम सुनिश्चित किए गए हैं.

28. सीबीएस यूजर्स (स्टाफ) के लिए बायोमीट्रिक अधिप्रमाणन:

- अतिरिक्त सुरक्षा उपाय के तौर पर बैंक ने बायोमीट्रिक अभिप्रमाणन प्रणाली (बीएएस) का कार्यान्वयन पूर्ण कर लिया है.
- सभी शाखाएं और कार्यालय बायोमीट्रिक अधिप्रमाणन समर्थित हैं और सभी लेनदेन समर्थता उपयोगकर्ताओं को बायोमीट्रिक प्रमाणीकरण के माध्यम से सीबीएस में लॉगिन करना अनिवार्य बनाया गया है.

29. जीवन प्रमाण

पेंशनरों के डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र के सृजन हेतु हमारे बैंक के सभी क्षेत्रीय/आंचलिक/शाखाओं में जीवन प्रमाण एप्लीकेशन इंस्टॉल कर दिया गया है. केंद्र सरकार/सेना/राज्य सरकार के पेंशनर्स किसी भी आंचलिक कार्यालय/क्षेत्रीय कार्यालय/शाखा से डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र के लिए पंजीकरण कर सकते हैं.

30. केंद्रीकृत ऋण मूल्यांकन प्रणाली एवं पर्यवेक्षण (क्लास) :

- यह रिटेल, कृषि, एमएसएमई एवं कॉर्पोरेट मॉड्यूल के साथ निगरानी मॉड्यूल के साथ क्रियान्वित किया जाता है.
- इस प्रणाली के लागू करने से ऋणों की स्वीकृति के नियमों को लागू करना आसान हो गया है तथा सभी शाखाओं में एकसमान प्रक्रिया लागू हो गई है.
- वर्तमान में, इस सॉफ्टवेर का उपयोग सभी शाखाओं के द्वारा रिटेल ऋणों इत्यादि के अंतर्गत ऋण आवेदन प्रवर्तन करने में किया जाता है. इस साफ्टवेअर में ऑनलाईन रिटेल ऋण आवेदन करने की सुविधा उपलब्ध है.
- इन्टरनेट पर इस सॉफ्टवेर के द्वारा ऋण आवेदनों की ऑनलाइन एवं ऑफलाइन जानकारी के लिए भी यह सुविधा उपलब्ध है.
- हाल ही में शैक्षणिक ऋणों के लिए प्रस्तुत किया गया एनएसडीएल विद्यालक्ष्मी पोर्टल पहले से ही क्लास से सम्बद्ध कर दिया गया है एवं एनएसडीएल पोर्टल के स्वचलन के चरण दो का कार्यान्वयन हो चुका है एवं यह शाखाओं के प्रयोग में है.
- इस सॉफ्टवेर में भारतीय रिजर्व बैंक की ऋण चूककर्ता सूची प्रदर्शित करने की क्षमता है एवं एनपीए मॉड्यूल परीक्षणाधीन है जिसे शीघ्र ही प्रोडक्शन में लगा दिया जाएगा.
- मिडल वेयर, हार्डवेयर, लाइसेंसों एवं एप्लीकेशन के पांच वर्षीय समेकित एएमसी/एटीएस के लिए वेन्डर से बातचीत एवं आरएफपी के माध्यम से निष्पादित किया जा चुका है.
- कई नयी कार्यक्षमताएं प्रक्रियाधीन हैं एवं उपयोगकर्ता विभाग से आवश्यकता के आधार पर नियमित रूप से कार्यान्वित किया जाएगा.

31. सरल टीडीएस वेब एप्लीकेशन :

दिनांक 06.10.2015 को केंद्रीकृत ई-टीडीएस प्रबंधन सोल्यूशन क्रियान्वित किया गया था. जो टीडीएस सम्प्रेषण के लिए मासिक आयकर चालान का सृजन एवं आईटी विवरणी फाइल करने में सहायक है.

32. नकद प्रबंधन प्रणाली (सीएमएस):

दिनांक 01.01.2015 को नकदी प्रबंधन प्रणाली क्रियान्वित की गयी थी जो तरलता, खाता शेष, भुगतान एवं नकदी प्रबंधन कार्य प्रबंधित करने में कॉर्पोरेट ग्राहकों के लिए सहायक है. इस एप्लीकेशन के दो प्रमुख मॉड्यूल है अर्थात भुगतान एवं संग्रहण.

33. धन-शोधन निवारण (एएमएल):

दिनांक 15.06.2015 को एमलॉक एप्लीकेशन क्रियान्वित की गयी थी जो वित्तीय अन्वेषण इकाई (एफआईयू) को प्रस्तुत की जाने वाली अनिवार्य रिपोर्टें (दैनिक/मासिक) यथा एसटीआर, सीटीआर, एनटीआर, सीसीआर, एवं सीबीडब्ल्यूआर इत्यादि सृजित करने में सहायक है.

34. **विविध परियोजनाएं:**

- समेकित जोखिम प्रबंधन प्रणाली का क्रियान्वयन
- धोखाधड़ी जोखिम प्रबंधन सिस्टम का क्रियान्वयन
- दस्तावेज प्रबन्धन प्रणाली (डीएमएस) के क्रियान्वयन के साथ बैंक दस्तावेजों के डिजिटलीकरण की प्रक्रिया में है.
- एसएएस - बाजार जोखिम परियोजना दिनांक 26/04/2017 से लाइव है.
- निक(एनआईसी) के द्वारा मेल मैसेजिंग प्रणाली एवं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग
- आईटी संबंधी विद्यमान नीतियों की समीक्षा
- कार्पोरेट आईएनबी ग्राहकों के लिए डिजिटल हस्ताक्षर का कार्यान्वयन
- माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस जैसे लाइसेंसशुदा उत्पादों के उपयोग का नियमन
- डेबिट कार्डों के लिए अधिप्रमाणन के लिए दूसरे घटक के रूप में ओटीपी का कार्यान्वयन
- वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सुविधा का व्यापक प्रयोग जिसे बैंक के कार्पोरेट नेटवर्क, इंटरनेट एवं आईपैड पर उपलब्ध कराया गया.
- इस अवधि के दौरान प्राप्त सभी विनियामक अपेक्षाओं का अनुपालन
- ऑफ-साइट निगरानी - ऑफ-साइट निगरानी के लिए लेखा परीक्षा विभाग को 89 रिपोर्टें दी जा चुकी हैं.

35. **स्विफ्ट (एसडब्ल्यूआईटी)**

- स्विफ्ट का प्रयोग केवल सीमापार लेनदेन के लिए किया जाता है. जब कभी भी सीमापार मुद्रा का लेन देन होता है फोरेक्स शाखाएं स्विफ्ट में ही लेन देन करती हैं. स्टेन्डर्ड मैसेजिंग सिस्टम जिसमें स्विफ्ट प्लेटफार्म के माध्यम से संदेश प्रेषित / प्राप्त किया जाता है एवं नोस्त्रो / वोस्त्रो खाता स्तर पर निपटान किया जाता है. स्विफ्ट संदेश कई प्रकार के होते हैं एवं प्रत्येक अलग उद्देश्य के लिए होते हैं.
- सीमापार धन प्रेषण के लिए हमारे बैंक में दिनांक 03/04/2018 को 72 शाखाएं स्विफ्ट समर्थित हैं.

36. **न्यू ट्रेड फायनेन्स माड्यूल (एफएक्स - 24) दिनांक 03/04/2018 को एक्ज़िम बिल्स माड्यूल के स्थान पर कार्यान्वित किया गया.**

महत्वपूर्ण विशेषताएं :

- वेब आधारित समाधान एवं हमारे बैंक की सभी शाखाओं को उपलब्ध.
- भारतीय रिजर्व बैंक के निर्यात डाटा प्रसंस्करण प्रबंधन प्रणाली (ईडीपीएमएस) के साथ पूर्ण समन्वयन. इसके कारण, आरबीआई के 70% के अनुपालन के विरूद्ध बैंक ने ईडीपीएमएस रिपोर्टिंग में 76% का अनुपालन प्राप्त किया.
- भारतीय रिजर्व बैंक के निर्यात डाटा प्रसंस्करण प्रबंधन प्रणाली (ईडीपीएमएस) के साथ पूर्ण समन्वयन.
- आयात एवं निर्यात के संबंध में भारतीय रिजर्व बैंक के मास्टर दिशानिर्देश का अनुपालन.
- ग्राहक जानकारी सुविधा नंबर (सीआईएफ) डी-डुप्लीकेशन का अनुपालन.
- निर्यात बिल पर आंशिक बट्टा काटना / आयात बिल्स का आंशिक भुगतान की सुविधा.
- सभी माड्यूल में क्रॉस करेन्सी फारवर्ड कॉन्ट्रेक्ट का प्रयोग (बाह्य धन प्रेषण,आवक धन प्रेषण, निर्यात एवं आयात लेन देन).
- सभी उपयोगकर्ताओं के लिए सभी महत्वपूर्ण रिपोर्ट पीडीएफ / एक्सेल फार्मेट में उपलब्ध.
- एकल लेन देन में रेडी, फॉरवर्ड एवं कार्ड दर के संयोजन का उपयोग.
- ₹ 10,00,000 के बराबर एवं इससे अधिक के वित्तीय लेन देन के लिए दोहरा अधिप्रमाणन.
- विदेशी आवक विप्रेषण प्रमाणपत्र (एफआईआरसी) प्रिन्टिंग.
- डीजीएफटी / आरबीआई (प्रीशिपमेंट एवं पोस्ट शिपमेंट दोनों के लिए) के 416 अनुमत एचएस कोड्स आधारित ब्याज समकरण.
- ऑफसाइट मॉनीटरिंग एलर्टस सृजित किए जाते हैं एवं लेखापरीक्षा विभाग को मॉनीटरिंग के लिए उपलब्ध कराए जाते हैं.
- निर्यात / आयात के विरूद्ध अग्रिम भुगतान के लिए कार्यक्षमता.

ट्रेड फायनेन्स माड्यूल के साथ, बैंक ने कॉर्पोरेट वित्त शाखा, चैन्ने में कॉर्पोरेट ग्राहकों के लिए सप्लाई चेन फायनेन्स माड्यूल भी कार्यान्वित किया है.

लेखापरीक्षा एवं निरीक्षण

बैंक की शाखाएं आंतरिक लेखापरीक्षकों के माध्यम से जोखिम आधारित आंतरिक लेखापरीक्षा के अधीन है और सम्मिश्र जोखिम ढांचे के अनुसार प्रत्येक शाखा को जोखिम रेटिंग प्रदान की जाती है. जोखिम आधारित आंतरिक लेखा परीक्षा की आवधिकता शाखा को दी गयी विनिर्दिष्ट जोखिम रेटिंग पर निर्भर करती है. तदनुसार, वर्ष 2017-18 के दौरान 4091 शाखाएं आरबीआईए के अधीन थी. दिनांक 31.03.2018 को 2255 शाखाएं मध्यम जोखिम रेटिंग में, 2405 शाखाएं न्यून जोखिम रेटिंग में एवं 37 शाखाएं उच्च जोखिम रेटिंग में हैं. बैंक की कोई भी शाखा बहुत अधिक जोखिम रेटिंग एवं अत्यधिक जोखिम रेटिंग के अंतर्गत नहीं हैं.

वित्तीय वर्ष 2017-18 के दौरान, 32 क्षेत्रीय कार्यालयों, 11 आंचलिक कार्यालयों और केन्द्रीय कार्यालय के 11 विभाग प्रबंधन लेखापरीक्षा के अधीन थे.

दिनांक 31.03.2018 को 875 शाखाएं / एसएसबी / सीओ के विभाग सनदी लेखाकार की फर्मों / बैंक अधिकारियों द्वारा संगामी लेखापरीक्षा के अंतर्गत कवर किए गए हैं. बैंक की सभी 7 कॉर्पोरेट वित्त शाखाएं एवं 5 अन्य शाखाएं बैंक के वरिष्ठ श्रेणी के अधिकारियों द्वारा संगामी लेखापरीक्षा के अंतर्गत हैं. दिनांक 31.03.2018 को बैंक के कुल व्यवसाय का लगभग 56% और कुल अग्रिमों का 68% संगामी लेखा परीक्षा के अंतर्गत कवर किया है. 863 सनदी लेखाकार फर्मों को संगामी लेखापरीक्षा कार्य सौपा गया है जिनमें से 401 फर्में भारिबैं श्रेणी I की, 208 श्रेणी II की, 148 श्रेणी III की एवं 106 फर्में आरबीआई श्रेणी IV की हैं.

बैंक प्रत्येक वर्ष 1 मार्च से 10 मार्च तक सनदी लेखाकार, आंतरिक लेखा परीक्षक एवं अन्य अधिकारियों से यह सुनिश्चित करने के लिए राजस्व जांच करवाती है कि विधिसम्मत आय बैंक की बही में प्रविष्ट की गयी है.

आरबीआई के अनुदेशों के अनुपालन में, दिनांक 01.04.2017 से 31.03.2018 के दौरान 696 पात्र खातों में विधिक लेखापरीक्षा कराया गया एवं स्वत्व विलेख का पुन:सत्यापन सुसंगत प्राधिकारियों से कराया गया.

बैंक आवधिक निरीक्षण एवं लेखापरीक्षा के माध्यम से कड़ाई से अनुपालन संस्कृति सुनिश्चित करती है. बैंक शाखाओं का रेन्डम आधार पर अनुपालन लेखापरीक्षा भी करती है ताकि लेखा परीक्षा वाली शाखा द्वारा प्रस्तुत की गयी लेखापरीक्षा अनुपालन की सत्यता को सुनिश्चित किया जा सके. वित्तीय वर्ष 2017-18 के दौरान 368 शाखाएं अनुपालन लेखापरीक्षा के अधीन थीं.

विभिन्न परिदृश्य के अंतर्गत निश्चित की गयी प्रारम्भिक सीमा से अधिक के लेन देन की मॉनीटरिंग के लिए बैंक ऑफसाइट मॉनिटरिंग प्रणाली के अंतर्गत भी है. वर्तमान में 89 परिदृश्य के एलर्टस सृजित होते हैं.

बैंक ने अपनी एडी शाखाओं द्वारा प्रेषित स्विफ्ट संदेशों के विशेष लेखापरीक्षा भी कराए थे एवं कोई भी अनियमितता नहीं पायी गयी.

शाखा विस्तार

दिनांक 31 मार्च 2018 को, बैंक के नेटवर्क में कुल 4685 शाखाएं हैं, 4886 एटीएम, 10 सेटेलाइट कार्यालय एवं 1 विस्तार पटल हैं. देश के सभी 29 राज्यों, 6 में से 5 केन्द्र शासित प्रदेशों, एनसीटी दिल्ली, 574 जिला मुख्यालयों एवं 707 जिलों में से 626 जिलों में उपस्थिति के साथ बैंक का देशव्यापी विस्तार है.

शाखाओं का वर्गीकरण



परिचालन

- बैंक द्वारा विस्तारित किए गए आधुनिक कॉल सेंटर उत्पादों के प्रमोशन / ग्राहकों को उनके ऋण खाता में अधिशेष इत्यादि संबंधी अनुस्माकर के लिए निर्गामी कॉल के अतिरिक्त ग्राहकों की शिकायतों / शंकाओं के समाधान के लिए आवक कॉल सुविधा उपलब्ध करा रही है.
- सोविनियर गोल्ड बॉन्ड्स के लिए ऑन लाइन अंशदान सुविधा ग्राहकों को उपलब्ध करायी गयी है.
- पेंशन प्रसंस्करण प्रणाली में सुरक्षा, शुद्धता एवं स्पीड को बेहतर बनाने के लिए नया पेंशन सॉफ्टवेयर जीबीएम पेन्शन मॉड्यूल आरंभ किया गया है. यह पेंशनरों को भुगतान विवरण एवं संशोधनात्मक लाभों के संबंध में एसएमएस उपलब्ध करायेगा.
- भारत सरकार के बैंकिंग सुधार के लिए रोड मैप के अनुसार, ग्राहकों की आसानी के लिए संशोधित सरलीकृत खाता खोलने का फॉर्म (सीआईएफ एवं एओएफ - व्यक्तिगत / वैयक्तिक) आरंभ किया गया है.
- समाशोधन के चेक नामे करने के पूर्व ग्राहकों को एसएमएस प्रेषित किए जा रहे हैं. विवादित चेक के मामलों में, ग्राहकों को होम शाखा से संपर्क करना है.
- अब ग्राहक अपनी पसंद की किसी भी शाखा में लघु बचत स्कीम जैसे पीपीएफ / वरिष्ठ नागरिक बचत योजना / सुकन्या समृद्धि खाता / केवीपी के अंतर्गत खाता खोल सकते हैं.
- ग्राहकों की शिकायतों का त्वरित निवारण किया जाता है, निपटान समय घटकर 11 दिन हो गए हैं.

राजभाषा :

- दिनांक 03 फरवरी, 2018 को आंचलिक कार्यालय, अहमदाबाद के तत्वावधान में एक दिवसीय **अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन** का भव्य आयोजन किया गया.
- राजभाषा विभाग द्वारा पहली बार अंतर बैंक हिन्दी निबंध प्रतियोगित का आयोजन किया गया. जिसमें विभिन्न बैंकों में कार्यरत स्टाफ सदस्यों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया.
- तेलंगाना राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति द्वारा आंचलिक कार्यालय, हैदराबाद को राजभाषा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य-निष्पादन हेतु **"प्रथम पुरस्कार"** प्रदान किया गया.
- गुजरात राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति द्वारा आंचलिक कार्यालय, अहमदाबाद को राजभाषा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य-निष्पादन हेतु **"प्रथम पुरस्कार"** प्रदान किया गया.
- महाराष्ट्र राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति द्वारा हमारे मुम्बई स्थित केन्द्रीय कार्यालय को राजभाषा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य-निष्पादन हेतु **"तृतीय पुरस्कार"** प्रदान किया गया.
- भारत सरकार की राजभाषा नीति के उत्कृष्ट कार्यान्वियन के लिए राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा हमारे मुम्बई, चंडीगढ़ एवं पटना आंचलिक कार्यालय को **"प्रथम पुरस्कार"** और कोलकाता आंचलिक कार्यालय को **"तृतीय पुरस्कार"** से सम्मानित किया गया.
- भारत सरकार की राजभाषा नीति के उत्कृष्ट कार्यान्वियन के लिए राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा हमारे पणजी क्षेत्रीय कार्यालय को **"प्रथम पुरस्कार"** एवं इंदौर क्षेत्रीय कार्यालय को तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया.
- हमारे द्वारा संचालित पणजी और भोपाल नराकास को भारत सरकार की राजभाषा नीति के उत्कृष्ट कार्यान्वियन के लिए राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा **"प्रथम पुरस्कार"** से सम्मानित किया गया.
- हमारे बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय कोटा, हैदराबाद, ग्वालियर, अकोला, सूरत, मुम्बई, जयपुर एवं औरंगाबाद को संबंधित नगर राजभाषा कार्यान्वियन समिति द्वारा **"प्रथम पुरस्कार"** से सम्मानित किया गया.
- हमारे बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय सागर, जबलपुर, इंदौर, मेरठ, बेंगलुरु और गुवाहाटी को संबंधित नगर राजभाषा कार्यान्वियन समिति द्वारा **"द्वितीय पुरस्कार"** से सम्मानित किया गया.
- हमारे अग्रणी बैंक कार्यालय, होशंगाबाद एवं बेलगाम शाखा को संबंधित नगर राजभाषा समितियों द्वारा **"द्वितीय पुरस्कार"** प्रदान किया गया.
- क्षेत्रीय कार्यालय राजकोट को संबंधित नगर राजभाषा कार्यान्वियन समितियों द्वारा वर्ष 2016-17 के दौरान राजभाषा के कार्यान्वियन के लिए **"तृतीय पुरस्कार"** प्रदान किया गया.

कॉर्पोरेट कम्यूनिकेशन

हमारे उत्पादों एवं सेवाओं के बारे में प्रिन्ट, इलेक्ट्रॉनिक, आउटडोर एवं अन्य मास कम्यूनिकेशन के माध्यमों से जागरुकता जागृत करने के लिए, गो ग्रीन उपायों को स्वीकार करते समय अपनी ब्रांड छवि को बनाए रखने एवं उसमें वृद्धि करने के लिए तथा फील्ड स्टाफ सदस्यों के सक्रिय सहयोग से अपने बैंक के व्यवसाय

में वृद्धि करने के लिए निम्न लागत विज्ञापनों को महत्व देते हुए निरंतर प्रयास करते रहने के हमारे प्रयास इस वर्ष भी जारी रहेंगे. अखिल भारतीय स्तर पर विजिविलिटी बढ़ाने के लिए, फील्ड स्तर पर स्थानीय खेल स्पर्धाओं/यात्राओं/आयोजनों/किसान कैम्पों/सम्मेलनों के प्रायोजन के अतिरिक्त, विभिन्न प्रचार-प्रसार गतिविधियों जैसे ट्रैफिक बेरिकेडस्, नो पार्किंग बोर्डों, पुलिस चौकियों, यूटिलिटी किऑस्क, दीवार पेंटिंग, ऑटो-रिक्शा, बस एवं ट्रेन, शिकारा, कैटामारैन में ब्रेंडिंग की गई. इन गतिविधियों को अंजाम देने के लिए लोकल केबल, एफएम रेडियो, मोबाइल एप, सिनेमा में विज्ञापनों का भी उपयोग किया गया.

- वर्ष के दौरान, बैंक ने ग्राहकों और स्टाफ सदस्यों के लिए 176 स्वास्थ्य जांच कैम्प एवं 38 रक्त दान कैम्पों का आयोजन किया.
- हमारे बैंक का 107वां स्थापना दिवस, 72 ऑर्गन दान जागरुकता एवं सेन्ट्रलाइट्स एवं ग्राहकों से प्राप्त 10831 ऑर्गन दान शपथ पत्र के संग्रहण सेमीनार के आयोजन के माध्यम से अभिनव एवं भव्य रूप से मनाया गया.
- जनसमूह के ध्यान को आकर्षित करने के लिए पूरे भारत में महत्वपूर्ण स्थानों पर ट्रेफिक बेरिकेट्स लगाए गए.

सतर्कता

चयनित रिटेल ऋण योजना के अंतर्गत ऋण के प्रसंस्करण एवं स्वीकृति हेतु बैंक में स्थापित 49 केन्द्रीय ऋण प्रसंस्करण कक्षों (सीसीपीसी) का अध्ययन किया गया. कमियों को चिन्हित करने एवं इसकी बेहतरी हेतु सुझावों के लिए उपलब्ध मूल संरचना, रिटेल ऋणों के प्रसंस्करण / स्वीकृति हेतु प्रशिक्षित मानवशक्ति की उपलब्धता, नियंत्रण एवं प्रणाली की समीक्षा इत्यादि के बारे में जानना ही इसका उद्देश्य था.

शाखाओं द्वारा ऋण के संबंध में निर्णय लेने के लिए सिबिल डाटा के उपयोग की सीमा को समझने की अन्य क्रियाविधि को भी अपनाया गया है.

सावधानी के स्तर को समझने की दृष्टि से, रिटेल पोर्टफोलियो को बढ़ाने के लिए एक कैम्पेन के अंतर्गत स्वीकृत ऋणों का भी अध्ययन किया गया.

कन्ट्रोल रिटर्नस में रिपोर्टिंग के स्तर एवं नियंत्रकों द्वारा इसके प्रभावी प्रयोग के स्तर को समझने के लिए भी अध्ययन किया गया है.

गलतियों को निकालने के लिए संगामी लेखा परीक्षा भी एक प्रणाली है एवं संगामी लेखा परीक्षा प्रणाली के प्रभाव को समझने के लिए भी एक अध्ययन किया गया : तदनुसार संगामी लेखापरीक्षकों द्वारा किए गए कार्यों की समीक्षा करने का सुझाव दिया गया.

"सतर्कता जागरुकता सप्ताह 2017" : सीवीसी से प्राप्त अनुदेशों के अनुसार, इस वर्ष की थीम "मेरा विज़न - भ्रष्टाचार मुक्त भारत" के साथ दिनांक 30.10.2017 से 04.11.2017 तक हमारे बैंक में पूर्ण निष्ठा के साथ सतर्कता जागरुकता सप्ताह मनाया गया. दिनांक 30.10.2017 को केन्द्रीय कार्यालय के विभिन्न विभागों में कार्यरत स्टाफ सदस्यों द्वारा शपथ ली गयी. इसी प्रकार के कार्यक्रम हमारे सभी 13 आंचलिक कार्यालयों, 59 क्षेत्रीय कायार्लयों एवं बैंक की शाखाओं तथा हमारे बैंक द्वारा प्रायोजित क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों में मनाए गए.

बैंक ने 18.40 मिलियन ग्राहकों को एसएमएस प्रेषित किए जिसके चलते सतर्कता जागरुकता सप्ताह के दौरान अखंडता की प्रतिज्ञा लेने के लिए सीवीसी साइट के लिए हाइपरलिंक उपलब्ध कराया गया. कुल 10,04,239 जनसमूह की प्रतिज्ञा को सीवीसी साइट पर अपलोड करने में बैंक पूरी तरह सफल रहा. सतर्कता निवारक कार्यकलापों पर हमारे बैंक के साथ साथ आरआरबी द्वारा पूरे भारत में लगभग 19.68 लाख पैम्पलेट वितरित किए गए. बैंक ने ग्रामीण एवं अर्ध शहरी केन्द्रों में 8069 ग्राम सभाएं आयोजित की.

केवल हमारे बैंक के स्टाफ सदस्यों के लिए सतर्कता निवारक से संबंधित मुद्दों को कवर करते हुए अखिल भारतीय ऑन लाइन क्विज़ का भी आयोजन किया गया. बैंक ने 9 विनिर्दिष्ट केन्द्रों जैसे पटना, सिलिगुड़ी, जबलपुर,अहमदाबाद, नासिक,पिपरी, छिंदवाड़ा, ग्रेटर मुम्बई, ठाणे एवं नवी मुम्बई के 184 स्कूलों एवं कॉलेजो में डिबेट, भाषण प्रतियोगिता, स्लोगन लिखना, लेक्चर इत्यादि एवं अन्य 50 केन्द्रों में अखंडता को बढ़ावा देने एवं भ्रष्टाचार उन्नमूलन जागरुकता के लिए कार्यक्रम आयोजित किए.

बैंक ने कर्मचारियों, संबंधियों एवं स्टेकधारकों के लिए संगठन की नीतियों/ प्रणालियों एवं सतर्कता निवारक उपायों पर 229 कार्यशाला / संवेदीकरण कार्यक्रम आयोजित किए. विभिन्न स्थानों पर पब्लिक / ग्राहकों / स्टाफ सदस्यों के लिए टाउन हॉल मीटिंगों का आयोजन किया गया एंव न्यायिक, सीवीसी, सीबीआई, पुलिस विभाग, कॉलेजो इत्यादि से विशेष तौर पर आमंत्रित कार्यक्रम में उपस्थित हुए एवं उपस्थित जनसमूह को संबोधित भी किया.

पूरे देश की शाखाओं, पेट्रोल पम्पों, रेलवे स्टेशनों इत्यादि के विभिन्न स्थानों पर लगभग 11800 बैनर्स एवं पोस्टर प्रदर्शित किए गए. पूरे भारतवर्ष की विभिन्न शाखाओं द्वारा 4788 ग्राहक शिकायत निवारण शिविरों का आयोजन किया गया. पूरे सतर्कता जागरुकता सप्ताह के दौरान 21 केन्द्रों पर एफएम चैनल पर रेडियो जिंगल का प्रसारण किया गया. सतर्कता जागरुकता का संदेश फेसबुक, टिवटर के माध्यम के साथ साथ यू ट्यूब द्वारा भी विस्तारित किया गया.

मानव संसाधन विकास

1. मानव शक्ति :

मार्च 2018 के अंत में बैंक में स्टाफ सदस्यों की संख्या 36843 थी जबकि पिछले वर्ष यह संख्या 37,044 थी. स्टाफ सदस्यों का श्रेणीवार वर्गीकरण निम्नानुसार है:

श्रेणी	मार्च, 2017	मार्च, 2018
अधिकारी वर्ग	16,247	17166
लिपिक वर्ग	13,001	12300
अधीनस्थ वर्ग	7,796	7377
कुल संख्या	**37,044**	**36843**

2. मानव संसाधान विकास :

(i) वेतनमान I, II, एवं III के विशेषज्ञ श्रेणी के अधिकारियों के स्थानांतरण के मानदंड

निदेशक मंडल ने अपनी दिनांक 30.10.2017 को आयोजित बैठक में वेतनमान I, II, एवं III के विशेषज्ञ श्रेणी के अधिकारियों के स्थानांतरण मानदंडों में कुछ प्रावधान स्वीकृत किए हैं.

(ii) सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया (अधिकारी) सेवा विनियम, 1979 - कुछ विनियमों में संशोधन

अंतिम वेतन संशोधन जो दिनांक 01.11.2007 से लागू हुआ था के अनुक्रम में अधिकारी सेवा विनियम के उचित विनियमों में संशोधन किए गए.

(iii) सोशल मीडिया ग्रुप - व्हाट्स अप, फेसबुक इत्यादि में भ्रामक जानकारी

सभी शाखाओं / कार्यालयों को निर्देश हैं कि वे सोशल मीडिया में तथ्यात्मक गलत जानकारी के सृजन एवं उसके फैलाने से बचें.

(iv) वित्त वर्ष 2016-17 से प्रभावी बोनस का भुगतान.

वर्ष 2016-17 अर्थात दिनांक 01 अप्रैल, 2016 से 31 मार्च,2017 के लिए पात्र कर्मचारियों को उनके "वेतन / पारिश्रमिक" के 8.33% की दर से अधिकतम ₹ 7000/- बोनस का भुगतान किया गया.

(v) कर्मचारियों के लिए समूह चिकित्सा बीमा कवरेज :

कर्मचारियों के लिए समूह चिकित्सा बीमा का दिनांक 01/10/2017 से 30/09/2018 तक के लिए नवीनीकरण किया गया.

(vi) सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए दिनांक 01.11.2017 से 31.10.2018 तक की अवधि के लिए समूह स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी.

- सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए दिनांक 1 नवम्बर, 2017 से 31 अक्टूबर, 2018 तक के लिए समूह स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी नवीनीकृत की गयी है.
- सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए वर्ष 2017-18 के लिए आईबीए समूह स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी के लिए टीपीए में परिवर्तन हुआ है अर्थात स्वास्थ्य इंडिया बीमा टीपीए सेवाएं प्रा.लि.

(vii) मूल्यांकन प्रणाली में डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देना.

वित्तीय वर्ष 2017-18 के दौरान डिजिटल लेन देन को बढ़ावा देने के सरकार के उद्देश्य से हमारे बैंक के अधिकारियों की मूल्यांकन प्रणाली में डिजिटल भुगतान को बढावा देने के लिए वेटेज को उपयुक्त तौर पर समाहित कर लिया गया है.

(viii) बैंक में प्रचलित स्टाफ कल्याण योजनाएं - वित्तीय वर्ष 2017-18 के लिए स्टाफ कल्याण गतिविधियों के संबंध में दिनांक 18.09.2017 को आयोजित स्टाफ कल्याण समिति की बैठक में प्रमुख निर्णय.

वित्तीय वर्ष 2017-18 के लिए स्टाफ कल्याण योजनाओं पर निर्णय लेने के लिए दिनांक 18.09.2017 को स्टाफ कल्याण समिति की बैठक आयोजित की गयी. समिति के निर्णयानुसार केवल निम्नलिखित तीन योजनाएं वित्तीय वर्ष 2017-18 में लागू रहेंगी.

(ए) कार्य के दौरान कर्मचारी के निधन पर उसके परिवार को सहायता योजना.

(बी) अवकाश गृह एवं ट्रांन्जिट होम - वर्तमान में 8 अवकाश गृह हैं.

(सी) स्टाफ को चिकित्सा सुविधा का प्रावधान, विद्यमान अंशकालीन डॉक्टर को वेतन एवं दवाइयों का मूल्य.

3. प्रशिक्षण :

अनुमोदित प्रशिक्षण योजना के अनुसार, वर्ष 2017-18 के लिए प्रशिक्षण कैलेंडर तैयार किया गया है एवं ऋण (रिटेल, एमएसएमई एवं कृषि), वसूली, विदेशी विनिमय एवं जोखिम प्रबंधन तथा मानवीय स्वभाव के पहलुओं पर प्रशिक्षण देने को प्राथमिकता दी गई है.

सभी प्रशिक्षण महाविद्यालय एवं ज़ेडएसटीसी ने प्रशिक्षण कैलेन्डर के अनुसार प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए हैं. हमारे प्रशिक्षण महाविद्यालयों एवं . जेडएसटीसी के साथ साथ बाह्य संस्थानों के प्रशिक्षण गतिविधियों का विवरण निम्नानुसार है :

- वित्तीय वर्ष (दिनांक31.03.2018 को) के दौरान प्रशिक्षित स्टाफ सदस्यों की स्थिति निम्नानुसार है :

	कुल स्टाफ	मार्च 2018 तक प्रशिक्षित	मार्च 2018 तक कवर किए गए स्टाफ का %
अधिकारी	17166	15568	90.69
पंचाट कर्मचारी	19677	14850	75.47
कुल	**36843**	**30418**	**82.56**

वर्ष 2017-18 के दौरान विशेष प्रशिक्षण पहलें निम्नानुसार है :

- हैदराबाद अंचल के 39 नये पदोन्नत वेतनमान II एवं III के शाखा प्रबंधक / ऋण अधिकारियों ने दिनांक 12.06.2017 से दिनांक 17.06.2017 तक आन्धा बैंक एपेक्स प्रशिक्षण महाविद्यालय में "एमएसएमई एडवान्स क्रेडिट अप्रेजल" पर प्रशिक्षण कार्यक्रम में सहभागिता की.
- वित्तीय वर्ष 2016-17 के 5 स्टार रेट किए गए 59 शाखा प्रबंधकों ने माह फरवरी, 2018 में एनआईबीएम पुणे में 2 दिन का एवं 2 प्रशिक्षण आईएमटी दुबई में, दो समूहों में प्रशिक्षण प्राप्त किया.
- वित्तीय वर्ष 2017-18 के लिए हमारे प्रशिक्षण महाविद्यालयों में नये भर्ती पीओ एवं एएफओ के लिए प्रारंभिक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए.
- वित्तीय वर्ष 2017-18 के लिए आंचलिक स्टाफ प्रशिक्षण केन्द्रों में नये भर्ती लिपिकीय कर्मचारियों के लिए प्रारंभिक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए.
- एसपीबीटी कॉलेज द्वारा प्रबंधित ई-लर्निंग पोर्टल में ई-लर्निंग पर 26 पाठ्यक्रम उपलब्ध है.
- वर्ष 2017-18 के दौरान, सभी कर्मचारियों के लिए क्लास रूम, लोकेशनल, मंथन एवं विशेष प्रशिक्षण सहित 1552 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये गए. जिनमें विभिन्न स्टाफ सदस्यों ने एक अथवा दो प्रशिक्षण कार्यक्रमों में सहभागिता की इस प्रकार कुल 30418 सहभागियों ने भाग लिया एवं 3 प्रशिक्षण महाविद्यालयों और 15 आंचलिक कर्मचारी प्रशिक्षण केन्द्रों द्वारा 96220 कार्य-दिवस का उपयोग किया गया. इसके अलावा बाह्य प्रशिक्षण एजेन्सियों जैसे एनआईबीएम, सीएबी नोएडा, बीआईआरडी, आईआईबीएफ, एएससीआई एवं आईडीआरबीटी इत्यादि एजेंसियों द्वारा आयोजित विशेषीकृत प्रशिक्षण कार्यक्रमों में विभिन्न वेतनमानों के 289 अधिकारियों को नामित किया गया. साथ ही, वर्ष 2016-17 के दौरान 5 स्टार वाले 59 शाखा प्रबंधकों एवं 12 अधिकारियों को विदेशी प्रशिक्षण कार्यक्रम/कार्यशाला/सम्मेलन/एक्स्पोजर विजिट के लिए भेजा गया.

4. भर्ती एवं पदोन्नति :

- वर्ष 2017-18 में, परिवीक्षाधीन अधिकारी, कृषि वित्त अधिकारी, एचआर अधिकारी, आई टी अधिकारी, ऋण अधिकारी, जोखिम प्रबंधक लिपिक संवर्ग तथा अधीनस्थ वर्ग के 2019 पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया आयोजित की गई.
- पदोन्नति प्रक्रिया को और अधिक प्रोत्साहनकारी तथा कॉर्पोरेट उद्देश्यपरक बनाया गया है. अत: यह प्रस्ताव किया गया कि यथासम्भव सभी वेतनमानों /श्रेणियों के लिए पदोन्नति प्रक्रिया आयोजित की जाए. तदनुसार वर्ष 2017-18 के दौरान अंतर-वेतनमान एवं अंतर-श्रेणी पदोन्नति प्रक्रियाएं आयोजित की गई तथा कर्मचारियों/अधिकारियों को उच्चतर श्रेणी/वेतनमान में पदोन्नत किया गया. इस प्रकार 103 अधीनस्थ कर्मचारी लिपिक संवर्ग में, 1133 लिपिक वेतनमान 1 अधिकारियों की श्रेणी में तथा 1160 अधिकारी उच्चतर श्रेणी/वेतनमान में पदोन्नत हुए.

5. आरक्षण नीति का कार्यान्वयन :

- बैंक द्वारा आरक्षण नीति पर भारत सरकार/भारतीय बैंक संघ से प्राप्त दिशानिर्देशो/अनुदेशों का क्रियान्वयन किया जा रहा है तथा आरक्षण नीति के अनुसार अजा/अजजा/ अपिव/पीडब्ल्यूडी को छूट एवं रियायतें प्रदान की जा रही हैं.
- श्री के.रामुलू, अनुसूचित जाति के लिए राष्ट्रीय आयोग, भारत सरकार के माननीय सदस्य ने दिनांक 04.01.2018 से 06.01.2018 तक आरक्षण नीति के कार्यान्वयन के संबंध में रायपुर का दौरा किया.
- श्री मनहार वालजी जाला, अध्यक्ष, सफाई कर्मचारियों के लिए राष्ट्रीय आयोग की दिनांक 20.03.2018 को सफाई कर्मचारियों के प्रतिनिधि एवं बैंक के कार्यपालकों के साथ सफाई कर्मचारियों / हाथ से झाड़ू लगाने वालों के लिए योजना / कार्यक्रमों एवं "द प्रोहिबिशन ऑफ एम्प्लायमेंट एज़ मैन्युअल स्केवेन्जर्स एंड देयर रिहेबिलिटेशन एक्ट 2013" के कार्यान्वयन पर विचार विमर्श करने के लिए बैठक हुई.
- सरकारी आश्वासनों पर समिति (2016-17), लोक सभा, ने दिनांक 28 अगस्त, 2017 को केन्द्रीय पीएसयू के प्रतिनिधियों से वित्तीय संस्थाओं में रिक्त पदों के संबंध में विचार विमर्श करने हमारे कोलकाता कार्यालय का दौरा किया.

- श्रीमती मंजू दिलेर, माननीय सदस्य सफाई कर्मचारियों के लिए राष्ट्रीय आयोग, सामाजिक न्याय एवं सशक्तिकरण मंत्रालय, भारत सरकार, ने दिनांक 21/09/2017 को सफाई कर्मचारियों / बैंक के ग्रुप डी के कर्मचारियों के क्षेत्रीय स्तर के मामलों एवं सफाई कर्मचारियों / ग्रुप डी एवं उनके आश्रितों के सामाजिक आर्थिक, रहनसहन,सेवाएं एवं शैक्षिक स्थितियों के बारे में विचार विमर्श करने हेतु भुवनेश्वर कार्यालय का दौरा किया. उन्होंने हमारे पटना कार्यालय का भी दिनांक 22.12.2017 को सफाई कर्मचारियों / हाथ से झाड़ू लगाने वालों के पुनर्वास के लिए स्व रोजगार योजना की समीक्षा करने एवं उनके सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षिक स्थिति के अध्ययन के लिए दौरा किया

6. औद्योगिक संबंध :

वर्ष के दौरान औद्योगिक संबंध सामान्यतया संतोषजनक रहे.

क्रेडिट कार्ड परिचालन :

- दिनांक 31 मार्च, 2018 को बैंक का क्रेडिट कार्ड आधार 102514 है एवं प्री-पेड कार्ड का आधार 429423 है.
- बैंक प्रमुख कार्ड जारीकर्ताओं अर्थात मास्टर, वीज़ा एवं रूपे के सहयोग से क्रेडिट कार्ड जारी करता है. प्री-पेड कार्ड मास्टर कार्ड के सहयोग से जारी किये जाते हैं.
- बैंक ग्राहकों को सिर्फ ईएमवी चिप आधारित क्रेडिट कार्ड जारी करता है.
- बैंक ने क्रेडिट कार्ड के लिए विशेष वेब पोर्टल शुरु किया है.
- मोबाइल बैंकिंग पर क्रेडिट कार्ड संबंधी कार्य-प्रणाली भी विकसित की गई है.
- क्रेडिट कार्ड द्वारा ऑन-लाइन खरीद के लिए ईएमआई विकल्प विकसित एवं कार्यान्वित किया गया है.
- जुलाई, 2017 में रूपे क्रेडिट कार्ड दो प्रकारों के साथ (रूपे प्लेटिनम और रूपे सेलेक्ट) जारी किया गया है.
- वर्ष के दौरान बैंक ने रूपे प्लेटफॉर्म पर रिलोडेबल (ओपन लूप सिस्टम) रूपे प्रीपेड कार्ड का शुभारंभ किया है.

एटीएम/डेबिट कार्ड परिचालन :

- दिनांक 31.03.2018 को एटीएम की कुल संख्या 4886 हैं.
- 550 एटीएम में नकदी भराई का कार्य स्टाफ द्वारा किया जा रहा है.
- 31.03.2015 तक खोली गई 4624 शाखाओं में से, दिनांक 31.03.2018 को 4378 शाखाएं एटीएम के साथ सम्बद्ध हैं.
- बैंक के 62% एटीएम ग्रामीण एवं अर्द्ध-शहरी क्षेत्रों में स्थित है.
- वर्ष के दौरान औसत एटीएम अप-टाइम 92% है.
- एटीएम पर औसत दैनिक हिट 90 है.
- दैनिक औसत नकद आहरण रुपये 101 करोड़ है.

अनुषंगियां एवं संयुक्त उद्यम

I. सेन्टबैंक होम फाइनेंस लिमिटेड

- मार्च 2018 को स्वामित्व निधि ₹ 100.67 करोड़ थी.
- दिनांक 31 मार्च, 2018 को समाप्त वित्तीय वर्ष के दौरान कंपनी का कुल अग्रिम ₹1264.82 करोड़ हो गया है, जबकि दिनांक 31 मार्च, 2017 को यह ₹1322.62 था.
- दिनांक 31 मार्च, 2018 को रिटेल जमाएं एवं संस्थागत जमाएं ₹ 542.84 करोड़ हो गया है, जबकि दिनांक 31 मार्च, 2017 को यह ₹ 680.58 करोड़ था.
- दिनांक 31 मार्च, 2017 को कंपनी का शुद्ध लाभ ₹ 11.04 करोड़ से वर्ष-दर-वर्ष 52.54% की वृद्धि दर्ज करते हुए, दिनांक 31 मार्च, 2018 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए बढ़कर ₹16.84 करोड़ हो गया है.
- प्रति शेयर आय ₹ 6.73 (₹ 10 प्रति शेयर) [गत वर्ष ₹ 4.42] रही.
- मार्च 2018 में एनपीए ₹ 26.90 करोड़ रहा, जो मार्च 2017 में ₹ 21.48 करोड़ था.
- मार्च 2018 को शुद्ध अग्रिम में शुद्ध एनपीए 1.33% है.
- आस्तियों पर प्रतिफल 1.26% है. [गत वर्ष 0.85%]
- दिनांक 31 मार्च, 2018 को सीएआर 18.76% है.

II. सेन्टबैंक फाइनेंशिल सर्विसेज लिमिटेड

- सेन्टबैंक वित्तीय सेवाएं लिमिटेड, डिबेंचर/सुरक्षा न्यास, निष्पादक न्यास, प्रबंध चेरीटेबल ट्रस्ट इत्यादि सहित अनिवार्यत: न्यासधारिता सेवाएं उपलब्ध करा रही है.
- कंपनी, डिबेंचर न्यास गतिविधियों के अधिग्रहण के लिए सेबी के साथ पंजीकृत है.

वित्तीय अद्यतन जानकारी :

- कंपनी ने मार्च 2018 में ₹ 2.58 करोड़ का कर पश्चात शुद्ध लाभ अर्जित किया, जो गत वर्ष ₹ 2.77 करोड़ था.
- खंडवार अर्जन :

(राशि रुपये में)

विवरण	वि.व. 2017-18	वि.व. 2016-17
निष्पादक न्यास से शुल्क	34,85,414	36,97,765
डिबेंचर एवं प्रतिभूति न्यास से शुल्क	2,90,70,143	2,69,31,110
अन्य आय (ब्याज)	2,73,56,199	3,02,88,904
कुल	**5,99,11,756**	**6,09,17,779**

III. इंडो-जाम्बिया बैंक लिमिटेड

- जाम्बिया सरकार तथा भारत के तीन बैंकों अर्थात सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया, बैंक ऑफ बड़ौदा, बैंक ऑफ इंडिया द्वारा संयुक्त रूप से जाम्बिया में बैंक का संयुक्त उद्यम स्थापित किया गया है. इसमें इन तीनों भारतीय बैंकों में से प्रत्येक की 20% इक्विटी है, जबकि शेष 40% इक्विटी जाम्बिया गणराज्य सरकार की है.
- बैंक का वित्तीय वर्ष, कैलेंडर वर्ष है.
- बैंक सभी पैरामीटरों में बेहतर कार्यनिष्पादन दर्शा रहा है और वर्तमान में जाम्बिया का छठा सबसे बड़ा बैंक है.
- दिसम्बर 2017 के अंत तक हमारे बैंक के पास कुल 1 क्वाचा प्रति शेयर के 8,32,00,000 शेयर है.
- पिछले वर्ष की तुलना में बैंक की जमा राशियों में 25.87% एवं अग्रिमों में 28.83% वृद्धि हुई है.
- कैलेंडर 2017 में बैंक को 109.93 एमआईओ क्वाचा (₹ 69.84 करोड़) का शुद्ध लाभ हुआ है.
- वर्ष के दौरान बैंक ने वर्ष 2017 के लिए लाभांश की घोषणा की है. तदनुसार, हमारे बैंक ने ₹6,19,94,7323 के समतुल्य यूएस डॉलर 953,838 का लाभांश दिनांक 08/03/2018 को प्राप्त किया है.

iv. क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक

हमारे पास दिनांक 31 मार्च, 2018 को हमारे 3 आरआरबी हैं, जिनका 3 राज्यों के 48 जिलों में 1629 शाखाओं का नेटवर्क है.

(₹ करोड़ में)

आरआरबी एवं मुख्यालय का नाम तथा राज्य	जिलों एवं शाखाओं की संख्या	कुल जमाराशियां	कुल अग्रिम	सकल एनपीए	शुद्ध लाभ
सेन्ट्रल मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक, छिंदवाड़ा (म.प्र.)	25/455	6914.34	4146.42	583.05	4.91
उत्तर बिहार ग्रामीण बैंक, मुजफ्फरपुर (बिहार)	18/1032	14429.14	7472.72	2616.39	(160.45)
उत्तरबंग क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, कूचबिहार (प.बंगाल)	5/142	2785.08	1458.49	193.40	3.05
कुल	**48/1629**	**24128.56**	**13077.63**	**3392.84**	**(152.49)**

कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व

- सीएसआर, कार्यबल एवं उनके परिवारों के साथ साथ समुदाय एवं समाज के जीवन स्तर में सुधार लाते हुए अर्थव्यवस्था के विकास में व्यवसाय की सतत प्रतिबद्धता है.

- सीएसआर के अंतर्गत निर्धन, समाज के वंचित वर्ग के शिक्षा, स्वास्थ्य के स्तर को बढाने प्राकृतिक आपदाओं एवं समाज के समग्र कल्याण के लिए कार्य करने वाली संस्था/ट्रस्ट के माध्यम से आर्थिक दान देना हमारी सतत प्रतिबद्धता है.
- वित्तीय वर्ष 2017-18 के लिए सीएसआर बजट शून्य है क्योंकि वित्तीय वर्ष 2016-17 के दौरान बैंक को हानि हुई थी.

बढ़ते कदम

- वित्तीय वर्ष 2018-19 में वर्ष-दर-वर्ष आधार पर रिटेल में वृद्धि 10.96% अनुमानित है. सकल अग्रिम में रिटेल ऋण का लक्ष्य वित्तीय वर्ष 2018-19 के अंत तक 28.58% है. वर्तमान वित्तीय वर्ष 2018-19 के दौरान रिटेल ऋण को प्रोत्साहन देने के लिए बैंक ने तीन आक्रमक अभियानों की योजना बनाई है.

क्र.सं.	कैम्प प्रकार	संभावित अवधि
1.	शैक्षणिक मौसम	मई-जुलाई 2018
2.	मानसूनी मौसम	जून-सितम्बर 2018
3.	त्यौहारी मौसम	सितम्बर-दिसम्बर 2018

- टीएटी में कमी को बढ़ावा देने हेतु उधारकर्ताओं की आसानी से पहचान करने, केवायसी प्रमाणीकरण, आय सत्यापन इत्यादि के आधार पर शाखा प्रबंधकों को त्वरित निर्णय लेने हेतु मोबाईल एप्प को विकसित किया गया है.
- भारतीय रिज़र्व बैंक एवं पीएमटीएफ द्वारा सूक्ष्म उद्यमों हेतु निर्धारित लक्ष्य एएनबीसी का 7.5% प्राप्त करने के लिए सूक्ष्म उद्यमों को बढ़ावा देने की जरूरत है. इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए मुद्रा योजना, स्टैण्डअप इंडिया योजना, केवीआईसी/पीएमईजीपी योजनाओं के अंतर्गत ऋण और सेन्ट वीवर मुद्रा योजना के अंतर्गत वित्त पोषण बढ़ाने पर हमारा जोर है.

पुरस्कार एवं सम्मान

- वित्तीय वर्ष 2017-18 के दौरान, बैंक को वित्तीय वर्ष 2016-17 के लिए एसएचजी क्रेडिट लिंकेज में उत्कृष्ट कार्य-निष्पादन के लिए ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से पुरस्कृत किया गया.
- वित्तीय वर्ष 2017-18 के दौरान भारत सरकार की राजभाषा नीति के उत्कृष्ट कार्यान्वयन हेतु बैंक की विभिन्न पुरस्कारों से पुरस्कृत किया गया.
- विश्व के सर्वाधिक महत्वपूर्ण बैंकिंग ब्राण्ड पर ब्राण्ड फाइनेन्स द्वारा प्रकाशित वार्षिक रिपोर्ट के फरवरी 2018 अंक में हमारे बैंक को भारत के सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के अंतर्गत 9वें स्थान पर रखा गया है एवं वार्षिक रैंकिंग के अनुसार 500 सर्वाधिक महत्वपूर्ण बैंकिंग ब्राण्ड में विश्व के 500 बैंकों में हमारे बैंक को 391वां स्थान प्राप्त हुआ है.
- इकोनॉमिक टाइम्स के 14-20 फरवरी, 2018 के अंक में प्रकाशित "मोस्ट ट्रस्टेड ब्राण्डस 2017" सर्वेक्षण के अनुसार, हमारे बैंक ने पीएसयू बैंकों में वर्ष 2016 में 6वें स्थान के समक्ष वर्ष 2017 में 5वें स्थान पर पहुंच कर अपनी प्रगति दर्ज की. "बेस्ट सर्विस ब्रैण्ड" की श्रेणी के अंतर्गत इसी सर्वेक्षण में हमारे बैंक ने वर्ष 2016 में अपने 20वें स्थान की तुलना में वर्ष 2017 में 17वें स्थान पर पहुंच कर अपनी प्रगति दर्ज की है.
- साइबर सुरक्षा डोमेन, विशेष तौर पर "शिक्षा एवं जागरूकता" क्षेत्र में हमारे बैंक द्वारा की गयी पहल की सराहना करते हुए हमारे बैंक को स्कॉच आर्डर ऑफ मेरिट अवार्ड के साथ-साथ स्कॉच अवार्ड गोल्ड से सम्मानित किया गया.

कॉर्पोरेट गवर्नेंस

1) बैंक के कॉर्पोरेट गवर्नेंस का उद्देश्य:

- बैंक के कॉर्पोरेट गवर्नेंस का प्रमुख उद्देश्य व्यवसाय के संचलन में नैतिक संव्यवहार से शेयरधारकों की आय में वृद्धि करना तथा प्रकटीकरण एवं पारदर्शिता के उच्च मानकों का अनुसरण करना है. बैंक ने सर्वोत्तम संव्यवहार को अपनाया है एवं गवर्नेंस के मानकों की निगरानी बोर्ड की विभिन्न समितियों द्वारा की जाती है. कॉर्पोरेट लक्ष्यों की प्राप्ति, कार्य-निष्पादन में सुधार एवं शेयरधारकों के शेयर मूल्य में वृद्धि हेतु बोर्ड, कार्यपालकों एवं अन्य पदाधिकारियों की विशिष्ट भूमिकाएं हैं.

- बैंक के इक्विटी शेयर्स बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज लि. एवं नेशनल स्टॉक एक्सचेन्ज ऑफ इंडिया लि. में सूचीबद्ध है. हालांकि, बैंक एक कंपनी नहीं है, किन्तु बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम 1970 के तहत निगमित निकाय है, जो भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा नियंत्रित है. अत: बैंक सेबी (सूचीबद्ध बाध्यताएं एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 में विनिर्दिष्ट कॉर्पोरेट गवर्नेंस मानदंडों के प्रावधानों को उस सीमा तक, जहां तक कि बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम, 1970, राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन एवं विभिन्न प्रावधान)योजना 1970 एवं भारत सरकार एवं भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा इस संबंध में जारी दिशानिर्देशों, निदेश इत्यादि के प्रावधानों का उल्लंघन नहीं होता है, अनुपालन करेगा.

2) निदेशक मंडल

ए) निदेशक मंडल की संरचना

- बैंक का गठन बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम, 1970 (समय-समय पर यथा-संशोधित), के अनुरूप किया गया है. सामान्य देखरेख, दिशानिर्देश एवं बैंक के व्यवसाय प्रबंधन के अधिकार निदेशक मंडल के पास निहित हैं, जिनकी अध्यक्षता अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक द्वारा की जाती है.

- बैंक के निदेशक मंडल का गठन बैंककारी विनियम, 1949, बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम, 1970, यथा संशोधित एवं राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन एवं विविध प्रावधान) योजना, 1970, यथा संशोधित के द्वारा अधिशासित होता है.

समीक्षाधीन वर्ष अर्थात 2017-18 के दौरान, निदेशक मंडल का संयोजन निम्नवत था:

क्र. सं.	नाम	पद धारित	अवधि (से-तक)	दिनांक 31.03.2018 को बैंक के धारित इक्विटी शेयर की संख्या	विशेषज्ञता का क्षेत्र	दिनांक 31.03.2018 को समाप्त वित्त वर्ष के दौरान सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया बोर्ड समिति की सदस्यता/ अध्यक्षता की		दिनांक 31.03.2018 को अन्य कंपनी की निदेशकता	क्या दि. 30 जून, 2017 को अंतिम एजीएम की बैठक में उपस्थिति थी
						सदस्य	अध्यक्ष		
1.	श्री राजीव ऋषि	अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक	01.08.2013 से	निरंक	बैंकिंग	एमसीबी, आरएमसी, एलवीएफसी सीएससी, आईटीएस, एसआरसी, वीआईजी, सीएसी, एचआर, एमआरसी, सीआरसी, आरसीएनसीबी, सीआरआईडब्ल्यूडी	एमसीबी, आरएमसी, एलवीएफसी सीएससी, वीआईजी, सीएसी, एचआर, एमआरसी सीआरसी, आरसीएनसीबी, सीआरआईडब्ल्यूडी	-इन्डो ज़ाम्बिया बैंक लि. -एक्जिम बैंक -एक्सपोर्ट क्रेडिट गारंटी कोर्पोरेशन -इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ बैंकिंग एण्ड फाइनैंस	जी हाँ
2.	श्री बी.के. दिवाकर	कार्यपालक निदेशक	23.01.2014 से	निरंक	बैंकिंग	एमसीबी, एसीबी, आरएमसी, एलवीएफसी सीएससी, आईटीएस, एसआरसी, सीएसी, एचआर, एमआरसी, सीआरसी	निरंक	- सेन्ट बैंक होम फाइनैंस लि. - सेन्टबैंक फाइनेंशियल सर्विसेज लि.	जी हाँ

क्र. सं.	नाम	पद धारित	अवधि (से-तक)	दिनांक 31.03.2018 को बैंक के धारित इक्विटी शेयर की संख्या	विशेषज्ञता का क्षेत्र	दिनांक 31.03.2018 को समाप्त वित्त वर्ष के दौरान सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया बोर्ड समिति की सदस्यता/ अध्यक्षता की		दिनांक 31.03.2018 को अन्य कंपनी की निदेशकता	क्या दि. 30 जून, 2017 को अंतिम एजीएम की बैठक में उपस्थिति थी
						सदस्य	अध्यक्ष		
3.	श्री पी रमण मूर्ती	कार्यपालक निदेशक	17.02.2017 से	निरंक	बैंकिंग	एमसीबी, आरएमसी, एलवीएफसी सीएससी, आईटीएस, एसआरसी, सीएसी, एचआर, एमआरसी, सीआरसी	निरंक	- सेन्ट बैंक होम फाइनैंस लि. -न्यू इंडिया एश्युरेन्स कं. लि.	जी हां
4	श्री बी एस शेखावत	कार्यपालक निदेशक	09.10.2017 से	निरंक	बैंकिंग	एमसीबी, आरएमसी, एलवीएफसी सीएससी, आईटीएस, एसआरसी, सीएसी, एचआर, एमआरसी, सीआरसी	निरंक	निरंक	एजीएम की तारीख को निदेशक नहीं
5.	डॉ. सौरभ गर्ग	भारत सरकार द्वारा मनोनीत निदेशक	19.02.2014 से 16.08.2017 तक	निरंक	वित्त एवं अर्थशास्त्र	एसीबी, आरएमसी, एलवीएफसी आरसी, वीआईजी, एमआरसी, एचआर, नामांकन	16.08.2017 तक नामांकन	निरंक	जी नहीं
6.	श्री गोविंद मोहन	भारत सरकार द्वारा मनोनीत निदेशक	17.08.2017 से	निरंक	वित्त एवं अर्थशास्त्र	एसीबी, आरएमसी, एलवीएफसी आरसी, वीसी, एमआरसी, एचआर, नामांकन	आरसी, नामांकन	निरंक	एजीएम की तारीख को निदेशक नहीं
7.	श्री शेखर भटनागर	भारिबैं द्वारा मनोनीत निदेशक	13.03.2014 से	निरंक	बैंकिंग एवं वित्त	एमसीबी, एसीबी, आरसी, वीआईजी	निरंक	निरंक	जी नहीं
8.	श्री एस. बंद्योपाध्याय	शेयर धारक द्वारा नामित निदेशक	01.07.2015 से 17.03.2018 तक	100	प्रशासन	एसीबी आरएमसी आईटीसी एसआरसी, सीएससी, एमआरसी, एचआर, एलवीएफसी, आरसीएनसीबी, सीआरआई डब्ल्यूडी	17.03.2018 तक एसआरसी 09.02.2018 तक एसीबी	निरंक	जी नहीं
9.	श्री के. आर. पटेल	शेयर धारक द्वारा नामित निदेशक	दिनांक 01.07.2015 से	163	व्यावसायिक	एमसीबी, एलवीएफसी, आईटीएस, एसआरसी, आरएमसी, एमआरसी, एचआर, आरसीएनसीबी, सीआरआई डब्ल्यूडी	आईटीएस	फिटमेक सर्विसेस प्रा. लि.	जी नहीं

क्र. सं.	नाम	पद धारित	अवधि (से-तक)	दिनांक 31.03.2018 को बैंक के धारित इक्विटी शेयर की संख्या	विशेषज्ञता का क्षेत्र	दिनांक 31.03.2018 को समाप्त वित्त वर्ष के दौरान सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया बोर्ड समिति की सदस्यता/ अध्यक्षता की		दिनांक 31.03.2018 को अन्य कंपनी की निदेशकता	क्या दि. 30 जून, 2017 को अंतिम एजीएम की वैठक में उपस्थिति थी
						सदस्य	अध्यक्ष		
10	श्री एन नित्यानंद	अंशकालीन गैर-सरकारी निदेशक	21.06.2016 से	निरंक	सनदी लेखाकार	एसीबी, आरएमसी, एलवीएफसी, एसआरसी, सीएससी, नामांकन, आरसीएनसीबी, सीआरआई डब्ल्यूडी	05.03.2018 से एसीबी	निरंक	जी नहीं
11	डॉ. आत्मानन्द	अंशकालीन गैर-सरकारी निदेशक	27.12.2017 से	निरंक	अर्थशास्त्र	एमसी, आरएमसी, एलवीएफसी, नामांकन	निरंक	निरंक	एजीएम की तारीख को निदेशक नहीं

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक एवं कार्यपालक निदेशकगण बैंक के पूर्णकालिक निदेशक हैं.

एमसीबी - बोर्ड की प्रबंधन समिति
एसीबी - बोर्ड की लेखा परीक्षा समिति
आरएमसी - जोखिम प्रबंधन समिति
एलवीएफसी - उच्च मूल्य की धोखाधड़ी संबंधी समिति
सीएससी - ग्राहक सेवा समिति
आईटीएस - सूचना प्रौद्योगिकी कार्यनीति समिति
एसआरसी - स्टेकहोल्डर सम्बंध समिति
आरसी - पारिश्रमिक समिति
वीआईजी - सतर्कता समिति
सीएसी - ऋण अनुमोदन समिति
एचआर - मानव संसाधन समिति
एमआरसी - वसूली समिति की निगरानी
सीआरसी - पूंजी उगाही समिति
नामांकन - नामांकन समिति
आरसीएनसीबी - उदघोषित गैर सहयोगी उधारकर्ताओं हेतु समीक्षा समिति
सीआरआईडब्ल्यूडी - इरादतन चूककर्ताओं की पहचान की समीक्षा हेतु समिति

नए निदेशकों का संक्षिप्त परिचय

1. श्री बी. एस. शेखावत, कार्यपालक निदेशक - (जन्म तिथि 27.06.1962)

श्री बी. एस. शेखावत को दिनांक 09.10.2017 से भारत सरकार द्वारा सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया में कार्यपालक निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया है. श्री शेखावत आनर्स सहित कृषि विज्ञान स्नातक एवं सीएआईआईबी हैं. उन्होंने आईआईएम बैंगलुरु से प्रबंधन में स्नाकोतर सार्टिफिकेट कोर्स पूर्ण किया है. उन्होंने वर्ष 1986 में सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया में कृषि वित्त अधिकारी के रूप में अपना करियर आरम्भ किया था. अपने 31 वर्षों की लम्बी कार्यअवधि के दौरान, उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों एवं स्थानों की शाखाओं, जयपुर एवं रांची क्षेत्र में क्षेत्रीय प्रबंधक, पुणे एवं दिल्ली अंचलों में आंचलिक प्रबंधक के रूप में कार्य किया है. उन्होंने कॉर्पोरेट कार्यालय में दो वर्षों तक बैंक के मानव संसाधन विभाग के प्रमुख के रूप में भी कार्य किया है. इस पदोन्नति के तुरंत पूर्व, वे बैंक के प्राथमिकता क्षेत्र एवं वित्तीय समावेशन के प्रमुख थे.

2. श्री गोविंद मोहन, भारत सरकार मनोनीत निदेशक (जन्म तिथि 21.09.1965)

श्री गोविंद मोहन वर्तमान में आर्थिक कार्य विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार में संयुक्त सचिव के पद पर कार्यरत है, आप बहुपक्षीय संबंधों एवं निवेश विभाग का कार्य देख रहे है जहां आप पर ब्रिक्स, जी20, जी24, यूएनडीपी इत्यादि सहित विभिन्न विश्व स्तरीय समूहों में भारत की आर्थिक भागीदारी एवं भारत में निवेश को प्रोत्साहन देना तथा निवेश करारों की वार्ता का उत्तरदायित्व है. श्री गोविंद मोहन भारत के

उच्चतर कार्यकारी सेवा के सदस्य है, जिसे भारतीय प्रशासनिक सेवा के नाम से जाना जाता है, आपको भारत सरकार एवं भारत के राज्य सरकारों में मध्यम एवं उच्चतर स्तर की नीति निर्धारण में 25 वर्षों से अधिक का अनुभव है. आपने सिक्किम राज्य सरकार में, आपके संवर्ग को आबंटित विभिन्न क्षेत्रों एवं सचिवीय क्षमताओं पर कार्य किया है. श्री मोहन ने भारत के बुनियादी विकास, सार्वजनिक निजी साझेदारी एवं प्रत्यक्ष विदेशी निवेश तथा एशियन डेवल्पमेंट बैंक और वर्ल्ड बैंक जैसे बैंकों के साथ बहुपक्षीय संबंधों जैसे मदों पर भारत सरकार के वित्त मंत्रालय में भी कार्य किया है. वर्ष 2012 से वर्ष 2015 के बीच श्री मोहन भारतीय दूतावास, वाशिंगटन डीसी में राजदूत (आर्थिक) थे एवं भारत-यूएस आर्थिक तथा व्यवसायिक संबंधों को बढ़ावा देने पर कार्य किया. आपको नई दिल्ली में सिक्किम सरकार की मुख्य रेजिडेंट आयुक्त का उत्तरदायित्व सौंपा गया था, सिक्किम सरकार के मनोनीत निदेशक एवं तिस्ता ऊर्जा लिमिटेड बोर्ड, एक राज्य सरकार का उपक्रम के अध्यक्ष भी थे. श्री गोविंद मोहन ने भारतीय तकनीकी संस्थान (आईआईटी), बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी से इलॉक्ट्रिकल इंजिनियरिंग में अंडरग्रेजुएट डिग्री एवं भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम), अहमदाबाद से प्रबंधन में डिप्लोमा प्राप्त किया.

3. **डॉ. आत्मानंद, अंशकालीन गैर-सरकारी निदेशक (जन्म तिथि 30.06.1959)**

प्रो. (डॉ.) आत्मानंद एमडीआई, गुरूग्राम में वरिष्ठतम डीन और अर्थशास्त्र के प्रोफेसर है. एमडीआई में, आप प्रतिष्ठित एमडीआई के स्कूल ऑफ एनर्जी मैनेजमेंट, स्कूल ऑफ पब्लिक पॉलिसी एण्ड गवर्नेंस एवं इक्जीक्यूटिव पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्राम्स के डीन के रूप में कार्यरत है. आप एमडीआई, मुर्शिदाबाद के संस्थापक डीन है. आपको एमडीआई, गुरुग्राम में कार्यकारी निदेशक के प्रभारी के रूप में कार्य करने का अवसर भी प्राप्त हुआ है. 30 वर्षों से अधिक समय तक आपने अर्थशास्त्र में अध्यापन, रिसर्च एवं कंस्लटेंसी पर कार्य किया है. 5 वर्ष के संक्षिप्त अल्पावधि के दौरान, जब यूएसएआईडी एवं ऊर्जा मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से स्कूल ऑफ एनर्जी मैनेजमेंट की शुरुआत की गई थी, तब उच्चतर शिक्षा के क्षेत्र में देशभर में आपने इस स्कूल को प्रसिद्धि दिलायी थी. आपके समर्पण और लगाव को मूल्यांकित करते हुए, उर्जा मंत्रालय, भारत सरकार ने आपके कार्यकुशलता एवं समर्पित सेवाओं को ध्यान में रखते हुए प्रशंसा पत्र जारी किया था. एमडीआई के बौद्धिक एवं प्रशासनिक कार्यों में मुख्य और निर्णायक भूमिका अदा करने के अलावा, आपने इस्पात मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत स्टील ऑथोरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) में स्वतंत्र निदेशक के रूप में भी कार्य किया है. पॉलिसी निर्धारण में उनके योगदान को मूल्यांकित करते हुए, सेल के बोर्ड ने लेखा परीक्षा समिति (अध्यक्ष), जोखिम प्रबंधन समिति (अध्यक्ष) एवं अन्य के कार्यों के लिए प्रशंसा पत्र जारी किया था. आपने, आयुष मंत्रालय (सदस्य), भारत सरकार के साथ अपने एशोसिएशन, उर्जा मंत्रालय, भारत सरकार, एटीएफ, केबिनेट सचिव, भारत सरकार, राज्य वित्त आयोग, बिहार सहित विभिन्न राष्ट्रीय उत्तरदायित्व का पद पर कार्य किया है. रिसर्च, अध्यापन एवं प्रशिक्षण में विस्तृत कार्य करने के अलावा, आपने 16 पुस्तकें और अनेक शोध पत्र लिखें है. बैंकिंग क्षेत्र में उनकी रुचि के कारण, परियोजना वित्त, समाजिक वित्त एवं व्यवसाय का आर्थिक परिदृश्य पर महत्व के साथ इस क्षेत्र में उन्होंने शोध एवं प्रशिक्षण पर भी कार्य किया है.

अन्य निदेशकों के विवरण

1. **श्री राजीव ऋषि, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (जन्म-तिथि 30.08.1959)**

श्री राजीव ऋषि, पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ से विधि स्नातक हैं तथा वे विश्वविद्यालय के रैंक होल्डर, राष्ट्रीय मेरिट स्कॉलर रहे हैं. आप स्पोर्ट्स खेल से जुड़े व्यक्ति है और वे टेबल टेनिस में अपने कॉलेज का तथा राष्ट्रीय रौलर स्केटिंग प्रतियोगिता में चंडीगढ़ का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं.

बैंक में दिनांक 01.08.2013 से सीएमडी के रूप में अपनी वर्तमान नियुक्ति से पूर्व आप इंडियन बैंक में कार्यपालक निदेशक थे, और यह उत्तरदायित्व, वे अक्तूबर 2010 से वहन कर रहे थे.

आपने अपने बैंकिंग करियर की शुरुआत दिनांक 12.05.1979 को ओरियंटल बैंक ऑफ कॉमर्स में परिवीक्षाधीन अधिकारी के रूप में की एवं 3 दशकों तक उन्होंने विभिन्न पदों एवं स्थानों पर कार्य किया. आपको शाखाओं एवं क्षेत्रीय कार्यालयों में कार्य करने का 25 वर्षों का वृहद अनुभव है. आप वर्ष 2005 से 2010 तक मानव संसाधन, तृतीय पक्ष उत्पाद विपणन एवं बोर्ड सचिवालय में महाप्रबंधक रहे. ग्लोबल ट्रस्ट बैंक के ओरियंटल बैंक ऑफ कॉमर्स में विलय पर आपने मानव संसाधन समन्वयन का कार्य अत्यंत सफलतापूर्वक संपादित किया.आप आईबीए की एचआर पर स्थायी समिति के सदस्य हैं.

2. **श्री बी.के. दिवाकर, कार्यपालक निदेशक (जन्म-तिथि 17.07.1960)**

श्री दिवाकर, सनदी लेखाकार, लागत लेखाकार एवं कंपनी सचिव है. आपने अपने करियर की शुरुआत वर्ष 1986 से कॉर्पोरेशन बैंक में कंपनी सचिव के रूप में की. आप वर्ष 1997 में मुख्य प्रबंधक, वर्ष 2000 में सहायक महाप्रबंधक, वर्ष 2007 में उपमहाप्रबंधक तथा वर्ष 2010 में महाप्रबंधक के पद पर पदोन्नत हुए. आप दिनांक 23.01.2013 को सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया में कार्यपालक निदेशक के पद पर नियुक्त हुए. आपने कॉर्पोरेट स्वीकृतियां मुद्रण एवं लेखन सामग्री, राजभाषा नीति कार्यान्वयन, सहायक सेवाएं, एटीएम प्रबंधन, क्रेडिट रेटिंग, शुल्क आय, सीडीआर, ऋण समूहन आदि जैसे विभिन्न पोर्टफोलियो में कार्य करने के साथ आंचलिक प्रधान के रूप में भी कार्य किया है.

3. श्री पी रमण मूर्ती, कार्यपालक निदेशक (जन्म तिथि 16.05.1964)

श्री पी रमण मूर्ती कृषि विज्ञान में स्नातक एवं सीएआईआईबी हैं. आपने दिनांक 16.01.1989 को इलाहाबाद बैंक कृषि फील्ड अधिकारी के रूप में कार्यग्रहण किया. दिनांक 17.02.2017 को सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया में कार्यपालक निदेशक के रूप में कार्यग्रहण करने के पूर्व आप दिनांक 10.05.2014 को महाप्रबंधक के पद पर पदोन्नत हुए एवं दिनांक 19.05.2014 से फील्ड महाप्रबंधक के रूप में कार्यरत थे.

श्री मूर्ती ने कई प्रतिष्ठित प्रशिक्षण कार्यक्रमों जैसे केलॉग्स स्कूल ऑफ मेंजमेंट, शिकागो, यूएसए से लीडरशीप फोर कोर्पोरेट एक्सलेंश एवं आईआईएम, कोलकाता से लीडरशीप एक्सलेंश में भाग लिया है.

4. डॉ सौरभ गर्ग, सरकार मनोनीत निदेशक- (जन्म-तिथि 28.07.1964)

डॉ. सौरभ गर्ग एक प्रतिष्ठित विद्वान है. आपने आईआईटी दिल्ली से केमिकल इंजिनीयरिंग-बायो टेक्नॉलॉजी में बी.टेक. डिग्री प्राप्त की है. आपने आईआईएम अहमदाबाद से एमबीए(वित्त प्रबंधन) किया है. आपको लंदन स्कूल ऑफ इकॉनॉमिक्स एंड पॉलिटिकल साइंस, लंदन, यूके से वैश्वीकरण एवं शहरी विकास में प्रमाणपत्र प्राप्त हुआ है. आपने पॉल निजे स्कूल ऑफ इंटरनेशनल स्टडीज, हॉपकिंस यूनिवर्सिटी, वाशिंगटन, यूएसए से पीएचडी की है.

डॉ गर्ग ओडिसा से 1991 कैडर के आईएएस हैं. ओडिसा राज्य कैडर में कार्य करने के उपरांत, आपने अप्रैल 2002 में भारत सरकार, वित्त मंत्रालय, आर्थिक मामले विभाग के उप सचिव की नियुक्ति पाई. अपने राज्य कैडर के कार्यकाल के दौरान वर्ष 1993-98 की अवधि में आपने विभिन्न महत्वपूर्ण पोर्टफोलियो जैसे परियोजना निदेशक, डीआरडीए, कालाहांडी एवं परियोजना निदेशक, ऊर्जा विभाग में कार्य किया है. आप वर्ष 1996-98 के दौरान आईडीसीओएल, सीमेंट लिमिटेड के एमडी रह चुके हैं. आपने बरगढ़ एवं केयोंझर जिले के जिलाधीश एवं वाटरशेड विकास विभाग के निदेशक के पद पर भी कार्य किया है. आप दिनांक 04.05.2012 से संयुक्त सचिव व्यय विभाग, वित्त मंत्रालय के पद पर कार्य कर रहे हैं.

डॉ गर्ग को प्राप्त पुरस्कारों का विवरण :
1988 – शैक्षणिक उत्कृष्टता हेतु स्वर्ण पदक
1993 – 1991 के आईएएस बैच में सर्वश्रेष्ठ आल राउंड परिवीक्षार्थी

उनके प्रकाशनों का विवरण :-
2000 (लोक प्रशासन)
सरकारी वितरण प्रणाली 2010 (वित्त) के माध्यम से सेवाओं में सुधार हेतु कुछ दखल एवं अनुभव

भारत की बुनियादी संरचना संबंधी दूरदर्शिता – वित्तपोषण की चुनौतियां

5. श्री शेखर भटनागर, आरबीआई मनोनीत निदेशक (जन्म-तिथि 17.07.1958)

श्री भटनागर, बी.एस.सी., एम.ए. (लखनऊ विश्वविद्यालय) एवं एफ.एम.एस., नई दिल्ली से एमबीए (वित्त) हैं. आपने वर्ष 1984 में भारतीय रिज़र्व बैंक में एक अधिकारी (ग्रेड 'बी") के पद पर कार्यग्रहण किया एवं आरबीआई के मुद्रा प्रबंधन, बैंकिंग, बैंकिंग पर्यवेक्षण विभाग एवं गैर बैंकिंग पर्यवेक्षण विभाग जैसे विभिन्न विभागों में विभिन्न पदों पर कार्य किया है. उन्होंने भारतीय रिजर्व बैंक, कानपुर, उत्तर प्रदेश में क्षेत्रीय निदेशक के रूप में भी कार्य किया था. वर्तमान में आप भारतीय रिज़र्व बैंक, केन्द्रीय कार्यालय,मुम्बई, में मुख्य महाप्रबंधक – विदेशी विनिमय विभाग,के रूप में कार्यरत है.

6. श्री सुप्रतिम बंद्योपाध्याय , शेयर धारक निदेशक (जन्म तिथि 17.01.58)

श्री सुप्रतिम बंद्योपाध्याय कोलकाता विश्वविद्यालय से रसायन शास्त्र में विज्ञान स्नातक एवं भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान के सह – सदस्य हैं.

उन्होंने वर्ष 1985में भारतीय जीवन बीमा निगम में सीधे अधिकारी पद ग्रहण किया एवं उन्होंने अपने 30 वर्षों के कार्यकाल में ट्रेजरी, नियम आय एवं कॉर्पोरेट बॉन्ड निवेश, इक्विटि बाजार निवेश एवं बैक ऑफिस इत्यादि विभिन्न पोर्टफोलियो / उत्तरदायित्व का निर्वहन किया. उन्होंने जून 2014 से एलआईसी पेंशन निधि लि. के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी का प्रभार लिया. वे इंफ्रास्ट्रक्चर लीजिंगएंड फायनेन्शियल सर्विसेज लि.के निदेशक मंडल में भी हैं.

7. श्री केतुल आर. पटेल, शेयर धारकद्वारा नामित निदेशक (जन्म तिथि 10.08.74)

श्री केतुल पटेल गुजरात विश्वविद्यालय के वाणिज्य एवं विधि के स्नातक एवं भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान के सदस्य हैं. वे भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान से सूचना प्रणाली के डिप्लोमा धारक भी हैं.

श्री पटेल वर्तमान में 47 वर्ष पुरानी लेखा एवं परामर्शी फर्म आर.एस.पटेल एवं कंपनी के प्रबंध भागीदार हैं.

वो गुजरात के सबसे बड़े बहु राज्य अनुसूचित सहकारी बैंक के निदेशक मंडल में व्यावसायिक निदेशक थे. वे 1999- 2001तक सनदी लेखाकार संस्था, अहमदाबार (सीएए)के सचिव थे. वे दो वर्षों के लिए गुजरात चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की बैंकिंग, वित्त एवं बीमा समिति के सदस्य भी थे.

8. **श्री एन नित्यानंद, अंशकालीन गैर-सरकारी निदेशक (जन्म तिथि 20.05.1955)**

श्री नित्यानंद वाणिज्य स्नातक, डी.बी.ए., एल.एल.बी., एफ.सी.ए. एवं व्यवसाय प्रशासन के स्नाकोत्तर डिपलोमा में गोल्ड मेडेलिस्ट हैं.

श्री नित्यानंद पिछले 3 दशकों से अपने ग्राहकों, सरकार एवं इकोनोमी के मूल्य संवर्धित सेवाएं दे रहे व्यावसायिक सनदी लेखाकार हैं. आप लगभग 16 वर्षो से दक्षिण भारत स्तर एवं राष्ट्रीय स्तर पर कर्नाटक का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं (किसी कनाडिगा द्वारा सबसे लम्बी). आपने अंतर्राष्ट्रीय लेखाकार परिसंध (आईएफएसी), न्यूयार्क, यूएसए, जो विश्व में लेखा एवं लेखा परीक्षा की सबसे उच्च संस्था है एवं दक्षिण एशिया लेखाकार परिसंघ (सार्क की सदस्य संस्था) करांची, पाकिस्तान में भी भारत का प्रतिनिधित्व किया है तथा 'कोर्पोरेट गवर्नेंस" पर मेगा अंतर्राष्ट्रीय अधिवेशन के अध्यक्ष रहे हैं. आपने आर्थिक मामलों की समिति के सलाहाकार, कर्नाटक चेम्बर ऑफ कॉमर्स एवं इंडस्ट्री (एफआईसीसीआई) परिसंघ की केन्द्रीय कर समिति के अध्यक्ष एवं सह-सलाहाकार सहित राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर ट्रेड, कॉमर्स एवं इंडस्ट्री में सेवाएं दी है. आपने कर्नाटक सरकार, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई), भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी), बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (आईआरडीए), भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) के कुछ महत्वपूर्ण समितियों पर भी सेवाएं दी हैं.

बी) बोर्ड बैठकों का आयोजन

वर्ष के दौरान, बोर्ड की 14 बैठकें निम्नलिखित तारीखों को आयोजित की गई:

29.04.2017	28.06.2017	16.09.2017	28.12.2017	15.02.2018
13.05.2017	29.07.2017	30.10.2017	09.02.2018	17.03.2018
23.05.2017	11.08.2017	05.12.2017	09.02.2018	

बोर्ड की बैठकों में निदेशकों की उपस्थिति का विवरण :

निदेशकों के नाम	दर्ज उपस्थिति	कार्यकाल के दौरान आयोजित बैठकें	अवधि(से-तक)
श्री राजीव ऋषि	14	14	01.04.2017–31.03.2018
श्री बी.के.दिवाकर	14	14	01.04.2017–31.03.2018
श्री पी. आर. मूर्ती	14	14	01.04.2017–31.03.2018
श्री बी. एस. शेखावत	7	7	09.10.2017-31.03.2018
डॉ. सौरभ गर्ग	2	6	01.04.2017–16.08.2017
श्री गोविंद मोहन	5	8	17.08.2017-31.03.2018
श्री शेखर भटनागर	12	14	01.04.2017–31.03.2018
श्री एस. बंद्योपाध्याय	14	14	01.04.2017–17.03.2018
श्री केतुल पटेल	14	14	01.04.2017–31.03.2018
श्री एन. नित्यानंद	13	14	01.04.2017–31.03.2018
प्रो.(डॉ.) अत्मानंद	2	5	27.12.2017-31.03.2018

3. **बोर्ड की उप-समिति**

i) निदेशक मंडल की प्रबंधन समिति:

- निदेशक मंडल की प्रबंधन समिति का गठन राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन एवं विविध प्रावधान) योजना, 1970 सहपठित बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम, 1970 के अनुसार किया गया है एवं यह बोर्ड में निहित वित्तीय स्वीकृतियां, समझौते/बट्टे खाते डालने संबंधी प्रस्ताव एवं वाद दायर/अपील इत्यादि संबंधी शक्तियों का प्रयोग करती है, दिनांक 31.03.2018 को इस समिति में 7 सदस्य थे, जिनमें अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, 3 कार्यपालक निदेशक, भारतीय रिजर्व बैंक के मनोनीत निदेशक एवं 2 अन्य निदेशक, जिनमें 1 शेयर धारक द्वारा नामित निदेशक, तथा 1 अंशकालीन गैर-सरकारी निदेशक शामिल हैं, एक पद रिक्त है. अंशकालीन निदेशक का प्रत्येक छः माह में आवर्तन किया जाता है.

- वर्ष के दौरान निदेशक मंडल की प्रबंधन समिति की 13 बैठकें निम्नलिखित तिथियों में आयोजित की गई.

29.04.2017	28.06.2017	16.09.2017	05.12.2017	21.03.2018
13.05.2017	29.07.2017	28.09.2017	28.12.2017	21.03.2018
16.06.2017	11.08.2017	30.10.2017	09.02.2018	

सदस्यों की उपस्थिति का अभिलेख निम्नानुसार है:

निदेशकों के नाम	उपस्थिति अभिलेख	कार्यकाल के दौरान आयोजित बैठकें	प्रबंधन समिति की अवधि (से-तक)
श्री राजीव ऋषि	13	13	01.04.2017 – 31.03.2018
श्री बी.के.दिवाकर	13	13	01.04.2017 – 31.03.2018
श्री पी. आर. मूर्ती	12	13	01.04.2017 – 31.03.2018
श्री बी. एस. शेखावत	5	5	09.10.2017-31.03.2018
श्री शेखर भटनागर	12	13	01.04.2017 – 31.03.2018
श्री के.आर. पटेल	12	13	01.04.2017 – 31.03.2018
प्रो.(डॉ.) अत्मानंद	1	1	15.02.2018-31.03.2018

ii) ऋण अनुमोदन समिति:

- राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन एवं विविध प्रावधान) योजना,1970 के खंड 13ए के अनुसार, दिनांक 31.01.2012 को निदेशक मण्डल की ऋण अनुमोदन समिति का गठन किया गया है. ₹ 400 करोड़ तक के ऋण प्रस्ताव, ₹10 करोड़ तक के समझौता/बट्टे खाते, ₹15 लाख तक के प्रतिवर्ष (ग्रामीण क्षेत्र), ₹ 25 लाख तक के प्रतिवर्ष (अर्धशहरी क्षेत्र), ₹50लाख तक के प्रतिवर्ष (शहरी क्षेत्र) एवं ₹1 करोड़ तक के प्रतिवर्ष (मेट्रो क्षेत्र) के परिसर प्रस्ताव संबंधी बोर्ड में निहित शक्तियों का प्रयोग करती है. वर्तमान समिति में अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, कार्यपालक निदेशक एवं प्रभारी महाप्रबंधक जोखिम प्रबंधन,ऋण, ऋण निगरानी एवं वसूली शामिल हैं.

- वर्ष के दौरान ऋण अनुमोदन समिति की 34 बैठकें आयोजित की गई.

13.04.2017	21.06.2017	10.08.2017	26.09.2017	10.11.2017
28.04.2017	29.06.2017	19.08.2017	28.09.2017	17.11.2017
12.05.2017	11.07.2017	30.08.2017	06.10.2017	23.11.2017
23.05.2017	20.07.2017	12.09.2017	12.10.2017	13.12.2017
09.06.2017	28.07.2017	21.09.2017	31.10.2017	22.12.2017
30.12.2017	05.01.2018	30.01.2018	07.02.2018	21.02.2018
05.03.2018	15.03.2018	27.03.2018	31.03.2018	

iii) बोर्ड की लेखा परीक्षा समिति

बोर्ड की लेखा परीक्षा समिति(एसीबी) का गठन भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार, निदेशक मंडल द्वारा किया गया है. एसीबी दिशानिर्देश देने के साथ-साथ बैंक में आंतरिक लेखा परीक्षा और निरीक्षण के संगठन, परिचालन पद्धति तथा गुणवत्ता नियंत्रण और बैंक की सांविधिक/बाह्य लेखा परीक्षा तथा भारतीय रिजर्व बैंक के निरीक्षणों की अनुवर्ती कार्रवाई सहित बैंक के समग्र लेखा कार्य के परिचालनों का पर्यवेक्षण करती है.

- अंतर-शाखा समायोजन खातों, अंतर-बैंक एवं नॉस्ट्रो खातों में लंबे समय से बकाया पुरानी प्रविष्टियों, बही संतुलन का पुराना बकाया कार्य, धोखाधड़ी एवं हाउसकीपिंग के अन्य प्रमुख क्षेत्रों पर विशेष ध्यान केन्द्रित करते हुए बैंक की आंतरिक लेखा परीक्षा, आंतरिक निरीक्षण/लेखा परीक्षा की समीक्षा;
- भारतीय रिजर्व बैंक के अनुदेशानुसार, बैंक में नियुक्त अनुपालन अधिकारी से अर्द्ध-वार्षिक रिपोर्ट प्राप्त करना तथा उनकी समीक्षा करना;
- बोर्ड को प्रस्तुत करने के पूर्व लेखा-परीक्षकों के अवलोकनों सहित स्वतंत्र लेखापरीक्षा के कार्यक्षेत्र की समीक्षा और तिमाही, अर्द्ध-वार्षिक एवं वार्षिक वित्तीय रिपोर्टों की समीक्षा करना;

- तिमाही/अर्द्ध-वार्षिक/वार्षिक वित्तीय खातों और रिपोर्टों को अंतिम रूप देने के पूर्व सांविधिक लेखा परीक्षा के संबंध में, लांग फॉर्म ऑडिट रिपोर्ट में उठाए गये समस्त मुद्दों एवं बाह्य लेखा परीक्षकों से चर्चा करते हुए अनुवर्ती कार्रवाई करना;
- लेखों, लेखांकन नीतियों एवं प्रकटीकरणों की नियमित समीक्षा;
- प्रबंधतंत्र के निर्णय की कार्रवाई पर आधारित प्रमुख प्रविष्टियों की समीक्षा एवं लेखा-परीक्षा से उत्पन्न महत्वपूर्ण समायोजनों की समीक्षा करना;
- मसौदा लेखा-परीक्षा रिपोर्ट में कमियां;
- लेखा परीक्षा के पश्चात किसी महत्वपूर्ण ध्यान देने योग्य क्षेत्र का पता लगाने के लिये लेखा परीक्षकों के साथ चर्चा करना;
- आंतरिक लेखा-परीक्षा के कार्यक्षेत्र आवश्यकता और बारंबारता निश्चित करना, आंतरिक लेखा परीक्षकों के निष्कर्षों की समीक्षा और आंतरिक नियंत्रण प्रणाली की पर्याप्तता सुनिश्चित करना;
- जहां तक लागू हो, वित्तीय विवरणों के संबंध में लागू स्टॉक एक्सचेंज की विधिक आवश्यकताओं का अनुपालन;
- सांविधिक, अनुबंधित अथवा विनियामकों की समय-समय पर वांछित अन्य सभी मामलों से संबंधित अपेक्षाएं पूरी करने के कार्य को लेखा परीक्षा समिति देखेगी;

बोर्ड की लेखा परीक्षा समिति में कार्यपालक निदेशकगण, भारत सरकार के नामित निदेशक, भारतीय रिजर्व बैंक के नामित निदेशक एवं दो गैर सरकारी गैर-कार्यपालक निदेशक, जिनमें से कम से कम एक सनदी लेखाकार होना चाहिये, शामिल होंगे. स्टाफ निदेशक एसीबी में शामिल नहीं किये जायेंगे. 31.03.2018 को, एसीबी में एक पद रिक्त है, क्योंकि समिति में नामांकित करने के लिए कोई पात्र सदस्य नहीं है.

दिनांक 31.03.2018 को लेखा परीक्षा समिति का संयोजन निम्नानुसार है:

1	श्री एन. नित्यानंद	अध्यक्ष
2	श्री बी.के.दिवाकर	सदस्य
3	श्री गोविंद मोहन	सदस्य
4	श्री शेखर भटनागर	सदस्य

वर्ष के दौरान, लेखा परीक्षा समिति की 12 बैठकें आयोजित की गई.

13.05.2017	29.07.2017	29.09.2017	13.11.2017	05.12.2017	05.03.2018
23.05.2017	11.08.2017	30.10.2017	27.11.2017	09.02.2018	17.03.2018

सदस्यों की उपस्थिति का अभिलेख निम्नानुसार रहा है:

निदेशकों के नाम	उपस्थिति अभिलेख	कार्यकाल के दौरान आयोजित बैठकें	लेखा परीक्षा समिति की अवधि(से – तक)
श्री एस.बंद्योपाध्याय	12	12	01.04.2017-31.03.2018
श्री बी.के.दिवाकर	12	12	01.04.2017-31.03.2018
डॉ. सौरभ गर्ग	1	4	01.04.2016-16.08.2017
श्री गोविंद मोहन	3	8	17.08.2017-31.03.2018
श्री शेखर भटनागर	10	12	01.04.2017-31.03.2018
श्री एन. नित्यानंद	12	12	01.04.2017-31.03.2018

बैंक के गैर-लेखा परीक्षित तिमाही परिणाम और वर्ष के लेखा परीक्षित परिणामों की समीक्षा बोर्ड की लेखा परीक्षा समिति द्वारा की गई तथा निदेशक मंडल के समक्ष अनुमोदनार्थ प्रस्तुत की गयी.

iv) **जोखिम प्रबंधन समिति**

भारतीय रिजर्व बैंक के परिपत्र क्रं.डीबीओडी नं.डीपी(एससी)बीसी/98/21.04.103/39 दिनांक 7 अक्तूबर, 1999 एवं दिनांक 20.04.2002 को आयोजित बोर्ड बैठक की कार्यसूची सं. बीएम/01/2002-03/3.2 तथा दिनांक 25.11.2002 को आयोजित बोर्ड बैठक की कार्यसूची सं. बीएम/09/2002-03/3.9 के अनुसार बोर्ड की जोखिम प्रबंधन समिति का गठन किया गया है. समिति में अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, कार्यपालक निदेशकगण, भारत सरकार द्वारा नामित निदेशक, भारिबैं द्वारा नामित निदेशक एवं तीन गैर-सरकारी अंशकालिक निदेशक शामिल है. अंशकालीन गैर-सरकारी निदेशकों का प्रत्येक एक वर्ष के पश्चात आवर्तन किया जाता है.

बोर्ड की जोखिम प्रबंधन समिति का उद्देश्य बैंक द्वारा सामना किए जा रहे कुल जोखिमों की गणना करना एवं जोखिमों के स्तर को निर्धारित करना जो बैंक के हित के लिए अच्छा हो तथा बैंक के परिचालनों से सृजित हो रहे जोखिमों की पहचान, निगरानी एवं पैमाना निर्धारित करने के लिए अन्य जोखिम प्रबंधन संस्थानों से समन्वय स्थापित करना.

वर्ष के दौरान, इस समिति की निम्नलिखित तारीखों को 4 बैठकें आयोजित की गई:

10.07.2017	16.09.2017	28.12.2017	21.03.2018

सदस्यों की उपस्थिति का अभिलेख निम्नानुसार रहा है:

निदेशकों के नाम	उपस्थिति अभिलेख	कार्यकाल के दौरान आयोजित बैठकें	लेखा परीक्षा समिति की अवधि(से – तक)
श्री राजीव ऋषि	4	4	01.04.2017–31.03.2018
श्री बी.के.दिवाकर	4	4	01.04.2017–31.03.2018
श्री पी. आर. मूर्ती	3	4	01.04.2017–31.03.2018
श्री बी. एस. शेखावत	1	2	09.10.2017–31.03.2018
डॉ. सौरभ गर्ग	1	1	01.04.2017–16.08.2017
श्री गोविंद मोहन	1	3	17.08.2017–31.03.2018
श्री एस. बंद्योपाध्याय	3	3	01.04.2017–17.03.2018
श्री के. आर. पटेल	4	4	01.04.2017–31.03.2018
श्री एन. नित्यानंद	3	4	01.04.2017–31.03.2018
प्रो. (डॉ.) अत्मानंद	1	1	28.02.2018–31.03.2018

v) **पारिश्रमिक समिति एवं निदेशकों को पारिश्रमिक**

- पूर्ण-कालिक निदेशकों को कार्यनिष्पादन संबद्ध प्रोत्साहन राशि के भुगतान के लिए, निदेशक मंडल की पारिश्रमिक समिति का गठन वित्त मंत्रालय के संप्रेषण एफ.नं.20.1.2005-बीओ-I दिनांक 09.03.2007 के अनुसार किया गया. इस समिति में भारत सरकार द्वारा नामित निदेशक, भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा नामित निदेशक एवं 2 स्वतंत्र निदेशक शामिल हैं. वित्त वर्ष 2017-18 के दौरान, पूर्णकालिक निदेशकों को कार्यनिष्पादन संबद्ध प्रोत्साहन देने पर विचार करने के लिए पारिश्रमिक समिति की कोई बैठक आयोजित नहीं की गई है.
- गैर-सरकारी स्वतंत्र निदेशकों / गैर कार्यपालक निदेशकों को मण्डल की प्रत्येक बैठक में उपस्थित होने के लिए ₹ 20,000/- बैठक फीस एवं बोर्ड की विभिन्न उप-समितियों की प्रत्येक बैठक में भाग लेने के लिए ₹ 10,000/- बैठक फीस का भुगतान किया जाता था. जो कि सामान्य यात्रा एवं विराम भत्ता व्यय के अलावा है. अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, कार्यपालक निदेशकगण एवं निदेशकगणों, जो भारत सरकार / भारतीय रिजर्व बैंक के अधिकारी हैं, को बैठक फीस का भुगतान नहीं किया जाता है
- वित्त वर्ष 2017-18 के दौरान, अध्यक्ष एवं प्रबंधक निदेशक और कार्यपालक निदेशकों को वेतन, भत्ते एवं परिलब्धियों के रूप में कुल निम्नलिखित राशि का भुगतान किया गया है:

क्र.सं	नाम	₹ लाख में
1.	श्री राजीव ऋषि,अध्यक्ष एवं प्रबंधक निदेश	30.13
2.	श्री बी. के. दिवाकर,कार्यपालक निदेशक	23.70
3.	श्री पी. आर. मूर्ती, कार्यपालक निदेशक	23.54
4.	श्री बी. एस. शेखावत, कार्यपालक निदेशक	10.93

समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, बैंक ने पात्र निदेशकों को बोर्ड की बैठकों में उपस्थित रहने के लिए ₹ 8,60,000/- (रुपये आठ लाख साठ हजार मात्र) तथा बोर्ड की उप-समिति की बैठकों में उपस्थित रहने के लिए ₹ 11,20,000/- (रुपये ग्यारह लाख बीस हजार मात्र) के बैठक शुल्क का भुगतान किया.

vi) **नामांकन समिति:**

भारतीय रिजर्व बैंक के परिपत्र क्रं. डीबीओडी नं.बीसी.नं.46 एवं 47/29.39.001/2007-08 दिनांक 1 नवम्बर, 2007 के साथ पठित डीबीओडी नं.बीसीनं.95/29.39.001/2010-11 दिनांक 23 मई, 2011 के शर्तों के अनुसार, बोर्ड की पात्रता अर्थात (i) शैक्षिक योग्यता, (ii)

अनुभव एवं विशेषज्ञता का क्षेत्र एवं (iii) ट्रेक रिकॉर्ड और ईमानदारी, के आधार पर अधिनियम (अर्थात शेयरधारक निदेशक) की धारा 9(3)(i) के अंतर्गत वर्तमान निर्वाचित निदेशक(कों)/ऐसे व्यक्ति जो निदेशक नियुक्त होने वाले है, की 'फिट एवं प्रोपर" स्थिति को निर्धारित करने के लिए समुचित सावधानी की प्रक्रिया को करने के लिए बैंक की नामांकन समिति का गठन किया गया है.

वित्त वर्ष 2017-18 के दौरान, शेयर धारक निदेशक – श्री एस. बंद्योपाध्याय एवं श्री केतुल आर. पटेल के फिट एवं प्रोपर मानदंडों को निर्धारित करने के लिए दिनांक 28.06.2017 को नामांकन समिति की बैठक आयोजित की गई थी एवं समिति के अनुसार श्री एस. बंद्योपाध्याय एवं श्री केतुल आर. पटेल 'फिट एवं प्रोपर स्थिति" में हैं, जो तीन वर्ष अर्थात 1 जुलाई 2015 से 30 जून 2018 तक की अवधि के लिए बैंकिंग कम्पनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम, 1070 की धारा 9(3)(i) के अंतर्गत शेयर धारक निदेशकों के रूप में निर्वाचित किए गए हैं.

vii) **शेयरधारकों की संबंध समिति**

सेबी (सूचीबद्ध बाध्यताएं एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम 2015 के साथ पठित शेयर बाजार के सूचीकरण करार के अनुपालन में, स्टेकधारकों की संबंध समिति का गठन विशेष तौर पर शेयर धारकों, लाभांश धारकों एवं अन्य प्रतिभूति धारकों की शिकायतों सहित शेयर्स के अंतरण संबंधित, वार्षिक रिपोर्ट की प्राप्ति न होना, लाभांश की प्राप्ति न होने इत्यादि से संबंधित शेयरधारकों/निवेशकों की शिकायतों के निवारण की प्रणाली को देखने के लिये किया गया है. वर्ष के दौरान, निवेशकों से प्राप्त सभी संदर्भों/शिकायतों का उत्तर दिया जा चुका है/निपटान किया जा चुका है. सामान्यत: निवेशकों की शिकायतों पर कार्रवाई, सम्बद्ध जानकारी प्राप्त होने के सात दिनों के भीतर कर ली जाती है. इस समिति में अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, कार्यपालक निदेशकगण एवं दो स्वतंत्र निदेशक हैं. दिनांक 17 मार्च,2018 तक श्री सुप्रतिम बंद्योपाध्याय शेयरधारकों की संबंध समिति की अध्यक्ष थे. तथापि, बैंक के निदेशक पद से उनके पदत्याग दे देने के अनुवर्ती, दिनंक 17 मार्च, 2018 को कार्या अवधि की समाप्ति से प्रभावी, अध्यक्ष का पद रिक्त है. अगली बैठक में एसआरसी के अध्यक्ष का चयन किया जाएगा. अंशकालीन गैर-सरकारी निदेशकों का प्रत्येक वर्ष के पश्चात आवर्तन किया जाता है.

वर्ष के दौरान, इस समिति की निम्नलिखित तारीखों को 4 बैठकें आयोजित की गई:

29.04.2017	11.08.2017	30.10.2017	09.02.2018

समिति के सदस्यों की उपस्थिति का अभिलेख निम्नानुसार है :

निदेशकों के नाम	उपस्थिति अभिलेख	कार्यकाल के दौरान आयोजित बैठकें	लेखा परीक्षा समिति की अवधि(से – तक)
श्री एस.बंद्योपाध्याय	4	4	01.04.2017–17.03.2018
श्री राजीव ऋषि	4	4	01.04.2017–31.03.2018
श्री बी.के. दिवाकर	4	4	01.04.2017–31.03.2018
श्री पी. आर. मूर्ती	4	4	01.04.2017–31.03.2018
श्री बी. एस. शेखावत	2	2	09.10.2017–31.03.2018
श्री के.आर.पटेल	4	4	01.04.2017–31.03.2018
श्री एन. नित्यानंद	4	4	01.04.2017–31.03.2018

वर्ष 2017-18 (दिनांक 01.04.2017 से 31.03.2018 तक) के दौरान निवेशक शिकायत का विवरण निम्न प्रकार है:

1	वर्ष के प्रारंभ में लंबित शिकायतें	निरंक
2	अप्राप्त शेयर प्रमाणपत्र/अप्राप्त शेयर के लिए पत्र	निरंक
3	अप्राप्त लाभांश वारंट	67
4	अप्राप्त वार्षिक रिपोर्ट/ईजीएम सूचना	51
5	अप्राप्त धनवापसी आदेश	2
6	अप्राप्त अस्वीकृत डीआरएफ	1
7	अन्य (एनएसई, बीएसई, सेबी)	6
8	प्राप्त कुल शिकायतें	127
9	निपटाई/ध्यान दी गई कुल शिकायतें	127
10	वर्ष के अंत में लंबित कुल शिकायतें	निरंक

हम पुष्टि करते हैं कि निवेशक की कोई भी शिकायत 30 दिन से अधिक अवधि हेतु बिना ध्यान दिए/लंबित नहीं रही है.

4. अनुपालन अधिकारी

श्री आनंद कुमार दास, सहायक महाप्रबंधक-एमबीडी/कंपनी सचिव,निर्गम बैंकर, मर्चेन्ट बैंकिंग एवं डिबेंचर ट्रस्टी गतिविधि के अनुपालन अधिकारी के अलावा वे बैंक द्वारा जारी एवं स्टॉक एक्सचेंजों में सूचीबद्ध इक्विटी शेयरों तथा अपरिवर्तनीय ऋण प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सूचीकरण, बाध्यताएँ एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) के साथ किए गए इक्विटी सूचीकरण करार के अनुसार बैंक के अनुपालन अधिकारी हैं

5. सार्वजनिक निर्गमों, राइट निर्गमों, अधिमान निर्गमों इत्यादि से प्राप्तियां.

वित्तीय वर्ष 2017-18 के दौरान, दिनांक 27-03-2018 को बैंक ने अधिमानी आधार पर भारत के राष्ट्रपति (भारत सरकार) को प्रति ₹ 10 के अंकित मूल्य की कुल ₹ 5158 करोड़ की 65,04,06,299 इक्विटि शेयर्स (कुल ₹ 323 करोड़ की प्रति इक्विटी शेयर ₹ 73.15 की प्रीमियम सहित प्रति इक्विटी शेयर ₹ 83.15 की निर्गम मूल्य पर 3,88,45,460 इक्विटी शेयरों एवं कुल ₹ 4835 करोड़ की प्रति इक्विटी शेयर ₹ 69.06 की प्रीमियम सहित प्रति इक्विटी शेयर ₹ 79.06 की निर्गम मूल्य पर 61,15,60,839 इक्विटी शेयरों को समाविष्ट कर) का जारीकरण एवं आबंटन द्वारा ₹ 5158 करोड़ इक्विटी पूंजी (दिनांक 29-12-2017 को बैंक द्वरा प्राप्त ₹323 करोड़ सहित) की उगाही की है.

पूंजी पर्याप्ता अनुपात को मजबूत करने एवं बैंक के दीर्घावधि संशाधनों को बढ़ावा देने के लिए, ये निधियां टियर I एवं टियर II को प्राथमिक रूप से बढ़ावा देने के लिए उगाही की है. उगाही गई निधि का उपयोग उपरोक्त उद्देश्य के लिए किया गया है.

6. संप्रेषण के माध्यम :

तिमाही वित्तीय परिणाम (गैर-लेखापरीक्षित परंतु सांविधिक लेखापरीक्षकों की सीमित समीक्षा के अधीन) तथा लेखापरीक्षित वार्षिक परिणाम सामान्यतया इकॉनामिक टाइम्स, फाइनेंशियल एक्सप्रेस, बिजनेस स्टैण्डर्ड, पुढारी (मराठी), इत्यादि जैसे अंग्रेजी, हिंदी, मराठी एवं अनेक स्थानीय भाषा के विभिन्न प्रतिष्ठित समाचार पत्रों में प्रकाशित किए गए थे. इन परिणामों को बैंक की वेबसाइट www.centralbankofindia.co.in पर भी प्रदर्शित किया गया.

7. आचार संहिता

- बैंक ने निदेशक मंडल एवं वरिष्ठ प्रबंधतंत्र के लिए आचार संहिता अपनाई है. इसका पाठ बैंक की वेबसाइट www.centralbankofindia.co.in में "इन्वेस्टर रिलेशन" लिंक के अंतर्गत उपलब्ध है. समीक्षाधीन वर्ष के लिए, सभी निदेशकों एवं वरिष्ठ प्रबंधतंत्र द्वारा आचार संहिता के अनुपालन की पुष्टि की गई है और अनुपालन की पुष्टि का प्रमाणपत्र अनुलग्नक I में दिया गया है.
- बैंक की प्रतिभूति में इनसाइड ट्रेडिंग रोकने के लिए, बैंक ने अपने निदेशकों एवं नामित कर्मचारियों के लिए आचार संहिता बनाई है.इसकी प्रतिलिपि बैंक की www.centralbankofindia.co.in में "इन्वेस्टर रिलेशन" लिंक के अंतर्गत उपलब्ध है.

8. अन्य प्रकटीकरण

- बैंकिंग कारोबार के सामान्य व्यवहारों के अलावा, बैंक ने इसके प्रवर्तकों, निदेशकों अथवा प्रबंधतंत्र, उनकी सहायक कंपनियों अथवा रिश्तेदारों इत्यादि से ऐसा कोई लेनदेन नहीं किया है, जिससे कि बैंक के व्यापक हितों पर प्रतिकूलता संभावित हो. वर्ष के दौरान, बैंक और इसके गैर-कार्यपालक निदेशकों के बीच कोई आर्थिक संबंध अथवा संव्यवहार नहीं हुआ है.
- बैंक में यह सुस्थापित प्रथा है कि जिन निदेशक, जिनसे संबंधित या उनके रिश्तेदारों से संबंधित जब कोई मामला बोर्ड में चर्चाधीन होता है, तब वे बोर्ड एवं बोर्ड की उप-समितियों की चर्चा में भाग नहीं लेते हैं.वर्ष के दौरान, संबंधित पक्ष के साथ कोई भी महत्वपूर्ण लेन देन नहीं हुआ जिससे बैंक के हितों पर कोई प्रतिकूल प्रभाव हो सकता था.
- बैंक ने पूंजी बाजार से संबंधित भारतीय रिज़र्व बैंक, सेबी, स्टॉक एक्सचेंज या अन्य सांविधिक प्राधिकारी को लागू नियमों एवं विनियमों का अनुपालन किया है. समीक्षा वर्ष के दौरान, पूंजी बाजार से संबद्ध किसी भी मामले में, किसी भी स्टॉक एक्सचेंज, सेबी अथवा किसी सांविधिक प्राधिकारी द्वारा बैंक पर कोई अर्थदंड अथवा प्रतिकूल टिप्पणी नहीं की गई है.
- लोक हित प्रकटीकरण एवं मुखबिर संरक्षण संकल्प(पीआईडीपीआई) के अंतर्गत विसले ब्लोवर शिकायतों पर बैंक केन्द्रीय सतर्कता आयोग के दिशानिर्देशों का अनुपालन करता है. "सेन्ट विजिल" नाम से बैंक का वेब आधारित पोर्टल भी है जो रिपोर्ट करने वाले व्यक्ति की पहचान को बिना बताए जोकि केवल मुख्य सतर्कता अधिकारी को पता होगी, कर्मचारियों के अनाचार की रिपोर्टिंग को सुसाध्य बनाता है. जो अनाचार को नियंत्रित रखता है, धोखाधड़ी से बचाता है एवं कर्मचारियों के मनोबल को बढ़ाता है. "सेन्ट विजिल" निदेशकों के लिए भी उपलब्ध है.इसके अतिरिक्त निदेशक एवं कर्मचारी आवश्यकता के आधार पर लेखापरीक्षा समिति के अध्यक्ष को भी उनकी पूर्व स्वीकृति प्राप्त कर मिल सकते हैं.वर्ष 2017-18 के दौरान इस संबंध में किसी भी व्यक्ति ने लेखापरीक्षा समिति से संपर्क नहीं किया. इसके अतिरिक्त यह भी अभिपुष्ट किया जाता है कि लेखापरीक्षा समिति ने किसी भी व्यक्ति को संपर्क करने से मना नहीं किया है.

- बैंक ने सूचीकरण करार के खंड 49 की अनुबद्ध आवश्यकताओं का, जहां तक खंड की आवश्यकताओं से, बैंकिंग विनियम अधिनियम, 1949, बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम, 1970 और राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन एवं विविध प्रावधान) योजना 1970 एवं भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी दिशा-निर्देशों, प्रावधानों, विनियमों का उल्लंघन नहीं होता है, अनुपालन किया है.
- प्रमुख अनुषंगियों के निर्धारण की नीति बैंक की वेबसाइट पर https://www.centralbankofindia.co.in में "इन्वेस्टर रिलेशन" लिंक के अंतर्गत उपलब्ध है.
- संबंधित पार्टियों के साथ व्यवहार करने संबंधी नीति बैंक की वेबसाइट पर निम्नलिखित लिंक पर उपलब्ध है.
- https://www.centralbankofindia.co.in में "इन्वेस्टर रिलेशन" लिंक के अंतर्गत उपलब्ध है.

9. विवेकसम्मत आवश्यकताएं (सेबी सूचीकरण विनियमन की अनुसूची II का भाग ई)

क्र.सं.	गैर-अनिवार्य	कार्यान्वयन की स्थिति
1.	गैर-कार्यपालक अध्यक्ष द्वारा अध्यक्ष के कार्यालय का संस्था के खर्चे पर रखरखाव	लागू नहीं, चूंकि अध्यक्ष कार्यपालक है
2.	गत छह माह में महत्वपूर्ण घटनाओं के सार के साथ वित्तीय कार्यनिष्पादन की अर्द्धवार्षिक घोषणा शेयरधारकों को प्रेषित करना है.	बैंक ने दिनांक 30.09.2017 को समाप्त छ:माही के लिए एवं दिनांक 31.03.2018 को समाप्त वर्ष के लिए वित्तीय परिणाम स्टॉक एक्सचेंज भेजे हैं एवं समाचार पत्रों में प्रकाशित किए हैं. इसके अतिरिक्त, बैंक की वेबसाइट पर भी वित्तीय परिणाम अपलोड किए थे.
3.	कंपनी गैर-सापेक्ष वित्तीय विवरणियों की व्यवस्था अपना सकती है.	बैंक के पास गैर- सापेक्ष वित्तीय विवरणियां हैं.
4.	अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी के अलग अलग पद.	हमारा बैंक बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अर्जन एवं अंतरण) अधिनियम, 1970 के साथ पठित राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन एवं विविध प्रावधान) योजना 1970 के अंतर्गत शासित है. अभी तक बैंक में अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक का एक पद है.
5.	आंतरिक लेखापरीक्षक की रिपोर्टिंग	आंतरिक लेखापरीक्षक बोर्ड की लेखापरीक्षा समिति के प्रति उत्तरदायी है.

10. सामान्य शेयरधारक सूचना

बैंक की 11वीं वार्षिक साधारण बैठक:

दिन एवं दिनांक : शनिवार, दिनांक 30 जून, 2018 को पूर्वान्ह 11.00 बजे चंदरमुखी, नरीमन पॉइन्ट, मुम्बई -400021 स्थित बैंक के प्रधान कार्यालय का 9वां माला.

1. यह साधारण वार्षिक बैठक वित्तीय वर्ष 2017-18 से संबंधित है.
2. बही-बंदी की तारीख : दिनांक 27 जून, 2018 से 30 जून, 2018 (दोनों दिवस सहित)
3. वर्ष 2017-18 के लिए कोई लाभांश की अनुशंसा नहीं की गई है.

11. पिछले तीन वर्षों के दौरान साधारण बॉडी बैठक के आयोजन का विवरण निम्नलिखित है :

क्र.सं.	बैठक की प्रकृति	दिनांक एवं समय	स्थान
1.	दसवीं वार्षिक साधारण बैठक	दिनांक 30 जून, 2017, पूर्वान्ह 11.00 बजे	9वां माला, चन्दरमुखी, नरीमन पॉइंट, मुम्बई - 400021
2.	नवीं वार्षिक साधारण बैठक	दिनांक 30 जून, 2016, पूर्वान्ह 11.00 बजे	9वां माला, चन्दरमुखी, नरीमन पॉइंट, मुम्बई - 400021
3.	आठवीं वार्षिक साधारण बैठक	दिनांक 30 जून, 2015, पूर्वान्ह 11.00 बजे	सर सोराबजी पोचखानावाला बैंकर्स प्रशिक्षण महाविद्यालय, कूपर हॉस्पिटल/रिलायंस एनर्जी कार्यालय के पास, जेवीपीडी स्कीम, विले पार्ले (पश्चिम), मुंबई-400056

12. स्टॉक एक्सचेंज पर सूचीकरण :

बैंक के शेयर बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड एवं नैशनल स्टॉक एक्सचेंज इंडिया लिमिटेड, दोनों में सूचीबद्ध हैं. स्क्रिप कोड निम्नवत है:

बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड (बीएसई)	532885
नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनएसई)	CENTRALBK
आईएसआईएन नंबर	आईएनई 483A01010

दोनों स्टॉक एक्सचेंज को वर्ष 2018-19 के लिए वार्षिक सूचीकरण शुल्क अदा कर दिया गया है.

बैंक ने समय-समय पर वचन-पत्रों के रूप में गैर-परिवर्तनीय बॉण्ड (टियर-II पूंजी) जारी किए हैं. तत्संबंधी बकाया विवरण निम्नवत है:

दिनांक 31.03.2018 को सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया बॉण्ड्स-टियर-II पूंजी की स्थिति:

सीरीज विवरण	जारी दिनांक	कुल मूल्य (रु.करोड़ में)	आईएसआईएन
लोअर टियर II- सीरीज XIII	10.02.2009	270.00	आईएनई483A09187
लोअर टियर II- सीरीज XIV	21.12.2011	500.00	आईएनई483A09245
अपर टियर II- सीरीज I	14.11.2008	300.00	आईएनई483A09179
अपर टियर II- सीरीज II	17.02.2009	285.00	आईएनई483A09195
अपर टियर II- सीरीज III	23.06.2009	500.00	आईएनई483A09203
अपर टियर II- सीरीज IV	20.01.2010	500.00	आईएनई483A09211
अपर टियर II- सीरीज V	11.06.2010	1000.00	आईएनई483A09229
अपर टियर II- सीरीज VI	21.01.2011	300.00	आईएनई483A08015
बासल III अनुपालित क्र. I	08.11.2013	1000.00	आईएनई483A09260
बासल III अनुपालित क्र. II	07.03.2017	500.00	आईएनई483A09278
कुल		**5155.10**	

ये सभी बॉण्ड बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड में सूचीबद्ध किए गए हैं. बैंक ने वर्ष 2018-19 के लिए एक्सचेंज को वार्षिक सूचीकरण शुल्क का भुगतान किया है.

बाजार मूल्य आंकड़े:

मासिक उच्च एवं न्यून भाव एवं एनएसई पर शेयरों के क्रय-विक्रय की प्रमात्रा (बैंक के शेयर मूल्य की एनएसई निफ्टी से तुलना सहित) निम्नवत है:

एनएसई					
माह	अधिकतम मूल्य (रु.)	न्यूनतम मूल्य (रु.)	शेयर्स की संख्या	एनएसई निफ्टी	
				अधिकतम	न्यूनतम
अप्रैल, 2017	107.90	100.50	337009	9367.15	9075.15
मई, 2017	123.25	101.00	1418748	9649.60	9269.90
जून, 2017	104.90	85.00	886515	9709.30	9448.75
जुलाई, 2017	100.50	85.90	1072109	10114.85	9543.55
अगस्त, 2017	91.25	70.60	1530771	10137.85	9685.55
सितम्बर, 2017	104.00	71.15	4737884	10178.95	9687.55
अक्तूबर, 2017	94.00	73.50	1812342	10384.50	9831.05
नवम्बर, 2017	94.00	77.30	1073639	10490.45	10094.00
दिसम्बर, 2017	81.00	72.00	395431	10552.40	10033.35
जनवरी, 2018	79.65	72.50	1156221	11171.55	10404.65
फरवरी, 2018	74.60	63.80	510547	11117.35	10276.30
मार्च, 2018	87.90	62.65	5351065	10525.50	9951.90

मासिक उच्च एवं निम्न भाव एवं बीएसई पर शेयर्स के क्रय-विक्रय की प्रमात्रा (बैंक के शेयर मूल्य की सेंसेक्स से तुलना सहित) निम्नवत है:

बीएसई					
माह	अधिकतम मूल्य (रु.)	न्यूनतम मूल्य (रु.)	शेयर्स की संख्या	सेंसेक्स	
				अधिकतम	न्यूनतम
अप्रैल, 2017	107.10	101.00	1250117	30184.22	29241.48
मई, 2017	125.00	101.00	5351366	31255.28	29804.12
जून, 2017	104.65	85.00	39828424	31522.87	30680.66
जुलाई, 2017	100.10	86.10	15997729	32672.66	31017.11
अगस्त, 2017	91.15	70.60	4368337	32686.48	31128.02
सितम्बर, 2017	103.80	71.90	12594572	32524.11	31081.83
अक्तूबर, 2017	93.95	73.00	4763303	33340.17	31440.48
नवम्बर, 2017	93.50	76.65	22494778	33865.95	32683.59
दिसम्बर, 2017	81.00	72.30	1215461	34137.97	32565.16
जनवरी, 2018	80.00	70.20	13173108	36443.98	33703.37
फरवरी, 2018	74.65	63.55	1445337	36256.83	33482.81
मार्च, 2018	88.05	62.80	42168622	34278.63	32483.84

13. शेयर अंतरण एवं शेयरधारकों/निवेशकों की शिकायतों का निवारण:

शेयर अंतरण, धन-वापसी आदेश, लाभांश भुगतान एवं निवेशकों से संबंधित अन्य गतिविधियों पर कार्रवाई हमारे रजिस्ट्रार एवं ट्रांसफर एजेंट के कार्यालय में की जाती है. इनमें से किसी भी दस्तावेज को जमा करने और किसी भी पूछताछ/शिकायतों/कठिनाइयों के संबंध में शेयरधारकों एवं निवेशकों से निम्न पते पर संपर्क करने का अनुरोध है:

